# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–11–11–2025

# पांच थोक दवा विक्रेताओं को नोटिस, दुकानदारों में हड़कंप

**GORAKHPUR (10 Nov):** भालोटिया मार्केट के पांच थोक दवा दुकानदारों द्वारा कफ सीरप व नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं की बिक्री का हिसाब न देने पर उन्हें ड्रग विभाग ने नोटिस जारी कर तलब किया है. सात दिन में उन्हें सहायक आयुक्त औषधि के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना होगा. इसमें लापरवाही बरतने पर लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है.भालोटिया मार्केट में 12 व 13 अक्टूबर को हुई जांच में पांच दुकानों से कफ सीरप व नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं की बिक्री का हिसाब नहीं मिला था. विभाग की टीम ने उन्हें अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, बाद में पत्र भेजकर भी अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया था. लेकिन दुकानदारों ने न तो अभिलेख दिखाया और न ही जवाब दिया. सोमवार को सहायक आयुक्त औषधि पूरन चंद ने खाटू श्याम फार्मा शिवम काम्प्लेक्स, तुलस्यान ट्रेडर्स कृष्णा काम्प्लेक्स, तुलस्यान फार्मास्युटिकल कृष्णा काम्प्लेक्स, आशीष मेडिकल एजेंसीज जीएम काम्प्लेक्स और आशीष ट्रेडर्स कोहली दवा बाजार के संचालकों को सात दिन में अपना पक्षद देने को कहा है.

# असली डॉक्टर के नाम पर फर्जी डिग्री बेचने वाला गैंगेस्टर अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR/ GULRIHA (10 Nov):** क्षेत्र में असली डॉक्टर के नाम पर फर्जी डिग्री तैया.र कर उसे बेचने, उससे कई जिलों में अवैध रूप से क्लीनिक व डायग्नोस्टिक सेंटर चलाने वाले गैंगस्टर गिरोह के एक आरोपी को गुलरिहा पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है. पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रयागराज के शिवपुरी कॉलोनी निवासी श्रीराम पांडेय के रूप में हुई है. पुलिस ने उसे सोमवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया. जबकि गैंगस्टर का मुख्य आरोपी अलाउद्दीन पिछले महीने कोर्ट में समर्पण कर चुका है, जबकि अन्य तीन आरोपी बृजेश लाल, दीपक विश्वकर्मा और ओमप्रकाश गौतम अभी फरार हैं. पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है.



## पांच लाख में डिग्री

बस्ती जिले के भेड़वा निवासी डॉ. राहुल नायक वर्तमान में गुलरिया क्षेत्र के जेमिनी पैराडाइज में रहकर चिकित्सा कार्य कर रहे हैं. गुलरिहा थाने में बीते 17 मई 2024 को डॉ राहुल ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके नाम से फर्जी डिग्री बनवाकर अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक सेंटर चलाया जा रहा है. जांच में पता चला कि गाजीपुर के जखनियां में उक्त डिग्री के आधार पर अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहा है, जिसे बिहार निवासी अलाउद्दीन ने प्रयागराज के श्रीराम पांडेय की मदद से डॉ. राहुल नायक के कागजात पांच लाख रुपये में बेच दिए थे. पुलिस ने सेंटर के संचालक बृजेश लाल को अरेस्ट किया, जिसके बयान पर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ. बृजेश ने बताया कि उसे यह डिग्री वाराणसी के सारनाथ निवासी ओमप्रकाश गौतम ने बेची थी.

## पांचों के खिलाफ गैंगस्टर

ओमप्रकाश पटना से अवैध डिप्लोमा बनवाकर वाराणसी के जाल्हूपुर में आदर्श डेंटल एंड आई क्लीनिक चला रहा था. उसने यह डिग्री दीपक विश्वकर्मा से 35 हजार में खरीदी थी, जो चौबेपुर में सहारा अस्पताल का संचालक है. दीपक ने बताया कि अस्पताल में काम करने वाला सुहैल फर्जी डिग्री मुहैया कराता था. पुलिस जांच में वाराणसी और प्रयागराज में भी फर्जी डिग्री के आधार पर क्लीनिक संचालित होने की पुष्टि हुई थी. एसएसपी के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने पहले धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था, जिसके बाद सभी पांचों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई थी.



**"गैंगस्टर के मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है. जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे.** **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

Activate Windows
Go to Settings to activate Win

# देल्ली में धमाका, गोरखपुर में सुरक्षा एजेंसियां हुईं अलर्ट

orakhpur@inext.co.in

ORAKHPUR (10 Nov): दिल्ली लालकिले के पास सोमवार को देर म हुए धमाके और फरीदाबाद में 2900 लो विस्फोटक बरामद होने के बाद रखपुर में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो ई हैं. पूरे शहर में हाई अलर्ट जारी कर या गया है. डीआईजी एस. चनप्पा, सएसपी राजकरन नय्यर और डीएम पक मीणा के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी र बम निरोधक दस्ते ने रेलवे स्टेशन, स अड्डों और प्रमुख बाजारों में देर त तक सघन चेकिंग अभियान चलाया.

सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस को लर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं. रेलवे टेशन, गोरखपुर बस स्टेशन, गोलघर, ी चौक, आर्यनगर, गोरखनाथ मंदिर त्र समेत सिटी के सभी भीड़भाड़ वाले लाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी ई है. बम निरोधक दस्ते ने डॉग स्क्वॉड साथ मिलकर लावारिस सामान और दिग्ध वस्तुओं की तलाशी ली.

## ादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात

अईजी एस. चनप्पा ने बताया कि प्रदेश तर पर अलर्ट जारी किया गया है और भी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी समन्वय साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं. लिसकर्मियों को सादे कपड़ों में भी तैनात किया गया है. ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके.

## देर रात तक हुई जांच

एसएसपी राजकरन नय्यर ने कहा कि जनता से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर आने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें. देर रात तक अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर जाकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा भी लिया. इधर, गोरखनाथ पुलिस ने मंदिर के आस पास डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता टीम के साथ चेकिंग की. चेकिंग में भीड़भाड़ वाले स्थान पर पांच लावारिस वाहन मिले, जिनका चेकिंग के बाद थाने भेज दिया गया.



### हाई अलर्ट पर प्रशासन



दिल्ली में हुए धमाके के बाद बड़हलगंज पुलिस प्रशासन भी हाई अलर्ट पर दिखी. एसएसपी के निर्देश पर देवरिया, मऊ बार्डर पर विशेष निगरानी की गई. उपजिलाधिकारी गोला अमित कुमार जयसवाल, सीओ दरवेश कुमार के नेतृत्व में संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पुलिस टीमों ने सघन जांच की. बड़हलगंज थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह, बड़हलगंज नोडल साइबर प्रभारी सुनील कुमार सिंह, एसएसआई कृष्ण कुमार गुप्ता, कस्बा इंचार्ज आदित्य उपाध्यक्ष और पुलिस टीम मौजूद रही.



## भीड़भाड़ वाले इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

वहीं, सहजनवां में भी पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर दिखी. सहजनवा एसडीएम के साथ सीओ गीडा कमलेश सिंह के नेतृत्व में विभिन्न संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पुलिस टीमों ने सघन जांच की. थानाध्यक्ष महेश चौबे ने स्वयं दल-बल के साथ क्षेत्र में गश्त और चेकिंग का नेतृत्व किया. पुलिस टीम ने विशेष रूप से सहजनवां रेलवे स्टेशन, होटल थाना चौराहा, हाइवे, घघसरा जैसे सार्वजनिक और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गहन चेकिंग की. सुरक्षा बलों ने संदिग्ध वस्तुओं और लोगों पर पैनी नजर रखी. चेकिंग के दौरान एसडीएम सहजनवा केसरी नंदन तिवारी ने गीडा स्थित होटलों का निरिक्षण किया. उन्होंने होटल मालिकों को निर्देशित करते हुए कहा की होटल पर आने वाले लोगो की एंट्री होनी चाहिए. कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर पुलिस को तत्काल सूचना दे.

इस खबर से जुड़ा वीडियो देखने के लिए क्यूआर स्कैन करें.

# नासा से जुड़कर मुनाफा पाने का झांसा देकर करोड़ों ठगने वाला गिरफ्तार

## सिंचाई विभाग के ठीकेदार को जाल में फंसाकर लिए थे 80 लाख, कोलकाता के सुकांता बनर्जी ने लखनऊ व कानपुर में भी फैलाया था जाल

जासं, गोरखपुर: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नाम पर ठीकेदार समेत तीन लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाला जालसाज सुकांता सुब्रत बनर्जी आखिरकार गोरखपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने उसे कोलकाता से गिरफ्तार किया। सोमवार को उसे गोरखपुर लाया गया, पूछताछ कर दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। उसके साथियों की तलाश चल रही है।

कोलकाता के बारानगर स्थित समर्पण अपार्टमेंट, गोपाललाल ठाकुर रोड पर रहने वाले सुकांता सुब्रत बनर्जी ने खुद को नासा और परमाणु ऊर्जा से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनी का समन्वयक बताकर निवेशकों को एक रुपये पर दो वर्ष में 100 रुपये तक मुनाफा मिलने का लालच दिया था। उसने नासा, पीएमओ और रिजर्व बैंक के फर्जी दस्तावेज दिखाकर देशभर के लोगों से करोड़ों रुपये वसूले। गोरखपुर में ही उसके खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं, जबकि देवरिया में पांच केस पंजीकृत हैं। लखनऊ, कानपुर और कोलकाता में भी उसके विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक साजिश के मुकदमे दर्ज हैं। तारामंडल क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी मदन मोहन शुक्ला सिंचाई विभाग में ठीकेदारी करते हैं। रामगढ़ताल थाना में उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि मार्च 2018 में उनकी मुलाकात कानपुर के सिंधी कालोनी निवासी सुरेश रमानी के माध्यम से लखनऊ महानगर सचिवालय कालोनी के अमित कुमार नंदी और कोलकाता के सुकांत सुब्रत बनर्जी से हुई थी। सुकांता ने खुद को नासा से संबद्ध एक विज्ञानी प्रोजेक्ट का चीफ कोआर्डिनेटर बताते हुए दुर्लभ रेडियोधर्मी धातुओं और स्पेस उपकरणों की खरीद-फरोख्त में निवेश कराने का प्रस्ताव रखा। उसने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक निवेश परियोजना है, जिसमें लाभांश नासा के वैज्ञानिक अनुबंध से जुड़ा है। ठीकेदार को उसने नासा, पीएमओ, रिजर्व बैंक और एक्सिस बैंक के कथित प्रमाणपत्र और लेटरहेड दिखाए। विश्वास में आकर ठेकेदार ने 80 लाख रुपये का निवेश कर दिया। रकम सुकांता बनर्जी, चंडीचरण अधिकारी और शालिनी नासकर को दी गई। कुछ महीनों बाद जब ठीकेदार ने लाभांश के बारे में पूछा तो सुकांता ने बहाने बनाने शुरू कर दिए। धीरे-धीरे उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया। ठीकेदार को बाद में पता चला कि लखनऊ, देवरिया, वाराणसी और कोलकाता में भी कई लोगों से सुकांता ने करोड़ों रुपये वसूले हैं। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सुकांता के साथियों की तलाश चल रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।



पुलिस की गिरफ्त में सुकांता बनर्जी • जागरण

### ठीकेदार ने सीबीआइ मुख्यालय में की थी शिकायत

मदन मोहन शुक्ला ने जब रुपये वापस करने के लिए कहा तो सुकांता ने धमकी दी कि जो करना है कर लो, मैं कुछ नहीं दूंगा। इसकी शिकायत ठीकेदार ने सीबीआइ मुख्यालय में जाकर की थी। जांच के दौरान सामने आया कि सुकांता ने देश के विभिन्न हिस्सों में फर्जी कंपनियां और एनजीओ बनाकर निवेशकों को ठगा है। उसका नेटवर्क लखनऊ, कानपुर और कोलकाता तक फैला है।

# दिल्ली विस्फोट के बाद सघन चेकिंग, चप्पे-चप्पे पर नजर

## गोरखनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड व गोलघर सहित अन्य स्थानों पर जांच के दौरान संदिग्धों से हुई पूछताछ

जासं.गोरखपुर: दिल्ली में हुए धमाके की सूचना मिलते ही गोरखपुर में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सक्रिय हो गए। शहर की सड़कों पर सायरन बजने लगे, पुलिस की गाड़ियां दौड़ने लगीं और अधिकारी खुद मैदान में उतर आए। डीआइजी डा. एस चनप्पा, डीएम दीपक मीणा और एसएसपी राजकरन नय्यर ने संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। गोरखनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन, असुरन, मेडिकल रोड, गोलघर, नखास और बक्शीपुर में देर रात तक चेकिंग अभियान जारी रहा। सभी थानेदार और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। सायरनों की आवाज और टार्च की रोशनी के बीच पुलिस ने शहर को चैन की नींद दी।

रात करीब साढ़े नौ बजे गोरखनाथ मंदिर के अंदर व बाहर सुरक्षाकर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया। पार्किंग के साथ ही चारों तरफ से मंदिर परिसर का डाग व बम स्क्वाड ने जांच की। स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ की टीमों ने मोर्चा संभाल लिया। पार्किंग में खड़ी एक-एक गाड़ी की जांच हुई। डाग स्क्वाड गाड़ियों के पास सूंघता हुआ घूम रहा था। कुछ ही देर में डीआइजी,डीएम व एसएसपी पहुंच गए। उन्होंने अधिकारियों से रिपोर्ट ली और कहा कि किसी भी स्थिति में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। स्टेशन की पार्किंग पूरी जांच की जाए। गोलघर से घंटाघर की ओर जाते हुए पूरा इलाका पुलिस की गश्त में था। घोष कंपनी, रेती रोड, नखास और बक्शीपुर की गलियों में सड़क पर खड़े गाड़ियों की जांच की गई। मेडिकल रोड और असुरन के बीच की सड़कों पर पुलिस देर रात तक सक्रिय रही। गोरखनाथ पुलिस ने मंदिर व उसके आसपास खड़ी पांच लावारिस गाड़ियों को थाने भेजा। एम्स व कैंट थाना पुलिस भी पांच वाहनों को थाने ले गई। पादरी बाजार,सिंघड़िया व कूड़ाघाट में भी पुलिस की कई टीमें देर रात तक गश्त करती रहीं। नखास और बक्शीपुर की पुरानी गलियों में खड़ी गाड़ियों और बाइकों की जांच हुई। घासीकटरा, निजामपुर और जाफरा बाजार में भी सर्च अभियान चला। मोटरसाइकिल,ई-रिक्शा और टेंपो की जांच की गई।


गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच करते डीआइजी, जिलाधिकारी, एसएसपी व अन्य अधिकारी• जागरण


गोरखनाथ मंदिर की बढ़ाई गई सुरक्षा। • जागरण


गोरखनाथ मंदिर की चहारदीवारी के पीछे चेकिंग करती पुलिस। • सौ.पुलिस

**पूरे जिले में स्टेशन व बस अड्डे पर हुई छानबीन:** एसएसपी के निर्देश पर पूरे जिले में पुलिस ने जांच की। चौरी चौरा, पीपीगंज, कैंपियरगंज, नक्हा, छावनी, सहजनवा, सोहापार हाल्ट और डोमिनगढ़ स्टेशन समेत सभी बस अड्डों और बाजारों में पुलिस ने तलाशी लेने के साथ ही संदिग्ध से पूछताछ की। सहजनवा व कैंपियरगंज में अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाला। डोमिनगढ़ स्टेशन पर यात्रियों के बैग और वाहनों की जांच की गई।


महादेव झारखंडी में पिछले आठ माह से खड़ी लावारिस कार। • जागरण

### महादेव झारखंडी में आठ माह से खड़ी है लावारिस कार

महादेव झारखंडी मोहल्ले में पिछले आठ माह से खडी एक लावारिस कार ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कई बार पुलिस को सूचना देने के बावजूद कार अब तक नहीं हटाई गई। सोमवार की रात क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस कार को कब्जे में लेकर जांच करे।

"पुलिस हाई अलर्ट पर है। स्टेशन, होटल, बस अड्डा के साथ ही बाजार व पार्किंग के आसपास सघन जांच कराई जा रही है। रेंज के सभी जिलों में जांच चल रही है।

– डा.एस.चनप्पा, डीआइजी रेंज

# अमेरिकी अंतरिक्ष एंजेसी नासा के नाम पर 80 लाख की ठगी, आरोपी अरेस्ट

**नासा के स्पेस शट और न्यूक्लियर एनर्जी में यूज होने वाले उपकरणों सप्लाई व खरीद फरोख्त बिजनेस करवा रहा था निवेश**

**लालच में फंसकर जमा कराएं 80 लाख रुपए गवाएं, अन्य सदस्यों को तलाश में जुटी पुलिस**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (10 Nov):** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नाम पर गोरखपुर के एक ठेकेदार से 80 लाख रुपये की ठगी करने ला जालसाज सुकांता बैनर्जी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है. आरोपी को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है, जबकि उसके साथी अमित कुमार नंदी, सुरेश रमानी, चंडीचरण अधिकारी और शालिनी नासकर की तलाश जारी है. पुलिस के अनुसार, रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी मदन मोहन शुक्ला सिंचाई विभाग में ठेकेदारी करते हैं. पकड़ा गया आरोपी मूलरूप से कोलकता अर्बन एनआरआई आनंदपुर का रहने वाला है. आरोपी ने नासा के साथ दुर्लभ रेडियोधर्मी धातुओं और स्पेस उपकरणों की खरीद-फरोख्त के बिजनेस में निवेश कराने का झांसा दिया था. सुकांत ने खुद को नासा से संबद्ध कंपनी का चीफ कोऑर्डिनेटर बताते हुए कहा था कि निवेश पर 100 गुना मुनाफा मिलेगा.

## दिखाए फर्जी दस्तावेज

मदन मोहन शुक्ला ने बताया कि मार्च 2018 में उनकी मुलाकात कानपुर के सिंधी कॉलोनी निवासी सुरेश रमानी के



जरिए सुकांता बैनर्जी और लखनऊ के महानगर सचिवालय कॉलोनी निवासी अमित कुमार नंदी से हुई थी. आरोप है कि विश्वास दिलाने के लिए सुकांता ने नासा, पीएमओ, रिजर्व बैंक और एक्सिस बैंक के कथित दस्तावेज दिखाए, ठेकेदार ने भरोसा कर 80 लाख रुपये सुकांत, चंडीचरण अधिकारी और शालिनी नासकर को निवेश के रूप में दे दिए.

## रामगढ़ताल से हुआ अरेस्ट

बाद में ठेकेदार को पता चला कि सुकांता ने कई अन्य लोगों से भी करोड़ों रुपये ठग रखे हैं. जब शुक्ला ने भुगतान की मांग की तो सुकांता ने धमकी भरे लहजे में कहा कि जो करना है कर लो, मैं भुगतान नहीं करूंगा. इसके बाद ठेकेदार ने सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली में भी इसकी शिकायत की थी. सूत्रों के अनुसार, सुकांत बैनर्जी ने गोरखपुर, लखनऊ और कोलकाता में फर्जी कंपनियां बनाकर ठगी का नेटवर्क खड़ा किया था. वह लखनऊ स्थित अपना मकान बेचकर भाग गया था. जिसे पुलिस ने सोमवार को रामगढ़ताल से अरेस्ट कर लिया.

## लालच में जमा कराए 80 लाख

ठेकेदार मदन मोहन शुक्ला ने बताया कि बातों पर विश्वास करके सुकांता बैनर्जी, चंडीचरन अधिकारी व शालिनी नासकर को निवेश के रूप में 80 लाख रुपये दिए, बाद में पता चला कि सुकांता बैनर्जी ने बहुत से लोगों से करोड़ों रुपये ले लिए हैं. आजतक किसी निवेशकर्ता को कोई लाभांश सुकांता बैनर्जी ने नहीं दिया है. इसी बीच पता चला कि सुकांता बैनर्जी ने अपना लखनऊ का निवास बेचकर कोलकाता भाग गया. आरोप लगाया कि सुकांता बैनर्जी, चंडीचरण और शालिनी नासकर और अन्य आरोपी मिलकर अधिक लाभ का लालच देकर जालसाजी करते हैं. देश भर में आरोपियों ने ठगी की घटना की है.

## सीबीआई में भी की शिकायत

ठेकेदार ने बताया कि कई बार भुगतान के लिए सुकांता को काल कर पूछताछ की. कुछ दिन इधर-उधर की बातें कर वह टालता रहा. बाद में बोलने लगा कि जो करना है कर लो, मैं कोई भुगतान नहीं करूंगा. इस भुगतान के संबंध में कोलकाता जाकर सुकान्ता बैनर्जी से मिलने का कई बार प्रयास किया. मुलाकात नहीं हो सकी. 18 महीनों से सुकान्ता बैनर्जी ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया. ठेकेदार ने सीबीआई मुख्यालय नई दिल्ली में भी जाकर शिकायत की थी.



**"सुकांत बैनर्जी को अरेस्ट कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है. अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है. जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा.** **अभिनव त्यागी,** **एसपी सिटी**

# युवक पर चाकू से हमला, पेट में लगी गंभीर चोट

संवाद सूत्र, गजपुर बाजार : दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद के बाद रविवार देर शाम एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया।

युवक के पेट में दो जगह चोट लगी है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। सोमवार सुबह गगहा पुलिस को घटना की सूचना मिली। गजपुर कस्बे के रोहित का एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला शांत होने के बाद जब रोहित घर लौट रहा था, तभी दूसरे पक्ष का युवक रास्ते में घात लगाकर बैठा था।

जैसे ही रोहित उसके पास पहुंचा, उसने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। रोहित की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे पीएचसी कौड़ीराम ले गए। पुलिस के अनुसार हमलावर और उसके स्वजन घर से फरार हैं। अभी तक पीड़ित पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# दो पक्षों में मारपीट, 18 पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

संवाद सूत्र, मुंडेरा बाजार: भोपा बाजार चौराहे पर रविवार सुबह साढ़े छह बजे पुरानी रंजिश में दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में चौरी चौरा पुलिस ने कुल 18 लोगों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इसमें से एक आरोपित श्रवण कुमार गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पहले पक्ष की ओर से नैंसी पत्नी राकेश मौर्या की तहरीर पर दो नामजद और दस अज्ञात पर केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष के श्रवण गुप्ता की तहरीर पर राकेश और दिनेश सहित आठ के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है।

# फर्जी डिग्री से डायग्नोस्टिक सेंटर खोलने वाला गैंग्सटर गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : डाक्टर के नाम पर फर्जी डिग्री तैयार कर बेचने और अवैध रूप से क्लीनिक व डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित कराने वाले गिरोह के सदस्य को गुलरिहा पुलिस ने सोमवार को सरैया बाजार से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित की पहचान प्रयागराज के शिवपुरी कालोनी निवासी श्रीराम पांडेय के रूप में हुई है। आरोपित गिरोह के साथ मिलकर पांच लाख रुपये में डाक्टर की डिग्री बेची थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। गिरोह का मुख्य आरोपित अलाउद्दीन पहले ही कोर्ट में आत्म समर्पण कर चुका है, जबकि उसके तीन साथी बृजेश लाल, दीपक विश्वकर्मा और ओमप्रकाश गौतम अब भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है।



पुलिस गिरफ्त में गैंग्सटर • जागरण

मामला मई 2024 का है। बस्ती जिले के भेड़वा निवासी डा. राहुल नायक, वर्तमान में गुलरिहा क्षेत्र के जेमिनी पैराडाइज में रहकर चिकित्सा का कार्य कर रहे हैं, उन्होंने 17 मई 2024 को गुलरिहा थाने में तहरीर दी थी।

आरोप लगाया था कि उनके नाम से फर्जी डिग्री बनवाकर गाजीपुर के जखनियां क्षेत्र में अवैध अल्ट्रासाउंड व डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किया जा रहा है। इसकी जानकारी उन्हें तब हुई जब जनवरी 2023 में अल्ट्रासाउंड सेंटर डालने हेतु फर्जी डिग्री आधार व पैन कार्ड सीएमओ कार्यालय महाराजगंज में लगाया गया।

- सरैया बाजार से पकड़ा गया आरोपित, पूछताछ के बाद गुलरिहा पुलिस ने भेजा जेल
- पांच लाख रुपये में बेची थी डिग्री, मुख्य आरोपी अलाउद्दीन कर चुका है आत्म समर्पण

> गैंगस्टर के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। ये सभी चिकित्सक की डिग्री बेचकर फर्जी तरीके से अल्ट्रासाउंड व डायग्नोस्टिक सेंटर खोलकर संचालित कराते थे।
>
> - अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि कुशीनगर के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन ने प्रयागराज के श्रीराम पांडेय की मदद से डा. राहुल के कागजात पांच लाख रुपये में बेची थी। इसके बाद पुलिस ने सेंटर संचालक बृजेश लाल को गिरफ्तार किया, जिसने पूछताछ में बताया कि उसने यह फर्जी डिग्री वाराणसी के सारनाथ निवासी ओमप्रकाश गौतम से खरीदी थी। ओमप्रकाश खुद पटना से अवैध डिप्लोमा बनवाकर वाराणसी के जाल्हुपुर में आदर्श डेंटल एंड आई क्लीनिक चला रहा था।

उसने यह डिग्री दीपक विश्वकर्मा से 35 हजार रुपये में खरीदी थी, जो चौबेपुर के सहारा अस्पताल का संचालक है। दीपक ने पूछताछ में बताया कि अस्पताल में काम करने वाला सुहैल फर्जी डिग्री उपलब्ध कराता था।

पुलिस जांच में वाराणसी और प्रयागराज में भी फर्जी डिग्री के आधार पर क्लीनिक संचालित होने की पुष्टि हुई थी। एसएसपी के निर्देश पर गुलरिहा पुलिस ने पहले धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। जांच में गिरोह का संगठित रूप सामने आने पर पांचों आरोपितों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# पुलिस चौकी में तोड़फोड़ व हमले में शामिल बुआ-भतीजा गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पिपराइच में सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत के बाद शनिवार रात मेडिकल कालेज में हंगामा हो गया। गुस्साए स्वजनों ने मेडिकल कालेज चौकी में घुसकर तोड़फोड़ की और पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दारोगा समेत कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी प्रभारी विकास मिश्र की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने चार नामजद और 20 अज्ञात पर बलवा, धमकी और लोक सेवक पर जानलेवा हमला जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद सोमवार को बुआ भुल्लाई और भतीजा शिवम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शाहपुर क्षेत्र की 65 वर्षीय परमा देवी पत्नी चुन्नीलाल शनिवार को किसी रिश्तेदार से मिलने पिपराइच क्षेत्र में गई थीं। मुलाकात न होने पर वे रेलवे क्रासिंग के पास आटो का इंतजार कर रही थीं, तभी कुशीनगर के रामकोला निवासी दिनेश रौनियार की बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गईं। आरोपित बाइक सवार ने घायल महिला को पिपराइच सीएचसी पहुंचाया, जहां से डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

इसी बीच स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दिनेश को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घायल परमा देवी को एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज ले गए। इलाज के दौरान डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्वजन जब ट्रामा सेंटर पहुंचे तो आरोपित को ढूंढने लगे। पुलिस ने उसकी सुरक्षा के लिए उसे मेडिकल चौकी में बैठा रखा था। कुछ देर बाद करीब 30 लोग चौकी में घुस गए और वहां लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर जमकर तोड़फोड़ करने लगे। दारोगा राहुल कुमार ने भीड़ को रोकने की कोशिश की, लेकिन उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी प्रभारी समेत पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

गुलरिहा थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि पूछताछ में पुलिस पर हमला करने वाले आरोपित शिवम और उसकी बुआ भुल्लाई की भूमिका पुख्ता होने पर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपितों की पहचान सीसी कैमरे से की जा रही है।

- बीआरडी मेडिकल कालेज में महिला की मौत के बाद आक्रोशित स्वजन ने किया था हंगामा
- चौकी प्रभारी की तहरीर पर चार नामजद व 20 अज्ञात पर दर्ज है गंभीर धाराओं में केस



पुलिस की गिरफ्त में मेडिकल कालेज चौकी में तोड़फोड़ और पुलिस पर हमला करने वाले आरोपित बुआ-भतीजा • जागरण

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

संवाद सूत्र, भटहट : गांव के खंडहर मकान में सोमवार सुबह आठ बजे प्रेमिका से मिलने गए युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पिपराइच थाना पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। थाने में हुई पूछताछ में सामने आया कि युवती का ननिहाल उसी गांव में है, जहां का युवक रहने वाला है। इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम हो गया। घटना की जानकारी पर युवती के स्वजन भी थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से किसी तरह की कार्रवाई न करने का अनुरोध किया और लिखित प्रार्थना पत्र देकर बेटी को साथ ले गए।

## पूर्व प्रेमी ने युवती की फोटो प्रसारित करने की दी धमकी

जासं, सहजनवा : युवती ने पूर्व प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाते हुए सहजनवा थाने में तहरीर दी है। युवती का कहना है कि आरोपित उसे बदनाम करने के लिए आपत्तिजनक फोटो व वीडियो प्रसारित करने की धमकी दे रहा है। युवती ने पुलिस को बताया कि महराजगंज जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के युवक से उसकी जान-पहचान थी। युवक ने उसकी कुछ तस्वीरें लिया था। अब संबंध टूटने के बाद वह ब्लैकमेल कर रहा है। थाना प्रभारी महेश चौबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क हादसों में आठ लोग घायल

- गीडा और झंगहा में अनियंत्रित वाहन घर और बरामदे में घुसा
- सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच की शुरू

जागरण टीम, गोरखपुर : जिले में विभिन्न सड़क हादसों में कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से एक घटना में तेज रफ्तार बाइक ने एक बालिका को टक्कर मारकर उसका पैर तोड़ दिया, जबकि गीडा और झंगहा में अनियंत्रित वाहन घरों और बरामदे में घुस गए। इसके अलावा, दो अन्य घटनाओं में एक दुकानदार और एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ये घटनाएं रविवार रात और सोमवार सुबह की हैं।

पहला मामला महावनखोर-नेतवर मार्ग का है। यहां धर्मपुर निवासी फुला देवी अपनी बेटी लक्ष्मी के साथ पैदल घर लौट रही थीं। बनकटा गांव में संतोष यादव की दुकान के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। हादसे में बालिका का पैर दो जगह से टूट गया और शरीर में गंभीर चोटें आईं। मां की तहरीर पर कैंपियरगंज थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दूसरा हादसा गीडा थाना के बांसपार गांव में हुआ। जैतपुर की ओर से आ रही माल लदी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ उखाड़ते हुए एक घर में घुस गई। हादसे में गौरव उपाध्याय व पत्नी अर्चना उपाध्याय, पैदल पढ़ने जा रही छात्रा सीता और कौशल्या व उनके पुत्र गोलू घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को पिपरौली सीएचसी पहुंचाया, जहां से तीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तीसरा मामला हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र का है। मझौरा निवासी दुकानदार हरिश्चंद्र चौरसिया दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में कुचडेहरी के पास उनकी बाइक से नीलगाय टकरा गई। गंभीर रूप से घायल हरिश्चंद्र को सहजनवा सीएचसी से रेफर कर गोरखपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी है। चौथा हादसा झंगहा क्षेत्र के ईंटौवा गांव में हुआ। सड़क किनारे बरामदे में सो रहे संकटा प्रसाद को अनियंत्रित चारपहिया वाहन ने कुचल दिया। परिजन उन्हें गंभीर हालत में गोरखपुर के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# सरगना की तलाश तेज, करीबी हिरासत में

## एके- 47 व रेड गैंग के बीच हुई थी गैंगवार, दोनों गैंग के सरगना चल रहे फरार

संवाद सूत्र, पीपीगंज : अकटहवा पुल पर 27 अक्टूबर को हुई फायरिंग और मारपीट की घटना की गूंज अब भी थमी नहीं है। इस गैंगवार के बाद एके-47 और रेड गैंग के सदस्यों पर पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है, लेकिन दोनों गिरोह के सरगना अब तक फरार हैं। पुलिस ने दबाव बनाने के लिए कई करीबी सदस्यों और सहयोगियों को हिरासत में लिया है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

जांच में सामने आया है कि यह पूरा बवाल अकटहवा गांव की एक लाइब्रेरी से शुरू हुआ था। लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आने वाली एक युवती को लेकर लाइब्रेरी संचालक और रेड गैंग के एक सदस्य के बीच विवाद हुआ था।

### अकटहवा पुल कांड

अब तक 24 की हो चुकी है गिरफ्तारी, लाइब्रेरी संचालक जांच के घेरे में

उस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई, लेकिन पुलिस ने उस विवाद को गंभीरता से नहीं लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पहले की झड़प पर कार्रवाई होती, तो अगले दिन की गैंगवार टाली जा सकती थी। इसी विवाद की आग अगले दिन अकटहवा पुल पर भड़क गई, जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते लाठी-डंडे चले, ईंट-पत्थर फेंके गए और फायरिंग शुरू हो गई। इलाके में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों में दहशत फैल गई और कई लोग जान बचाने के लिए खेतों की ओर भागे।

पुलिस ने भारी बल के साथ पहुंचकर स्थिति संभाली और 15 नामजद तथा 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। इसके बाद कार्रवाई में अब तक सात नाबालिग समेत 24 आरोपितों को पकड़ा गया है। जांच में यह बात भी सामने आई कि लाइब्रेरी संचालक और उसका साथी इस पूरे विवाद की मुख्य कड़ी हैं। दोनों ने पहले विवाद के दौरान पक्षपात कर गैंग के सदस्यों को भड़काया था, जिससे दूसरी तरफ के युवकों ने जवाबी हमला किया। ग्रामीणों के अनुसार, घटना से एक दिन पहले भी डोमरा टोला और हरपुरा के कुछ युवक लाइब्रेरी के पास संदिग्ध हालत में देखे गए थे। पुलिस अब संचालक और उसके साथी की काल डिटेल, मोबाइल लोकेशन और बैंक ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है। सोमवार को पीपीगंज और पनियरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने डोमरा बांध, हरपुरा, महराजगंज सीमा और अकटहवा गांव में छापेमारी की। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि घटना के बाद से गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। लोग शाम होते ही घरों के दरवाजे बंद कर लेते हैं और बच्चों को बाहर नहीं निकलने देते। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है और लगातार गश्त की जा रही है। थाना प्रभारी पीपीगंज अरुण कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपितों की तलाश चल रही है।

# काल डिटेल से मिलेगा फर्जी आइएएस गौरव कुमार के सहयोगियों का सुराग

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रेलवे स्टेशन पर 99.09 लाख रुपये के साथ पकड़े गए मोकामा के व्यापारी मुकुंद माधव से पूछताछ करने के बाद पुलिस फर्जी आइएएस गौरव कुमार की सरगर्मी से तलाश कर रही है। क्राइम ब्रांच की टीम ने जालसाज के कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन सुराग नहीं मिला। अब उसके डिजिटल रिकार्ड, मोबाइल फोन नंबर और काल डिटेल खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस की माने तो फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने वाला यह नेटवर्क बेहद संगठित ढंग से काम करता था। गौरव कुमार ने न केवल सरकारी महकमों में अपने संपर्कों का झूठा दावा किया, बल्कि खुद को 2022 बैच का आइएएस अधिकारी बताते हुए कई लोगों से नौकरी, ठीका दिलाने के नाम पर ठगी की है। गौरव कुमार अपने साथ दो लोगों को ओएसडी और निजी सचिव बताकर रखता था।

यह दोनों ही लोग उसके संपर्क सूत्र और मध्यस्थ का काम करते थे। जांच कर रही

**ओएसडी और निजी सचिव लेकर चलता था, कमरे के बाहर पुलिस का पहरा, 99.09 लाख रुपये बरामदगी के बाद तेज हुई जांच, बिहार से जुड़े तार**

टीम को उम्मीद है कि गौरव कुमार और उसके सहयोगियों की काल डिटेल (सीडीआर) से पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश होगा। एसपी सिटी अभिनव त्यागी के निर्देश पर तकनीकी शाखा की टीम पिछले 48 घंटे से उसके तीन मोबाइल नंबरों की लोकेशन, काल लाग और वाट्सएप चैट ट्रेस कर रही है। छानबीन में सामने आया है कि गौरव कुमार कई राज्यों में अलग-अलग नामों से सिम कार्ड का इस्तेमाल करता था। मेडिकल कालेज के सामने किराए के जिस कमरे में वह रहता था उसकी निगरानी स्थानीय पुलिस कर रही है। बरामद हुए रुपये से जुड़ा दस्तावेज लेने घर गया मुकुंद माधव अभी तक लौटा नहीं है। एलआइयू की टीम व्यापारी के बैंक खातों और ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है।

# पुलिस पर हमले में शामिल बुआ-भतीजा गिरफ्तार, जेल

**फॉलोअप**

**गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद।** बाइक की ठोकर से घायल महिला की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज चौकी में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने हमले में शामिल बुआ-भतीजे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है।

शनिवार को शाहपुर क्षेत्र की 65 वर्षीय परमा देवी पत्नी चुन्नीलाल पिपराइच किसी रिश्तेदार से मिलने गई थीं। लौटते समय रेलवे क्रॉसिंग के पास ऑटो का इंतजार कर रही थीं कि कुशीनगर जिले के दिनेश रौनियार की बाइक से उन्हें ठोकर लग गई। घायलावस्था में युवक ने उन्हें पिपराइच सीएचसी पहुंचाया, जहां से उन्हें बीआरडी रेफर किया गया। इसी बीच परिजनों ने पीआरवी को सूचना दी और बाइक सवार को पुलिस के हवाले कर दिया। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में परमा देवी की मौत हो गई।



हमले के आरोपित बुआ और भतीजा।

मौत की खबर लगते ही परिजन और ग्रामीण गुस्से में आ गए और आरोपित की तलाश करते हुए मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी जा पहुंचे। करीब 25 से 30 की संख्या में पहुंचे लोगों ने चौकी में घुसकर तोड़फोड़ की और पुलिस पर हमला कर दिया। भीड़ ने शीशे तोड़ दिए और लाठी-डंडों से लैस होकर दरोगा राहुल कुमार सहित पुलिसकर्मियों पर हमला किया। दरोगा राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर गुलरिहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल भुल्लाई और उसके भतीजे शिवम को गिरफ्तार कर लिया।

# दूसरे की डिग्री पर डायग्नोस्टिक सेंटर चलवाने वाला गिरफ्तार

- मुख्य आरोपित ने पहले ही कर दिया था कोर्ट में सरेंडर
- बस्ती के डॉक्टर राहुल नायक ने की थी शिकायत

**गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद।** दूसरे की रेडियोलॉजी डिग्री और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर डायग्नोस्टिक सेंटर चलवाने वाले गैंगस्टर के आरोपित को गुलरिहा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है। जबकि गिरोह का सरगना अलाउद्दीन पहले ही कोर्ट में समर्पण कर चुका है। फरार चल रहे तीन अन्य आरोपितों की पुलिस तलाश कर रही है।

बस्ती जिले के भेड़वा निवासी डॉ. राहुल नायक, जो गुलरिया क्षेत्र के जेमिनी पैराडाइस में रहकर चिकित्सा कार्य करते हैं, उन्होंने जनवरी 2023 में सीएमओ कार्यालय महराजगंज में अपने नाम से फर्जी तरीके से अल्ट्रासाउंड सेंटर का आवेदन लगाए जाने की शिकायत की थी। जांच में पता चला कि बिहार निवासी अलाउद्दीन ने प्रयागराज कमिश्नरेट के शिवपुरी कॉलोनी निवासी श्रीराम पांडेय के साथ मिलकर डॉ. राहुल की रेडियोलॉजी डिग्री और अन्य दस्तावेजों को पांच लाख रुपये में बेच दिया था। इन कागजातों के आधार पर फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करने की तैयारी की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान गिरोह के 3 सदस्यों गाजीपुर जिले के पदुमपुर निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र के दीपक विश्वकर्मा, और सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर निवासी ओमप्रकाश गौतम के नाम भी सामने आए। पुलिस ने सभी के खिलाफ वर्ष 2025 में गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। पुलिस शेष 3 फरार आरोपितों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

कोलकाता के जालसाज ने अधिक लाभांश का दावा करते हुए कई राज्य के लोगों को फंसाया

# नासा को उपकरणों की आपूर्ति के नाम पर की करोड़ों की ठगी, दबोचा

**जालसाजी**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** दुर्लभ रेडियोधर्मी धातुओं और स्पेस शटल उपकरणों की नासा को खरीद-बिक्री करने वाली कम्पनी का डायरेक्टर बताकर निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की जालसाजी करने वाले एक जालसाज को रामगढ़ताल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोलकाता के रहने वाले सुकान्ता बनर्जी नाम के इस जालसाज ने एक रुपये के निवेश के बदले कम से कम 100 रुपये के लाभांश का दावा करते हुए कई राज्य के लोगों से जालसाजी की है। गोरखपुर और देवरिया में ही उस पर आठ केस दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपित को सोमवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोलकाता के अर्बन एनआरआई, आनन्दपुर निवासी सुकान्ता बनर्जी पुत्र सुब्रत बनर्जी पर रामगढ़ताल थाने में जालसाजी के तीन केस दर्ज थे। हाल ही में एक मुकदमा सिंचाई विभाग के ठेकेदार मदन मोहन शुक्ला ने दर्ज कराया है। सुकान्ता बनर्जी और उसके गिरोह ने इनसे 80 लाख रुपये का निवेश कराया था। पुलिस के मुताबिक सुकान्ता बनर्जी ने खुद को 'एमआईएस सिंडिकेट ऑफ आरएमपीएस' और 'एजिस फिनकैप कंसल्टेंट लिमिटेड' का डायरेक्टर और चीफ कोऑर्डिनेटर बताकर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है। उसने इस धोखाधड़ी को सही साबित करने के लिए कारोबार से संबंधित अमेरिकन कम्पनी व नासा के कुछ दस्तावेज, पीएम कार्यालय, एक्सिस बैंक व भारतीय रिजर्व बैंक से हुआ पत्राचार भी लोगों को दिखाता था।



जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार।

- स्पेस शटल और न्यूक्लियर एनर्जी में इस्तेमाल उपकरणों की आपूर्ति का हवाला देकर कराता था निवेश
- देश भर में ठगी की आशंका गोरखपुर में तीन और देवरिया में जालसाज पर दर्ज हैं पांच मुकदमें

## कई मामलों में जारी हो चुके हैं गिरफ्तारी वारंट

जांच में यह भी सामने आया कि अभियुक्त के खिलाफ देवरिया के थाना कोतवाली में भी 5 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आरोपित के खिलाफ एनआई एक्ट के तहत भी कई मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। उसकी संपत्तियों और बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। वहीं पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि ठगी में और कौन-कौन लोग शामिल थे।

## बनर्जी व उसकी पत्नी पर घोषित है इनाम

गोरखपुर। सुकांत बनर्जी और उसकी पत्नी के ऊपर लखनऊ के महानगर थाने में छह साल पहले जालसाजी का केस दर्ज हुआ था। इसमें सुकांत बनर्जी के अलावा उसकी पत्नी रश्मिता बनर्जी और अनिर्बान आचार्य पर मुकदमा दर्ज किया था। तीनों के खिलाफ जालसाजी के इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लखनऊ पुलिस ने एक साल पहले तीनों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गोरखपुर पुलिस ने सुकांत को गिरफ्तार कर इसकी सूचना लखनऊ पुलिस को भी दी है।

# सौ गुना लाभ के चक्कर में फंसे ठेकेदार

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** एक रुपये निवेश के बदले दो साल में सौ गुना लाभ दिलाने का झांसा देकर जालसाजों की टोली ने सिंचाई विभाग के ठेकेदार से 80 लाख रुपये हड़पे थे। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी ठेकेदार मदन मोहन शुक्ला के साथ 80 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने कोलकाता के सुकांता बनर्जी के अलावा कानपुर सिंधी कॉलोनी निवासी सुरेश रमानी, लखनऊ सचिवालय कॉलोनी के अमित नंदी, चंडीचरण अधिकारी और शालिनी नासकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसमें सुकांत बनर्जी की गिरफ्तारी हुई है। अन्य आरोपितों की पुलिस तलाश कर रही है।

- रामगढ़ताल थाने में तीन तो देवरिया में पांच लोगों ने कराया है मुकदमा
- कानपुर और लखनऊ के भी आरोपितों की तलाश कर रही है पुलिस

मदन मोहन शुक्ला ने बताया कि मार्च 2018 में उनके पूर्व परिचित कानपुर निवासी सुरेश रमानी ने कोलकाता के सुकांता बनर्जी से मुलाकात कराई थी। सुकांता बनर्जी ने बताया था कि हमलोग नासा के स्पेस शटल और न्यूक्लियर एनर्जी में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों, दुर्लभरेडियोधर्मी धातुओं की आपूर्ति व खरीद-फरोख्त का बिजनेस करते हैं। इसमें अच्छा फायदा होता है। सुकांता ने खुद को नासा से संबद्ध एक कंपनी का चीफ कोऑर्डिनेटर भी बताया। इससे उसपर विश्वास बढ़ता गया। इस बिजनेस को पूरा करने के लिए सुकांता बैनर्जी और लखनऊ के अमित कुमार नंदी ने अपनी एक कंपनी का रजिस्ट्रेशन भी कराया था। सुकांता बनर्जी ने कारोबार से संबंधित अमेरिकन कम्पनी व नासा के कुछ दस्तावेज, पीएम कार्यालय, एक्सिस बैंक व भारतीय रिजर्व बैंक से हुए पत्राचार को दिखाते हुए निवेश के लिए विश्वास में लिया था। उन्होंने कहा था कि एक रुपये का न्यूतम लाभ 100 रुपये तक मिलेगा।

**सीबीआई में भी की थी शिकायतः** ठेकेदार ने बताया कि कई बार भुगतान के लिए सुकांता को कॉल कर पूछताछ की। कुछ दिन इधर-उधर की बातें कर वह टालता रहा। ठेकेदार ने सीबीआई मुख्यालय नई दिल्ली में भी जाकर शिकायत की है।

# दिल्ली में धमाके के बाद गोरखपुर में सघन जांच

5 स्थान 5 रिपोर्टर

दिल्ली में हुए धमाके के बाद सोमवार की देर शाम गोरखपुर पुलिस भी हाई अलर्ट मोड में आ गई। सुरक्षा एजेंसियों के निर्देश पर शहर के प्रमुख स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड और बम निरोधक दस्ते के साथ शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों की सघन जांच की। एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी एस चनप्पा, डीएम दीपक मीणा, एसएसपी राजकरन नय्यर ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, गोलघर, सिटी मॉल और गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया।

## अलर्ट के बाद बढ़ गई पुलिस की सक्रियता, चौकसी बढ़ी

**नौका विहार**

8:30 बजे, रात

नौका विहार क्षेत्र में आम दिनों की तरह लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। ब्लास्ट पर अलर्ट के बाद पुलिस की सक्रियता भी बढ़ गई। पैडलेगंज स्थित बुद्ध द्वार से लेकर गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, सर्किट हाउस, कोर्टयार्ड, फ्लोट रेस्टोरेंट और लेक क्वीन के आगे तक पुलिस टीम ने लगातार गश्त शुरू कर दी।

आने-जाने वाले व्यक्ति के साथ ही खड़ी गाड़ियों पर कड़ी नजर रखते हुए टीम ने चेकिंग की। दुकानदार मनोज ने बताया कि रोज की अपेक्षा सोमवार की शाम से ही पुलिस की चौकसी बढ़ गई।

### अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। सभी थानों को संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। एडीजी जोन मुथा अशोक जैन और एसएसपी राजकरन नय्यर ने देर रात तक सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। घनी आबादी वाले इलाकों में भी पुलिस ने सतर्कता बरती।

इस बीच मोबाइल से पता चला कि दिल्ली में ब्लास्ट हुआ है।



दिल्ली में हुए धमाके के बाद सोमवार की देर शाम रामगढ़ताल क्षेत्र के नौकायन रोड पर वाहनों की जांच तेज कर दी गई। • हिन्दुस्तान

## गेट पर जांच के बाद ही दिया गया प्रवेश

**गोरखनाथ मंदिर**

8:45 बजे, रात

गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर पुलिस और डॉग स्क्वाड ने मंदिर परिसर में सभी प्रवेश द्वारों और पार्किंग क्षेत्र की गहन तलाशी ली। श्रद्धालुओं की जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई।

रोज की अपेक्षा घटना के बाद अंदर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं के बैग से सामानों को निकाल कर देखा कि कहीं कोई संदिग्ध सामान अंदर न जाने पाए। एसपी सिटी अभिनव त्यागी, सीओ गोरखनाथ रवि सिंह की देखरेख में चेकिंग की गई और एसपी ने सभी पुलिस वालों को चौकन्ना रहने का निर्देश दिया। उन्होंने लापरवाह कर्मियों को चेताया भी।

# फर्जी कॉल के जरिये एंबुलेंस दौड़ाने के मामले में रिपोर्ट जल्द

## सीएमओ की ओर से गठित टीम सौंपेगी रिपोर्ट, इसके बाद तय होगी कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** फर्जी कॉल के जरिये केस बनाकर एंबुलेंस दौड़ाने के मामले में दो से तीन दिन के अंदर रिपोर्ट आ सकती है। सीएमओ की ओर से गठित टीम के रिपोर्ट सौंपने के बाद कार्रवाई तय की जाएगी। शिकायतकर्ता सौरभ मिश्रा का कहना है कि मामले की ठीक से जांच हुई तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है।

संतकबीरनगर जिले के बभनौली गांव निवासी सौरभ मिश्रा पाली में 108 एंबुलेंस के ईएमटी पद पर एक साल से कार्य कर रहे थे। उन्होंने 108 नंबर की एंबुलेंस संचालित करने वाली कंपनी के एक अफसर पर फर्जी कॉल के जरिये केस बनाकर यूं ही एंबुलेंस दौड़वाने के आरोप लगाए थे।

उन्होंने मामले की शिकायत सीएमओ फिर डीएम से भी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि वरिष्ठ अफसर के आदेश की अवहेलना करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। डांट लगाई जाती है। इसकी वजह से फर्जी केस दर्शाना पड़ता है। शिकायत पर सीएमओ डॉ. राजेश झा ने तत्काल एसीएमओ के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी थी।

> मामले की जांच रिपोर्ट दो से तीन दिन में आ सकती है। इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई तय की जाएगी।
> **-डॉ. राजेश झा, सीएमओ**

### सोशल मीडिया पर गरमाया मुद्दा

गोरखपुर। फर्जी कॉल के जरिये एंबुलेंस दौड़ाने के मामले का मुद्दा सोशल मीडिया पर गरमा गया है। प्रदेशभर के लोग कमेंट कर मामले की निंदा कर रहे हैं। कुछ लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले के शिकायतकर्ता सौरभ मिश्र का भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने सरकार से निष्पक्ष जांच और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। ब्यूरो

# मेडिकल कॉलेज चौकी पर हमले के आरोपी बुआ-भतीजा गिरफ्तार

**गुलरिहा।** घायल महिला परमा देवी (65) की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी में तोड़फोड़ व पुलिसकर्मियों पर हमले के आरोपी बुआ-भतीजा को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान भुल्लाई और उसके भतीजे शिवम के रूप में हुई है।

शनिवार रात हुए हमले में एक दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। गुलरिहा पुलिस ने अब तक चार नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा, धमकी और जानलेवा हमले की धारा में केस दर्ज किया है।

शाहपुर क्षेत्र की परमा देवी शनिवार को पिपराइच थाने पर अपने रिश्तेदार से मिलने गई थीं। मुलाकात न होने पर वे घर लौटने के लिए रेलवे क्रॉसिंग के पास ऑटो का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान कुशीनगर के रामकोला निवासी दिनेश रौनियार की बाइक से ठोकर लगने पर वे घायल हो गई थीं। बाइक सवार ने परमा देवी को पिपराइच सीएचसी पहुंचाया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां मौत के बाद हंगामा शुरू हुआ। संवाद

# दिल्ली धमाके और फरीदाबाद में विस्फोटक बरामदगी के बाद हाई अलर्ट

## रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और बाजारों में बम निरोधक दस्ते ने चलाया सघन जांच अभियान

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** दिल्ली में सोमवार को हुए धमाके और फरीदाबाद में 2900 किलो विस्फोटक बरामद होने के बाद गोरखपुर में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पूरे शहर में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है।

डीआईजी एस. चन्नप्पा, एसएसपी राजकरन नय्यर और जिलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी और बम निरोधक दस्ते ने रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और प्रमुख बाजारों में देर रात तक सघन जांच अभियान चलाया।

> **देर रात तक अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा**

सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। सभी रेलवे स्टेशन, रेलवे व कचहरी बस स्टेशन, गोलघर, रेती चौक, आर्यनगर, गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र समेत भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। बम निरोधक दस्ते ने डॉग स्क्वॉड के साथ मिलकर लावारिस सामान और संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी ली। डीआईजी एस. चन्नप्पा ने बताया कि प्रदेश स्तर पर अलर्ट जारी किया गया है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में भी तैनात किया गया है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

एसएसपी राजकरन नय्यर ने कहा कि जनता से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। देर रात तक अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर जाकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा भी लिया।

इधर, गोरखनाथ पुलिस ने मंदिर के आसपास डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता टीम के साथ चेकिंग की। चेकिंग के दौरान टीम को भीड़भाड़ वाले स्थान पर पांच लावारिस वाहन मिले, जिन्हें थाने भेज दिया गया।



रेलवे बस स्टेशन पर हुई चेकिंग। अमर उजाला



बस स्टेशन पर हुई जांच। अमर उजाला

# फर्जी लिंक भेजकर युवक के खाते से 1.07 लाख रुपये उड़ाए

**पाली।** सहजनवां थाना क्षेत्र के घघसरा चौकी अंतर्गत वार्ड नंबर एक बिजौवा नगर निवासी अंबिका यादव पुत्र स्व. राधेश्याम यादव के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने फर्जी लिंक भेजकर उनके बैंक खाते से 1,07,129 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अंबिका ने बताया कि सात नवंबर को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को एसबीआई क्रेडिट कार्ड का कर्मचारी बताया और कहा कि उनके कार्ड से पैसे कटे हैं। उसने कार्ड बंद करने के नाम पर व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। लिंक खोलने और ओटीपी साझा करने पर खाते से 17,733 रुपये कट गए।

अगले दिन उसी व्यक्ति ने फिर कॉल कर नया लिंक भेजकर ओटीपी मांगा। ओटीपी साझा करते ही खाते से क्रमशः 49,128, 10,311, 5,117 व 14,840 रुपये निकाल लिए। इसके बाद झांसा देकर पीड़ित से गूगल पे के जरिये 10,000 और भिजवा लिए। थानाध्यक्ष महेश चौबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# नासा के नाम पर ठेकेदार से 80 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

## अमेरिकी एजेंसी नासा में निवेश का झांसा देकर किया फर्जीवाड़ा, सौ गुना मुनाफे का दिया था लालच

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) में निवेश के नाम पर ठेकेदार मदन मोहन शुक्ला से 80 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने एक आरोपी सुकांता बनर्जी को क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके साथी अमित कुमार नंदी, सुरेश रमानी, चंडीचरण अधिकारी और शालिनी नासकर की तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी सुकांता के खिलाफ लखनऊ के महानगर थाने में वर्ष 2019 में धोखाधड़ी का केस दर्ज है। आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के शिवाजीनगर निवासी मदन मोहन शुक्ला सिंचाई विभाग में ठेकेदारी करते हैं। पकड़ा गया आरोपी सुकांता मूलरूप से कोलकाता अर्बन एनआरआई आनंदपुर का रहने वाला है। वर्तमान में वह लखनऊ में रह रहा है। आरोप है कि उसने नासा के दुर्लभ रेडियोधर्मी [illegible] करणों की खरीद-फरोख्त के बिजनेस में निवेश कराने का झांसा दिया था। सुकांता ने खुद को नासा से संबद्ध कंपनी का चीफ कोऑर्डिनेटर बताते हुए कहा था कि निवेश पर 100 गुना मुनाफा मिलेगा।



ठेकेदार से रुपये ठगने वाला सुकांता बनर्जी पुलिस की गिरफ्त में। स्रोत पुलिस

मदन मोहन शुक्ला ने बताया कि मार्च 2018 में उनकी मुलाकात कानपुर के सिंधी कॉलोनी निवासी सुरेश रमानी के जरिये सुकांता बनर्जी और लखनऊ के महानगर सचिवालय कॉलोनी निवासी अमित कुमार नंदी से हुई थी। आरोप है कि विश्वास दिलाने के लिए सुकांता ने नासा, पीएमओ, रिजर्व बैंक और एक्सिस बैंक के कथित दस्तावेज दिखाए। ठेकेदार ने भरोसा कर 80 लाख रुपये सुकांता, चंडीचरण अधिकारी और शालिनी नासकर को निवेश के रूप में दे दिए।

बाद में ठेकेदार को पता चला कि सुकांता ने कई अन्य लोगों से भी करोड़ों रुपये ठग रखे हैं। आरोप है कि जब मदन मोहन ने रुपये वापस मांगे तो सुकांता ने उन्हें धमकी दी। इसके बाद ठेकेदार ने रामगढ़ताल थाने और सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली में इसकी शिकायत की थी।

सूत्रों के अनुसार, सुकांता बनर्जी ने गोरखपुर, लखनऊ और कोलकाता में फर्जी कंपनियां बनाकर ठगी का नेटवर्क खड़ा किया था। वह लखनऊ स्थित अपना मकान बेचकर भाग गया था। पुलिस ने सोमवार को उसे तब गिरफ्तार कर लिया जब वह नए शिकार की तलाश में रामगढ़ताल क्षेत्र में आया था।

### लालच में फंसकर जमा कराए 80 लाख रुपये

*ठेकेदार मदन मोहन शुक्ला ने बताया कि विश्वास करके सुकांता बनर्जी, चंडीचरन अधिकारी व शालिनी नासकर को निवेश के रूप में 80 लाख रुपये दिए। बाद में पता चला कि सुकांता बनर्जी ने बहुत से लोगों से करोड़ों रुपये ले लिए हैं। आजतक किसी निवेशक को कोई लाभांश सुकांता ने नहीं दिया है। इसी बीच पता चला कि सुकांता अपना लखनऊ का घर बेचकर कोलकाता भाग गया। आरोप लगाया कि सुकांता, चंडीचरण, शालिनी नासकर और अन्य आरोपी मिलकर अधिक लाभ का लालच देकर जालसाजी करते हैं। आरोपियों ने देशभर में ठगी की घटनाएं की हैं।*

### सीबीआई में भी की शिकायत

*ठेकेदार ने बताया कि कई बार भुगतान के लिए सुकांता को कॉल कर पूछताछ की। कुछ दिन इधर-उधर की बातें कर वह टालता रहा। बाद में कहने लगा कि कोई भुगतान नहीं करेगा। कोलकाता जाकर सुकांता से कई बार मिलने की कोशिश की लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। 18 महीनों से सुकांता ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। ठेकेदार ने सीबीआई मुख्यालय नई दिल्ली में भी जाकर शिकायत की थी।*

सुकांता बनर्जी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

– **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

# अमेरिका में प्रतिबंधित गोरखपुर का तस्कर एसटीएफ के निशाने पर, एफबीआई भी खोज रही

## सोना तस्करी : थाईलैंड से लौटे युवक के जरिये एसटीएफ जुटा रही हवाला नेटवर्क से जुड़े सबूत

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सोना तस्करी गिरोह के गोरखपुर कनेक्शन की जांच अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। अमेरिका में प्रतिबंधित एक तस्कर को लेकर उत्तर प्रदेश एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने पड़ताल तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी पहले से एफबीआई (अमेरिकी जांच एजेंसी) के भी निशाने पर है। वह आरोपी को खोज भी रही है।

पिछले दिनों थाईलैंड से लौटे कौड़ीराम क्षेत्र के एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। हालांकि पूछताछ के बाद देर रात उसे छोड़ दिया गया। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार युवक से पूछताछ के दौरान एसटीएफ को कई अहम सुराग मिले हैं। एजेंसी अब आरोपी के पासपोर्ट डिटेल, बैंक ट्रांजेक्शन, हवाला नेटवर्क और डिजिटल वॉलेट एड्रेस की गहराई से जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने विदेशी खातों के जरिये सोने की अवैध खरीद-फरोख्त में करोड़ों रुपये का लेन-देन किया है।

थाईलैंड, दुबई और मलेशिया से आने वाले ट्रांजेक्शन की पड़ताल में एजेंसियों को कुछ शेल कंपनियों के कनेक्शन भी मिले हैं। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की पहचान गोपनीय रखी गई है, लेकिन उसे हवाला और डिजिटल करेंसी के जरिये सोने की तस्करी का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। जांच में आगे बढ़ने के लिए एजेंसी ने विदेश मंत्रालय और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) से भी जानकारी मांगी है।

**बड़ा नेटवर्क, कई राज्यों में फैला जाल :** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह सिर्फ एक व्यक्ति का मामला नहीं है, बल्कि एक बड़ा सोना-हवाला-क्रिप्टो नेटवर्क है। कुछ सुराग बिहार, दिल्ली और मुंबई तक पहुंचे हैं। विदेशी एजेंसियों के सहयोग से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### *डॉलर में होता है सोने का सौदा*

*एसटीएफ सूत्रों के अनुसार, गोरखपुर का यह नेटवर्क डॉलर में सोने की खरीद-फरोख्त करता था। रुपये की अदला-बदली क्रिप्टो वॉलेट और विदेशी बैंकों के जरिये होती थी। जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी ने दुबई और मलेशिया में फर्जी कंपनियां बनाकर सोने की खेप भेजने और मंगाने का धंधा चला रखा था।*

### *एसटीएफ ने खोले डिजिटल चैनल*

*एजेंसी अब आरोपी के ब्लॉकचेन ट्रांजेक्शन, डिजिटल वॉलेट एड्रेस और विदेशी एक्सचेंज लॉग्स की जांच कर रही है। साइबर फॉरेंसिक टीम को ट्रेसिंग का जिम्मा सौंपा गया है। माना जा रहा है कि आरोपी के सात से ज्यादा वर्चुअल वॉलेट सक्रिय थे जिनमें से कुछ थाईलैंड और सिंगापुर स्थित एक्सचेंज से जुड़े हैं।*

इनपुट के आधार पर एक संदिग्ध युवक की तलाश की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के इनपुट और देश में हुई तस्करी के मामलों को मिलाकर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।
**- सत्यप्रकाश,** एसटीएफ निरीक्षक

View All Pages

# फर्जी डिग्री पर चला रहा था डायग्नोस्टिक सेंटर, गिरफ्तार

## गुलरिहा पुलिस ने सरैया बाजार से आरोपी को पकड़ा, मुख्य साजिशकर्ता कर चुका है समर्पण

संवाद न्यूज एजेंसी

**गुलरिहा (गोरखपुर)।** असली डॉक्टर के नाम पर फर्जी डिग्री तैयार कर उसे बेचने, कई जिलों में अवैध रूप से क्लीनिक व डायग्नोस्टिक सेंटर चलाने के आरोपी को गुलरिहा पुलिस ने क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। सोमवार सुबह पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रयागराज के शिवपुरी कॉलोनी निवासी श्रीराम पांडेय के रूप में हुई है।

उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी हो चुकी है। पुलिस ने उसे जेल भिजवा दिया है। मुख्य आरोपी अलाउद्दीन पिछले महीने कोर्ट में समर्पण कर चुका है। अन्य तीन आरोपी बृजेश लाल, दीपक विश्वकर्मा और ओम प्रकाश गौतम अभी भागे हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

बस्ती जिले के भेड़वा निवासी डॉ. राहुल नायक वर्तमान में गुलरिहा क्षेत्र के जेमिनी पैराडाइज में रहकर चिकित्सा कार्य कर रहे हैं। गुलरिहा थाने में बीते 17 मई 2024 को डॉ. राहुल ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके नाम से फर्जी डिग्री बनवाकर अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक सेंटर चलाया जा रहा है।

जांच में पता चला कि गाजीपुर के जखनियां में फर्जी डिग्री के आधार पर अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहा है। बिहार निवासी अलाउद्दीन ने प्रयागराज के श्रीराम पांडेय की मदद से डॉ. राहुल नायक के कागजात पांच लाख रुपये में बेच दिए। पुलिस ने सेंटर के संचालक बृजेश लाल को गिरफ्तार किया, जिसके बयान पर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ।

बृजेश ने बताया कि उसे यह डिग्री वाराणसी के सारनाथ निवासी ओम प्रकाश गौतम ने बेची थी। ओम प्रकाश पटना से अवैध डिप्लोमा बनवाकर वाराणसी के जाल्हूपुर में आदर्श डेंटल एंड आई क्लीनिक चला रहा था। उसने यह डिग्री दीपक विश्वकर्मा से 35 हजार में खरीदी थी, जो चौबेपुर में सहारा अस्पताल का संचालक है।

दीपक ने बताया कि अस्पताल में काम करने वाला सुहैल फर्जी डिग्री मुहैया कराता था। पुलिस जांच में वाराणसी और प्रयागराज में भी फर्जी डिग्री के आधार पर क्लीनिक संचालित होने की पुष्टि हुई थी। एसएसपी के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने पहले धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। इसके बाद सभी पांचों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई थी।

**कई जिलों में फैला है नेटवर्क :** सूत्रों के मुताबिक, इस गिरोह का नेटवर्क उत्तर प्रदेश और बिहार कई जिलों में फैला है। फर्जी डिग्रियों के सहारे कई जिलों के अवैध रूप से डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालन भी किए जा रहे हैं।

### बस्ती के डॉक्टर की डिग्री आधार और पैन कार्ड लगाकर महराजगंज में खोला था सेंटर



आरोपी श्रीराम पांडेय पुलिस गिरफ्त में। स्रोत-पुलिस

गैंगस्टर के मामले में भागे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।
**- अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-11-11-2025

# फुटपाथ से सड़क तक दुकानें, कैसे मिले जाम से मुक्ति



- कई लोगों ने सड़क के किनारे बना ली है अपनी अस्थाई दुकान
- कई बार सुबह-सुबह स्कूल की बसें फंस जाती हैं जाम में
- सड़क पर वाहन खड़ा करने पर होता है विवाद

दुकान के बाहर सामान रख सड़क पर कब्जा जमाए बैठे हैं दुकानदार।

[illegible]



[illegible]

## गैंगस्टर के आरोपी को दो वर्ष का कारावास

**देवरिया।** मईल क्षेत्र के बलिया दक्षिण निवासी गैंगस्टर विनय कुमार पांडे को गैंगस्टर कोर्ट ने सोमवार को गैंगस्टर में दोषी पाए जाने पर 2 वर्ष के कारावास व पांच हजार अर्थ दंड से दंडित किया।

शासकीय अधिवक्ता वाचस्पति मिश्रा ने बताया 24 नवंबर 2023 को 10:00 बजे रात्रि में मईल थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने आरोपित को पकड़ कर गैंगस्टर में चालान किया था।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 60 हजार रुपये

**बरहज।** नगर के बस स्टेशन स्थित एटीएम से एटीएम कार्ड बदलकर उचक्के ने खाते से 60 रुपये निकाल लिया। पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के परसिया तिवारी निवासी विनोद तिवारी पुत्र राम नगीना तिवारी बाहर रह कर एक निजी कंपनी में काम करते हैं। एटीएम से पैसा निकाल कर पैसे गिन रहे थे। इसी बीच उचक्के ने एटीएम बदल दिया। उसके बाद खाते से 60 हजार निकाल लिया घर पहुंचने के बाद मोबाइल पर मैसेज आने पर उनको ठगी की जानकारी हुई। थाना अध्यक्ष दिनेश मौर्य ने बताया मामले की जानकारी नहीं है जानकारी होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गोली कांड का तीसरा अभियुक्त गिरफ्तार

**मईल।** जिरासों गांव में अनमोल मिश्र को गोली मारने के मामले में पुलिस ने तीसरे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। 30 अक्टूबर को अनमोल मिश्रा को जिरासो में उनके घर के सामने ही गोली मार दी गई थी। जिसमें अनमोल ने प्रेम प्रसंग में गोली मारने का आरोप लगाया था। इसी मामले में पुलिस ने बीते 6 अक्टूबर को दो अभियुक्तों को मईल पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 266/2025 धारा 109(1), 61(2) बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्तगण हरजीत मौर्या पुत्र सुखराम मौर्या साकिन शनिचरा पूर्वी थाना महुली जनपद संतकबीर नगर व सौरभ पाठक पुत्र अखिलेश पाठक साकिन शिवपुर दीयर नम्बरी थाना कोतवाली जनपद बलिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी मामले में सम्मिलित तीसरे अभियुक्त कृष्णा गुप्ता पुत्र स्व भृगुनाथ गुप्ता साकिन बरहजहां थाना हल्दी जनपद बलिया को मुखबिर की सूचना पर इंटहरा हजाम तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# फॉरेंसिक टीम ने जुटाए नमूने बीयर व शराब की बोतल मिली

**जांच**

- मईल के भागलपुर में पानी की टंकी में मिले मंगरू के शव का मामला
- पुलिस ने एक नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**भागलपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** मईल के भागलपुर में फखरूद्दीन उर्फ मंगरु की मौत के मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत अज्ञात लोगों के विरूद्ध केस दर्ज किया है। सोमवार को फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य के लिए विभिन्न स्थानों से नमूना एकत्र किया। पुलिस ने मौके से बीयर व शराब के खाली बोतल भी बरामद किए हैं।

मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर निवासी फखरूद्दीन उर्फ मंगरु पिछले दस दिनों से लापता थे। उनका शव पानी की टंकी से शनिवार को बरामद किया गया था। मामले में पुलिस ने गांव के ही दिनेश यादव पुत्र प्रेम यादव एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। सोमवार को मईल थानाध्यक्ष राकेश सिंह और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। जहां परिजनों को भी बुलाया गया। पुलिस ने मौके से कुछ बीयर के केन और शराब के खाली बोतल भी बरामद किया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से उंगलियों के निशान सहित अन्य महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए। पुलिस मामले का पर्दाफाश करने के लिए कई बिंदुओं पर जांच कर रही है और सर्विलांस के जरिए भी आरोपियों की तलाश में जुटी है। थानाध्यक्ष मईल राकेश सिंह ने बताया घटना के कारणों और इसमें नामजद अभियुक्त के अलावा अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी गहनता से जांच की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पुलिस ने मुठभेड़ में असलहा तस्कर को रविवार की देर रात को किया गिरफ्तार

# असलहा तस्कर पप्पू पर गुंडा व गैंगस्टर एक्ट समेत 17 केस दर्ज

**फॉलोअप**

- खुखुन्दू समेत चार थानों में दर्ज हैं तस्कर के विरुद्ध केस
- पुलिस की कार्रवाई में तस्कर के दाहिने पैर में गोली लगी

**देवरिया, निज संवाददाता।** मुठभेड़ में रविवार की रात को गिरफ्तार किया गया असलहा तस्कर विवेक सिंह उर्फ पप्पू के विरुद्ध जिले के चार थानों में गुण्डा एवं गैंग्स्टर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में 17 मुकदमें दर्ज हैं। वे असलहों को खरीदने- बेचने के साथ जरायम के दुनिया में कदम रखा था। उसके विरुद्ध असलहा तस्करी के मामले में खुखुन्दू में पांच एवं सलेमपुर दो मुकदमें दर्ज हैं।

खुखुन्दू थाना क्षेत्र के पतलापुर निवासी विवेक सिंह उर्फ पप्पू सिंह पुत्र स्व. विजय बहादुर सिंह असलहा तस्कर है। रविवार की रात को बाइक से असलहे की तस्करी के लिए बाइक से जा रहा था। देर रात को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे सकरापार रेलवे क्रासिंग के समीप रोकने का प्रयास किया, तो उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जिसके बाद पुलिस की तरफ से जवाबी कार्रवाई में बदमाश को दाहिने पैर में गोली लग गई और वह मौके पर ही गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। पप्पू सिंह असलहा तस्कर है, वे असलहों को खरीदने- बेचने के साथ अपराध की दुनिया में कदम रखा था। उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट का सबसे पहला मुकदमा वर्ष 2015 में सलेमपुर कोतवाली में दर्ज हुआ था। इसके बाद उसके विरूद्ध वर्ष 2017 में आर्म्स एक्ट समेत तीन मुकदमें दर्ज हुए। वहीं वर्ष 2018 में उसके विरूद्ध छः मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें गैंग्स्टर, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जबकि वर्ष 2020 में पांच मुकदमें दर्ज किए गए, इसमें गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं रविवार को असलहे के साथ गिरफ्तार करने पर उसके विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### दो पिस्टल, चार तमंचे पुलिस ने किए बरामद

मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ विवेक सिंह उर्फ पप्पू के पास से पुलिस ने दो अवैध पिस्टल, तीन कारतूस, एक खोखा, चार अवैध तमंचा, दो मैगजीन पुलिस ने बरामद किया है। वहीं पुलिस ने उसकी बाइक को भी कब्जे में लिया है।



मुठभेड़ में गोली लगने के बाद घायल असलहा तस्कर विवेक सिंह उर्फ पप्पू। • हिन्दुस्तान

# इंस्टाग्राम पर दोस्त बन युवक ने युवती से की आठ लाख की ठगी

**जालसाजी**

- शादी का झांसा देकर युवती से दो बैंक खातों में युवक ने मंगा लिए आठ लाख रुपये
- पीड़ित युवती के तहरीर पर महुआडीह पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**महुआडीह , हिन्दुस्तान संवाद।** इंस्टाग्राम पर एक युवक की दोस्त बनी युवती ने शादी के झांसे में आकर आठ लाख रुपए गंवा दिए। युवक ने उसे झांसा देकर दो बैंक खातों में यह धनराशि मंगवा लिया।

युवती को ठगी की जानकारी तक हुई, जब युवक ने रुपये लेने के बाद अपना मोबाइल बन्द कर दिया। मामले में पीड़ित युवती के तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती हो गई। दोनों बातचीत करना शुरू कर दिए। कुछ दिन बात करने के बाद युवक ने युवती को शादी का झांसा देर रुपयों की मांग की। जिसके बाद युवती ने अपने जेवरात बेचकर युवक के दो बैंक खातों में आठ लाख रुपये भेज दिए।

**रुपये मिलने का बाद से युवक का मोबाइल बंद हो गया:** रुपये मिलने के बाद युवक ने अपना मोबाइल बन्द कर दिया। युवक का मोबाइल बन्द होने पर युवती को ठगी की जानकारी हुई। जिसके बाद युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने आरोपी अमनप्रीत के विरूद्ध पहचान छिपाकर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### लिंक भेजकर खाते से उड़ाए 1.76 लाख रुपये

**बरियारपुर।** मोबाइल पर लिंक भेजकर साइबर ठगों ने एक महिला के खाते से 1. 76 लाख रुपये उड़ा लिए। मामले में महिला के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर कला निवासी पवन कुमार यादव पुत्र शुभनारायण यादव का आरोप है कि 12 सितम्बर को उनके मोबाइल पर साइबर ठगों ने लिंक भेजा, जिसे खोलते ही उनकी बहन के खाते से 1.76 लाख रुपये गायब हो गए। इसकी जानकारी होने के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# तीन निरीक्षक और 14 उप निरीक्षकों का हुआ तबादला

**फेरबदल**

- एसपी ने कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए किया फेरबदल
- पुलिस लाइन में तैनात तीन निरीक्षकों को मिली जिम्मेदारी

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिल की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पुलिस लाइन में तैनात तीन निरीक्षक एवं 13 उप निरीक्षक समेत 24 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हुआ है। एसपी संजीव सुमन ने इन सभी पुलिसकर्मियों को थाना एवं विभिन्न जगहों पर तैनात किया है।

पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक रणजीत सिंह को प्रभारी सम्मन सेल/ न्यायिक सम्मन सेल, उमेश कुमार बाजपेई को प्रभारी यूपी 112, अनिल कुमार को प्रभारी वीआईपी सेल/चुनाव सेल/ साइबर सेल एवं उप निरीक्षक सदन यादव, औरंगजेब खान, अशोक यादव को थाना एएचटी, बांके यादव को चौकी प्रभारी घाटी थाना भटनी, जितेंद्र श्रीवास्तव को चौकी प्रभारी करौंदी थाना बरियारपुर, जयप्रकाश सिंह को पुलिस लाइन से एसएसआइं थाना खुखुन्दू बनाया गया।

वहीं जयराम यादव को थाना श्रीरामपुर, मुकेश कुमार को थाना रामपुर कारखाना, शरदेंदु तिवारी को थाना भलुअनी, हरेराम सिंह को थाना रुद्रपुर, बालेंद्र प्रताप सिंह को थाना गौरी बाजार, राम बहादुर को थाना खुखुन्दू एवं सुभाष रश्मि को न्यायिक सम्मन सेल भेजा गया है। जबकि शुभम कुमार पाठक को सदर कोतवाली से चौकी प्रभारी जेल रोड चौकी बनाया गया है।

# कोटेदारों ने एसआई पर शिकायत का लगाया आरोप

**देवरिया, निज संवाददाता।** एक कोटेदार ने पूर्ति निरीक्षक पर दूसरे के नाम पर बार-बार शिकायत कराकर प्रताड़ित करने की शिकायत संयुक्त आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग गोरखपुर व अन्य अधिकारियों से की है। इसमें विभिन्न नामों से एक ही मोबाइल नंबर से शिकायत कराने का सबूत भी दिया है। जिसके मोबाइल नंबर से आनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी है उसने लिखित व वीडियो में कहा है कि शिकायत उनके द्वारा नहीं किया गया है और पूर्ति निरीक्षक ने उनके मोबाइल नंबर का दुरूपयोग किया है।

रामपुर कारखाना क्षेत्र के मुण्डेरा मिश्र के कोटेदार अखिलेश मिश्र ने शिकायत में कहा है कि बनकटा ब्लाक के पूर्ति निरीक्षक द्वारा दूसरे के नाम से बार-बार एक ही मोबाइल नंबर का प्रयोग कर मुख्यमंत्री पोर्टल, डाक से उनके दुकान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराकर प्रताड़ित कर रहे। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को कार्यमुक्त कर गोरखपुर संबंद्ध करने, शिकायत की जांच करने की मांग की है।

# पूर्व विधायक के आरोपों की जांच के लिए गठित होगी संयुक्त समिति

**रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** सपा के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण की मुख्य पीठ, नई दिल्ली के समक्ष डबल बेंच में वाद दाखिल कर न्याय की मांग किया था। जिसमें उन्होंने उसरा बाजार शराब फैक्ट्री के खिलाफ कई आरोप लगाए थे।

सपा के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह ने 18 जनवरी 2024 को रुद्रपुर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया था। जिसमें उन्होंने राज्यपाल को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को दिया था। लेकिन उनके मांग पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता असगर खान, अब्दुल ताहिर खान, अनुभव अग्रवाल व सहर मसरूर के माध्यम से राष्ट्रीय हरित अधिकरण की मुख्य पीठ, नई दिल्ली के समक्ष वाद दाखिल किया।

# दिल्ली में धमाके के बाद हुई सघन जांच

**सतर्कता**

**देवरिया, निज संवाददाता।** दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार के शाम को एक कार में हुए ब्लास्ट के बाद जिले की पुलिस हाई अलर्ट पर है। सोमवार की देर रात तक पुलिस शहर समेत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान पुलिस ने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने की भी बात कहीं।

दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद सोमवार की शाम को मुख्यमंत्री के आदेश पर जिले की पुलिस हाई अलर्ट पर हो गई। शहर के प्रमुख चौराहा समेत मुख्य मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया एवं वाहनों की चेकिंग की। इसके साथ ही जिले के प्रमुख जगहों पर भी अभियान चलाकर वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। वहीं एसपी संजीव सुमन के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्र में भी पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध एवं संवेदनशील जगह पर चेकिंग अभियान चलाने के साथ ही वाहनों की चेकिंग की तथा लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने का सलाह भी दिया।पुलिस द्वारा शहर में चेकिंग करने के साथ ही रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ ने भी प्लेटफार्म पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली। चेकिंग करने के दौरान पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ संबंधित थानों के दरोगा एवं अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।



दिल्ली की घटना के बाद जिले के भटनी थाना क्षेत्र में बाईपास रोड पर जांच करती पुलिस।

# ट्रक की चपेट में बाइक सवार, गंभीर

जासं, रुद्रपुरः रुद्रपुर-देवरिया मार्ग पर कोइलगड्हा गांव के समीप शाम करीब छह बजे घर जा रहे बाइक सवार ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। वहां भी बिगड़ती हालत देख चिकित्सक ने बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

सुरौली थाना क्षेत्र के ग्राम तिवई के 38 वर्षीय रिंकू प्रसाद पुत्र चंद्र देव बाइक से गांव जा रहा था। कोइलगड्हा के समीप देवरिया से रुद्रपुर की तरफ जा रहे ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, चालक मौके से फरार हो गया।

अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से भाई-बहन घायल :बरहजः भाई-बहन सगाई में अपने घर से बरहज आ रहे थे। अभी वे बारा दीक्षित चौराहे के समीप पहुंचे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे भाई-बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज पहुंचा जहां पर उपचार हुआ। थानाक्षेत्र के खोड़ा निवासी रविंदर यादव 20 पुत्र रामचंद्र यादव सोमवार की दोपहर अपनी बहन सरिता के साथ सगाई में बरहज बाजार जा रहे थे।

Classifieds

# छोटी गंडक नदी के किनारे अवैध खनन में पोकलेन सीज

**जागरण प्रभाव**

जागरण संवाददाता, देवरिया: तहसील प्रशासन ने सोमवार को भटनी में छोटी गंडक नदी किनारे हो रहे अवैध बालू व मिट्टी खनन मामले में छापेमारी की। मौके पर पोकलैंड मिला, जिसे सीज कर दिया गया। तहसील प्रशासन ने इसकी रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को भेज दी है। फिलहाल ठीकेदार के विरुद्ध जुर्माना लगाने की तैयारी है।

सलेमपुर तहसील प्रशासन के मुताबिक, तमकुहीराज से भिंगारी होकर सलेमपुर के बीच बनने वाले फोरलेन में मिट्टी की आवश्यकता है। इसको देखते हुए ठीकेदार ने भटनी थानाक्षेत्र के जिगिना दीक्षित गांव के कुछ काश्तकारों की भूमि से मिट्टी खनन के लिए खनन विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन किया था। जिसकी अभी स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। इसी बीच कई दिनों से पोकलैंड व बुलडोजर लगाकर छोटी गंडक नदी किनारे जिगिना दीक्षित, लालचक व जिगिना मिश्र गांव की सीमा पर खनन कराया जा रहा था। लोगों ने नदी किनारे खनन किए जाने की शिकायत अधिकारियों से की।



भटनी थानाक्षेत्र के जिगिना दीक्षित गांव के सामने छोटी गंडक नदी के किनारे अवैध खनन का जायजा लेते नायब तहसीलदार हरिलाल यादव दाएं● जागरण

दैनिक जागरण ने सोमवार को पेज छह पर छोटी गंडक नदी किनारे अवैध खनन जारी शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया। नायब तहसीलदार भटनी हरीलाल यादव सोमवार को मौके पर पहुंचे। मौके पर पोकलैंड खड़ा मिला। नायब तहसीलदार ने खनन क्षेत्र का जायजा लिया।

उन्होंने मोबाइल फोन के जरिये ठीकेदार से खनन संबंधी अनुमति दिखाने को कहा, लेकिन पता चला कि बिना अनुमति के ही खनन किया जा रहा था। ठीकेदार ने कुछ काश्तकारों के नाम से खनन विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन किया था। जिसकी अभी स्वीकृति नहीं मिली थी। खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अवैध खनन किया जा रहा था। पोकलैंड सीज किया गया है। तहसील प्रशासन की रिपोर्ट मिलने पर जुर्माना लगाया जाएगा।


छोटी गंडक नदी के किनारे अवैध खनन जारी

दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर●

**जुर्माना लगाएगा विभाग, तहसील की रिपोर्ट का कर रहा इंतजार**

**जिगिना दीक्षित, लालचक और जिगिना मिश्र में खनन का मामला**

# आरोपित किसान के विरुद्ध जुर्माना, मुकदमा दर्ज करने का निर्देश

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: शासन के कड़े निर्देशों के बावजूद पराली जलाने वाले किसान अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार की रात को एक किसान द्वारा धान के खेत में पराली जलाने की सूचना मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचीं। उन्होंने संबंधित किसान को डांटते हुए लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को उचित कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने का निर्देश दिया।

भटनी थाना क्षेत्र के नोनिया छापर गांव में पैमाइश कर लौट रही एसडीएम ने देखा कि एक व्यक्ति अपने खेत में आग लगाकर पराली जला रहा है। इस पर उन्होंने उस किसान, शिवम यादव पुत्र बाढू, को बुलाया। एसडीएम ने उसे फटकार लगाते हुए लेखपाल को जुर्माना लगाने और प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। तहसीलदार अलका सिंह ने बताया कि यदि किसी भी किसान द्वारा पराली जलाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



पराली जलाने की खबर पर खेत में पहुंच लेखपाल को कार्रवाई का निर्देश देतीं एसडीएम दिशा श्रीवास्तव व तहसीलदार अलका सिंह● सौ.तहसील प्रशासन

# महिला के खाते से उड़ाए 1.76 लाख

संवाद सूत्र, बरियारपुर: पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी जनपद में साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। साइबर ठगों ने एक महिला के मोबाइल पर लिंक भेज कर उसके बैंक खाते से 1.76 लाख रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन परेशान हो गए और महिला के भाई के तहरीर पर पुलिस ने 57 दिन बाद शनिवार को अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के विशुनपुर कला निवासी पवन कुमार यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर संदिग्ध लिंक भेजा।

लिंक खोलते ही उनकी बहन के बैंक खाते से कई बार में कुल 1.76 लाख रुपये निकाल लिए गए। मोबाइल पर संदेश मिलने पर साइबर ठगी की जानकारी हुई। जिसकी सूचना तत्काल बैंक और पुलिस को दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि मामला साइबर ठगी से जुड़ा हुआ है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। साथ ही संबंधित बैंक खातों की डिटेल की जांच की जा रही है।

## फाइनेंस कंपनी में पैसा जमा कराने के बाद 17 कट्ठा खेत कब्जाया

संवाद सूत्र, खुखुंदू: प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में पैसा जमा करने के बाद कंपनी फरार हो गई। मनबढ़ों ने एजेंट का 17 कट्ठा खेत ही जबरदस्ती कब्जा कर लिया और आठ वर्षों से छोड़ नहीं रहा है, जिससे वह काफी परेशान है, इसकी सूचना पुलिस को दी। बहादुरपुर गांव निवासी मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि आठ वर्ष पूर्व एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में काम करता था। जिसमें गांव के ही एक लड़की का 25 हजार रुपये फिक्स कराया था। कुछ दिनों बाद प्राइवेट कंपनी फरार हो गई, जिससे पैसा फंस गया। इस मामले में मनबढ़ों ने 17 कट्ठा खेत पर कब्जा कर लिया और आठ वर्षों से बोवाई जुताई करा फसल काट रहा है। इस वर्ष जब जुताई कराने के लिए खेत मे पहुंचा तो वह जुताई कराने से रोक दिया और पैसा देने की बात कही, विवाद होने पर मारने पड़ गया। इसकी सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई होगी।

# पोखरी में गिरकर महिला की मृत्यु

जासं, सलेमपुर: शौच के लिए निकली एक महिला की पोखरी में गिरने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के धनौती राय गांव की 55 वर्षीय फूला देवी, पत्नी श्यामदेव प्रसाद, सोमवार की भोर में गांव के दक्षिण स्थित पोखरी के पास शौच क्रिया करने के लिए गई थीं। अचानक उनका पैर फिसल गया और वे पोखरी में गिर गईं। चूंकि महिला के साथ कोई नहीं था, इसलिए उनके गिरने की जानकारी परिवार को नहीं मिल सकी। जब सुबह घर के लोग उठे और फूला देवी को नहीं पाया, तो उन्होंने उन्हें ढूंढना शुरू किया।

# चोरी की ई–रिक्शा के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

- भीखमपुर रोड से ई- रिक्शा के साथ गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपित
- भटवलिया में दरवाजे पर खड़ी ई-रिक्शा चुरा ले गए थे चोर जेल भेजे गए तीनों आरोपित

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के भीखमपुर रोड से मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने चोरी की ई रिक्शा के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों के विरुद्ध पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर जेल के लिए न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने तीनों से कड़ाई से पूछताछ किया तो चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया।

सात नवंबर को शहर के भटवलिया के रहने वाले दिनकर सिंह पुत्र स्व. सत्य नारायन सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उनका यूपी 52बीटी 2119 मकान के सामने रोड पर खड़ा था। रात में कुछ लोग ई-रिक्शा चुरा ले गए। पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ई रिक्शा बरामदगी के लिए प्रयास करना शुरू किया। इस बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि चोरी का एक रिक्शा भीखमपुर रोड में रखा गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो चोरी गया ई-रिक्शा बरामद हो गया।



चोरी गए ई–रिक्शा व पकड़े गए तीनों चोरों के साथ कोतवाली पुलिस की टीम• जागरण

इसके अलावा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपितों अनिल कुमार पुत्र ब्रिजा प्रसाद निवासी खरजरवा थाना कोतवाली, गुड्डू पुत्र विक्रम गोस्वामी निवासी कोईलादवा थाना माणीपुर फुलवरिया जनपद गोपालगंज बिहार, शाकिर पुत्र फौउदार अंसारी निवासी खरजरवा थाना कोतवाली, गड़ेर थाना भलुअनी को हिरासत में ले लिया। तीनों ने ई-रिक्शा चुराने की बात स्वीकार की। तीनों चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ नितिन साहू, कांस्टेबल केशनाथ यादव, रामसागर गुप्ता, पवन यादव, प्रदीप यादव थाना शामिल रहे।

## ग्राहक सेवा केंद्र में डेढ़ लाख रुपये की चोरी

संसू, वरूज :यूनियन बैंक के ग्राहक सेवा की खिड़की तोड़कर डेढ़ लाख की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। एक व्यक्ति अपने गांव में यूनियन बैंक शाखा का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते है। शनिवार की शाम लगभग 4:30 बजे शाखा बंद करके मधुबन चले गए सोमवार की सुबह जब शाखा का खिड़की खुली देखा तो उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने 112 पर सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के परसिया देवार निवासी प्रभात पांडेय पुत्र स्वर्गीय रामबदन पांडेय गांव में ग्राहक सेवा केंद्र चलाते है। जिससे लोगों को पैसा जमा करने और निकलने में सहूलियत मिलती है। सोमवार की सुबह जब 10:00 बजे ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचे तो उनके शाखा की खिड़की खुली हुई थी यह देख वे दंग रह गए जैसे ही अंदर तो देखा कि पैसा और कागज बिखरा पड़ा है।

# पुलिस ने असलहा तस्कर को दबोचा

- शहर के देवरिया खास से असलहा तस्कर को उठाया
- गिरफ्तार कर असलहा तस्कर को कोतवाली ले गई पुलिस

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के देवरिया खास में सोमवार को दिन में ही दो असलहा तस्करों के होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस व एसओजी ने छापेमारी की। जिसमें एक तस्कर को घेराबंदी कर पुलिस ने उठा लिया। पुलिस उसे कोतवाली ले आई और पूछताछ में जुट गई। पुलिस की कार्रवाई से देवरिया खास में अफरातफरी मची रही। बीती रात पकड़े गए तस्कर से पूछताछ के बाद पुलिस ने यह छापेमारी की। एक अन्य स्थान से दूसरे अहलहा तस्कर को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

अचानक कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम शहर के देवरिया खास स्थित एक व्यक्ति के घर पहुंची और घर को चारों तरफ से घेर लिया। एक युवक को असलहा की खरीदारी के लिए तस्कर के पास घर के अंदर भेजा। युवक अंदर पहुंचा और वह अभी उसे असलहा दिखा कर तस्कर



तस्कर को देवरिया खास से पकड़ कर ले जाती कोतवाली पुलिस• सौ. इंटरनेट मीडिया

उसका मूल्य बता रहा था कि पुलिस टीम घर के अंदर से उसे असलहे के साथ दबोच लिया। पुलिस उसे कोतवाली ले आई और पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित असलहा का तस्कर है। बिहार से असलहा मंगाता है और उसकी बिक्री करता है। शहर के एक अन्य मोहल्ले से भी पुलिस एक अन्य आरोपित को उठाई है और उससे पूछताछ कर रही है। दोनों का जिले में असलहा तस्करी को लेकर नेटवर्क है, जिसके जरिए असलहे खरीदे व बिक्री किए जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अनमोल पर फायरिंग करने वाला तीसरा आरोपित भी गिरफ्तार

संवाद सूत्र, मईल: जिरासो गांव में दरवाजे पर बैठे अनमोल मिश्र पर पिस्टल से फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक तीसरे आरोपित को इटहुरा हज्जाम गांव के तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इससे पहले, पुलिस ने दो अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था।



पुलिस कस्टडी मै हत्या के प्रयास का अभियुक्त कृष्णा गुप्ता • सौ.पुलिस मीडिया

30 अक्टूबर 2025 को अनमोल मिश्रा को प्रेम प्रपंच के विवाद में बदमाशों ने उनके दरवाजे पर गोली मारी थी। इस घटना के बाद अनमोल का उपचार जारी है। उनकी मां ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी दौरान, जिस युवती से प्रेम संबंध को लेकर विवाद हुआ, उसके मोबाइल के कॉल डिटेल के माध्यम से पुलिस मुख्य आरोपी तक पहुंच गई। 6 अक्टूबर को पुलिस ने दो आरोपितों, हरजीत मौर्या और सौरभ पाठक, को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि जिस युवती से एक आरोपित प्रेम करता था, अनमोल उसके लिए बाधा बन रहा था, जिसके चलते उसने जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। पुलिस अब प्रमुख आरोपित की तलाश कर रही थी, जिसे इटहुरा हज्जाम तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित कृष्णा गुप्ता, पुत्र स्व. भृगुनाथ गुप्ता, बरहजहां थाना हल्दी, जनपद बलिया का निवासी है।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कठोर कैद

विधि संवाददाता, देवरिया: विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) वीरेंद्र सिंह की अदालत ने भटनी थाना क्षेत्र के उसका निवासी दयानंद राजभर को दुष्कर्म व धमकी देने के मामले में दोषी पाए जाने पर सोमवार को सजा सुना दिया। अदालत ने आरोपित को 10 वर्ष कठोर कैद और 11000 जुर्माने से दंडित करने का फैसला सुनाया।

विशेष लोक अभियोजक विपिन चंद्र मिश्र ने बताया कि 21 मई 2018 को भटनी थाना क्षेत्र के उसका निवासी दयानंद राजभर ने रात्रि में एक युवती के घर में घुसकर दुष्कर्म किया था। उसके विरोध पर चाकू के बल पर धमकी देते हुए भाग गया।

पीड़िता ने घटना की सूचना 100 नंबर पर फोन करके पुलिस को दी। मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना भटनी में दूसरे दिन दर्ज हुई। अदालत ने दुष्कर्म और धमकी देने के मामले में दोषी पाए जाने पर कठोर दंड से दंडित करते हुए सजा भुगतने के लिए दोषी को जेल भेज दिया।

# मुठभेड़ में तस्कर के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

## पुलिस के हत्थे चढ़ा असलहा तस्कर सकरापार रेलवे ढाला के समीप घेराबंदी कर पकड़ा गया

जागरण संवाददाता देवरिया: कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सकरापार रेलवे ढाला के समीप से मुठभेड़ के दौरान एक असलहा तस्कर को रविवार की रात 12 बजे गिरफ्तार किया। घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर तस्कर फायर कर भाग रहा था की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके दाहिने पैर में गोली मार दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो पिस्टल, चार कट्टा एक मोटरसाइकिल आदि बरामद हुआ। उसका उपचार मौजूदा समय में बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा है। पुलिस लाइंस के सभागार में पत्रकार वार्ता कर सीओ सीटी संजय कुमार रेड्डी ने एनकाउंटर के बारे में जानकारी दी।



जानकारी देते सीओ संजय कुमार रेड्डी

मुखबिर ने पुलिस को सूचना दिया कि एक असलहा तस्कर सकरापार गांव के समीप आने वाला है। अलर्ट हुई कोतवाली पुलिस रात में सकरापार गांव के समीप पहुंची और वाहन चेकिंग शुरू कर दी। इस बीच एक युवक मोटरसाइकिल से आता हुआ दिखाई दिया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने रोका तो वह घूम कर पुलिस पर फायर कर दिया, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बदमाश पर फायर किया और गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के समीप लगी। उसके गिरते ही पुलिस ने बदमाश को दबोच लिया। उसकी पहचान विवेक सिंह उर्फ पप्पू, निवासी पतलापुर, खुखुंदू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर 15 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं और लंबे समय से वह वांछित चल रहा था। वह असलहा तस्करी में सक्रिय है। पुलिस कई दिनों से उसकी तलाश में थी। इस कार्रवाई में पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह सहित हेड कांस्टेबल प्रशांत शर्मा, हेड कांस्टेबल मेराज खान, हेड कांस्टेबल समसुल्लिन खान व कांस्टेबल विशाल जायसवाल शामिल रहे।



पैर में गोली लगने के बाद असलहा तस्कर को मेडिकल कालेज ले जाती पुलिस • जागरण

### विवेक सिंह उर्फ पप्पू पर विहार के थानों में भी दर्ज हैं मुकदमे

पुलिस एनकाउंटर में घायल विवेक सिंह उर्फ पप्पू पर बिहार के कई थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं। वह बिहार में अपराध करने के जुर्म में जेल में बंद था। कुछ माह पूर्व ही छूट कर आया है, उसे बाद असलहा तस्करी शुरू कर दी। असलहा तस्करी का कार्य वह लंबे समय से करता चला आ रहा है।

### विहार के मुंगेर से असलहा मंगाता है तस्कर

बिहार के मुंगेर से वह असलहा मंगाता है, जिसमें मुंगेरी पिस्टल की सबसे अधिक मांग है। एक नाल व दो नाल कट्टा आर्डर पर मंगाकर उपलब्ध कराता है। पिस्टल पसंद आने पर 25 से 30 हजार रुपये में व कट्टा 10 हजार से 20 हजार रुपये में बिकता है। इस कारोबार में जिले में एक बड़ा नेटवर्क कार्य करता है। वह असलहा खरीद कर अपराधियों को सप्लाई करता है।

### बरेजी पुल से पशु तस्कर गिरफ्तार

मईल: बरेजी पुल तिराहा से पुलिस ने वांछित एक गो तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह मईल थाना का वांछित अभियुक्त है। तस्कर का नाम शेरू उर्फ दीनदयाल यादव पुत्र सूर्यनारायण यादव है। उसके विरुद्ध गैंग्सटर, गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि उसे जेल भेज दिया गया।

# फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से लिए नमूने



घटना स्थल की जांच करती फारेंसिक टीम • जागरण

संसू, भागलपुर: भागलपुर के मंगरू की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार की रात मुकदमा दर्ज होने के बाद सोमवार को फोरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची और आवश्यक नमूने एकत्र किए। वहीं, मईल पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है।

मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर कस्बा निवासी फकरुद्दीन पिछले दस दिनों से लापता थे। उनके परिवार ने लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस जब उनके साथ रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही थी, तभी शनिवार को उनका शव पिंडी तिराहे पर स्थित परवीन बर्नवाल के बंद पड़े राइस मिल के कुएं में मिला। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाए जाने पर ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने कस्बे के एक युवक और अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है और जांच जारी है। सोमवार को पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के स्वजन को बुलाया। मौके से बीयर के केन और शराब के खाली डिब्बे बरामद किए गए, जिनसे फिंगर प्रिंट लिए गए।

## सात दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई प्राथमिकी

जासं, भाटपाररानी: सेंट्रल बैंक शाखा छपिया मिश्र में रकम गिनने के दौरान चकमा देकर आठ हजार रुपये गायब करने के मामले में पुलिस ने सात दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित हफीजुल्लाह, जो खामपार थाना के ग्राम छपिया मिश्र का निवासी है, ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उसने अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि उसने तीन नवंबर को सेंट्रल बैंक छपिया से 20 हजार रुपये निकाले और बैंक में ही उन्हें गिनने लगा। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने चकमा देकर आठ हजार रुपये गायब कर दिए। जब वह घर पहुंचा, तो उसे पता चला कि आठ हजार रुपये गायब हैं, जिससे वह दंग रह गया। इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं, और पीड़ित न्याय की उम्मीद कर रहा है।

## चोरी से पेड़ काटने का आरोप

सोहनपुर: बनकटा क्षेत्र के रघुनाथपुर के रहने वाले रामनरेश गुप्ता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि मेरे पट्टीदार ने 20 वर्ष पहले मेरे द्वारा लगाए पेड़ को चोरी से काट लिया है।

# कहासुनी के बाद मारपीट पांच के विरुद्ध मुकदमा

संवाद सूत्र, रामपुर कारखाना : कपड़ा सुखाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई उसके बाद जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौरा गांव के रहने वाले अंबिका प्रसाद में पुलिस को तहरीर देकर के आरोप लगाया है कि पांच नवंबर की दोपहर 1:00 बजे मैं कपड़ा धोने के बाद सूखने के लिए फैलाया था। तभी मेरे पट्टीदार एक राय होकर मुझे हटाने के लिए कहे। विरोध करने पर गाली देते हुए मुझे डंडा, राड से मारने पीटने लगे। जिससे मुझे गंभीर चोटें आई, और मेरा सिर फट गया। मैं लहूलुहान होकर के गिर गया। मामले में पुलिस ने गांव के ही रहने वाले विवेक, विकास, तुलसी, अनीता देवी तथा किरण देवी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## आपसी विवाद को लेकर शांति भंग में दो का चालान

खुखुंदू: आपसी विवाद को लेकर दो अलग-अलग गांवों में हुई कहासुनी में आपस में मारपीट हो गई। इन दोनों मामलों में पुलिस दो को चालान कर दिया। टड़वा गांव निवासी राकेश चौहान से बगल के लोगों से विवाद होने लगा, इसी बीच विवाद बढ़ गया और आपस में भिड़ गए। नरौली खेम गांव में आपसी विवाद को लेकर कहासुनी होने लगा, इसी बीच विवाद बढ़ गया। इस मामले में राजकुमार यादव को शांति भंग में दोनों को चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शांति भंग में दो को चालान कर दिया गया।

# पुलिस ने कैडेटों को किया जागरूक

संवाद सूत्र, लार रोड: आरएमएस एकेडमी पिपरा चांद लार रोड में 52 यूपी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन कैडेटों को साइबर अपराध की जानकारी दी गई। मईल थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने फेसबुक हैकिंग, बारकोडिंग के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट के संबंध में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप आदि इंटरनेट मीडिया साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में छात्रों से जागरूक रहने के लिए कहा।



कैडेटों को जागरूक करतीं महिला कांस्टेबल उपासना मिश्रा • जागरण

सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमीट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, इंटरनेट मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने वाले व यूपीआइ संबंधित फ्राड के प्रति भी कैडटों को जागरूक किया। महिला कांस्टेबल उपासना मिश्रा ने ठगी के शिकार लोगों को 1930 हेल्पलाइन नंबर पर काल करने के लिए कहा। प्रधानाचार्य मनोज मिश्र, कांस्टेबल स्वाति त्रिपाठी, कर्नल दिग्वेंद्र सिंह, डा. राम अवतार वर्मा, कैप्टन क्षमानंद, धनंजय उपाध्याय, शैलेश सिंह, विनय कुमार, कैलाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अनमोल पर हमले का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

भागलपुर (देवरिया)। जिरासो गांव के अनमोल पर गोली चला भागे तीसरे आरोपी को पुलिस ने बलिया से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी विवेक पाठक अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस सर्विलांस के सहारे उस तक पहुंचने के लिए छापा मार रही है।

मईल थाना क्षेत्र के जिरासो गांव निवासी अनमोल मिश्रा (24) को भागलपुर पिंडी मार्ग पर स्थित घर से 30 अक्तूबर को बुलाकर बाइक सवारों ने गोली चला दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने हरजीत मौर्या व मुख्य आरोपी विवेक पाठक के भाई सौरभ पाठक को पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस के मुताबिक केस दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी बीच प्रकाश में आया कि अभियुक्त कृष्णा गुप्ता निवासी बरहजहां थाना हल्दी जिला बलिया भी वारदात में शामिल था।

सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे क्षेत्र के ईटहुरा हजाम के तिराहे से दबोच लिया। न्यायिक अभिरक्षा में उसे कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। संवाद


-121-1166
scionline.org
चना
क्तिगत
ार मक्ष पुत्र बृजराज
ंगवीर, सुल्तानपुर,
स्ट मधुबन, जनपद-


## बीआर सेंट्रल एकेडमी में अलंकरण समारोह एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मेहरौनाघाट (वि.)।** बीआर सेंट्रल एकेडमी में शनिवार को अलंकरण समारोह और 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीबीएसई मंडल प्रभारी डॉ. संजय त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि एसडीएम दिशा श्रीवास्तव और सीओ मनोज कुमार रहे। निदेशक नीतीश कुमार राय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को बैच और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में अभिज्ञान चौबे, सिमरन खातून, सौमांत यादव, अर्चिता गुप्ता, सुधांशु यादव, रिया तिवारी, अभय, स्वस्तिका तिवारी, अनिश और आकांक्षा यादव शामिल रहे। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व के गुण विकसित करना आवश्यक है। वहीं, 'मिशन शक्ति' के तहत एसडीएम दिशा श्रीवास्तव और सीओ मनोज कुमार ने छात्राओं को सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सूर्य मोहन श्रीवास्तव, निधि तिवारी और डीके यादव सहित कई शिक्षकों का योगदान रहा।

# चोरी के ई-रिक्शा के साथ तीन गिरफ्तार

**देवरिया।** भटवलिया वार्ड के रहने वाले दिनकर सिंह का ई-रिक्शा तीन दिन पहले दरवाजे के बाहर से चोरी हो गया था। इस मामले में पुलिस केस दर्ज कर मामले में विवेचना शुरू कर दी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने ई-रिक्शा बरामद कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। स्रोत-पुलिस

कोतवाली थाना क्षेत्र के भटवलिया वार्ड निवासी दिनकर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात नवंबर की रात उनका ई-रिक्शा मकान के सामने रोड पर खड़ी थी। सुबह जगे तो ई-रिक्शा गायब था। सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना शुरू कर दी। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि भीखमपुर रोड पर कुछ संदिग्ध दिखाई पड़ रहे हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस को देख तीनों भागने लगे पुलिस ने दौड़ाकर आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम कोतवाली क्षेत्र के खरजरवा निवासी अनिल कुमार पुत्र ब्रिजा प्रसाद व शाकिर पुत्र फौउदार अंसारी तथा बिहार प्रांत के गोपालगंज के माणीपुर फुलवरिया थाना क्षेत्र के कोईलादवा गांव निवासी गुड्ड पुत्र विक्रम गोस्वामी भीखमपुर रोड से गिरफ्तार कर तीनों को जेल भेज दिया गया। संवाद

## लिंक पर क्लिक करते ही खाते से कट गए 1.76 लाख

**बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के विशुनपुर कला गांव में साइबर ठगों ने एक महिला के बैंक खाते से लिंक भेजकर एक लाख 76 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पवन कुमार यादव निवासी ग्राम व पोस्ट विशुनपुर कला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 सितंबर को एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजा। उन्होंने जैसे ही लिंक खोला, बैंक खाते से एक लाख 76 हजार रुपये निकल गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया। इस संबंध ने थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि मामला साइबर ठगी से संबंधित है। ठगों की पहचान के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। संवाद

## फॉरेंसिंक टीम ने की जांच

**भागलपुर।** एक सप्ताह से लापता मंगरू का शव पिंडी तिराहे पर शनिवार को कुएं में मिला था। रविवार को घरवालों ने घटना के खुलासा की मांग को लेकर धरना दिया था। इसके बाद सोमवार को फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने इकट्ठे किए।

मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर कस्बा निवासी फखरूद्दीन उर्फ मंगरू एक सप्ताह से घर से लापता था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस उसके साथ रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही थी।

शनिवार को मंगरू का शव पिंडी तिराहे पर कुएं में मिला था। पुलिस कस्बे के एक युवक और अज्ञात पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सोमवार को पुलिस के साथ फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल स्थल पर पहुंची और परिवार के लोगों को भी बुलाया।

मौके से बीयर के केन, शराब के खाली बोतल भी बरामद हुई, जिस पर फिंगरप्रिंट लिया गया। एसओ मईल राकेश सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम आई थी। संवाद

# बिहार से लाकर उत्तर प्रदेश में अवैध असलहे की सप्लाई करता था विवेक

## देवरिया पुलिस ने रविवार की देर रात सकरापार में मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सकरापार गांव के समीप रविवार की आधी रात में पुलिस ने मुठभेड़ में जिस असलहा तस्कर विवेक सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है। वह लंबे अरसे से बिहार से अवैध असलहा लाकर यूपी के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता था।



विवेक सिंह। स्रोत- पुलिस

आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में अवैध शस्त्र, एनडीपीएस, गैंगेस्टर, गुंडा, चोरी, लूट समेत कई गंभीर धाराओं में करीब 17 मुकदमा पंजीकृत है। सोमवार को कोतवाल विनोद कुमार सिंह की तहरीर पर असलहा तस्कर के खिलाफ पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### खुखुंदू थाना क्षेत्र के पतलापुर गांव का रहने वाला हैं विवेक

खुखुंदू थाना क्षेत्र के पतलापुर गांव निवासी विवेक सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व. विजय बहादुर सिंह सोनू घाट के पास किराए का कमरा लेकर रहता था। इस असलहा तस्कर का बिहार के अपराधियों से गहरा गठजोड़ है और वहां से अवैध असलहे जिले के अपराधियों को मुहैया कराता था। चर्चा है कि देवरिया के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों के अपराधियों से भी इसके संबंध थे और उन्हें जरूरत पड़ने पर असलहों की सप्लाई करता था।

कोतवाली पुलिस का दावा है कि यह कुख्यात असलहा तस्कर बाइक से रविवार की देर रात सकरपार रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंच था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और चारों तरफ से घेराबंदी कर रोक लिया। इस पर बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया।

पुलिस की तरफ से जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर गया। तलाशी के दौरान इसके पास से दो पिस्टल 32 बोर व 3 कारतूस 32 बोर, एक खोखा 32 बोर व चार तमंचा 315 बोर, दो खाली मैगजीन 32 बोर का मिला। पुलिस ने बाइक भी कब्जे में ले लिया। इस मामला में पुलिस ने कोतवाल विनोद कुमार सिंह के तहरीर पर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# गोरखपुर के पांच दवा विक्रेताओं को नोटिस, देवरिया में हड़कंप

## कोडीनयुक्त कफ सिरप : भालोटिया मार्केट में जांच के दौरान नहीं मिला था खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

**देवरिया।** नारकोटिक्स से संबंधित दवाइयों और कोडिनयुक्त कफ सिरप की बिक्री मामले की गोरखपुर के भालोटिया मार्केट के पांच दवा विक्रेताओं को नोटिस जारी होने से देवरिया के दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।

माना जा रहा है कि इस जांच से देवरिया के रास्ते बिहार जाने वाली नशीली दवाइयों के नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। देवरिया शहर समेत बॉर्डर इलाके में खुली दवा की दुकानों पर गोरखपुर की भालोटिया मार्केट से ही दवाएं सप्लाई होती हैं।

देवरिया जिले के रास्ते बिहार प्रांत तक नारकोटिक्स श्रेणी के टैबलेट, इंजेक्शन व कफ सिरप की सप्लाई होती है। ये दवाइयां गोरखपुर के भालोटिया मार्केट से आती हैं।

बीते 12 व 13 अक्तूबर को शासन के निर्देश पर भालोटिया मार्केट समेत कई जगह दवा के दुकानों की जांच हुई थी। ड्रग इंस्पेक्टर सिद्धार्थनगर नवीन कुमार और ड्रग इंस्पेक्टर कुशीनगर दीपक पांडेय ने जांच की थी।

इस दौरान पांच दुकानें ऐसी चिह्नित हुईं, जिनके यहां से बिक्री कफ सिरप व नारकोटिक्स श्रेणी की दवाइयों का रिकार्ड नहीं मिला।

इन दुकानों की भौतिक स्थिति और बिल वाउचर में भी अंतर पाया गया। इसके बाद ड्रग इंस्पेक्टर स्तर से दुकानदारों से अभिलेख उपलब्ध कराने को पत्र भेजा गया था लेकिन दुकानदारों ने न तो अभिलेख उपलब्ध कराए, न ही कोई पत्र का जवाब दिया।

सोमवार को सहायक आयुक्त औषधि कार्यालय की तरफ से दवा एजेंसी खांटू श्याम फार्मा शिवम काम्प्लेक्स, तुलस्यान ट्रेडर्स कृष्णा काम्प्लेक्स, तुलस्यान फार्मास्युटिकल कृष्णा काम्प्लेक्स, आशीष मेडिकल एजेंसीज जीएम काम्प्लेक्स और आशीष ट्रेडर्स कोहली दवा बाजार के संचालकों के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है।

इन लोगों को सात दिन के अंदर अपना पक्ष ड्रग इंस्पेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

### किसको भेजीं दवाएं, इसकी देनी होगी जानकारी

इन फर्मों से कफ सिरप और नारकोटिक्स श्रेणी की दवाएं कहां और किस दुकानदार को भेजी गई है, उसका पूरा विवरण मांगा गया है। विवरण की जांच से ही पता लग पाएगा कि उन दवाइयों का क्या हुआ। जांचकर्ता इंस्पेक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख किया है कि इन मेडिकल एजेंसी में के स्टॉक में जो दवाएं मौजूद थीं, उनमें से तमाम का बिल ही नहीं मिला। इसके अलावा दुकान से बेची गई दवाइयों का भी बिल नहीं मिला। जांचकर्ता अफसरों का मानना है कि एजेंसी संचालकों के जवाब से ही इस बात का खुलासा हो पाएगा कि ये दवाएं गोरखपुर से किस-किस जिले में भेजी गई है।

जिन पांच फर्मा खांटू श्याम फार्मा शिवम काम्प्लेक्स, तुलस्यान ट्रेडर्स कृष्णा काम्प्लेक्स, तुलस्यान फार्मास्युटिकल कृष्णा काम्प्लेक्स, आशीष मेडिकल एजेंसीज जीएम काम्प्लेक्स और आशीष ट्रेडर्स कोहली दवा बाजार के संचालकों को नोटिस भेज दिया गया है। अगर एक सप्ताह में जवाब नहीं देते हैं तो नियमानुसार अगली कार्रवाई शुरू होगी। इनके अभिलेख उपलब्ध कराने पर ही पता लगेगा कि गोरखपुर से दवाएं किस जिले को भेजी गई हैं। **-पूरनचंद**, सहायक आयुक्त औषधि-गोरखपुर


नकली दवा बेचने के आरोप में दो दुकानों का लाइसेंस निलंबित

8 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### कफ सिरप मामले में गुप्ता बंधु आरोपी रहे हैं

जिन पांच दवा विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया है, उसमें दो विक्रेता ऐसे हैं, जिन पर कोडिनयुक्त कफ सिरप बेचने का आरोप लग चुका है। वर्ष 2022 में गीडा क्षेत्र में पकड़े गए कफ सिरप के मामले में इनका नाम सामने आया था। जिन फर्मों को नोटिस जारी हुआ है, वे सभी भालोटिया मार्केट की बड़ी दवा विक्रेता हैं। इस कार्रवाई के बाद से अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। जिन फर्मों को नोटिस जारी हुआ है, उनसे देवरिया जिले के भी कई दवा विक्रेता दवाएं मंगाते हैं। इस जांच व नोटिस से देवरिया के उन दुकानदारों की चिंता भी बढ़ गई है। एक दवा विक्रेता ने बताया कि अगर उनके रिकार्ड में नाम सामने आया तो फिर जांच का दायरा देवरिया तक भी पहुंच सकता है, इसीलिए यहां के दवा विक्रेता भी परेशान हैं।

# छह करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपी अजय का सहयोगी गिरफ्तार

## गोरखपुर की रामगढ़ताल पुलिस ने आरोपी सुकांता को दबोचा, शराब के दुकानदारों समेत कई लोगों से की थी ठगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** शराब दुकानदारों सहित कई लोगों से छह करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अजय तिवारी के एक और सहयोगी सुकांता बनर्जी को गोरखपुर की रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

पकड़ा गया आरोपी स्पेस शटल और न्यूक्लियर एनर्जी में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों, दुर्लभ रेडियोधर्मी धातुओं की आपूर्ति व खरीद फरोख्त के व्यवसाय का हवाला देकर कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। इसके खाते में देवरिया के जालसाज अजय तिवारी चार से पांच करोड़ का लेनदेन किया है।

पुलिस के मुताबिक, सुकांता बनर्जी देवरिया के रहने वाले अजय तिवारी का सहयोगी है। अजय उसके खाते में करीब चार से पांच करोड़ रुपये का लेनदेन किया है। उसके गिरफ्तार की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस वारंट बी के तहत रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में जुट गई। मंगलवार को पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है।

शहर के रामगुलाम निवासी अजय तिवारी शराब कारोबारी संजय केडिया की पत्नी रीना केडिया के नाम से फर्म का मैनेजर था। वह शराब की दुकान और गोदाम की देखरेख करता था। आरोप है कि फर्म के गोदाम पर आने वाले शराब दुकानदारों से उसने संपर्क बढ़ा लिया।

अधिक धन अर्जित करने की चाहत में 2007 में गोदाम और दूसरे की लाइसेंसी शराब की दुकान लेकर चलाने लगा। इसके बाद शराब के कई दुकानदारों को झांसे में लेकर उनकी दुकान के व्यवस्थापन का कार्य अपने हाथों में ले लिया।

### कोलकाता का रहने वाला है सुकांता, रिमांड पर लेगी पुलिस

गोदाम से शराब मंगाने के बाद भुगतान लेकर फर्म को जमा करने की जगह हड़पने लगा। काफी बकाया होने पर गोदाम से उठान रोकने और बकाया की जानकारी होने पर शराब दुकानदारों के होश उड़ गए। इसके बाद दुकानदारों ने केस दर्ज कराया।

इसी तरह दो लोगों से कूटरचित दस्तावेज दिखाकर जमीन बैनामा करने के नाम पर रुपये भी हड़प लिए। इस मामले में भी पीड़ितों ने केस दर्ज कराया। एक के बाद एक केस दर्ज होने के बाद अजय तिवारी अपने सहयोगी रमेश यादव के साथ भाग गया। इसी बीच न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी जारी हो गया। कई मामलों में वांछित होने के कारण उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये इनाम की घोषणा कर दी गई। कुछ दिन पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



आरोपी सुकांता। स्रोत पुलिस

पुलिस की जांच में पता चला कि कोलकाता के अर्बन एनआरआई आनंदपुर निकट रूबी हास्पिटल टॉवर नंबर 7 फ्लैट नंबर 3505 कोलकाता निवासी सुकांता बैनर्जी पुत्र सुब्रत बैनर्जी के बैंक खाता में अजय तिवारी ने कोलकाता में व्यापार बढ़ाने के लिए अलग-अलग तारीख को करीब चार से पांच करोड़ रुपये का लेन-देन किया है।

उधर, गोरखपुर के रामगढ़ताल पुलिस ने सुकांत बैनर्जी को गिरफ्तार किया तो पता चला कि स्पेस शटल और न्यूक्लियर एनर्जी में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों, दुर्लभ रेडियोधर्मी धातुओं की आपूर्ति व खरीद-फरोख्त के व्यवसाय से संबद्ध होने की बात बताकर व अपने को नासा से संबद्ध कम्पनी व एजिस फिनकैप कन्सलटेंट लि. का चीफ कोआर्डिनेटर, डॉयरेक्टर बताकर फर्जी दस्तावेज का प्रयोग करके एक रुपये के निवेश पर दो वर्षों में न्यूनतम 100 रुपये का लाभांश देने की बात कहकर धोखे से करोड़ों रुपये की ठगी कर लेने के संबंध में प्राप्त हुआ।

उसकी गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस उसे वारंट बी के तहत रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में जुट गई। मंगलवार को पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है। सूत्रों की माने तो पुलिस की जांच में सुकांता बैनर्जी के कारोबार में अजय तिवारी का भी नाम प्रकाश में आ सकता है।

पूर्व में पुलिस की पूछताछ में अजय ने बताया था कि कोलकाता में कारोबार के लिए सुकांता के अकाउंट में पैसा भेजता था। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अजय तिवारी के मुकदमे में विवेचना के क्रम में सुकांता का नाम प्रकाश में आया है। उसे वारंट बी के तहत रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

# खनन का वीडियो वायरल जांच करने पहुंची टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। छोटी गंडक नदी के किनारे अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। अगर अवैध खनन नहीं रुका तो आसपास के गांवों पर अगले साल बाढ़ का खतरा मंडराने लगेगा।

सोमवार को डीएम से शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और बाढ़ खंड विभाग अधिकारियों ने खनन को मानक के विपरीत बताते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया।

दादर टोला गांव के सामने पोकलेन मशीन से मिट्टी काटकर मिनी ट्रकों के जरिए उसे तमकुहीराज–मझौलीराज के बीच बन रही हाईवे निर्माण में डाला जा रहा है। नदी के बेहद करीब हो रहे इस अवैध खनन

### बाढ़ खंड और तहसील प्रशासन ने बताया मानक के विपरीत

से तट कमजोर हो रहा है। भटनी नगर से सटे उत्तर दिशा में छोटी गंडक नदी बहती है। नदी से सटे गांव जिगिना दीक्षित के दादर टोला के सामने पिछले कुछ दिनों से अवैध मिट्टी खनन का कार्य चल रहा था।

जानकारी पर रविवार की शाम युवकों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के साथ ही इसकी शिकायत एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव से कर दी।

एसडीएम ने मौके पर पुलिस को भेजा तो खनन करने वाले मौके से फरार हो गए। सोमवार को डीएम दिव्या मित्तल तक मामला पहुंचने पर उन्होंने इसकी जांच के आदेश दिए।

# मामूली विवाद में मारपीट, कई घायल

रामपुर बुजुर्ग/ बनकटा। गुठनी थाना क्षेत्र के ताली कुर्मांहा गांव में रविवार को सड़क समतल करने के दौरान हुई कहासुनी ने गंभीर रूप ले लिया। इस दौरान लोहे की रॉड और धारदार हथियार से किए गए हमले में कई लोग घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के ताली कुर्मांहा गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार यति ने थाना में दी आवेदन में बताया कि वह टूटी हुई सड़क पर ईंट और राबिस डालकर बराबर कर रहा था। तभी गांव का ही एक व्यक्ति वहां पहुंचा और लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया।

इसके बाद उसके अन्य साथियों ने भी परिजनों को घायल कर दिया और सोने की चेन छीन लिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# ग्राहक सेवा केंद्र से 1.70 लाख की चोरी

बरहज। क्षेत्र के परसियां देवार में ग्राहक सेवा केंद्र में बगल के कमरे की खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने करीब एक लाख 70 हजार रुपये उड़ा लिए। सुबह जानकारी होने पर खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली।

सरयू नदी पार दियारा क्षेत्र के परसियां देवार में प्रशांत उर्फ रोहित पांडेय ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। लोगों के अनुसार वह रविवार की शाम दुकान बंदकर घर चले गए। सोमवार की सुबह दुकान खोले तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए। बताया जा रहा है कि चोर बगल के कमरे में लगा ताला तोड़कर खिड़की के रास्ते दुकान में घुस गए। ग्राहक सेवा केंद्र पर चोरी की घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि जानकारी होने पर पुलिस गई थी। संवाद

# दिल्ली में धमाका, जिले में सघन जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार की देर शाम कार में हुए धमाके के बाद जिले भर में अलर्ट जारी हो गया। पुलिस और प्रशासन ने सघन जांच किया। रेलवे और बस स्टेशन पर खासतौर से जांच की गई।

धमाके के बाद ऊपर से आए अलर्ट मैसेज के बाद पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। एसपी संजीव सुमन के निर्देश पर पुलिस ने जिले भर में सघन चेकिंग की। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय, एडीएम और सीओ सदर संजय रेड्डी ने शहर के प्रमुख चौक चौराहों और भीड़ भाड़ वाले स्थानों का दौरा किया।

तीनों अधिकारी सदर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग में खड़ी गाड़ियों



देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर जांच करती पुलिस। संवाद

### रेलवे और बस स्टेशनों पर हुई जांच

की जांच की। इसके बाद रेलवे स्टेशन के पार्सल, प्लेटफार्म नंबर एक पर भ्रमण कर जायजा लिया।

इसके अलावा भटनी, सलेमपुर, लार रोड, भाटपाररानी, बनकटा, गौरीबाजार, बैतालपुर रेलवे स्टेशनों पर भी जीआरपी और आरपीएफ जवानों ने बारीकी से जायजा लिया। साथ ही जिले के प्रमुख कस्बों और बार्डर इलाकों पर सघन जांच की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि दिल्ली में धमाका के बाद पूरे जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है। संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है। लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। पुलिस पूरी तरह नजर बनाए हुए है।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-11-11-2025

# छात्राओं को किया जागरूक

**लक्ष्मीगंज।** स्थानीय बाजार स्थित एक स्कूल में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को नारी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। लक्ष्मीगंज चौकी प्रभारी ओमप्रकाश ने छात्राओं को बताया कि आप विमेन पावर लाइन 1090 पर, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076, अग्निशम सेवा 101,पुलिस आतकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108 आदि पर शिकायत कर मदद मांग सकते हैं। संवाद

# 25 हजार का इनामी पशु तस्कर कसया से गिरफ्तार

## कसया बस स्टैंड के पास पकड़ा गया, पटहेरवा थाने में दर्ज हैं दो केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा (कुशीनगर)।** पटहेरवा पुलिस ने सोमवार को 25 हजार के इनामी पशु तस्कर को कसया बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। फरार तस्कर पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के बाद इनाम घोषित किया था। तभी से पशु तस्कर फरार चल रहा था।

रामपुर जिले के गंज थाना क्षेत्र के बगीचे छोटे मियां निवासी नजिम के खिलाफ गंज थाने में तीन और कुशीनगर के पटहेरवा थाने में पशु तस्करी के दो केस दर्ज हैं। पुलिस की सख्ती बढ़ने के बाद से तस्कर फरार हो गया था।

पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद नजिम के खिलाफ इनाम घोषित किया था। इसके बाद से इसकी तलाश चल रही थी। पुलिस को कसया बस स्टैंड के पास पशु तस्कर की लोकेशन मिली।

पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पटहेरवा थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया आरोपी पशु तस्कर को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## दो गैंगस्टर गिरफ्तार, दो किलो गांजा बरामद

**मंसाछापर।** जटहां बाजार पुलिस ने शनिवार की देर रात सोनवल पुलिया के पास से दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक किलो 800 ग्राम अवैध गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, मोटरसाइकिल और नकद 2440 रुपये बरामद किए। बरामदगी का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 1.30 लाख रुपये बताया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजू कुशवाहा और कमलेश कुशवाहा निवासी पडरी पिपरपाती टोला महदेवा, थाना जटहां बाजार, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त कमलेश कुशवाहा के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट थाना तरया सुजान, थाना जटहां बाजार में दर्ज है। संवाद



गिरफ्तार आरोपी। स्रोत-सोशल मीडिया

# आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में जिला पुलिस नंबर वन

संवाद न्यूज एजेंसी

## जनशिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में हासिल की कामयाबी

**पडरौना।** जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में कुशीनगर पुलिस ने प्रदेश में परचम लहराया है। आईजीआरएस (जनसुनवाई) प्रणाली में बेहतर कार्य करते हुए जनपद कुशीनगर ने अक्टूबर माह में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है।

एसपी केशव कुमार ने बताया कि जनता की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में सभी थाना प्रभारियों और जनपदीय आईजीआरएस सेल को निर्देशित किया कि हर शिकायत का निस्तारण समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे पुलिस परिवार की मेहनत का परिणाम है। आगे भी इसी समर्पण और पारदर्शिता के साथ जनसुनवाई प्रणाली को और मजबूत बनाया जाएगा, ताकि जनता का विश्वास पुलिस पर और सशक्त हो सके।

# दुष्कर्म के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

पडरौना। जिले में अपराध एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत कोतवाली पडरौना पुलिस ने दुष्कर्म से संबंधित मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली पडरौना पुलिस ने वांछित आरोपी रेयाज अहमद निवासी ग्राम बसहिया बनवीरपुर नौका टोला और आफताब अंसारी निवासी ग्राम बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना, जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# सड़क किनारे टहल रही महिला को बेकाबू बाइक ने मारी टक्कर, मौत

## तमकुही-सेवरही मार्ग पर हुआ हादसा, बाइक सवार दो युवक भी चोटिल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**तमकुहीराज।** स्थानीय थानाक्षेत्र के तमकुही-सेवरही मार्ग स्थित विशुनपुरा पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से एक महिला सड़क पर गिर गई। दुर्घटना की जानकारी के बाद मौके पर मौजूद लोगों व परिजनों ने आनन-फानन में घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी तमकुहीराज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल महिला को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिस बाइक से हादसा हुआ उस पर दो युवक सवार थे। दोनों को चोटें आई हैं।



चांदतारा। फाइल फोटो

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के विशुनपुरा निवासी परवेज की पत्नी चांदतारा खातून (45) रविवार देर रात भोजन के बाद तमकुही-सेवरही मार्ग स्थित विशुनपुरा पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे टहल रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने चांदतारा को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर कर अचेत हो गईं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से परिजनों ने घायल महिला को सीएचसी तमकुहीराज पहुंचाया।

इसके बाद रविंद्रनगर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। अनियंत्रित बाइक पर दो युवक सवार थे। दुर्घटना के कारण बाइक सवार युवकों को भी चोटे आई हैं।

थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुनील कुमार वर्मा ने बताया महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली में विस्फोट के बाद अलर्ट, जांच तेज

## बॉर्डर पर सक्रिय हुई पुलिस, पर्यटन स्थल, एयरपोर्ट के आसपास तैनात की गई टीम, सार्वजनिक जगहों पर हुई जांच

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कुशीनगर।** दिल्ली के लाल किला के पास एक कार में विस्फोट होने के बाद सोमवार की शाम को एसपी ने जिले में अलर्ट कर दिया। बिहार को जोड़ने वाले बार्डर के अलावा शहर, बुद्ध स्थल कुशीनगर और एयरपोर्ट पर पुलिस सक्रिय कर दी गई। बार्डर से गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग देर रात तक चली। इसकी मानिटरिंग सर्किल के सीओ खुद करते नजर आए। पडरौना शहर के गांधी चौक, कठकुईया मोड़, छावनी, रामकोला रोड के अलावा कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एसरपोर्ट और जिले के पर्यटन स्थलों पर पुलिस भ्रमणशील रही। मंगलवार को बिहार प्रांत के जिले से सटे पश्चिमी चंपारण में दूसरे चरण का चुनाव होने के कारण सीमा बिहार पुलिस ने सोमवार की शाम को सील कर दिया। जिले के खड्डा, हनुमानगंज और पडरौना कोतवाली पश्चिमी चंपारण जिले से जुड़ा है।



कुशीनगर में गश्त करती पुलिस। स्रोत-सोशल मीडिया

### बिहार चुनाव को लेकर बॉर्डर पर चौकसी तेज

छितौनी/मंसाछापर। बिहार में मंगलवार को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर यूपी-बिहार सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। खड्डा थाना क्षेत्र के सालिकपुर पुलिस चौकी, पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी और जटहा थाना क्षेत्र में पड़ने वाली यूपी-बिहार के सीमावर्ती इलाकों में बैरियर लगाकर बार्डर पूरी तरह सील दिया है। जटहां बाजार एसओ आलोक यादव ने बताया कि बिहार में मतदान को देखते हुए बार्डर पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है और संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह मुस्तैद हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। उन्होंने बताया कि चुनाव संपन्न होने तक बार्डर पर निगरानी जारी रहेगी। संवाद

इन थानों की पुलिस शाम से ही सक्रिय रही। हालांकि जिले के माहौल सामान्य रहा। इसके अलावा प्रशासनिक अमला भी गांव से लेकर शहर तक अपने नेटवर्क के माध्यम से जानकारी लेने में व्यस्त दिखा। मंगलवार को पूरे दिन जिले से होकर पश्चिमी चंपारण जाने वाले रास्ते पर जिले की पुलिस की भी निगरानी रही। एसपी केशव कुमार ने बताया कि पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, कोहराम

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर आई पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।



रामप्रवेश।

विशुनपुरा निवासी रामप्रवेश मौर्य (32) ने अपने घर के पास खेत में सब्जी की खेती की थी। सब्जी की फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत में चारों तरफ बिजली का नंगा तार लगाया गया है। रोज रात में तार को सप्लाई जोड़ देते थे। सोमवार को सुबह करीब छह बजे रामप्रवेश खेत में सब्जी को देखने गए और बिजली की सप्लाई बंद करना भूल गए।

खेत में तार को छूते ही करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही

## जानवरों से बचने के लिए सब्जी के खेत में लगाया था बिजली का नंगा तार

उनकी मौत हो गई। इसे देख परिजन शोर मचाने लगे। शोर सुनकर आस पास के लोग पहुंचे और बिजली की आपूर्ति बंद किया, लेकिन तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। लोगों ने बताया कि रामप्रवेश गुजरात के सूरत में मजदूरी करके परिवार की जीविका चलाते थे। पिता की मौत होने के बाद दो वर्ष से घर पर ही रहकर ई रिक्शा चलाते थे और सब्जी की खेती भी की थी।

रामप्रवेश की मौत के बाद उनकी मां पार्वती देवी और पत्नी सीमा देवी के बीच कहासुनी होने लगी। दोनों में मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई। अहिरौली बाजार पुलिस ने बीच बचाव किया। रामप्रवेश मौर्य के सात वर्षीय बेटे कृष्णा व चार वर्षीय बेटी परी का रो-रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष संजय दूबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दो बाइक की टक्कर में चाचा-भतीजा घायल

## तमकुहीराज-समउर मार्ग पर हुआ हादसा, दूसरा बाइक सवार भागा

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** थाना क्षेत्र के तमकुहीराज-समउर मार्ग स्थित गाजीपुर स्कूल के पास सोमवार की शाम करीब पांच बजे दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौका पाकर दूसरा बाइक सवार भाग गया।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौनी बुजुर्ग के भेड़िहारी टोला निवासी रामनरेश पाल (65) अपने भतीजा अजय पाल (35) के साथ बाइक से सोमवार की शाम करीब पांच बजे तमकुहीराज से घर लौट रहे थे। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के तमकुहीराज-समउर मार्ग स्थित गाजीपुर स्कूल के पास सामने से आ रहे एक बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई।

इसमें बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप सें घायल हो गए। मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को को सीएचसी तमकुहीराज भेजावाए, जहां उनका इलाच चल रहा है। उधर मौका पाकर घटना स्थल से दूसरा बाइक सवार भाग गया। क्षेत्र के तमकुहीराज-समउर मार्ग स्थित गाजीपुर स्कूल के पास सामने से आ रहे एक बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। घटना स्थल से दूसरा बाइक सवार भाग गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**जानकीनगर।** रविंद्रनगर धूस थाना क्षेत्र के कसया-पडरौना राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोहनरिया ढाला के पास सोमवार की शाम एक कार की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मौजूद लोगों ने उन्हें एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर भेजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मौके का फायदा उठाकर कार चालक कार लेकर भाग गया।जानकारी के अनुसार सुधाकर सिंह (36) निवासी कटया चौबे टोला, थाना कुमार बाग, जिला बेतिया, बिहार बाइक से कसया की तरफ जा रहे थे। अभी वे सोहनरिया ढाला के पास पहुंचे ही थे कि कसया से पडरौना जा रही कार की चपेट में आ गए। बाइक सवार सुधाकर और उनके पीछे आ रहे बाइक सवार साड़ी खुर्द गांव निवासी अजय मद्धेशिया (23) अनियंत्रत होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों घायल दोनों बाइक सवारों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर भेजवाए, जहां उनका इलाज चल रहा है। संवाद

### हादसे में सभासद घायल, गंभीर

**मथौली।** कस्बा से गुजरे कप्तानगंज-हाटा मार्ग पर सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। इसमें कस्बा के वार्ड नंबर दो डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर के सभासद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोग उन्हें मथौली सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर उनकी हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

कस्बा के डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर निवासी 28 वर्षीय अशोक पासवान बाइक से कस्बा की तरफ आ रहे थे। अभी कस्बा के नजदीक पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे एक बाइक सवार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौका पाकर दूसरा बाइक वार बाइक समेत भाग गया। संवाद

# किशोर की मौत मामले में चालक पर केस

## रामनगर गांव का मामला, मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुई थी मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी साइकिल सवार छात्र को मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रविवार की शाम को कुचल दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव रखकर सड़क जाम कर दिया। सोमवार को कसया पुलिस ने चालक पर केस दर्ज कार्रवाई में जुट गई। परिजन शव का पीएम होने के बाद अंतिम संस्कार कर दिए।

घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर अवैध तरीके से मिट्टी खनन करने वालों को शह देने का आरोप लगाते हुए शव सड़क पर रखकर कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर देर शाम को एसडीएम, तहसीलदार पहुंचे और घर वालों कोसमझाने के बाद करीब साढ़े दस बजे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर


मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर
शोर की मौत, ग्रामीणों ने जाम की सड़क
रार पिपरा गांव में हुआ हादसा, अवैध खनन पर जताया आक्रो

10 नवंबर को प्रकाशित खबर।

पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया।

रामनगर गांव निवासी रिंकू यादव का बेटा आर्यन यादव (14) कक्षा सात का छात्र था। रविवार की शाम को साइकिल से देवरार पिपरा आटा पीसने के लिए चक्की पर गेहूं देने गया था। लौटते समय अभी वह गांव के पुल पर पहुंचा था कि तेज गति से मिट्टी लेकर जा रहे ट्राली-ट्रैक्टर ने कुचल दिया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद आस पास के लोगों ने मौके से ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ लिया, लेकिन चालक भाग गया। नाराज लोगों ने परिजनों के साथ शव रखकर रामनगर-देवरार पिपरा मार्ग को जाम कर दिया।

आक्रोशित लोगों का आरोप था कि क्षेत्र में मिट्टी खनन करने वालों को सह दे रखे हैं। इसके चलते शाम ढलते ही मिट्टी खनन का खेल जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली से शुरू हो जाता है। शिकायत के बाद भी पुलिसकर्मी खनन विभाग का मामला बताकर टाल देते हैं।

हादसे के बाद मामला बढ़ता तो पुलिस ने आनन-फानन में मौके से तीन ट्रैक्टर-ट्राली और दो जेसीबी मशीन को कब्जे में ले लिया जो मिट्टी खनन में लगे थे, गुस्साए लोगों ने पुलिस, प्रशासन और राजस्वकर्मियों पर अवैध खनन को लेकर गंभीर आरोप लगा रहे है।

# प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश

## पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पर लगाए आरोप, सीओ से कार्रवाई की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी



कार्रवाई की मांग करते भाजपा कार्यकर्ता। स्रोत-सोशल मीडिया

**खडडा।** सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के बारे में आपत्तीजनक टिप्पणी करने पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि के खिलाफ लोगों आक्रोश है। भाजपा नेता सड़क पर उतर गए और सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।

खडडा नगर निवासी सभासद राजेश्वर सिंह (भाजपा महामंत्री नगर) ने सोमवार को भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे। सीओ खडडा बीरेंद्र सिंह को तहरीर सौंपकर आरोप लगाया कि खडडा नगरपंचायत के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार तुल्सयान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आठ नवंबर को प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित पोस्ट लिखकर शेयर किया है।

# पूर्व प्रेमी को युवती ने सरेराह चप्पलों से पीटा

## होने वाले पति को भेजा था अश्लील फोटो, भाई ने भी किया हमला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पिपरा कनक।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती और युवक के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती की शादी घर वाले दूसरे जगह तय कर दिए। इसके बाद से युवती गांव के युवक से बात करना बंद कर दी। इससे नाराज युवक, युवती का अश्लील फोटो होने वाले उसके पति के वाट्सएप पर भेज दिया। इसकी जानकारी युवती के परिजनों को हुई।

इसके बाद युवती का भाई फोटो भेजने वाले युवक की तलाश कर रहा था। रविवार की शाम को अचानक युवक दिखाई दिया तो युवती उसे पकड़ ली और चप्पल से पिटाई करने लगी। इस दौरान युवती का भाई भी पहुंचा और धारदार हथियार से वार कर दिया। विवाद होने पर गांव वालों की भीड़ जुट गई। लोगों ने युवक को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया।

एक युवक की गांव के ही एक युवती से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लकड़ी के घर वाले उस युवती की शादी तय कर दिए। विवाह की तिथि तय करना बाकी था। इसी बीच गांव के कथित प्रेमी को यह बात हजम नहीं हुई और वह पता कर प्रेमिका के होने वाले पति का मोबाइल नंबर पता करा लिया। युवक उसके वाटसएप पर फोटो भेज दिया।

इसकी जानकारी होने के बाद लड़के वाले शादी का रिश्ता तोड़ने की धमकी देते हुए बातें युवती के परिजनों को बताया। इसके बाद लड़की के भाई ने पता किया तो ऐसी हरकत गांव के एक युवक के करने की जानकारी हुई। नाराज युवती और भाई मिलकर उसकी धुनाई करने लगे। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने बताया कि इस तरह के किसी भी घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर गोली चलाने के मामले में भाजपा नेता समेत 4 पर केस दर्ज

## बभनौली गांव में बाइक व कार से पहुंचे थे बदमाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**कप्तानगंज।** थाना क्षेत्र के बसहिया उर्फ कप्तानगंज के टोला बभनौली में कमलेश साहनी के बेटे पर घर में घुसकर फायरिंग करने के मामले में भाजपा सभासद के पति समेत चार नामजद व अन्य लोगों पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

सोमवार को पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच के लिए मौके से साक्ष्य जुटाए। घर के पास से बरामद दो बाइकों में एक राहगीर का थी। वारदात के समय भीड़ होने पर वहां राहगीर रुका तो लोग बदमाश समझकर दौड़ा लिए। इसलिए वह अपनी बाइक छोड़कर भाग गया, जबकि बिना नंबर वाली दूसरी बाइक फायरिंग करने वाले बदमाशों की है।

बभनौली टोला निवासी कमलेश साहनी के बेटे आदित्य साहनी की तलाश करते हुए रविवार की शाम को बाइक व कार से बदमाश पहुंचे। घर में घुसकर चार राउंड फायरिंग की। संयोग ठीक था कि गोली किसी को लगी नहीं, गोली चलने की आवाज सुनकर गांव वालों की भीड़ जुट गई।

ईंट पत्थर लोग बदमाशों पर चलाने लगे। खुद को घिरता देख बदमाश बाइक छोड़ कार में सवार होकर भाग गए। सूचना पर आई पुलिस ने मौके से दो कारतूस और बाइक बरामद की। कमलेश ने बताया कि आदित्य त्योहार में घर आया था, लेकिन वापस लखनऊ चला गया है। वहीं पर वह काम करता है।

पुलिस भाजपा सभासद के पति रमेश मोदनवाल, निर्दल सभासद संजय पटेल, ऋषि पासवान और ग्राम सोहनी निवासी गोपाल दुबे समेत अन्य पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।


घर में घुसकर बाइक सवार बदमाशों ने युवक पर चलाई गोली, दहशत

10 नवंबर को प्रकाशित खबर।

## कमलेश और रमेश में है पुरानी अदावत

**कप्तानगंज।** बसहिया उर्फ कप्तानगंज के टोला बभनौली में रविवार रात कमलेश साहनी के घर हुए हमले के बाद अब कप्तानगंज में फिर गैंगवार होने की संभावना प्रबल हो गई है। इसे पूरे मामले में कोई हिस्ट्रीशीटर तो कोई जिला बदर है, फिर भी उन्हें कानून से डर नहीं है।

कप्तानगंज कस्बे के मंगल की बाजार में वर्ष 2023 में भाजपा सभासद के पति रमेश मोदनवाल पर हमला किया गया था। जिसमें ऋषि पासवान, आदित्य साहनी और सूजा पठान सहित अन्य आरोपी पर मुकदमा दर्ज हुआ था और सभी जेल भी गए थे। उसके बाद अब फिर आपस में विवाद हो गया।

कमलेश साहनी कप्तानगंज थाने में हिस्ट्रीशीटर वर्ष 2020 में दर्ज है। इसके अलावा अन्य थाने में भी पहले से मुकदमा दर्ज है। कमलेश साहनी के बेटे आदित्य साहनी पर वर्ष 2023 में रमेश मोदनवाल पर हमला करने और वर्ष 2024 में कप्तानगंज थाने के गणेश चौक पर नर्तकी के अपहरण को लेकर रामकोला पुलिस से मुठभेड़ हुई थी।

इसके अलावा अन्य थाने में भी मुकदमा दर्ज हुआ है। आदित्य साहनी का जिला कोर्ट में अभी रमेश मोदनवाल के मामले में एक नवंबर को बयान हुआ था। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-11-11-2025

# एसपी ने इटहिया मंदिर पहुंच की पूजा-अर्चना

**गड़ौरा।** इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए भ्रमण पर निकले पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना सोमवार को इटहिया मंदिर पहुंचे।इस दौरान मंदिर में पुजारी ध्यानगिरी पंडित व सत्यम गोस्वामी के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर जिले की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

एसपी के साथ पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने भी मंदिर परिसर में व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी समय में त्योहारों और स्थानीय आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा क्षेत्र में सतत गश्त बनाए रखी जाए।

# लोडर हटाने को लेकर मारपीट के बाद जाम के मामले में केस

**शिकारपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** भिटौली थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव में लोडर हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए चक्का जाम कर दिया था, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि सीताराम यादव और गोविंद यादव के बीच लोडर हटाने को लेकर शनिवार रात से ही नोकझोंक चल रही थी, जो रविवार को मारपीट में बदल गई। इस दौरान शिकारपुर के ही सीताराम दूध का पैसा लेकर घर लौट रहा था और मारपीट के बीच फंस गया। उसके सर में गंभीर चोट लग गई। सीताराम के सर फटने से ग्रामीण उग्र हो उठे और शिकारपुर पूर्वांचल बैंक के पास हाईवे जाम कर आवागमन रोक दिया। मौके पर पहुंची भिटौली, घुघुली, कोतवाली और शिकारपुर चौकी पुलिस ने सीओ सदर की मौजूदगी में रास्ता खाली कराया। भिटौली पुलिस ने गोविंद यादव के खिलाफ सड़क जाम से पहले ही मारपीट गाली गलौज के साथ लोडर को तोड़ फोड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घटना में शामिल 15 नामजद और 25 अज्ञात व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट मामले में 14 पर केस

**सिसवा/कटहरी, हिन्दुस्तान टीम।** कोठीभार थाना क्षेत्र के कैमी गांव में रविवार की देर शाम रास्ते को लेकर हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता अंजनी पत्नी सुनील की तहरीर पर पुलिस ने घटना में शामिल दूसरे पक्ष के 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दो को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है।

रविवार की शाम ग्राम कैमी में धान लदी टैक्ट्रर-ट्राली रास्ते में खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और ईंट चले। जमकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के 21 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने तीन एंबुलेंस से घायलों को सामुदायक स्वास्थ्य केन्द्र सिसवा पहुंचवाया। एक पक्ष के घायलों में प्रमिला, बबिता, दिनेश, कौशल्या, दुलारी, दिनेश, अंजनी, मैना, मनोज, रमाकांत, अंजली, निगम, स्मिता, सिंधु समेत 14 लोग घायल हो गये थे। इस घटना में घायलों में महिलाएं अधिक थीं, जिसमें गंभीर रूप से घायल दो पुरुष रामाकांत, मनोज सहित अंजनी, दुलारी, प्रमिला, कौशल्या सहित 6 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। रमाकांत व मनोज को जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इस घटना में घायल अंजनी पत्नी सुनील की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के रामकरन, कन्हई, चन्द्रेश, रामलखन, रूदल, जय सिंह, मंजय, अजय, भोलू, तुंगनाथ, शशि कुमार, पीयूष, सुनील, संजय सहित 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश में महिला की पिटाई, तीन पर केस

**सिन्दुरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरखोड़ा निवासिनी नजिबुन निशा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार को उसके ही गांव के तीन लोगों ने पुरानी विवाद को लेकर उसे गाली देते हुए बुरी तरह मारा पीटा। इससे उसको काफी चोटें लगी हैं। कहा कि जाते हुए आरोपितों ने धमकी भी दी। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों अब्दुल कलाम, कितबुन निशा तथा मो. रजा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 13 स्कूली वाहनों का किया चालान, 28 हजार जुर्माना

**अभियान**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता माह के तहत सोमवार को निचलौल कस्बे में यातायात प्रभारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने सघन जांच व जन जागरूकता अभियान चलाया। नियमों के उल्लंघन पर 13 स्कूली वाहनों का चालान कर कुल 28 हजार रुपये जुर्माना लगाया। इस कार्रवाई से कई स्कूली वाहन दूसरे रास्तों से रवाना होते नजर आए।

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस ने निचलौल कस्बे में स्कूल और कॉलेजों के पास वाहनों की फिटनेस, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, सीसीटीवी कैमरा, फायर गैस किट, फर्स्ट एड बॉक्स और सुरक्षा मानकों की गहन जांच की। इस दौरान कई स्कूली वाहनों में अटेंडेंट अनुपस्थित मिले, जबकि कुछ में सुरक्षा उपकरण अधूरे पाए गए। यातायात प्रभारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने बस चालकों को चेतावनी दी।

> यातायात नियमों का पालन कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस के अलावा सभी थानाध्यक्ष को जांच का निर्देश दिया गया है। लोगों से अपील है कि वह यातायात नियमों का पालन पूरी ईमानदारी के साथ करें।
>
> –**सोमेन्द्र मीना**, एसपी

# लाखों की प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुईं, तीन गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपितों में दो नेपाली नागरिक, एक है भारतीय
- टूठीबारी पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध नशीली दवा तस्करी के खिलाफ ठूठीबारी पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने रविवार देर शाम राजाबारी क्षेत्र में संयुक्त चेकिंग के दौरान टीम ने तीन आरोपितों को लाखों की प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों में एक भारतीय और दो नेपाली नागरिक शामिल हैं।

एसपी के निर्देश पर सीओ निचलौल शिव प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में कोतवाल महेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में एसआई विक्की कुमार, एसआई बब्बन प्रसाद वर्मा व एसएसबी इंस्पेक्टर अभय कुमार यादव की संयुक्त टीम सीमा पर गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि कुछ लोग नशीली दवाओं की खेप लेकर नेपाल पार करने की फिराक में हैं। पुलिस ने सूरज कुमार खरवार निवासी आदर्शनगर ठूठीबारी एवं नेपाल के नवलपरासी जिला के भागड़ा निवासी चेत नारायण चौधरी व कुलनारायण को दबोच लिया। उनके पास से 142 नोज व्यूप्रेनॉर्फीन, 137 नोज प्रोमेथाजॉइन इंजेक्शन, नाइट्राजेपाम टैबलेट्स 161, हजारों स्पास्मो कैप्सूल, दो बाइक, 2.83 लाख नेपाली व 2960 भारतीय रुपये मिले। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज हुआ है।

# ब्राउन शुगर के साथ नेपाल का नागरिक हुआ गिरफ्तार

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई है। यह कार्रवाई पगडंडी मार्ग पर हुई, जब आरोपी भारत से नेपाल जाने की कोशिश कर रहा था।

सोमवार की शाम सोनौली पुलिस और एसएसबी 22 वी वाहिनी सोनौली की संयुक्त टीम सीमावर्ती क्षेत्र की पगडंडियों पर संयुक्त गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम ने प्रेम नगर कालोनी के रास्ते एक संदिग्ध युवक को पैदल भारत से नेपाल की ओर जाते देखा। जवानों ने उसे रोका तो वह मौके से भागने की फिराक में था। तलाशी लेने पर उसके पास से 33 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम धुव्र खाती निवासी भैरहवा नेपाल बताया। कोतवाल सोनौली अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में सोनौली थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचंद्र राय, सोनौली चौकी प्रभारी नवनीत नगर, एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट सी. विवेक और इंस्पेक्टर अरुण पांडेय आदि शामिल रहे।

## बरियारपुर में आग से जली दूसरे की धान की फसल, फरेंदा में जलाई पराली

# पराली संग जलाई फसल 24 किसानों पर केस दर्ज

**सख्ती**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला प्रशासन के कई कोशिशों के बाद भी कई किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सदर तहसील के बरियारपुर में एक किसान ने अपने खेत की पराली जलाने के चक्कर में दूसरे किसान के खेत की धान की फसल ही जला दी। वहीं फरेंदा तहसील में भी 24 किसानों ने पराली जलाई। जिसपर प्रशासन ने 24 किसानों पर जुर्माना लगाकर शांति भंग में चालान भी किया है।

रविवार को एक किसान बरियारपुर में धान कटाई के बाद पराली जला रहा था। उसी के खेत के बगल में सुगंधित धान की फसल खड़ी थी। जल रही पराली की लपटें इतनी तेज थी कि सुगंधित धान की फसल भी जलने लगी। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर किसी तरह से अगल बगल के धान की फसल को बचाया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। तहसील फरेंदा में भी किसान पराली जला रहे हैं। जांच में 24 किसान पराली जलाने के आरोपी बने हैं। तहसील प्रशासन ने सभी 24 किसानों पर जुर्माना लगाते हुए शांति भंग में चालान कर दिया है।



फरेंदा में कंबाइन मशीन की जांच कर कार्यवाही करते नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल।

> पराली जलाना पर्यावरण के लिए हानिकारक है। पराली जलाने पर शासन ने कठोर दंड का प्रावधान किया है। किसानों को चाहिए वह पराली जलाने के विकल्प का इस्तेमाल करें। हैप्पी सीडर, रोटावेटर समेत अन्य प्रबंधन के उपाय करें। नियमों का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगा।
>
> **–संतोष कुमार शर्मा**, जिलाधिकारी

**दो कंबाइन मशीन सीज किया:** फरेंदा के नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल ने एसएमएस लगाई पराली कटाई के दौरान कार्य कर ही दो कंबाइन मशीनों का सीज कर दिया है। पहली मशीन डडवार बुजुर्ग गांव में अनिल साहनी की और दूसरी मशीन पिपरा विशंभरपुर गांव के उमेश गुप्ता की राष्ट्री हरित अभिकरण (एनजीटी) के तहत सीज किया गया है। एसडीएम फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि डीएम ने शत प्रतिशत पराली जलाने पर रोक का कड़ा निर्देश दिया है। उसी क्रम में कार्रवाई की जा रही है।

# आईजीआरएस रिपोर्ट में जिले की पुलिस प्रदेश में नौवीं बार अव्वल

**उपलब्धि**

- जनपद के 17 थानों ने भी उत्कृष्ट श्रेणी में बनाई है अपनी जगह
- एसपी बोले- यह टीम भावना की उपलब्धि, पुलिस टीम को दी बधाई

**महराजगंज, निज संवाददाता।** राज्य स्तर पर जारी समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की नवीनतम रिपोर्ट में महराजगंज पुलिस ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि जिले के 17 थानों ने उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है।

एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया कि आईजीआरएस प्रणाली के अंतर्गत जनता की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। यह नौवीं बार है, जब जिले की पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया कि हर थाना स्तर पर शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग, अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने और तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग इस उपलब्धि की प्रमुख वजह है। उन्होंने सफलता के लिए समस्त पुलिस कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के अनुशासन, सामूहिक सहयोग और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि महराजगंज पुलिस भविष्य में भी जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान, पारदर्शिता और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी।

## आईजीआरएस निस्तारण में फरेंदा तहसील को प्रदेश में मिला पहला स्थान

महराजगंज। उत्तर प्रदेश सरकार की आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में फरेंदा तहसील ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। शासन द्वारा जारी रिपोर्ट में फरेंदा को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में रखा गया है। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि फरेंदा तहसील ने निर्धारित समय सीमा में अधिकतम शिकायतों का समाधान किया है।

एसडीएम शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि शिकायतों की जांच के लिए राजस्व और पुलिस टीम मौके पर जाकर तथ्य जुटाती है, और रिपोर्ट तैयार होने से पहले शिकायतकर्ता से फीड बैक ली जाती है। दूसरा पक्ष होने की स्थिति में उससे भी वार्ता कर उसे संतुष्ट करने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा तहसील स्तर से रैंडम सत्यापन की प्रक्रिया भी अपनाई गई है। डीएम ने इस उपलब्धि पर तहसील फरेंदा की पूरी टीम को बधाई दी।

# टीम ने मृतक नवजात के घर पहुंच परिजनों का लिया बयान

**फॉलोअप**

**भगवानपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** सीएचसी रतनपुर में नवजात शिशु मौत के मामले में स्वास्थ्य प्रशासन ने जिला स्तरीय तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम ने सोमवार को मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से बयान लिया। सीएचसी के जिम्मेदारों से पुछताछ के बाद देर रात रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दिया।

परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी टोला छितवनिया निवासी संदीप कन्नौजिया की पत्नी विद्या कन्नौजिया की शनिवार की देर रात करीब 10 बजे प्रसव पीड़ा होने लगा। परिजन उसे रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाए। आधी रात को विद्या को नार्मल प्रसव हुआ। प्रसव के बाद नवजात शिशु को ऑक्सीजन की कमी देख ऑक्सीजन दिया गया। कुछ देर बाद शिशु की मौत हो गई। शिशु के मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की जानकारी होने पर सीएमओ ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित किया। टीम में एसीएमओ डॉ. नवनाथ प्रसाद, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश द्विवेदी और डिप्टी सीएमओ डॉ. नीरज लाल कन्नौजिया सोमवार को मृतक के घर पहुंचे। परिजनों का बयान लिया।

# यातायात नियमों के पालन की दी जानकारी

**निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद।** राजेन्द्र प्रसाद ताराचन्द पीजी कालेज निचलौल के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द तथा आसेतु हिमालय इकाई के स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि सीओ शिव प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एसओ अखिलेश कुमार वर्मा रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी नहीं करना चाहिए। चिह्नों को ध्यान से देखकर गाड़ी चलायें विना हेलमेट के वाहन न चलाएं।

# रास्ते के विवाद में 16 आरोपितों के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

संवाद सूत्र, सिसवा बाजार: ग्राम सभा कैमी में रविवार की देर शाम पुरानी रंजिश के चलते रास्ते के विवाद में मारपीट की घटना हुई। इस मामले में पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कैमी निवासी रमाकांत के परिवार के सदस्य खेत से धान लेकर अपने घर लौट रहे थे, तभी पड़ोस के एक परिवार ने उन्हें उस रास्ते से जाने से मना किया। इस विवाद के चलते जमकर मारपीट हुई, जिसमें 14 लोग घायल हो गए। अंजनी की तहरीर पर पुलिस ने रामकरण, कन्हई, चंदेश, संजय, सुनील, रामलखन, जय सिंह, रुदल, पीयूष, मंजय, अजय, भोलू, तुभनाथ, शशिकुमार, दयानंद और गोली के खिलाफ संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में 16 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद सोनौली सीमा पर बढ़ी चौकसी



लेहड़ा मंदिर परिसर मे संदिग्धों की जांच करती पुलिस● जागरण



सोनौली सीमा पर वाहनों की जांच करती एसएसबी व पुलिस● जागरण

संवाद सूत्र, सोनौली: दिल्ली में हुए धमाके के बाद भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। घटना के तुरंत बाद सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। अचानक बढ़ाई गई सुरक्षा के बीच आने-जाने वाले हर व्यक्ति और वाहन की गहन जांच की जा रही है। धमाके की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं।

सोनौली सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), पुलिस और खुफिया विभाग के जवानों की तैनाती बढ़ा दी गई है। सीमा पर तैनात एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने जांच अभियान शुरू कर दिया है। सीमा पार करने वाले लोगों से पहचान पत्र मांगा जा रहा है, जबकि संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है। पगडंडी पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी असामाजिक तत्व के घुसपैठ की संभावना को रोका जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सोनौली के साथ-साथ खुनुवा, ठूठीबारी और बरगदवा सीमा पर भी सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखने और तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सुरक्षा बलों का कहना है कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाती, तब तक अलर्ट जारी रहेगा। चौकी प्रभारी नवनीत नागर ने बताया कि एसएसबी के साथ समन्वय बैठक कर दिल्ली में हुई धमाके को लेकर चौकसी बढ़ाई गई है।

धमाके के बाद महराजगंज सहित सभी थाना क्षेत्रों में भी चौकसी बढ़ाई गई है। बृजमनगंज थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन



वाहनों की जांच करती एसएसबी व पुलिस●

तथा अति महत्वपूर्ण लेहड़ा मंदिर सहित विभिन्न स्थानों की सघन तलाशी की गई है। साथ ही जगह-जगह सशस्त्र पिकेट्स लगाए गए हैं। संदिग्धों से पूछताछ भी की गई है।

# भारतीय कार से तस्करी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार

संवाद सूत्र, सोनौली: भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपंदेही जिले में नेपाल पुलिस ने तस्करी का सामान लेकर जा रही एक भारतीय कार को जब्त किया है। पुलिस ने कार से विदेशी शराब, मोबाइल डिस्प्ले, लैपटाप चार्जर और अन्य वस्तुएं बरामद की हैं। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

रविवार की शाम क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय बुटवल की टीम ने तिलोत्तमा नगरपालिका वार्ड नंबर तीन स्थित शंकरनगर में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध भारतीय नंबर की कार को रोका। तलाशी लेने पर कार की सीट के नीचे से लैपटाप चार्जर, पीली धातु जैसी दिखने वाली गाय की मूर्ति, शराब की बोतल, विभिन्न कंपनियों के मोबाइल डिस्प्ले, डिस्प्ले पैकेट और गोंद के पैकेट बरामद हुए। जांच में पता चला कि सामान को भारत से कस्टम धोखाधड़ी कर नेपाल लाया गया था।

डीएसपी सूरज कार्की ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जोग प्रसाद उर्फ गोपाल निवासी स्यानजा, नेपाल (वार्ड नंबर 12 दादनखरका) के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। जब्त सामान और वाहन को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है।

# एक निरीक्षक, 12 उपनिरीक्षक और तीन आरक्षियों का तबादला

**पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कुछ दारोगाओं को दी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, कुछ को हटाया**

जासं, महराजगंज : पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सोमवार की शाम जिले में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एक निरीक्षक, 12 उपनिरीक्षकों और तीन आरक्षियों के तबादले के आदेश जारी किए। इस बदलाव का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना बताया गया है।

नवीन आदेश के अनुसार, निरीक्षक श्याम निवास राय, जो अब तक थाना सिंदुरिया में तैनात थे, उन्हें प्रभारी सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षक अंकित सिंह, जो पहले प्रभारी सर्विलांस सेल थे, उन्हें पीआरओ बनाया गया है। महिला थाना की कमान अब कंचन सरोज के पास होगी, जिन्हें थाना कोतवाली से स्थानांतरित किया गया है। भिटौली चौकी प्रभारी चंद्रपाल यादव को चौकी से वापस लेकर थाना श्यामदेउरवा भेजा गया है, जबकि घनश्याम यादव (पूर्व पुलिस लाइन) को भिटौली चौकी प्रभारी बनाया गया है। कतरारी चौकी प्रभारी रामरतन यादव को थाना पनियरा भेजा गया है और उनकी जगह अतुल कुमार सिंह (पूर्व थाना फरेंदा) को नई जिम्मेदारी दी गई है। नौतनवा चौकी प्रभारी छोटेलाल को थाना नौतनवा स्थानांतरित किया गया है, वहीं रामजी गुप्ता (पुलिस लाइन) को चौकी प्रभारी नौतनवा बनाया गया है। अन्य उपनिरीक्षकों में रत्नेश मौर्या को थाना निचलौल से फरेंदा, अनिल सिंह को परसामलिक से भिटौली, और मंगला प्रसाद को पुलिस लाइन से श्यामदेउरवा भेजा गया है। रोहित सविता को पुलिस लाइन से प्रभारी मॉनिटरिंग सेल की जिम्मेदारी दी गई है। आरक्षी स्तर पर भी फेरबदल हुआ है, अनुराग यादव को न्यायालय सुरक्षा से अभियोजन कार्यालय, इंद्रजीत कुमार को श्यामदेउरवा थाना, और आनंद यादव को फरेंदा से कोठीभार थाना भेजा गया है।

# फरेंदा तहसील को प्रदेश में प्रथम स्थान

जागरण संवाददाता, महराजगंजः जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में महराजगंज की फरेंदा तहसील ने पूरे प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम के नेतृत्व में तहसील टीम के निरंतर प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। फरेंदा तहसील ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है।

वहीं, निचलौल को 55वां, सदर 126वें और नौतनवा तहसील को 233वें स्थान पर रखा गया है, जो कि सबसे कमजोर प्रदर्शन है। अक्टूबर 2025 में फरेंदा तहसील के 135 प्रकरणों में फीडबैक लिया गया, जिनमें से 124 शिकायतकर्ता निस्तारण से पूर्ण रूप से संतुष्ट रहे। यह प्रदर्शन न केवल जिले के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए सुशासन का आदर्श उदाहरण बना है। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार टीम ने तय एसओपी का पालन पूरी गंभीरता से किया। प्रत्येक राजस्व संबंधी शिकायत का निस्तारण राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर किया गया, और शिकायतकर्ता से सीधी वार्ता के बाद ही जांच आख्या तैयार की गई। जांच रिपोर्ट का रैंडम सत्यापन स्वयं एसडीएम स्तर से भी किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में आइजीआरएस मामलों में डिफाल्टर की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी, और हर शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि पर फरेंदा तहसील टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अन्य तहसीलों को भी इस उत्कृष्टता का अनुसरण करने का निर्देश दिया। अन्य तहसीलों की बात करें तो निचलौल ने 100 में से 97 अंक प्राप्त कर 55वां स्थान, जबकि सदर ने 90 अंक के साथ 126वां स्थान हासिल किया। नौतनवा तहसील का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा, जिसे 100 में से मात्र 77 अंक मिले और उसे 233वां स्थान प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने चेताया कि कमजोर प्रदर्शन करने वाली तहसीलों को सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि आने वाले महीनों में सभी तहसीलें फरेंदा की तरह उत्कृष्ट परिणाम दे सकें।

# अज्ञात चालक पर मुकदमा

निचलौल : ग्राम झुलनीपुर में अज्ञात बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की हुई मृत्यु के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम पचमा निवासिनी गीता देवी ने बताया कि उसके पति अशोक बीते 10 मार्च को अपने समधी की मौत होने पर दाह संस्कार में शामिल होने के लिए झुलनीपुर गए हुए थे। उधर से वापस आने के लिए शाम सात बजे झुलनीपुर निर्माणाधीन गेट के पास सवारी गाड़ी की इंतजारी कर रहे थे। इसी बीच झुलनीपुर की तरफ से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते उन्हें ठोकर मार दिया। इस हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 24 किसानों पर लगा जुर्माना, दो कंबाइन सीज

- डीएम के निर्देश पर पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई
- हरैंया मौलाहीं, हाताबेला, शिकारगढ़ और कवलपुर के किसान पाबंद

जागरण संवाददाता, आनंदनगर : पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रशासन ने कड़ा अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में तहसील फरेंदा क्षेत्र में पराली जलाने की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 किसानों पर जुर्माना लगाया गया है, तथा उन्हें शांति भंग की धारा में दो-दो लाख रुपये में पाबंद किया गया है। इसके साथ ही दो कंबाइन मशीनों को भी सीज कर दिया गया है।

धान की कटाई के साथ ही लगातार किसानों को पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी के क्रम में सोमवार को प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के क्रम में फरेंदा के उपजिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम ने कुल 24 किसानों के विरुद्ध कार्रवाई की है। जिन किसानों पर कार्रवाई की गई है, उनमें हरैंया मौलाहीं के बनारसीलाल, हाताबेला हरैंया की कन्यावती, रामदेव, मोतीलाल, केशव कुमार, जयप्रकाश, प्रेमनारायण, शिकारगढ़ के संजय, यमुना, संगीता, कवलपुर के गणपति, जनार्दन, प्रमोद, जोखनी, विजय कुमार, अजय, श्रीराम, देवप्रसाद समेत अन्य छह किसानों का नाम शामिल है। इन सभी किसानों पर 2500-2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है, और उन्हें दो-दो लाख रुपये की पाबंदी में रखा गया है।

एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में इन किसानों द्वारा दोबारा शांति भंग या पराली जलाने की घटना की जाती है, तो उनके विरुद्ध दो-दो लाख रुपये जुर्माना स्वरूप वसूल किया जाएगा। किसानों पर कार्रवाई के साथ ही फरेंदा के नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल ने बिना एसएमएस लगाए पराली कटाई के दौरान दो कंबाइन मशीनों को भी सीज किया है। इनमें पहली मशीन डडवार बुजुर्ग गांव में अनिल साहनी की तथा दूसरी पिपरा विशंभरपुर गांव में उमेश गुप्ता की है। दोनों मशीनों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और शासन के दिशा-निर्देशों के तहत सीज किया गया है।



बिना एसएमएस के चलती कंबाइन मशीन को पकड़कर थाने ले जाते नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल की टीम • जागरण

# नेपाली नागरिक ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

संवाद सूत्र, सोनौली: भारत-नेपाल सीमा पर पगडंडी से अवैध मादक पदार्थ ले जाते एक नेपाली नागरिक को सोनौली पुलिस और एसएसबी 22वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 33 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद हुआ। सोमवार की शाम सोनौली पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त के दौरान प्रेम नगर कालोनी मार्ग पर एक युवक पैदल भारत से नेपाल जाने की कोशिश कर रहा था।

जवानों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो युवक भागने लगा, लेकिन सुरक्षा बलों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से ब्राउन सुगर मिला। अभियुक्त ने अपना नाम ध्रुव खाती निवासी भैरहवा, नेपाल बताया।

# नशीली दवाओं और नेपाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार आरोपितों को जेल

- नशीली दवा और इंजेक्शन के साथ पकड़े गए थे आरोपित
- आरोपितों से दो नेपाली नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल भी बरामद

संवाद सूत्र, ठूठीबारी: रविवार की शाम राजाबारी बागीचा के निकट तीन युवकों को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष महेंद्र ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग नशीली दवाओं को अवैध रूप से नेपाल ले जाने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर एसएसबी और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेरा बंदी की और आरोपितों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में त्रिपोलिन हाइड्रोक्लोराइड सिरप, ब्रूफेन इंजेक्शन, प्रोमेथा इंजेक्शन, नाइट्राजीपम टेबलेट, प्रोक्सीको कैप्सूल, स्पस्मो टेबलेट, प्रोक्सीमेक कैप्सूल के साथ-साथ दो लाख 83 हजार नेपाली मुद्रा और 2960 भारतीय रुपये बरामद किए गए। साथ ही, दो नेपाली नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पकड़े गए युवकों की पहचान सूरज खरवार, चेत नरायन चौधरी और कुल नरायन चौधरी के रूप में हुई है। आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दिल्ली में धमाके के बाद नेपाल सीमा पर अलर्ट

## सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, जांच को लेकर नेपाल बॉर्डर पर जवानों की संख्या बढ़ाई गई, हर संदिग्ध पर नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दिल्ली में ब्लास्ट के बाद जनपद के भारत-नेपाल सीमा पर रेड पर अलर्ट घोषित कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन से लेकर बार्डर के बस स्टेशन तक सुरक्षाकर्मियों ने जांच की। बार्डर के पगडंडियों पर निगरानी तेज करने के साथ ही सीसीटीवी से प्रत्येक हलचल पर नजर रखी जा रही है। नेपाल से लगी 84 किलोमीटर सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को दिल्ली में ब्लॉस्ट होने की खबर जैसी ही फैली, सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। भारत-नेपाल के सोनौली बॉर्डर सहित सभी सीमा पर निगरानी तेज की दी गई। मुख्य बॉर्डर से लेकर नदी, घाटों और पगडंडियों पर जवानों की संख्या बढ़ाते हुए 24 घंटे निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं। सरहद पर भारत से नेपाल और नेपाल से भारत आने वाले प्रत्येक नागरिक की तलाशी लेकर आईडी की जांच की जा रही है। एसएसबी के अलावा सुरक्षा एजेंसियां भी चौकस हैं। सीमा से जुड़े सभी रास्तों पर गश्त बढ़ा दी गई है। नाइट विजन कैमरे से लैस एसएसबी जवान सुरक्षा में जुटे हुए हैं।


नेपाल सीमा पर लोगों की जांच करते एसएसबी के जवान। स्रोत एसएसबी

भारत नेपाल बार्डर हमेशा से संवेदनशील रहा है। गुजरे वक्त में बार्डर पर कई बार आतंकी भी पकड़े जा चुके हैं। इन घटनाओं को देखते हुए सीमा पर एसएसबी के जवान चौकसी बरत रहे हैं। नेपाल से आने वाले यात्रियों की कड़ाई के साथ जांच की जा रही है। संदेह होने पर आईडी की जांच एवं नाम पते नोट कर उन्हें भारत में प्रवेश की अनुमति मिल रही है। सोमवार की रात आठ बजे कोतवाल सोनौली अजित प्रताप के नेतृत्व में जवान भारत से नेपाल आने जाने वाले लोगों की कड़ी जांच कर रहे थे। इस दौरान नेपाल से भारत में आ रही एक भारतीय नंबर वाहन पर लगी काली फिल्म भी उतरवाई दी गई। क्षेत्राधिकारी नौतनवा अंकुर गौतम ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में अलर्ट जारी है। नेपाल आने जाने वाले लोगों की गहनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं। बस डिपो रेलवे स्टेशन सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त तेज है।

बार्डर पर रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पुलिस की ओर से कड़ी निगरानी की जा रही है। बार्डर से लेकर जिले में सभी प्रमुख स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रत्येक हलचल पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

सोमेंद्र मीणा, पुलिस अधीक्षक



सोनौली बॉर्डर पर यात्रियों से पूछताछ करते पुलिसकर्मी। संवाद

### ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी बॉर्डर की हो रही निगरानी

सीमा पर लगे सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। उच्चाधिकारी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। थाना बरगदवा, सोनौली, ठूठीबारी, परसामलिक आदि के अंतर्गत आने वाले बॉर्डर पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। नेपाल से आने-जाने वाले यात्रियों की पहचान पत्रों की जांच की जा रही है, ताकि अवैध आवागमन या किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सके। साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी बॉर्डर पर निगरानी की जा रही है। सीमावर्ती चौकियों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विस्फोटक और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए डॉग स्क्वॉयड की मदद ली जा रही है। महराजगंज जनपद में कोल्हुई से लेकर पथलहवा बॉर्डर तक एसएसबी के 17 बीओपी हैं, यहां से बॉर्डर की निगरानी की जा रही है।

# नवजात की मौत मामले में तीन सदस्यीय समिति गठित

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सीएचसी रतनपुर में संस्थागत प्रसव के बाद नवजात की मौत के मामले में परिजनों ने अस्पतालकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सोमवार को अमर उजाला में यह खबर "नवजात की मौत पर सीएचसी परिसर में परिजनों ने किया हंगामा" शीर्षक से प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों की समिति गठित कर दी गई है।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इस मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला को तत्काल जांच के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में सीएमओ ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है, जो पूरे प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी। सीएमओ कार्यालय की से जारी किए गए पत्र के अनुसार, जांच समिति में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवनाथ प्रसाद, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज कुमार कन्नौजिया और उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश द्विवेदी को सदस्य बनाया गया है। समिति को

## सीएचसी में प्रसव के दौरान हो गई थी नवजात की मौत परिजनों ने किया था हंगामा

यह भी निर्देश दिया गया है कि वह घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ करे। साथ ही नवजात के परिजनों के बयान दर्ज कर यह पता लगाए कि घटना के दौरान क्या-क्या परिस्थितियां बनीं।

सीएमओ कार्यालय से प्राप्त सूचना के मुताबिक, जांच समिति शीघ्र ही सीएचसी रतनपुर का स्थलीय निरीक्षण करेगी। इस दौरान अस्पताल के अभिलेख, प्रसव कक्ष से जुड़े रजिस्टर और मेडिकल रिपोर्टों की भी जांच की जाएगी। समिति यह देखेगी कि नवजात की मौत में चिकित्सकीय लापरवाही की क्या भूमिका रही और यदि लापरवाही पाई जाती है तो वह किस स्तर की थी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि कोई चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आईजीआरएस रिपोर्ट में प्रथम स्थान पर महराजगंज पुलिस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** राज्य स्तर पर जारी नवीनतम समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली रिपोर्ट में जनपद महराजगंज पुलिस ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही जनपद के 17 थानों ने भी उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने बताया कि आईजीआरएस प्रणाली के अंतर्गत जनता की शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता दी जाती है। महराजगंज पुलिस ने सभी शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया। इस वजह से जनता का विश्वास पुलिस के प्रति और मजबूत हुआ है।

# फरेंदा तहसील प्रदेश में अव्वल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में फरेंदा तहसील ने पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। टीम के उत्कृष्ट प्रयासों से तहसील कर्मियों ने जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर यह उपलब्धि हासिल की।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगे भी इसी प्रकार लोगों की समस्याओं का समाधान हो। शासन की नीतियों के अनुरूप जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण का परिणाम फरेंदा तहसील की उपलब्धि है।

# एक निरीक्षक और 12 उपनिरीक्षकों का तबादला

## तीन आरक्षियों का भी स्थानांतरण, निरीक्षक श्याम निवास को प्रभारी सर्विलांस सेल की दी गई जिम्मेदारी

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सोमवार की शाम जिले में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एक निरीक्षक, 12 उपनिरीक्षकों और तीन आरक्षियों के तबादले के आदेश जारी किए। इस बदलाव का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना बताया गया है।

आदेश के अनुसार, निरीक्षक श्याम निवास राय, जो अब तक थाना सिंदुरिया में तैनात थे, उन्हें प्रभारी सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, उपनिरीक्षक अंकित सिंह, जो पहले प्रभारी सर्विलांस सेल थे, उन्हें पीआरओ बनाया गया है। महिला थाना की कमान अब कंचन सरोज के पास होगी उन्हें थाना कोतवाली से स्थानांतरित किया गया है। भिटौली चौकी प्रभारी चंद्रपाल यादव को थाना श्यामदेउरवा भेजा गया है जबकि उनकी जगह धनश्याम यादव (पूर्व पुलिस लाइन) को भिटौली चौकी प्रभारी बनाया गया है। कतरारी चौकी प्रभारी रामरतन यादव को थाना पनियरा भेजा गया है और उनकी जगह अतुल कुमार सिंह (पूर्व थाना फरेंदा) को नई जिम्मेदारी दी गई है।

नौतनवा चौकी प्रभारी छोटेलाल को थाना नौतनवा स्थानांतरित किया गया है, वहीं रामजी गुप्ता (पुलिस लाइन) को चौकी प्रभारी नौतनवा बनाया गया है। अन्य उपनिरीक्षकों में रत्नेश मौर्या को थाना निचलौल से फरेंदा, अनिल सिंह को परसामलिक से भिटौली और मंगला प्रसाद को पुलिस लाइन से श्यामदेउरवा भेजा गया है। रोहित सविता को पुलिस लाइन से प्रभारी मॉनिटरिंग सेल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं आरक्षी स्तर पर भी फेरबदल हुआ है।

अनुराग यादव को न्यायालय सुरक्षा से अभियोजन कार्यालय, इंद्रजीत कुमार को श्यामदेउरवा थाना, और आनंद यादव को फरेंदा से कोठीभार थाना भेजा गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा के दिए दिशा-निर्देश

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सोमवार को थाना ठूठीबारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम इटाहिया स्थित शिव मंदिर का निरीक्षण कर दर्शन किया। उन्होंने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं जनसामान्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। स्थानीय जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना व त्वरित निराकरण के लिए आश्वस्त किया। संवाद

# नशीली दवाओं का धंधा, नेपाल में तीन गुना दाम पर बेच रहे तस्कर

## नहीं लग पा रहा अंकुश, सूचना लीक होने पर ही आते हैं पुलिस की गिरफ्त में

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। ठूठीबारी क्षेत्र में बीते दिन नशीली दवा बरामद हुई थी। इसे नेपाल में बैठे तस्करों का सरगना संचालित करता है। बार्डर क्षेत्र में अक्सर कैरियर पकड़े जाते हैं। मुख्य सरगना तक सुरक्षा एजेंसियां नहीं पहुंच पाती हैं। बीते दिन हुई बरामदगी में नेपाल के दो व एक भारतीय युवक गिरफ्तार किया गया था।

इससे माना जा रहा है की सीमावर्ती क्षेत्र के भारतीय युवाओं को नेटवर्क की हिस्सा बनाकर नेपाली तस्कर अपने धंधे को बढ़ा रहे हैं। इनकी गतिविधियों की सूचना लीक होने पर गिरफ्त में आ जाते हैं।

सूत्रों की माने तो नशीली दवाओं का धंधा करने वाले अधिक लाभ कमाने के चक्कर में स्टीकर लगाते हैं। नशीली दवाओं पर लगे निर्धारित मूल्य को हटा देते हैं।

फिर निर्धारित मूल्य से तीन गुना अधिक मूल्य का स्टीकर लगा उसे बेच देते हैं। ऐसे में उन्हें मोटी रकम की कमाई होती है। उदाहरण के तौर पर ताल्जेसिक बुप्रेनऑरफिन इंजेक्शन आईपी के एम्पुल पर कंपनी का निर्धारित मूल्य 27.30 लिखा है। जबकि उक्त इंजेक्शन पर 95 रुपये मूल्य का स्टीकर लगा देते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत-नेपाल बार्डर के सरहदी इलाकों में नशे के धंधेबाज पहले युवकों को दो चार बार फ्री में दवा देते है। इसके बाद युवक खुद ही उसके टैबलेट और इंजेक्शन को खरीदने लगते हैं। यहां तक कि कई युवक नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी आदि की वारदात को भी अंजाम देते हैं।

ये दवा स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। चिकित्सकों के मुताबिक अधिक मात्रा में इस तरह की दवाओं का सेवन से जान भी जा सकती है। नशीली दवा, चरस, ड्रग्स, स्मैक सहित अन्य नशे की कारोबार करने वाले तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए पुलिस के साथ ही अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरी ताकत लगा रही है।

लगातार नशे की तस्करों की गिरफ्तारियां भी हो रही हैं। तस्करों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस प्रशासन के नशा मुक्ति अभियान के बावजूद भी जिले के मुख्य शहर से लेकर भारत-नेपाल बार्डर तक नशे का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है।



राजाबारी बगीचे के पास गिरफ्तार अभियुक्त। स्रोत-पुलिस विभाग

### आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

ठूठीबारी। भारतीय सीमा क्षेत्र से तस्करी कर रविवार की देर शाम नेपाल ले जाई जा रही भारी मात्रा में नशीली दवा के साथ तीन युवकों को एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों के पास काफी संख्या में नेपाली व भारतीय करेंसी भी मिली। आरोपियों को सोमवार दोपहर पुलिस ने जेल भेज दिया। ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया की 142 ब्रूफेन इंजेक्शन, 137 एम्पुल प्रोमेथाजीन इंजेक्शन, 161 नाइट्राजीपम टेबलेट, प्रोक्सीको कैप्सूल 718 टेबलेट, स्पस्मो प्राक्सीवान 105 टेबलेट , प्रोक्सिको कैप्सूल 690 अदद, व प्रोक्सीमेक स्पा कैप्सूल 951 के साथ 2.83 लाख 30 रुपये नेपाली मुद्रा, 2960 भारतीय रुपये, दो नेपाली नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई। पकड़े गए युवकों की पहचान सूरज खरबार निवासी ठूठीबारी, चेत नरायन चौधरी (36), कुलनरायन चौधरी (42) निवासी बासा नवल परासी नेपाल के रूप में हुई। इन आरोपियों को जेल भेज दिया गया। संवाद

# पांच युवकों से ठगी के आरोप में तीन पर केस दर्ज

## यूट्यूब पर विज्ञापन देख एजेंट के पास पहुंचे थे, महराजगंज, गोरखपुर और देवरिया के हैं आरोपी

**मदनपुर (देवरिया)।** महराजगंज के युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ देवरिया के मदनपुर थाना में केस दर्ज किया गया है। देवरिया के पांच युवकों ने आरोप लगाया है कि तीन लोगों ने विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे 6.5 लाख रुपये ठग लिए।

पुलिस ने रविवार की रात आरोपी बबलू यादव निवासी चंदन माफी पनियरा महराजगंज, खुश्बू सिंह निवासी बेलीपार गोरखपुर और चंदन यादव निवासी खामपार देवरिया के पर केस दर्ज किया है।

सोनू गोड़ निवासी देवकली ने सात नवंबर को पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसने दिसंबर 2024 में यूट्यूब पर एक कंपनी का विदेश में नौकरी दिलाने का विज्ञापन देखा। उसने इसके बारे में अपने दोस्त बृज कुमार, सूरज कुमार, राहुल और नागेंद्र कुशवाहा को भी बताया। इसके बाद विज्ञापन वाले एजेंट से मिले। उसने अपने दो साथियों से ऑफिस में बात कराया। उनके झांसे में आकर युवकों ने कर्ज लेकर 21 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2026 तक 6.5 लाख रुपये एजेंटों के खाते में भेज दिए। आरोप है कि 30 जनवरी को एजेंटों ने उन्हें टिकट और वीजा देकर दिल्ली भेज दिया। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने पर पता चला कि वीजा और टिकट फर्जी है।

कई बार चक्कर लगाने के बाद भी एजेंटों ने रुपये नहीं लौटाए। एजेंटों के साथियों का मोबाइल भी बंद आ रहा है। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर आरोपी एजेंट बबलू यादव निवासी चंदन माफी पनियरा महराजगंज, खुश्बू सिंह निवासी बेलीपार गोरखपुर और चंदन यादव निवासी खामपार देवरिया के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। एसओ नंदा प्रसाद ने कहा कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# पराली जलाने पर दो कंबाइन सीज

## एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार ने की कार्रवाई, 24 किसानों पर जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के लिए प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 24 किसानों पर जुर्माना लगाया है। वहीं दो कंबाइन सीज किया है।

एसडीएम शैलेंद्र गौतम ने बताया कि पराली जलाने की सूचना क्षेत्र के हाताबेला हरैया, हरैया मौलाही, शिकारगढ़, कवलपुर आदि गांवों में राजस्व विभाग की टीम ने जांच के बाद 24 किसानों के विरुद्ध जुर्माना लगाया गया है। साथ ही एसएमएस लगाए धान की कटाई करने के आरोप में डड़वार बुजुर्ग में अनिल सहानी व पिपरा विश्वभंरपुर में उमेश गुप्ता की कंबाइन मशीनों को एनजीटी और शासन के निर्देश के क्रम में सीज की गई। एसडीएम ने कहा कि बिना एसएमएस लगाए धान की कटाई करने वाले कंबाइन मालिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। खेतों में पराली न जलाए। अगर किसी भी किसान के खेत में पराली जलता हुआ मिला तो कार्रवाई होगी।



फरेंदा क्षेत्र में कंबाइन के विरुद्ध कार्रवाई करते नायब तहसीलदार। स्रोत-स्वयं

# मारपीट में 14 पर केस दर्ज

**सिसवा बाजार।** कोठीभार थानांतर्गत कैमी गांव में रविवार की रात रास्ते को लेकर हुई मारपीट की घटना के बाद पीड़िता अंजनी की तहरीर पर कोठीभार पुलिस ने दूसरे पक्ष के 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ग्राम कैमी में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक पक्ष के रामकरन, कन्हई, चन्देश, रामलखन, रूदल, जय सिंह, मंजय, अजय, भोलू, तुंगनाथ, शशिकुमार, पीयूष, सुनील, संजय सहित 14 लोगों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दूसरे पक्ष के 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर तीन लोगों का चालान किया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। संवाद

# बिजली के पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

## बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल, कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं दोनों

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के झुलनीपुर खड्डा नहर पटरी मार्ग पर बैठवलिया पुल के पास सोमवार को एक बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए।

हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल युवक की हालत नाजुक देख प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



हादसे के बाद पूछताछ करती पुलिस। संवाद

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव महादेव, पनियहवा निवासी कमलेश (22) गांव के ही दोस्त सुनील (19) के साथ किसी कार्य के लिए झुलनीपुर की ओर आया था। दोनों कार्य पूरा कर वापस घर के लिए लौट रहे थे। अभी वे झुलनीपुर-खड्डा नहर पटरी मार्ग स्थित बैठवलिया पुल के पास पहुंचे थे, इसी बीच उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गई। दुर्घटना में कमलेश की मौत हो गई जबकि सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार हादसे की सूचना घायल और मृत युवक के परिजनों को दे दी गई है। घायल का इलाज चल रहा है, जबकि मृत युवक कमलेश के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# बरात में युवतियों के साथ अभद्रता, युवक पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** शादी की बरात निकलने के दौरान युवतियों से अभद्रता करने पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी की बरात निकालने के दौरान गांव के युवक ने युवतियों के साथ अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपी युवक ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि आरोपी युवक अजमत अली निवासी परसा पांडेय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-11-11-2025

# फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**छावनी(एसएनबी)।** स्थानीय थान क्षेत्र के कोमरे निवासी युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते पचवस गांव के तालाब के पास फांसी लगाकर जान दे दिया। घटनास्थल के पास युवक का जूता व शाल मिला है। छावनी पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के कोमरे निवासी 46 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र चंद्रिका सिंह का शव सोमवार की सुबह पचवस गांव के तालाब के पास पेड़ की डाल से लटकता देख गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदी था। वह घर में बुजुर्ग माता, पिता और नाबालिग एक लड़का और एक लड़की के साथ रहता था। रविवार की शाम शैलेन्द्र का किसी बात को लेकर अपनी माता से विवाद हो गया। शोरगुल सुन कर गांव के रामेश्वर सिंह उसके घर पहुंच कर विवाद शांत कराने के प्रयास कर रहे थे। इसी बीच शैलेंद्र ने कुल्हाड़ी से उनके ऊपर हमला कर दिया। हमले से रामेश्वर की आंख के पास गंभीर चोट लग गई। घटना बाद से शैलेंद्र घर से फरार हो गया था।

घायल रामेश्वर का इलाज छावनी कस्बे के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। सुबह शैलेंद्र का शव पचवस ताल के किनारे पेड़ से लटका मिला। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।

फोरेंसिक टीम के अवधेश और अजय चौरसिया ने मौके से साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। साहिबपहलुओं पर छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# मामूली विवाद में युवक की हत्या

**नगर बाजार ( एसएनबी)।** नगर थाना क्षेत्र के नगर कस्बे में सोमवार की शाम एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया। जब थाने के कुछ दूरी पर स्थित एक फुल्की के दुकान पर विवाद हो गया और इस दौरान हुए कहासुनी नें खूनी वारदात का रुप ले लिया। उक्त घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल युवक को आनन-फानन में लेकर जिला अस्पताल बस्ती पहुंचे जहां पर चिकित्सकों नें युवक को मृत घोषित कर दिया।

नगर थाना क्षेत्र के नगर बाजार में सोमवार की शाम दीपू (20) निवासी ग्राम गोसाईजोत, थाना नगर और एक अन्य व्यक्ति के बीच में फुल्की खाने के दौरान आपस में वाद-विवाद शुरू हो गया और उक्त वाद-विवाद थोड़ी ही देर में मारपीट में तब्दील हो गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक मारपीट करने वाला व्यक्ति काफी मनबढ़ किस्म का है और वह गांजे की तस्करी करता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटनास्थल थाने के थोड़ी दूर पर ही था, अगर स्थानीय पुलिस समय रहते मौके पर पहुंच जाती तो युवक की जान बच सकती थी। फिलहाल युवक की मौत से ग्रामीणों में काफी गुस्सा व्याप्त है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी कलवारी द्वारा ग्रामीणों को घटना में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई हेतु आश्वासन दिया गया है।

## कम्बाईन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार कम्बाईन मशीन की चपेट में आकर एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया तथा उसकी मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बहेरिया गांव निवासी अभिलेष कुमार मिश्र जो आजमगढ़ से बस्ती अपने घर आ रहे थे। जैसे ही वह थानाक्षेत्र के श्रीपालपुर के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रही कम्बाईन मशीन संख्या यूपी 51 बीवी 7144 की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के पिता अनिल कुमार मिश्र पुत्र चन्द्र शेखर प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम बहेरिया थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 281, 106(1) बीएनएस व 184 एमबी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जमीन के विवाद में महिला को पीटा

बस्ती। गौर थानाक्षेत्र के ढढियौना गांव की विमला देवी पत्नी रामपलट चौधरी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के हृदयराम, आरती, अंगूरा और जानकी ने उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। 8 नवंबर की शाम जब इसका विरोध की तो उक्त लोगों ने उसे पीट दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समापन समारोह में एसपी ने किया पुरस्कृत

**यातायात प्रशिक्षण**



सोमवार को ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को एसपी ने सम्मानित किया।

**बस्ती, निज संवाददाता।** एसपी अभिनंदन ने सोमवार को पुलिस लाइन में उच्चीकृत एवं नवीनीकृत वशिष्ठ सभागृह का उद्घाटन किया। इसी सभागृह में आयोजित यातायात प्रशिक्षण समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया। साथ ही यातायात को लेकर चल रहे अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दूसरे चरण में रिक्रूट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन किया। इस दौरान रिक्रूट आरक्षियों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, सीओ लाइन स्वर्णिमा सिंह और सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन में उच्चीकृत एवं नवीनीकृत वशिष्ठ सभागृह का भव्य उद्घाटन सामूहिक गान के साथ किया गया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि वशिष्ठ सभागृह का यह उच्चीकरण पुलिस विभाग की कार्यक्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह सभागृह अब विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सभाओं एवं विभागीय बैठकों के लिए एक आधुनिक एवं सुविधाजनक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ता है और हमारा कर्तव्य है कि हम इसे सम्मान देते हुए देश सेवा में अपना समर्पण दिखाएं। सीओ सदर ने सभागृह के निर्माण में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद दिया और इसे विभाग की प्रगति का प्रतीक बताया। उद्घाटन के तत्काल बाद पुलिस लाइन परिसर में यातायात प्रशिक्षण समापन समारोह का आयोजन किया गया। इंस्पेक्टर विजय कुमार दुबे, इंस्पेक्टर डीके चौधरी और इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र यादव के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में नंबर वन बना जिला

**उपलब्धि**



डीएम कृतिका ज्योत्सना।

- बस्ती को कुल 140 नंबरों में 134 नंबर मिले हैं
- डीएम ने अधिकारियों के सहयोग की सराहना की
- भविष्य में इसी प्रकार बेहतर प्रयास करते रहने का दिया निर्देश

**बस्ती, निज संवाददाता।** आईजीआरएस निस्तारण में बस्ती जनपद प्रदेश में नंबर वन हो गया है। यह रैंकिंग अक्तूबर 2025 की है। बस्ती को कुल 140 नंबरों में 134 नंबर मिला है। प्रदेश में दूसरे नंबर पर अंबेडकरनगर है। इस रैंकिंग को लाने में शिकायतकर्ताओं का पॉजिटिव फीडबैक रहा, जिसके चलते रैंकिंग प्रदेश में गुड हो गई। डीएम कृतिका ज्योत्सना ने सभी विभागों के अधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में इसी प्रकार बेहतर प्रयास करते रहने का निर्देश दिया है।

### शिकायत निस्तारण के पॉजिटिव फीडबैक से रैंकिंग हुई गुड

डीएम कृतिका ज्योत्सना ने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण को लेकर 11 बिन्दुओं पर शासन रैंकिंग करता है। इनमें शिकायत निस्तारण के बाद शासन स्तर से लिए गए फीडबैक में शिकायतकर्ताओं ने सकारात्मक व अच्छा फीडबैक दिया। अधिकारियों ने शिकायत निस्तारण के लिए स्थलीय भ्रमण कर मौका देखा और निस्तारण किया। शिकायत निस्तारण से जुड़े कार्य का विभागीय अधिकारियों ने भी संपर्क कर जानकारी लिया।

### सी श्रेणी में एक भी प्रकरण नहीं आया

अक्तूबर माह में किसी भी विभाग का एक भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आया। इतना ही नहीं निगेटिव फीडबैक के चलते निस्तारण को मिली वाली सी श्रेणी में एक भी प्रकरण नहीं आया है। शासन से यह रैंकिंग शिकायत अग्रसारण में लगे औसत दिन, उच्चाधिकारियों के कार्यालय से लिए फीडबैक भी शामिल हुए हैं।

# हिस्ट्रीशीटर तमंचा-कारतूस के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा

■ लालगंज, छावनी व मुंडेरवा थाने में दर्ज हैं आठ आपराधिक मुकदमे

**मुंडेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** मुंडेरवा पुलिस ने 12 बोर के तमंचे और कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सलमान निवासी ग्राम अण्डा थाना मुण्डेरवा के खिलाफ छावनी, लालगंज और मुंडेरवा थाने पर आठ आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। इनमें हत्या के प्रयास, लूट समेत अन्य धाराओं में वह आरोपी है। लालगंज थाने से उसके खिलाफ गैंगस्टर की भी कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र के दिक्तौली मोड़ के पास से उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस कार्यालय के अनुसार थानाध्यक्ष मुंडेरवा की टीम दिक्तौली मोड़ के पास संदिग्ध वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रविवार की देर रात हिस्ट्रीशीटर सलमान वहां पहुंचा। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध 12 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के साथ एसएसआई अमरनाथ यादव, एसआई मिथिलेश मिश्रा, एसआई जावेद खान और कांस्टेबल जितेन्द्र शाह शामिल रहे।



मुंडेरवा पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी हिस्ट्रीशीटर।



दिल्ली में हुई घटना को लेकर जिले में देर रात कमिश्नर अखिलेश सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम कृत्तिका ज्योत्सना, एसपी अभिनंदन आदि ने शहर का जायजा लिया।

# दिल्ली में धमाका होने के बाद जिले में अलर्ट, चेकिंग शुरू

## सतर्कता

- देर रात डीएम व एसपी ने लिया शहर का जायजा
- जगह-जगह पुलिस कर्मी मुस्तैदी से तैनात

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** दिल्ली में हुई घटना को लेकर जिले में प्रशासन सोमवार शाम अलर्ट मोड पर आ गया। देर रात कमिश्नर अखिलेश सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम कृत्तिका ज्योत्सना, एसपी अभिनंदन और एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान आदि अधिकारियों ने शहर का जायजा लिया।

प्रशासन और पुलिस के अफसर अपने-अपने इलाके में सक्रिय हो गए और चेकिंग अभियान शुरू किया। रेलवे स्टेशन से लेकर रोडवेज समेत और सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की गई। स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ के साथ पुरानी बस्ती पुलिस ने प्लेटफॉर्म सर्कुलेटिंग एरिया पर संदिग्ध चार पहिया वाहन गाड़ियों में चेकिंग शुरू की।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जीआरपी पंकज कुमार यादव, प्रभारी आरपीएफ राशिद मिर्जा बैग, प्रभारी निरीक्षक थाना पुरानी बस्ती जयदीप दुबे फोर्स संग चेकिंग में जुटी रही। सीओ सिटी सतेन्द्र भूषण तिवारी भी फोर्स संग शहर में सक्रिय रहे।

# पुलिस ने 72 लाउडस्पीकर हटवाए

## कार्रवाई

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले में मानक से अधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर के प्रयोग को लेकर सोमवार को भी अभियान जारी रहा। जिले के सभी थानों की पुलिस ने धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मानक से अधिक ध्वनि वाले लाउडस्पीकरों के विरुद्ध उचित एक्शन लिया गया।

टीम ने कुल 122 स्थानों की जांच की। जांच में 55 मंदिर, मस्जिद और सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि मानक से अधिक लाउडस्पीकर पाए गए, जिनकी आवाज तत्काल कम कराई गई। वहीं अलग-अलग थानाक्षेत्रों में कुल 72 लाउडस्पीकर आपसी सहमति से हटवाए गए।



अभियान के तहत धार्मिक स्थल से मानक विपरीत मिले लाउडस्पीकर हटवाए गए।

अभियान के दौरान सभी सर्किल के सीओ भी सक्रिय नजर आए।

पुलिस अधिकारियों ने लाउडस्पीकर संचालकों को चेतावनी दी कि ध्वनि मानक का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी को निर्देश दिया गया कि यदि लाउडस्पीकर लगाना आवश्यक है तो उसे मानक ध्वनि सीमा के भीतर ही संचालित किया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि यह अभियान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए कानूनी प्रावधानों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

निजी अस्पताल के एक्स-रे टेक्नीशियन पर सर्जरी का लगाया आरोप

# भाजयुमो ने सीएमओ का घेराव कर किया प्रदर्शन

**बस्ती, निज संवाददाता।** भाजयुमो पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को सीएमओ का उनके चैंबर में घेराव कर प्रदर्शन किया। एक निजी अस्पताल को बचाने का स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाया है। चैंबर में घुसकर पदाधिकारियों ने जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि अधिकारी गलत तरीके से संचालित एक निजी अस्पताल को बचाकर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सीएमओ डॉ. राजीव निगम ने भाजयुमों पदाधिकारियों से कार्रवाई के लिए दो दिन की मोहलत मांगी। पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी के साथ धरना समाप्त किया।

भाजयुमो पदाधिकारियों का कहना था कि दक्षिण दरवाजा स्थित एक अस्पताल में एक्स-रे टेक्नीशियन बकायदा मरीजों का इलाज कर रहा है और वह सर्जरी भी कर रहा है। इसके खिलाफ पिछले आठ माह से लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अस्पताल के दबाव में गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायत को दबा दिया जा रहा है। विभाग अपने स्वार्थ में आम जनमानस के स्वास्थ्य व जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सीएमओ के घेराव के सामने पदाधिकारी काफी आक्रोशित दिखे। नगर अध्यक्ष आलोक पांडेय, प्रदीप चौधरी, सर्वेश शर्मा, राजन कन्नौजिया, पल्लव श्रीवास्तव, अतुल भट्ट, विशाल गुप्ता, आदित्य त्रिपाठी, सौरभ गोस्वामी, अरशद खान, साकिब पठान, सिगम श्रीवास्तव, आकाश, अर्जुन कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।



सीएमओ से उनके चैंबर में घेराव के बाद वार्ता करते भाजयुमो पदाधिकारी।

## सीएमओ ने गठित की चार सदस्यीय जांच टीम

एक्स-रे टेक्नीशियन के सर्जरी करने के आरोपों की जांच के लिए सीएमओ डॉ. राजीव निगम ने डॉ. एएन त्रिगुण की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम में फिजीशियन व सर्जन को रखा गया है। टीम से कहा गया है कि वह जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। माना जा रहा है कि टीम की जांच में सच्चाई सामने आ सकती है। स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत व सर्जरी के लिए अधिकृत उक्त अस्पताल पर आरोप है कि वहां सर्जन की जगह अनाधिकृत व्यक्ति सर्जरी व इलाज कर रहा है। इसकी कई बार जांच नोडल अधिकारी डॉ. एसबी सिंह की ओर से की जा चुकी है। नोडल अधिकारी की ओर से अस्पताल को क्लीन चिट मिलने के बाद अस्पताल का संचालन होता रहा है।

# मंदिर और मस्जिदों पर लगे अवैध लाउडस्पीकरों को नवागत तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे ने नीचे उतवाया

**दैनिक वैचारिक तूफान**

बस्ती में धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध लाउडस्पीकरों के खिलाफ पुरानी बस्ती थानें के नवागत तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे द्वारा विशेष अभियान राजा मैदान और गोसिया मस्जिद पहुंचे पुरानी बस्ती थानें के तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे और दक्षिण दरवाजा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश त्रिपाठी ने अभियान चलाया गया पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के आदेश पर संचालित इस अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग की गई अभियान के दौरान मंदिरों मस्जिदों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच की गई जांच में मानक के विपरीत और अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकर पाए जाने पर इन्हें आपसी सहमति से हटवाया गया जहां लाउडस्पीकर मानक से अधिक तेज आवाज में पाए गए वहां आवाज



को तुरंत कम कराया गया और निर्धारित मानक के भीतर ही संचालन के निर्देश दिए गए पुलिस ने स्पष्ट किया कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन अनिवार्य है और धार्मिक स्थलों पर भी लाउडस्पीकर तभी चलाए जाएं जब वे निर्धारित सीमा के भीतर हों अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने लोगों को ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव और नियमों के पालन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय स्तर पर पुलिस की पहल की सराहना की जा रही है क्योंकि इससे कई स्थानों पर ध्वनि प्रदूषण में कमी आने की उम्मीद है।

# थानाध्यक्ष शंशाक कुमार सिंह को मिला दुबौलिया थानें का कमान

वैचारिक तूफान संवाददाता



**बस्ती** । जिले के दुबौलिया थानें के नवागत तेजतर्रार थानाध्यक्ष शंशाक कुमार सिंह को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने दुबौलिया थानें का थानाध्यक्ष शंशाक कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों से औपचारिक परिचय प्राप्त किया इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थितियों की जानकारी ली और क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए कई दिशा निर्देश जारी किए दुबौलिया थानें के नवागत तेजतर्रार थानाध्यक्ष शंशाक कुमार सिंह ने बैठक के दौरान कहा कि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखना और आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास कायम करना उनकी प्राथमिकता होगी उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों या अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा गरीब और असहाय लोगों को न्याय दिलाना तथा शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का पालन करना उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा दुबौलिया थानें के नवागत तेजतर्रार थानाध्यक्ष शंशाक कुमार सिंह साहू ने आमजन से अपील की कि वे क्षेत्र की घटनाओं की सही जानकारी देकर पुलिस की मदद करें ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही शांति और सुरक्षा का वातावरण बन सकता है बताया जा रहा है कि दुबौलिया थानें के नवागत तेजतर्रार थानाध्यक्ष शंशाक कुमार सिंह की गिनती बस्ती जिलें के तेजतर्रार और निष्पक्ष पुलिस अधिकारियों में होती है पूर्व में भी विभिन्न थानों पर उनके कार्यकाल की सराहना हुई है इसी कार्यशैली को देखते हुए बस्ती जिले के

# गैंग्सटर समेत तीन वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बस्तीः जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत रुधौली क्षेत्र की मुंडेरवा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने गैंग्सटर समेत तीन वांछितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गैंग्सटर सलमान पुत्र अकरम निवासी अंडा को दिकतौली मोड़ से पकड़ा है। आरोपित के कब्जे से असलहा व कारतूस भी बरामद किए गया हैं। गैंग्सटर सलमान पर हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत लगभग छह से अधिक संगीन मामले मुंडेरवा व लालगंज थाने में दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि वांछित गैंग्सटर मुंडेरवा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। कई मामलों में फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद



गिरफ्तार गैंग्सटर सलमान • जागरण

मिलेगी। संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा वारंटी ओंकार व उसके भाई निरंकार निवासी बढौनी शिवपुर थाना मुंडेरवा को गिरफ्तार किया गया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पत्नी की हत्या के अभियुक्त को सात वर्ष की कैद

जागरण संवाददाता, वस्तीः अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जेबा ने दहेज हत्या के मामले में अभियुक्त पति गुड्डू उर्फ उदयशंकर चौधरी को सात वर्ष कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। पीड़ित रामजस पड़ियापार, मुंडेरवा निवासी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी सरोजा देवी की शादी पांच मई 2018 को गुड्डू के साथ हुई थी, जिससे एक बेटी भी है। 17 मई 2022 को गुड्डू ने दहेज के लिए सरोजा की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद गुड्डू को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अभियोजन का पक्ष शासकीय अधिवक्ता राघवेश प्रसाद पांडेय और दिलीप कुमार सिंह ने रखा।

# पुलिस की नौकरी सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी : अभिनन्दन





पुलिस लाइन के नवनिर्मित वशिष्ठ सभागार में रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते एसपी अभिनन्दन संग में सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह, सीओ कलवारी प्रदीप त्रिपाठी व रिक्रूट आरक्षियों के बीच एसपी अभिनन्दन • सौ.पुलिस मीडिया सेल

- एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया
- नव आरक्षियों के साथ आयोजित हुआ सैनिक सम्मेलन
- पुलिस लाइन में नवनिर्मित वशिष्ठ सभागार का शुभारंभ

जागरण संवाददाता, वस्तीः राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस लाइन बस्ती में उच्चीकृत एवं नवीनीकृत वशिष्ठ सभागृह का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने सोमवार को किया। इस अवसर पर नवनिर्मित वशिष्ठ सभागार में विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे करीब पौने दो सौ रिक्रूट आरक्षियों ने हिस्सा लिया। एसपी ने उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें जनसेवा तथा कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। नए रंगरूटों से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी रिक्रूट आरक्षियों से उनका परिचय प्राप्त किया और उनके प्रशिक्षण अनुभवों के बारे में जानकारी ली।

एसपी ने कहा कि पुलिस की नौकरी केवल एक सेवा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। आप सभी को पूरी ईमानदारी व समर्पण के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना चाहिए। रिक्रूट आरक्षी पुलिस बल की नई रीढ़ हैं। जनता की सेवा करना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। वर्दी का सम्मान बनाए रखें और किसी भी परिस्थिति में धैर्य न खोएं। अपनी ड्यूटी के दौरान दृढ़ता, गतिशीलता और सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। एसपी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये रिक्रूट आरक्षी भविष्य में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर पुलिस विभाग का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रीय गीत के इस विशेष अवसर पर देशभक्ति का संदेश भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह, सीओ कलवारी प्रदीप त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश पटेल समेत रिक्रूट आरक्षी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### प्रमुख निर्देश और चर्चा के विषय

एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों से उनकी व्यक्तिगत और विभागीय समस्याओं के बारे में भी पूछा और संबंधित अधिकारियों को तत्काल उनके निराकरण के निर्देश दिए। सैनिक सम्मेलन में मुख्य रूप से पुलिस का जनता के प्रति सौम्य और सहयोगी व्यवहार रखने की नसीहत दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कानूनों और प्रक्रियाओं को ड्यूटी पर सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया। शारीरिक और मानसिक फिटनेस बनाए रखने तथा उच्च स्तर का अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

### प्रशिक्षित यातायात पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रमाण पत्र

पुलिस लाइन परिसर में यातायात प्रशिक्षण समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में हाल ही में नियुक्त नए पुलिस कर्मियों को उनके यातायात प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में शामिल रिक्रूट आरक्षियों को यातायात नियमों, वाहन चालक प्रशिक्षण एवं आपातकालीन प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ज्ञान प्रदान किया गया।

# अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, बस्ती: बस्ती जिले में मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने आठ व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है। रुधौली की चन्द्रभानपुर निवासी शहिना खातून ने ग्राम बरगदवा के अब्दुल रहीम पर रंजिश के चलते पिटाई का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना लालगंज के कोप गांव में हुई, जहां अनिल कुमार मिश्रा को रंजिश के चलते केशवराम, लक्ष्मी, सुभावती समेत चार लोगों ने घायल कर दिया। तीसरी घटना पैकोलिया के दुबौलिया जीतीपुर गांव में हुई, जहां भूमि विवाद के चलते रामजगत को ओमप्रकाश, राजेंद्र प्रसाद और बसंत वर्मा उर्फ मंटू ने मारपीट कर घायल किया। पुलिस छानबीन आरंभ कर दी है।

# दिल्ली में बम विस्फोट के बाद जनपद में हाई अलर्ट

जागरण संवाददाता, बस्ती: राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के निकट हुए भीषण बम विस्फोट के बाद बस्ती जनपद में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस घटना के बाद डीआइजी संजीव त्यागी और एसपी अभिनन्दन ने जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है।

सोमवार शाम को हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन ने तुरंत चौकसी बढ़ा दी। दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया है। जिले के संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गांधीनगर बाजार, शॉपिंग मॉल और धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।



दिल्ली में बम विस्फोट की घटना को देखते में शहर में पैदल गश्त करते बाएं से डीआइजी संजीव त्यागी, डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना, एसपी अभिनन्दन, आयुक्त अखिलेश सिंह • सौ.किशन

होटलों और लॉज की सघन जांच शुरू कर दी गई है ताकि कोई संदिग्ध व्यक्ति पनाह न ले सके। एंटी-बम स्क्वाड को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है और संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी प्रवेश और निकास मार्गों पर स्थायी नाकेबंदी कर पुलिस पिकेटिंग की जा रही है। जनपद में आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन की सघन जांच की जा रही है। पुलिसकर्मी वाहनों के दस्तावेजों और चालकों-यात्रियों के पहचान पत्रों की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी पुलिसकर्मी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें और अपनी ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही न बरतें। पुलिस की इंटेलिजेंस विंग को भी सक्रिय कर दिया गया है। स्थानीय खुफिया तंत्र संदिग्ध तत्वों की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी बढ़ाई गई है। रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी और आरपीएफ को भी यात्रियों और उनके सामान की जांच के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है।

> दिल्ली की घटना के बाद शासन के निर्देश पर जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। हमने सुरक्षा के सभी उपाय लागू कर दिए हैं। सभी नागरिकों से अपील है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।
>
> अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक, बस्ती

# दहेज हत्या के केस में पति को सात वर्ष की सजा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अदालत से**

**बस्ती।** अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय जेबा की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति गुड्डू उर्फ उदयशंकर निवासी जिगना देव, थाना लालगंज को सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर उसे दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

शिकायतकर्ता रामजस निवासी पड़ियापार, थाना मुंडेरवा ने प्राथमिकी में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सरोजा देवी का विवाह 5 मई 2018 को गुड्डू उर्फ उदयशंकर से किया था। विवाह में अपनी सामर्थ्य के अनुसार एक लाख रुपये नकद, आभूषण, कपड़े, बिस्तर, अलमारी, सोने की चेन व अन्य घरेलू सामान दिया गया था। शादी के बाद कुछ दिन सब ठीक रहा, लेकिन अभियुक्त दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर विवाद करने लगा। इस पर शिकायतकर्ता की पुत्री ने अपने पिता और मामा को कई बार सूचित किया कि उसे प्रताड़ित किया जा रहा है।

17 मई 2022 को दोपहर लगभग 2 बजे, दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर अभियुक्त ने अपनी पत्नी सरोजा देवी की बुरी तरह पिटाई की और बाद में उसकी हत्या कर दी।

इसके बाद उसने घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। मामले की विवेचना के दौरान गवाहों के बयान, साइट प्लान व अन्य साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। अदालत ने साक्ष्यों को गंभीर मानते हुए अभियुक्त को दोषी पाया और दहेज हत्या अधिनियम के तहत सजा सुनाई।

# भाजयुमो ने सीएमओ कार्यालय घेरा

## अवैध तरीके से संचालित अस्पताल पर कार्रवाई न करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के एक निजी अस्पताल को बचाने का स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए भाजयुमो के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में सीएमओ का उनके चैंबर में घेराव कर प्रदर्शन किया। चैंबर के अंदर घुसकर पदाधिकारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि अधिकारी गलत तरीके से संचालित एक निजी अस्पताल को बचाकर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

सीएमओ डॉ. राजीव निगम ने भाजयुमो पदाधिकारियों से कार्रवाई के लिए दो दिन की मोहलत मांगी। पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी के साथ धरना समाप्त किया कि अगर कार्रवाई नहीं होती है तो व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। भाजयुमो पदाधिकारियों अमित गुप्ता और नगर अध्यक्ष आलोक पांडेय का कहना था कि दक्षिण दरवाजा स्थित एक अस्पताल में एक्स-रे टेक्नीशियन बाकायदा मरीजों का इलाज कर रहा है और वह सर्जरी भी कर रहा है।

इसके खिलाफ पिछले आठ माह से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन अस्पताल के दबाव में गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायत को दबा दिया जा रहा है। विभाग अपने स्वार्थ में आम जनमानस के स्वास्थ्य व जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सीएमओ के घेराव के सामने पदाधिकारी काफी आक्रोशित दिखे।

इस दौरान पल्लव श्रीवास्तव, अतुल भट्ट, प्रियांशु तिवारी, उज्जवल सिंह, संदीप तिवारी, राजू गौड़, अवधेश उपाध्याय, प्रदीप चौधरी, सर्वेश शर्मा, राजन कन्नौजिया व अन्य उपस्थित रहे।



सीएमओ का घेराव करते भाजयुमो कार्यकर्ता। संवाद

### सीएमओ ने गठित की चार सदस्यीय जांच टीम

एक्स-रे टेक्नीशियन के सर्जरी करने के आरोपों की जांच के लिए सीएमओ डॉ. राजीव निगम ने जिला अस्पताल के सीनियर चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम में फिजिशियन व सर्जन को रखा गया है। टीम से कहा गया है कि वह जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। माना जा रहा है कि टीम की जांच में सच्चाई सामने आ सकती है। स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत व सर्जरी के लिए अधिकृत उक्त अस्पताल पर आरोप है कि वहां सर्जन की जगह अनाधिकृत व्यक्ति सर्जरी व इलाज कर रहा है। इसकी कई बार जांच नोडल अधिकारी डॉ. एसबी सिंह की ओर से की जा चुकी है। नोडल अधिकारी की ओर से अस्पताल को क्लीन चिट मिल जाने के बाद अस्पताल का संचालन होता रहा है।

# वाहन की टक्कर से शिक्षक गंभीर

**कप्तानगंज (हरैया)।** हरैया थाना क्षेत्र के रजौली गांव के पास सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

**हरैया क्षेत्र के रजौली गांव के पास हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मेढ़उवा गांव निवासी विनोद कुमार यादव (35) कप्तानगंज कस्बे के एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। सोमवार सुबह वे अपनी बाइक से स्कूल जा रहे थे। सुबह करीब 8:30 बजे रजौली गांव के पास पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर एक जानवर से टकरा गई, जिससे शिक्षक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिक्षक को सीएचसी कप्तानगंज में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें क्रमशः जिला अस्पताल और फिर बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया। संवाद

# दिल्ली में धमाके के बाद अलर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

**बस्ती।** दिल्ली के लाल किला के मेट्रो स्टेशन के पास कार में धमाके के बाद जिले में अलर्ट है। बस्ती रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ा दी गई। सोमवार की देर शाम आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर भी संदिग्धों की तलाशी ली गई।

चेकिंग अभियान देखकर रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्री चौकन्ना हो गए। उधर, जिले के संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस नजर बनाए हुए है।

चेकिंग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर के बाहर भी चलाया गया। स्टेशन के बाहर मौजूद लोगों से पूछताछ करने के बाद उन्हें भगा दिया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर मिर्जा बेग ने बताया कि दिल्ली धमाके के बाद रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ा दी गई। देर रात कमिश्नर अखिलेश सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम कृतिका ज्योत्सना और एसपी अभिनंदन ने निरीक्षण किया।

# संतकबीरनगर में बीट व्यवस्था की बड़ी समीक्षा एसपी संदीप कुमार मीना ने आरक्षियों की बीट बुक खंगाली दिए सख्त निर्देश

वैचारिक तूफान संवाददाता



बस्ती संतकबीरनगर में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए संतकबीरनगर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सोमवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद बेलहरकला और मेंहदावल की बीट व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने आरक्षियों की बीट बुक का बारीकी से अवलोकन किया और उसमें दर्ज शिकायतों सूचनाओं तथा उनके निस्तारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की निरीक्षण के दौरान बीट अधिकारियों से सीधी बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यह स्पष्ट कर दिया कि बीट प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कोतवाली खलीलाबाद के बीट अधिकारी शिवम यादव और अरविन्द तिवारी थाना बेलहरकला के बीट अधिकारी रामभूषण पटेल और अमन कुमार तथा थाना मेंहदावल के बीट अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने आरक्षियों को आदेश दिया कि बीट क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों असामाजिक तत्वों, वांछित अभियुक्तों और वारंटियों पर निरंतर निगरानी रखी जाए क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और चौकसी बढ़ाने पर जोर दिया गया इसके साथ ही जनता के साथ सतत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया उन्होंने यह भी कहा कि बीट बुक प्रत्येक सूचना के साथ समय पर अपडेट होनी चाहिए ताकि किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी की अनदेखी न हो बीट प्रणाली को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ लागू करना ही जनविश्वास बनाए रखने की कुंजी है और किसी भी प्रकार की गैर जिम्मेदारी को क्षमा नहीं किया जाएगा।

# रिटायर्ड जज ने लगाया 10 लाख के गबन का आरोप, एसपी से शिकायत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** शहर में जीआईसी के पास संचालित सरदार पटेल स्मारक संस्थान के संरक्षक मंडल एवं प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य सेवानिवृत्त न्यायाधीश आद्या शरण चौधरी इस मामले की एसपी अभिनंदन से शिकायत की है। आरोप है कि बिना नया कार्य कराए पदाधिकारियों ने 10 लाख रुपये का खर्च दिखा दिया। मामले में एसपी से केस दर्ज कराने

सेवानिवृत्त जज का कहना है कि संस्थान का यूपी बड़ौदा बैंक और केनरा में खाता संचालित है। कुछ दिन पहले वर्तमान पदाधिकारियों ने यूपी बड़ौदा बैंक के खाते से 10 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से केनरा बैंक के खाते में ट्रांसफर किया। इसी ट्रांजेक्शन के आधार पर 10 लाख रुपये व्यय का प्रस्ताव 12 अक्तूबर की बैठक में पास करा लिया गया। उस प्रस्ताव पर अध्यक्ष के रूप में ओम प्रकाश चौधरी का हस्ताक्षर है। जबकि उनकी मृत्यु 17 जुलाई 2025 को हो चुकी थी।

इस संबंध में सरदार पटेल स्मारक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आरपी चौधरी का कहना है कि गबन का आरोप निराधार है। मामला मेरे कार्यकाल से पहले वर्ष 2024-25 का है। तब तत्कालीन अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी थे। 12 अक्तूबर 2025 को पिछले साल के आय-व्यय का सिर्फ ब्योरा प्रस्तुत किया गया था। प्रस्ताव नहीं पास हुआ था। सिर्फ एक से दूसरे खाते में रुपये ट्रांसफर का मामला है। यह गबन की श्रेणी में नहीं आता है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–11–11–2025




महादेव गजपुर गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। • हिन्दुस्तान

# चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया

**बिस्कोहर, हिन्दुस्तान संवाद।** त्रिलोकपुर थाने की मिशन शक्ति टीम ने सोमवार को क्षेत्र के महादेव गजपुर गांव में महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने मिशन शक्ति अभियान और साइबर अपराध से बचाव के विषय में जानकारी दी। थानाध्यक्ष रामदेव के नेतृत्व में टीम ने गांव में जन चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया गया।

# दीक्षान्त समारोह ज्ञान, परिश्रम और संकल्प का उत्सव : राज्यपाल

**कपिलवस्तु।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के नवम् दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में 29 छात्राओं व 8 छात्रों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुए है। ये पदक महिला सशक्तिकरण का मिसाल है। आज भी छात्राएं केवल कंधा से कंधा मिलाकर नही चलती बल्कि छात्रों से एक कदम आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य, देश के विकास और शिक्षा के महत्व पर केंद्रित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए कहा कि यह दिन ज्ञान, परिश्रम और संकल्प का उत्सव है, न कि सिर्फ उपाधि प्राप्त करने का अवसर। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें असाधारण काम करने का आह्वान किया। उन्होंने आत्मनिर्भरता, नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया तथा युवाओं से देश के विकास में योगदान देने का आग्रह किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दीक्षान्त समारोह सिर्फ उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का अवसर है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को दृ इच्छाशक्ति, अनुशासन और नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय को आईक्यू गेज रैंकिंग में गोल्ड पाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उस विश्वविद्यालय में भारी संख्या में विदेशी छात्र छात्राएं शामिल हो रहे है जो इस विश्वविद्यालय की बढ़ती ज्ञान का प्रमाण है, उन्होंने आवाहन किया कि ज्यादा ज्यादा रिसर्च पर कार्य करे। उन्होंने कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ा सकते है। ऐसी खेती कर सकते है जिसमे की कम जरूरत पड़े। अच्छी खेती के लिए किसानों के लिए वर्कशाप सेमिनार हो। दुधारू पशु लाइये, खेती बढ़ाइए, दुग्ध उत्पादन कीजिये, मां के नाम पर वृक्षारोपण करे। जो हमारे काम है वो जिम्मेदारी से पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा तो हमारा जीवन भी संतुलित रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की तीसरी अर्थ व्यवस्था बन रही है। भारत विश्व के मंच पर सर ऊंचा कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सन्देश दिया की सपने देखे पर सपनो को कर्म में बदलें।

## 29 छात्राओं एवं 8 छात्रों में राज्यपाल के हाथों मिला स्वर्ण पदक

नवम दीक्षांत समारोह राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्ष में सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली पंजाब के निर्देशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रही। इस बार के दीक्षान्त समारोह में 37 मेधावियों को कुलाधिपति / राज्यपाल के हाथों स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

दीक्षान्त समारोह की शुरुवात विद्वत पद यात्रा के साथ शुरू हुई। इसके पश्चात राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों 29 छात्राओं और 8 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। गोल्ड मेडल पाकर मेधावियों के चेहरे खिल गए तत्पश्चात सभी दीक्षोपदेश दिया गया। गोल्ड मेडल पाने वाले 37 विद्यार्थियों में 3 विद्यार्थियों ज्योति पासवान, सनी मिश्रा एवं तुसार चौधरी को तीन-तीन स्वर्ण पदक मिला व 5 विद्यार्थियों पुष्पलता यादव, अर्पिता शर्मा, शाम्भवी पाठक, निक्कू गुप्ता, सुरभी सिंह को दो-दो स्वर्ण पदक मिला। इसके साथ ही विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह उत्कर्ष की स्मारिका एवं वार्षिक आख्या एवं विश्वविद्यालय की समाचार बुलेटिन कैम्पस कनेक्ट समाचार पत्रिका का विमोचन हुआ व विश्वविद्यालय परिसर में बने दो ओपन जिम, भगवान बुद्ध की प्रतिमा, चंदन वाटिका, पद्मा सरोवर का लोकार्पण किया। इसके अलावा कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधा पौधरोपण किया।



जय मां भवानी... जय मां भवानी... जय मां भवानी... जय मां भवानी. फोटो : एसएनबी

कार्यक्रम के अंत मे कुलपति ने राज्यपाल एवं अतिथियो के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर पर कुलसचिव दीना नाथ यादव, कुल अनुशासक प्रो. दीपक बाबू, बस्ती मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, सांसद जगदम्बिका पाल, सदर विधायक श्यामधनी राही, शोहरतगढ़ विधायक विनय कुमार वर्मा, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य सल्लू साहनी, भाजपा कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, लालजी त्रिपाठी, सहित विश्वविद्यालय के समस्त विद्या परिषद एवं कार्य परिषद के सदस्य व विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी एवं अतिथिगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने बालिकाओं के टीकाकरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

पुलिस परिवार एवं कस्तूरबा बाई बालिका विद्यालय के 09-14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के निःशुल्क एच.पी.वी. वैक्सीनेशन कार्यक्रम में कुलाधिपति/महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने सभी के साथ प्रतिभाग किया। उन्होंने बच्चियों से वार्ता किया तथा टीकाकरण के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर 15 पुलिस परिवार से तथा 15 कस्तूरबा बाई बालिका विद्यालय के बच्चियों का टीकाकरण किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के बाहर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा, पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, कुल सचिव दीनानाथ यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया तथा अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में नवम् दीक्षान्त समारोह आयीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यरत पुलिस परिवार एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए आयोजित निःशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प में सहभागिता की एवं एक पेड़ माँ के नाम रोपित किया।

## शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ : प्रो. एके त्रिपाठी

**कपिलवस्तु।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली के निदेशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के नवम दीक्षान्त समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में विज्ञान शिक्षा की महत्वता, नयी दिशाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला तथा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में अनुभव साझा किया। प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और इंटरनेट एवं एआई जैसे आधुनिक चुनौतियों के बीच इसके विभिन्न आयामों पर मंथन करना आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देश के विकास में शिक्षा का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है और साथ मिलकर नयी दिशाएं तय करनी होंगी, ताकि भारत को विकसित और ऊँचा देश बनाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि ये स्वर्ण पदक तक आप सबको सीमित नहीं रहना है, आने वाले समय में और भी ऊंचाइयों को छूना है। अपनी क्षमता और ज्ञान का उपयोग परिवार, समाज, और देश की गौरव बढ़ाने में करें। उन्होंने कहा कि अपनी लर्निंग की क्षमताओं को बढ़ाना होगा आधुनिकता के युग में नए टेक्नोलाजी का दौर आया है और हमे इसके लिए तैयार रहना होगा क्योंकि आने वाला समय में ज्ञान विज्ञान के नए आयाम उदित हो रहे है। जिसके लिए सतत शिक्षा ग्रहण करते रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कालानमक की खुश्बू की तरह सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का भी ज्ञान भी राष्ट्रीय पटल पर प्रकाशित करेगा।



समारोह को संबोधित करतीं राज्यपाल, मुख्य अतिथि, मंत्री व कुलपति।

## बेटियों का शिक्षा मे लगातार प्रतिशत बढ़ना ही बदलता भारत है : रजनी तिवारी

**कपिलवस्तु।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के नवम् दीक्षान्त समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दीक्षान्त समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि यह जीवन में नई दिशा प्राप्त करने का दिन होता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं को आत्मनिर्भर और नवाचार की दिशा में अग्रसर कर रही है। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का उपयोग समाज के उत्थान और देश की प्रगति के लिए करना चाहिए। उन्होंने मेधावियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज से आप सब की जिम्मेदारियां शुरू हो रही है। अपनी ज्ञान, संस्कार, दृ शक्ति, स्किल, अच्छा-विचार से स्वयं के साथ साथ आसपास को भी प्रकाशित करेंगे। आगे और चुनौतियां आएंगी लेकिन सार्थक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा और परिवार, समाज व देश के लिए कुछ करके दिखाना होगा। आप यहां से निकलकर एंव सपनो का उड़ान भरेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। यहां शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों का प्रतिशत बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है यही बदलता भारत है। उन्होंने कहा कि यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश शिक्षा का हब बन गया है 2047 तक हमारा देश विकसित भारत बनेगा। हमारे देश की बेटियां देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य कर रही है। यही है विकसित भारत।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के नवम दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षान्त केवल उपाधि प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि जीवन में नयी जिम्मेदारियों की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि डिग्री एक प्रमाणपत्र मात्र नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का प्रतीक है।

कुलपति प्रो. शाह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण और देश की प्रगति के लिए करें। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में विश्वविद्यालय कई नए कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में सीखने की प्रक्रिया को कभी समाप्त न करें, क्योंकि सीखना ही जीवन का सार है। प्रो. शाह ने सभी मेधावियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान और संस्कारों से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें।



लोकार्पण व विमोचन करती राज्यपाल व अतिथिगण।

# शोधार्थी गांवों में बदलते आयाम पर अध्ययन करें : आनंदीबेन



- सिद्धार्थ विवि के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल
- 37 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। विश्वविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों को गांवों में जाकर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शोध तभी सार्थक है, जब वह जमीन से जुड़ा हो। इसलिए शोधार्थियों को गांवों में जाकर अपने विषय के संदर्भ में बदलते सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक आयामों पर अध्ययन करना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के नवम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सिद्धार्थनगर को भगवान बुद्ध की तपस्थली बताते हुए कहा कि यहां के कण-कण में तप, तपस्या और करुणा व्याप्त है। उन्होंने हेलिकॉप्टर से आते समय जिले में बड़ी संख्या में खाली पड़ी जमीनें देखने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में कम पानी वाली या उपजाऊ न मानी जाने वाली भूमि पर भी बेहतर खेती संभव है। इसके लिए कृषि क्षेत्र में शोध से जुड़े एक्सपर्ट लोगों को गांवों में बुलाकर किसानों को नई तकनीक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देनी चाहिए। ग्रामीण विकास, कृषि सुधार और सामाजिक उत्थान से जुड़े शोध को प्राथमिकता दी जाए ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। दीक्षांत समारोह में 37 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इनमें से 32 बेटियां शामिल थीं। > संबंधित खबर P04

# यूपी में हाई अलर्ट: योगी ने धर्म स्थलों की सुरक्षा के निर्देश दिए



दिल्ली में धमाके के बाद गोरखपुर में बस स्टेशन का जायजा लेने पहुंचे डीएम और एसपी।

**लखनऊ, विसं।** लाल किले के पास धमाके के बाद पूरे यूपी में हाई अलर्ट कर दिया गया है। पूरे प्रदेश की नाकेबंदी कर चेकिंग शुरू की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए कि सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी जाए। हर प्रमुख स्थानों, रेलवे, बस स्टेशनों के पास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर हर आने-जाने वालों पर नजरें रखी जाए।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। दिल्ली धमाके के कुछ देर बाद प्रदेश के हर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी के साथ घटनाक्रम पर चर्चा कर प्रदेश के प्रमुख मंदिरों, खास स्थानों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए। डीजीपी राजीव कृष्ण ने वाराणसी, मथुरा, अयोध्या में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा में कोई लापरवाही न बरतने को कहा। एयरपोर्ट, रेलवे-बस स्टेशनों समेत सभी संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने के साथ अफसरों को भी सड़क पर निकलने को कहा। सभी पुलिस कमिश्नरों, कप्तानों के साथ आईजी रेंज, एडीजी जोन को भी लगातार मातहतों की सक्रियता परखते रहने को भी कहा। डीजीपी ने ध्यान रखने को कहा कि चेकिंग में किसी भी नागरिक को गैरजरूरी परेशान न किया जाए। एटीएस, क्विक रिस्पांस टीम, बम निरोधक दस्ते, डाग स्क्वाएड को भी अलर्ट मोड पर रखने को कहा गया है।

---

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने विस्फोट के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त, खुफिया ब्यूरो के निदेशक और केंद्रीय गृह सचिव से बात की। उन्होंने बताया कि तीनों शीर्ष अधिकारियों ने गृहमंत्री को घटना के बारे में जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एनएसजी के विशेषज्ञ और एनआईए के जांच अधिकारी विस्फोट स्थल पर पहुंच गए हैं। एनएसजी की टीम में विस्फोटक के विशेषज्ञ शामिल हैं, एनआईए की टीम में आतंकवादी मामलों के अनुभवी जांच अधिकारी शामिल हैं।

# शोध, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण का माडल संस्थान बनें विश्वविद्यालय

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने नई शिक्षा नीति को आत्मनिर्भर भारत और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। सशक्त, स्वस्थ और शिक्षित बालिकाओं को सशक्त राष्ट्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि समय आ गया है जब विश्वविद्यालय केवल शिक्षा देने का केंद्र न रहकर शोध, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के माडल संस्थान बनें। सोमवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में पहुंचीं कुलाधिपति ने छात्र-छात्राओं को पदक भी प्रदान किए।



दीक्षा समारोह को संबोधित करती कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ●जागरण

समारोह की अध्यक्षता कर रहीं राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि एक समय था जब भारत अमेरिका से डरता था, लेकिन आज भारत विश्व मंच पर आत्मविश्वास से खड़ा है। अमेरिका जैसे देश अपने कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थ हैं, जबकि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज का भारत किसी का अनुसरण नहीं करता, बल्कि दुनिया को दिशा दे रहा है। नई शिक्षा नीति भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह सपना जनअभियान का रूप ले चुका है। यह सपनों का नहीं, बल्कि संकल्प और नवाचार का भारत है। मिसाइल प्रक्षेपण, अंतरिक्ष, रक्षा और महिला सशक्तीकरण में देश ने अद्भुत प्रगति की है। कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में भारत का ध्वज लहराया, तो बेटियों ने क्रिकेट विश्वकप जीतकर इतिहास रचा। राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हेलीकाप्टर से सिद्धार्थनगर आते समय जगह जगह हरियाली दिखी, वहीं यहां की धरती सूनी नजर आई।

**संबंधित खबर** >> पेज 5, 6 व 7

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को सात वर्ष का कारावास

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार की न्यायालय ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में निर्णय सुनाया। आरोपित को दोषसिद्ध पाते हुए सात वर्ष कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियुक्त का नाम गोंडा के खोड़ारे थाना के इटवा खुर्द के सुजीत है।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट पवन कुमार कर पाठक ने न्यायालय को बताया कि भवानीगंज थाना के एक गांव निवासी नाबालिग के पिता ने 31 जुलाई 2016 को तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि 14 वर्षीय पुत्री को दिन में करीब दो बजे अभियुक्त का साथी बहला-फुसला कर भगा ले गया है। उसे अभियुक्त के साथ कहीं भेज दिया है। पहले पुत्री को अपने स्तर से तलाश किया, नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी है। भवानीगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। नाबालिग को खोज निकाला और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने साक्ष्य व गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित को दोषसिद्ध पाते हुए कारावास की सजा सुनाई।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप, पति समेत पांच पर केस दर्ज

जासं, बांसी : दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता को ससुरालवालों ने मारपीट कर घर से भगा दिया। विवाहिता ने थाने में तहरीर देकर ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। मामला डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम अमौना पांडेय का है। पथरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसई खुर्द निवासी गबोधर यादव ने अपनी बेटी सरिता की शादी डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम अमौना पांडेय निवासी सनोज यादव पुत्र शिवपाल यादव से 2024 में की थी। दो माह बाद ससुराल वाले सरिता के घर वालों से एक लाख रुपये की मांग करने लगे। पैसा न देने पर सरिता के पति सनोज, ससुर शिवपाल, सास दुर्गावती, देवर मनोज व अनुज उसे पीटने लगे।

# लाल किले के पास विस्फोट को लेकर जनपद में बढ़ी सतर्कता

## सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त हुई तेज

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : नई दिल्ली के लाल किले के पास वैन में हुए विस्फोट के बाद जनपद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने सीमाई इलाकों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक विशेष चौकसी बरतने के निर्देश जारी किए हैं। जिले की सीमाओं पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीमों को सतत गश्त और निगरानी में लगाया गया है।



सिहेश्वरी मंदिर के पास वाहनों की चेकिंग करती सदर थाना पुलिस • जागरण

पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन ने बताया कि दिल्ली की घटना को संज्ञान में लेते हुए सभी थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीमावर्ती थाना लोटन, मोहाना, कपिलवस्तु, चिल्हिया, शोहरतगढ़ और ढेबरुआ को सीमा पार गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जिले में भी सतर्कता बढ़ा दी गयी है। पुलिस और एसएसबी की टीमें संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ले रही हैं तथा वाहनों की गहन जांच की जा रही है। इसके साथ ही जिले के रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सार्वजनिक स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी तेज कर दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है, वहीं होटल, लाज और सरायों में ठहरे यात्रियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

एसपी ने कहा कि जिले में पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ थी, लेकिन एहतियात के तौर पर अब चौकसी और बढ़ा दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# बच्चियों का कैंसर से बचाव करेगा एचपीवी टीका : कुलाधिपति

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह से पूर्व राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया। इस दौरान 200 बच्चियों को कैंसर से बचाव के लिए निश्शुल्क टीका लगाया गया।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र पर पुलिस परिवार एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की नौ से 14 वर्ष आयु की बालिकाओं का निश्शुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन किया गया। कुलाधिपति ने बच्चियों से वार्ता की और टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा स्वास्थ्य केंद्र परिसर के बाहर पौधरोपण किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपति प्रो. कविता शाह, आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश कुमार सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसपी डा. अभिषेक महाजन, सीडीओ बलराम सिंह, कुल सचिव दीनानाथ यादव, सीएमओ डा. रजत कुमार चौरसिया उपस्थित रहे।

### दीक्षा समारोह में नहीं दिखे पूर्व कुलपति

सिद्धार्थनगर : विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षा समारोह में पूर्व कुलपति प्रो. हरिबहादुर श्रीवास्तव, प्रो. सुरेंद्र दुबे अनुपस्थित रहे। सबसे अधिक चर्चा विश्वविद्यालय की स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले प्रो. रजनीकांत पांडेय की गैरमौजूदगी को लेकर चर्चा रही।

# रिसर्च का उद्देश्य समाजसेवा हो, औपचारिकता नहीं : आनंदीबेन

## कुलाधिपति बोलीं, शोध तभी सार्थक जब जनजीवन से जुड़े परिणाम आएं, गांवों में जाकर महिलाओं और युवाओं की समस्याओं पर करें अध्ययन

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के दीक्षा समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकारें शोध पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, लेकिन रिसर्च तभी सार्थक है, जब उसका लाभ समाज तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिकता के लिए किए जाने वाले शोध अब स्वीकार्य नहीं होंगे।

दीक्षा समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षकों और शोधार्थियों को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि गांवों में जाकर वास्तविक समस्याओं पर कार्य करना चाहिए। ग्रामीण महिलाओं, गर्भवतियों, युवाओं और किसानों के जीवन से जुड़े मुद्दों पर प्रोजेक्ट तैयार किए जाने चाहिए। कुलाधिपति ने कहा कि ग्रामीण भारत में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। फसलों में नवाचारों का अध्ययन कर किसानों तक उसकी जानकारी पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अब कम पानी में गन्ना और अन्य फसलों की खेती संभव है। ऐसे शोधकर्ताओं को पुरस्कार किसानों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय प्रत्येक शनिवार और रविवार को विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के पास दो बसें हैं, जिनसे हर सप्ताह 100-100 छात्रों को नेपाल और अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कराया जा सकता है। इससे छात्रों का भौगोलिक ज्ञान और व्यावहारिक समझ दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब उसका प्रभाव समाज में दिखाई दे। विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि दीक्षा केवल उपाधि प्राप्ति का दिन नहीं, बल्कि कर्तव्यबोध का उत्सव है। यह पावन धरती भगवान बुद्ध की भूमि है, जहां के कण-कण में करुणा और मानवता का संदेश गूंजता है। राज्यपाल ने स्नातक उपाधिधारकों, मेडल प्राप्तकर्ताओं और पीएचडी सम्मानित विद्वानों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी मेधा और ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें।

समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइआइएसईआर) मोहाली, पंजाब के प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उनके शोध कार्य यह प्रमाणित करते हैं कि वैज्ञानिकता केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के कल्याण से भी जुड़ी है। कुलाधिपति ने बताया कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में अब तक 53986 उपाधियां डिजी-लाकर में सुरक्षित की जा चुकी हैं। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि इस वर्ष 37 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, जिनमें 32 मेडल बालिकाओं को मिले हैं। यह दर्शाता है कि भारत की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मेडल वितरण के दौरान उन्होंने कई अभिभावकों से बातचीत की। अधिकांश ने विषम परिस्थितियों में अपनी बेटियों को पढ़ाया है। ऐसे में गोल्ड मेडल प्राप्त करना महिला सशक्तीकरण की उज्ज्वल मिसाल है। अनेक अवसरों पर भारत की बेटियों ने देश का मान बढ़ाया है, यह सफलता उसी का प्रमाण है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र-छात्राओं की भी सराहना की। उन्होंने मेडल की छात्रा ज्योति पासवान का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी मां ने पति के निधन के बाद कठिन परिस्थितियों में भी बेटी को शिक्षित किया। आज ज्योति ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपनी मां के संघर्ष को सार्थक किया है। कुलाधिपति ने सभी मेधावियों से कहा कि वे निरंतर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही यह पिछड़ा क्षेत्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने एक प्रेरक उदाहरण देते हुए कहा कि गुजरात की गिर गाय 18-20 लीटर दूध देती है। उन्होंने बलिया के तीन किसानों को ऐसी गायें उपलब्ध कराई हैं। आज वहां लोग देखने आते हैं कि उनके गोबर से खेती में किस तरह सुधार हो रहा है।

समारोह में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, सांसद जगदम्बिका पाल, प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय, विधायक विनय वर्मा, विधायक श्यामधनी राही, मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह, डीआइजी संजीव त्यागी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसपी डा. अभिषेक महाजन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षा समारोह में मेधावी को गोल्ड मेडल पहनातीं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल साथ में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपति प्रो. कविता शाह और मुख्य अतिथि प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी • जागरण

Rahat® HERBAL
जब दर्द है, तो नूरामेन्ट है ना !

## एचपीवी वैक्सीनेशन का राज्यपाल ने किया निरी

सिद्धार्थनगर। पुलिस विभाग व कस्तूरबा बाई बालिका विद्यालय की 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के निशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने निरीक्षण किया। इस दौरा उन्होंने बच्चियों से बातचीत भी की। टीकाकरण के बारे में भी जानका दी। इस दौरान 15 पुलिस परिवार और 15 कस्तूरबा बाई बालिका विद्यालय की बच्चियों का टीकाकरण किया गया। इसके पश्चात राज

## भाकियू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

बांसी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने सोमवार को बीडीओ बांसी कृतिका अवस्थी को ज्ञापन सौंपकर किसानों व ग्रामीणों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष संपूरन की अध्यक्षता में सौंपे ज्ञापन में किसान यूनियन की ओर से ब्लॉक परिसर स्थित पिंक शौचालय की दुर्दशा की ओर अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बांसी बीज गोदाम पर खाद-बीज वितरण में धांधली का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में ठंड के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने की मांग की गई। संवाद

# रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल, दो सिपाही निलंबित

## आर्केस्ट्रा के विवाद में छोड़ने के लिए पांच हजार रुपये प्रति व्यक्ति लगाया था रेट

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाने के दो हेड कांस्टेबल का ऑर्केस्ट्रा के विवाद में पांच और उपयोग को छोड़ने को लेकर पांच हजार रुपये प्रति व्यक्ति वसूली की बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने दोनों हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही क्षेत्राधिकारी को मामले की जांच सौंपी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### चिल्हिया थाने का बताया जा रहा वीडियो, महादेव गांव में हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के महादेव गांव में कुछ दिन पहले ऑर्केस्ट्रा में विवाद का मामला सामने आया था। इसमें नौ लोगों के नाम से थाने में तहरीर पड़ी थी। इस मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति गोपनीय तरीके से पुलिस कर्मियों की बातचीत को रिकॉर्ड कर रहा है, उनसे बातचीत में पूछ रहा है कि नाम निकालने का कितना रुपया लेंगे। दो सिपाही कैमरे में बात करते हुए कैद हो रहे हैं। पहले 30 हजार रुपये बता रहे हैं। फिर 25 हजार पर पांच लोगों को छोड़ने की बात पक्की हो रही है।

पूरे घटनाक्रम का वीडियो कैद होने के बाद वह सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। कांस्टेबल का नाम वाहिद अली और पवन मौर्य है। वीडियो संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक महाजन ने दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही मामले की जांच के लिए क्षेत्राधिकारी को नामित किया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा मामले की जांच कराई जा रही है जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

**सिद्धार्थनगर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में साक्ष्यों के आधार पर एक अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसके ऊपर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। दोषी अभियुक्त अभियुक्त सुजीत कुमार गोंडा जनपद के खोड़ारे थाना क्षेत्र के इटवा खुर्द का रहने वाला है।

घटना भवानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की है जो 31 जुलाई 2016 को घटित हुई थी। अभियोजन कथानक के अनुसार, अवयस्क पीड़िता लड़की के पिता ने भवानीगंज पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए कहा कि 31 जुलाई 2016 को उसकी 14 वर्षीय लड़की को दिन में करीब दो बजे उमेश, निवासी ग्राम इटवा थाना खोडारे, गोंडा बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

वह अपनी लड़की को तलाश करता रहा तो पता चला कि उसकी लड़की को सुजीत कोहार, निवासी ग्राम इटवा, थाना खोड़ारे, गोंडा के साथ भेज दिया है। दोनों मिलकर वादी की लड़की को भगाए हैं और उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए निवेदन किया। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू की और लड़की को बरामद करते हुए अभियुक्त सुजीत को गिरफ्तार कर लिया।

विवेचना के बाद अवयस्क लड़की को बहला-फुसला कर अपहरण करने, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और दलित उत्पीड़न के अपराध में अभियुक्त सुजीत के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने सुनवाई कर अभियुक्त को अपराधों का दोषी करार देते हुए उसे सजा सुनाई है।

न्यायालय ने आदेशित किया कि प्रतिकर की धनराशि का 90 फीसदी पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए।

# दिल्ली में धमाके के बाद बॉर्डर पर अलर्ट...चप्पे-चप्पे पर नजर

## दिल्ली में लाल किले के पास भीषण धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस अलर्ट मोड में, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और भीड़ वाले इलाकों में हुई जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** दिल्ली के लाल किले के पास दहला देने वाले धमाके ने पूरे देश को हिला दिया है। धमाके में आठ की मौत और कई लोगों के घायल होने की सूचना आने के बाद जनपद में हाई अलर्ट जारी हुआ है। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जहां पुलिस का पहरा सख्त हो गया है।

वहीं, नेपाल से लगने वाली सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और सीमावर्ती थानों की पुलिस भी अलर्ट मोड पर हैं। सीमा पर हर वाहन और व्यक्ति की चेकिंग के साथ संदिग्धों की जान शुरू कर दी गई है। होटल और ढाबों पर पुलिस की नजर है और सर्च अभियान शुरू हो गया है। देश की राजधानी में बड़े धमाके की वजह से सुरक्षा व्यवस्था को मुकम्मल करने में सुरक्षा एजेंसी के अलावा पुलिस बल के लोग भी अलर्ट मोड में आ गए हैं।

देश की राजधानी दिल्ली का दिल कहे जाने वाले लाल किला के पास मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-1 के पार्किंग में दहला देने वाले धमाके ने देश को हिला दिया। उसे धमाके के गूंज के असर से जनपद में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सोमवार रात सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर सिद्धार्थनगर पुलिस बैग, झोला, अटैची सहित गाड़ियों की चेकिंग की। संदिग्ध दिखने वालों से पूछताछ भी की गई। वहीं, पुलिस की अलग-अलग टीम कस्बों और मंदिरों पर जांच कर रही है। इसके अलावा होटल और ढाबों पर भी पुलिस की चेकिंग जारी है। हाल फिलहाल में होटल में ठहरने वाले लोगों की हिस्ट्री जानी जा रही है। रजिस्टर पलटे जा रहे हैं। इसके अलावा नेपाल से लगने वाली 68 किलोमीटर सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवान अलर्ट मोड में है, जहां मुख्य मार्गों पर आने वाले वाहनों और व्यक्तियों की जांच की जा रही है। वहीं गैर परंपरागत मार्गों पर मार्च बढ़ा दिया गया है। तेजी से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सीमा पार से आने वाले हर वाहन की घटा से चेकिंग का की जा रही है इलेक्ट्रॉनिक मशीन और डॉग स्क्वायड का भी सहारा लिया जा रहा है।

**ढेबरुआ** प्रतिनिधि के अनुसार नेपाल बॉर्डर पर बढ़नी में धमाके की जानकारी के बाद जांच और तेज की और दी गई एक-एक व्यक्तियों की जांच शुरू कर दी गई। बाइक की डिक्की खोलकर जांच की गई। झोला और बोरी देखा जा रहा है। इसके अलावा सर्च अभियान चल रहा है। इसी प्रकार से सीमावर्ती के खुनुवां बॉर्डर अलीगढ़वा बॉर्डर, बजहा, ककरहवा में भी सशस्त्र सीमा बल की टीम चेकिंग कर रही है। इसके अलावा सीमावर्ती थाने लोटन, मोहाना, कपिलवस्तु, चिल्हिया, शोहरतगढ़ और ढेबरुआ पुलिस की टीम भी अपने-अपने इलाके में वाहनों और होटल व ढाबा की जांच शुरू कर दी है।



बढ़नी बॉर्डर पर वाहनों और लोगों की जांच करते एसएसबी के जवान। संवाद



सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जांच करती पुलिस। संवाद



बढ़नी में वाहनों और लोगों की जांच करते एसएसबी के जवान। संवाद

जानकारी मिलते ही बॉर्डर पर अलर्ट कर दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल के साथ पुलिस की संयुक्त टीम लगातार जांच कर रही है। हर व्यक्ति की जांच हो रही है। होटल और ढाबों के अलावा भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस लगातार भ्रमण करके जांच कर रही है। जांच अभियान जारी रहेगा। अगर कोई संदिग्ध मिलता है तो पूछताछ करने के साथ कार्रवाई की जाएगी। बॉर्डर पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। **- डॉ. अभिषेक महाजन,** पुलिस अधीक्षक

### 68 किमी सीमा नेपाल से सटी

जनपद नेपाल बॉर्डर से लगा हुआ है। जिले की 68 किलोमीटर सीमा नेपाल बॉर्डर पर लगती है। यहां तस्करी के अलावा नेपाल में बैठकर देश विरोधी गतिविधियों के संचालित किए जाने के मामले का भी खुलासा जांच एजेंसियों ने पूर्व में किया है। नेपाल से पकड़े गए संदिग्धों ने सीमा पर बैठकर देश विरोधी गतिविधियों के संचालित किए जाने की बात कबूल की है। इसके बाद से सीमा की संवेदनशीलता और बढ़ गई है। देश में चुनाव और अन्य बड़े आयोजन पर जहां सीमा पर अलर्ट घोषित कर दिया जाता है। वहीं, देश में किसी प्रकार के आतंकी हमले या धमाके के बाद जिले को अलर्ट मोड पर रखकर चेकिंग और गश्त बढ़ा दी जाती है।

# पंचायत चुनाव : गांवों में बढ़े विवाद...शिकायतों की भरमार

## पूर्व में सरकारी धन के गबन के मामलों में कई ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों पर दर्ज हुए केस, दो गांव प्रधानविहीन

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच गांवों में आरोप-प्रत्यारोप के साथ ही शिकायतों का दौर शुरू हो चुका है। वर्तमान में जिले के 1136 ग्राम पंचायतों में से 100 से अधिक ग्राम पंचायतों में सरकारी धन के गबन के मामले की जांच जिला स्तरीय अधिकारियों की ओर से की जा रही है। वहीं दो ग्राम पंचायतों इटवा ब्लॉक के जनिकौरा व उसका ब्लॉक के महुलानी में गबन की पुष्टि के बाद प्रधान का अधिकार छीने जाने के बाद वहां पर त्रिसदस्यीय कमेटी संचालन कर रही है।

पंचायत चुनाव की आहट के बीच गांवों में प्रधान पद के संभावित दावेदारों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ आरोप लगाने के साथ ही अपना माहौल बनाने का अभियान चल पड़ा है। इसी के साथ वर्तमान प्रधान के विरुद्ध भी शिकायतों का सिलसिला तेज हो गया है, जिससे कई ग्राम पंचायतों में तनाव और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यहां तक कि कुछ स्थानों मारपीट की छिटपुट घटनाएं भी सामने आ रही हैं। शिकायतों की बात करें तो नौगढ़ ब्लॉक में 10 ग्राम पंचायत में शिकायत हुई, जिसमें पांच मामलों की जांच चल रही है। वहीं उसका, बर्डपुर व लोटन क्षेत्र में 11 से 15 ग्राम प्रधानों के विरुद्ध सरकारी धन के गबन की शिकायत हुई, जिसमें तीनों ब्लॉकों के 24 गांवों की जांच हो रही है। इसी तरह बढ़नी, शोहरतगढ़, जोगिया, बांसी, खेसरहा, मिठवल, भनवापुर, खुनियांव, इटवा, डुमरियागंज ब्लॉकों में भी ग्राम प्रधानों के विरूद्ध शिकायतों की लंबी फेहरिस्त है, जिसमें कई प्रधानों के विरुद्ध जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी मांग रहे ब्यौरा :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2026 में 25 मई से पहले कराए जाने हैं। फरवरी-मार्च में आचार संहिता लागू करने की योजना बनाई जा रही है। इससे पहले चुनावी तैयारी में जुटे दावेदार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर न सिर्फ पांच वर्ष में हुए विकास कार्य के बारे में पूछा जा रहा है बल्कि भ्रष्टाचार के बहाने में प्रधान को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। वक्त के साथ ही पंचायत चुनाव के आयाम भी अब बदल रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म अब न सिर्फ संवाद का मंच बन गया है बल्कि गांव से जुड़ी गतिविधियों को लेकर खुलकर सवाल भी उठा रहे हैं। पंचायती राज विभाग ने गत वित्तीय वर्ष 2023-24 से डिजिटलीकरण की पहल कर सभी को मानो डिजिटल हथियार दे दिया हो। अब पंचायत चुनाव में यह डिजिटल हथियार खूब रंग लाने वाला है। गांव के हर नागरिक को डिजिटल प्लेटफॉर्म ने मुखिया बना दिया है।

ग्राम पंचायतों में अनियमितता संबंधी जो भी शिकायतें मिल रही है, उनकी नियमानुसार निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। जहां जांच में अनियमितता की पुष्टि हो रही है, वहां पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। जहां शिकायत निराधार साबित होती है, वहां उसे बिना कार्रवाई निक्षेपित कर दी जाती है। **- बलराम सिंह,** मुख्य विकास अधिकारी

### 10 पर दर्ज हुआ केस, चार सचिव निलंबित

इटवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जनिकौरा गांव में मनरेगा से कराए गए 16 कार्यों व ग्राम निधि के 20 कार्यों का स्थलीय और अभिलेख की जांच की। ग्राम पंचायत में मनरेगा से कराए गए नाली निर्माण, धोबी तालाब की खोदाई व सफाई, तालाब खोदाई, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, खड़ंजा, मिट्टी के कार्य, मिनी सचिवालय में बाउंड्रीवाल, गेट निर्माण, नाली मरम्मत आदि कार्यों पर कुल 26 लाख 99 हजार रुपये के घपले की रिपोर्ट जांच टीम ने सौंपी थी। इसके बाद पुलिस ने चार सचिवों सहित नौ लोगों के खिलाफ गबन का मामला दर्ज किया था जबकि दो वर्ष में हुए गबन के दौरान यहां तैनात रहे चारों ग्राम पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया गया था। वर्तमान में शासन के निर्देश पर डीडीओ, एक मंडल स्तरीय अधिकारी व एक टेक्निकल अधिकारी द्वारा इस गांव का नए सिरे से जांच शुरू हो गई है।

### गबन में ग्राम प्रधान को भेजा गया जेल

बढ़नी ब्लाक के ग्रामपंचायत महादेव खुर्द में 2018-19 में तालाब की खुदाई में बरती गई। लगभग दो लाख रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितता के मामले में तत्कालीन ग्राम प्रधान को जेल भेजा जा चुका है। मौजूदा समय में वह जमानत पर बाहर हैं। सहायक निबंधक सहकारी समितियां व सहायक अभियंता जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के जांच के दौरान यह पता चला कि मनरेगा के तहत बिना कार्य कराए दो लाख 11 हजार 925 रुपये का भुगतान करना लिया गया है, जिसके बाद जिलाधिकारी ने तत्कालीन ग्राम प्रधान के विरुद्ध गबन की गई 33.33 प्रतिशत की वसूली के निर्देश दिए थे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः–11–11–2025

# मदरसा में मिशनशक्ति के तहत बालिकाओं के किया गया जागरूक

महुली (एसएनबी)। मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को मदरसा मिसबाहउल उलूम रौजा शरीफ में नामांकित बालिकाओं व अध्यापिकाओं को उनके अधिकारों, सामाजिक समरसता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपनिरीक्षक रामपाल तिवारी ने महिला हे.कां. पुष्पा यादव के साथ उनके अधिकारों, आत्मरक्षा, विषम परिस्थितियों में आत्मरक्षा के प्रति जारूगक किया गया।

इस दौरान हे.कां.पुष्पा यादव ने बालिकाओं के सशक्त बनाने व सरकार द्वारा आपातकालीन मोबाइल नम्बरों को उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के साथ मदरसा के मौलाना व स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने मुख्य आरक्षी को उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया प्रशस्ति पत्र



संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने मुख्य आरक्षी अंजू सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। एसपी ने अंजू सिंह को थाना कोतवाली-खलीलाबाद स्थित मिशन शक्ति केंद्र 5.0 में निष्ठा और लगन से ड्यूटी करने तथा सौंपे गए दायित्वों का भली-भांति निर्वहन करने के लिए सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान, सभी रजिस्टर सुव्यवस्थित पाए गए और उनमें प्रविष्टियां पूर्ण थीं। निरीक्षण के समय पूछे गए प्रश्नों का मुख्य आरक्षी अंजू सिंह ने अत्यंत कुशलता और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। उनका योगदान विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति व जनपद गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहेगा।

# आत्महत्या के दुष्प्रेरण मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

बखिरा (एसएनबी)। थाना बखिरा पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में अभियुक्त को बखिरा पक्षी विहार गेट बखिरा सहजनवा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया। क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह ने बताया कि 07.11.2025 को थाना बखिरा पर पीड़िता ने तहरीर दी थी कि उनकी पुत्री संगीता की शादी अभियुक्त सोनू पुत्र राजकुमार निवासी मेड़रापार थाना बखिर से हुई थी। अभियुक्त सोनू आए दिन अपनी पत्नी (वादिनी की पुत्री) से वाद विवाद व मारपीट करता था और बच्चों से मिलने नहीं देता था। 02.11.2025 को भी अभियुक्त ने अपनी पत्नी को बुरी तरह मारा-पीटा था और आत्महत्या के लिए उकसाया था। 04.11.2025 को वादिनी को सूचना मिली की उसकी बेटी फंदे से लटकी हुई है। जिस पर उन्होंने आशंका व्यक्त की कि अभियुक्त ने अपने भाई के साथ मिलकर मेरी पुत्री की हत्या कर दी है या मेरी पुत्री ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना बखिरा द्वारा अभियोग पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। अभियुक्त को उ.नि. सुरेन्द्र कुमार सिंह, कां. प्रवेश यादव, कां. सूरज रावत को गिरफ्तार किया है।

# लगातार पांचवीं बार जनपद रहा प्रदेश में अव्वल

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद संतकबीरनगर पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण पर प्रदेश में संयुक्त रूप से प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। एसपी द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं कि थाने पर उपस्थित पीड़ित/शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभय पक्ष के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करें। गौरतलब है कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सन्दर्भों की जांच हेतु जांचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाती है। उल्लेखनीय है कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण मे वर्ष-2025 में माह जून, जुलाई, अगस्त व सितम्बर की मासिक रैंकिंग में भी जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। माह अक्टूबर 2025 में जनपद के समस्त थानों को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# मामा के घर से लौट रहे दुर्घटनाग्रस्त युवक की मौत

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव से रविवार की शाम को मामा के घर से वापस अपने घर लौट रहे एक 28 वर्षीय बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने उसे एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। महुली थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर गांव निवासी 28 वर्षीय अजय कुमार पुत्र लालमन रविवार को शाम चार बजे के करीब अपनी बाइक से खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के थवईपार गांव मे स्थित अपने मामा के घर आये थे। जहां से शाम साढ़े सात बजे के करीब वह वापस अपने घर लौट रहे थे। अभी वह भुवरिया-पायलपार मार्ग पर स्थित उमरी कला गांव के आगे पहुंचे ही थे कि तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। साथ ही उनकी बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल के आसपास मौजूद लोगों ने घायल अजय को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डाक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

# बार के पदाधिकारियों के साथ एडीजे ने की बैठक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष मोहन लाल विश्वकर्मा के निर्देशन में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 528 भा0न्या0सु0सं0 6400/2025 श्रीमती बच्ची देवी बनाम उ0प्र0 राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांकित 12.08.2025 के अनुपालन मे उक्त निर्णय में दिये गये दिशा निर्देशन को दृष्टिगत रखते हुए प्राधिकरण के सचिव देवेन्द्र नाथ गोस्वामी द्वारा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद पाठक, महामंत्री निरंजन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिविल बार सरफराज नवाज आलम, जनपद बार एसोसिएशन के अध्यी संतोष चौधरी, महामंत्री राम अवतार यादव उपस्थित हुए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 12.11.2025 को अपरान्ह 01:30 बजे बार में इस संबन्ध में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**सेमरियावां(एसंएनबी)।** दुधारा पुलिस द्वारा 25 हजार ₹ के ईनामी अभियुक्त जो थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र मे माह सितम्बर में अवैध गांजा के साथ पकड़े गये थे। उक्त अभियोग मे अभियुक्त सदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन साकिन मदारपुर थाना दुधारा मौके का फायदा उठाकर भाग गया था तभी से मु0अ0सं0 837/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद में वांछित चल रहा था। सोमवार को अभियुक्त सदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन साकिन मदारपुर थाना दुधारा को दुधारा पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 11 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ बहद ग्राम छपिया छितौना मोड़ के पास सायं 03.45 बजे गिरफ्तार किया है। जिसके क्रम मे अग्रिम कार्रवाई करते हुए मु0अ0स0 391/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस क्ट बनाम सदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन साकिन मदारपुर थाना दुधारा पंजीकृत किया गया।

# करंट से युवक की मौत

**मेंहदावल (एसएनबी)।** बखिरा थाना क्षेत्र के परसा माफी गांव निवासी धर्मेन्द्र शर्मा पुत्र संतोष शर्मा 39 थाना मेंहदावल के जब्बार गांव में ट्राली पर लदी धान पर खड़े थे। इस दौरान ऊपर से जा रहे लाइन की चपेट में आ गए, जिससे वह वही गिर पड़े। मौके पर उपस्थित लोग उन्हें सीएचसी मेंहदावल लेकर पहुंचे। जहां देखते ही डक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद चौकी प्रभारी बनकसिया विनोद सिंह व प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल सतीश कुमार सिंह भी पहुंचे। इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**संतकबीरनगर।** सोमवार को मुखलिसपुर ओवरब्रिज के नीचे रेल ट्रैक पार करके धनघटा जाने के लिए सवारी गाड़ी पकड़ने जा रहे एक 60 वर्षीय वृद्ध की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की। घंटों बाद मृतक की पहचान 60 वर्षीय अली हसन पुत्र मंगरू निवासी ग्राम चपरा पूर्वी थाना धनघटा के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। धनघटा थाना क्षेत्र के चपरा पूर्वी गांव निवासी 60 वर्षीय अली हसन पुत्र मंगरू बीते आठ नवंबर को गोरखपुर के तिवारीपुर में स्थित अपने एक रिश्तेदार के यहां गये हुए थे। सोमवार की सुबह दस बजे के करीब वह गोरखपुर से बस से खलीलाबाद पहुंचे और वहां से मुखलिसपुर ओवरब्रिज के नीचे रेल ट्रैक पार करके धनघटा जाने के लिए सवारी गाड़ी पकड़ने जा रहे थे। जहां क्रासिंग पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना रेलवे और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# केस वापस न लेने से मनबढ़ों ने युवक को बेरहमी से पीटा, तीन पर केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के अशरफपुर चौराहे पर मुकदमा वापस करने से इनकार करने पर बीते शनिवार की शाम को सब्जी खरीदने के दौरान थाना क्षेत्र के रमजंगला गांव निवासी एक युवक को कुछ मनबढों ने बेरहमी से पीट दिया जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत एक अज्ञात हमलावर के विरूद्ध सोमवार को मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के रमजंगला गांव निवासी इन्द्रभान पुत्र राजाराम ने बताया कि शुक्रवार की शाम को वह थाना क्षेत्र के अशरफपुर चौराहे पर सब्जी खरीद रहा था। उसी दौरान पूर्व में दर्ज मुकदमे के वापस करने से इनकार करने पर गोरखपुर जिले के बेलघाट थानान्तर्गत बेलघाट निवासी सुरेन्द्र पुत्र शिवभोले यादव अपने सहयोगी कृष्णमाधव पुत्र रामचन्द्र निवासी अज्ञात एवं एक अन्य अज्ञात सहयोगी के साथ मिलकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जानमाल की धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर सुरेन्द्र और कृष्णमाधव समेत एक अन्य अज्ञात हमलावर के विरूद्ध भारतीय न्याय संहित की धारा 115 (2), 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर ज़ांच शुरू कर दी है।

## फॉगिंग के दौरान सफाईकर्मी से मारपीट कर्मचारियों का प्रदर्शन

**धर्मसिंहवा ( एसएनबी)**। धर्मसिंहवा में फगिंग के दौरान सफाईकर्मी से मारपीट के विरोध में सोमवार को कर्मचारियों ने नगर पंचायत से लेकर डीएम कार्यालय तक प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी जब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती, सफाई और फॉगिंग कार्य बंद रहेगा। रविवार शाम में नगर पंचायत धर्मसिंहवा के वार्ड संख्या 1 में सफाई कर्मचारी गोविंद निषाद महिला कर्मचारी वैशाली फागिंग का कार्य कर रही थी इसी दौरान एक बच्चों द्वारा ढ़ेला फेंक दिया गया जो गोविंद निषाद के आंख पर जा लगा बच्चों को पकड़ कर लोग डांठ ही रहे थे कि उसके परिवार के पिता और माता आकर हमलावर हो गए और पीड़ित दोनों पीड़ित को मारे पीटे कार्रवाई के लिए देर शाम तक थाने पर मौजूद रहे पुलिस द्वारा आरोपी को बुलाकर डांटकर खदेड़ दिया गया जबकि पीड़ित अभियोग पंजीत किए जाने की मांग कर रहे थे। विरोध में सफाई कर्मियों ने सोमवार को लामबंद होकर के पूरे नगर क्षेत्र की सफाई ठप किए रखा और नगर पंचायत कार्यालय पर एकत्रित होकर धरना-प्रदर्शन किया। पीड़ित गोविंद निषाद, वैशाली, सुनील, नीरज. नरेंद्र कुमार. राम अवध. तेज बहादुर, राजेंद्र, सुरेंद्र, कैलाश, याकूब, जाहिद, रामनिवास, नूरुद्दीन, अब्दुल मोईद, हजरत अली, फिरोज, शम्से आलम, राम उजागिर, अरविंद, मनीराम, रामटहल, संदीप, व्यास मुनि, फिरोज, आशीष व रामू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मंदिरों से भी उतरवाए गए लाउडस्पीकर

**महुली (एसएनबी)**। ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत महुली पुलिस ने सोमवार के मंदिरों से भी लाउडस्पीकर उतरवाया। थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए नियमों का पालन न करने वाले क्षेत्र के मस्जिदों से सोमवार तक 34 तथा मंदिरों से 15 लाउडस्पीकर उतरवाए गए है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय के अलावा उपनिरीक्षक रामपाल,ऋशभ शुक्ला, अभिषेक सिंह, अजीत गुप्ता, तबरेज आलम आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# आरक्षियों की बीट बुक का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने थाना कोतवाली खलीलाबाद सहित तीन थानों के आरक्षियों की बीट बुक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि बीट बुक में प्रत्येक सूचना का नियमित रूप से अद्यतन किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की गैरजिम्मेदारी क्षम्य नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक संदीप



कुमार मीना ने थाना कोतवाली खलीलाबाद, बेलहर कला व मेंहदावल की बीट व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीट बुक का अवलोकन करके उसमें अंकित सूचनाओं, शिकायतों एवं निराकरण की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। एसपी ने क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, असामाजिक तत्वों, वांछित/वारंटी अभियुक्तों पर निरंतर निगरानी रखी जाय तथा जनता से सतत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। साथ ही साथ बीट बुक में प्रत्येक सूचना का नियमित रूप से अद्यतन किया जाय और क्षेत्र में गश्त एवं चौकसी बढ़ाई जाय ताकि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे तथा किसी भी प्रकार की गैरजिम्मेदारी क्षम्य नहीं होगी।

# द्वाबा महोत्सव के लिए पर्यटन विभाग से 20 लाख रुपये जारी

**तैयारी**

- डीएम ने 15 अक्टूबर को शासन को भेजी थी डिमांड
- 14 से 18 नवंबर के बीच होगा भव्य द्वाबा महोत्सव



द्वाबा महोत्सव के आयोजन के लिए पर्यटन मंत्री को पत्र देते नीलमणि।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। 14 नवंबर से 18 नवंबर के बीच होने वाले ऐतिहासिक द्वाबा महोत्सव के लिए पर्यटन विभाग से 20 लाख रुपए की धनराशि सोमवार को जारी हो गई। धनराशि अवमुक्त करते हुए पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने भव्य आयोजन के सख्त निर्देश दिए हैं। धनराशि का आवंटन हैंसर बाजार धनघटा नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा भेजे गए अनुरोध पत्र पर किया गया है। शासन के इस फैसले पर चेयरमैन रिंकू मणि, पूर्व विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी नीलमणि और आयोजन समिति ने पर्यटन विभाग और जिलाधिकारी के इस योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

उत्तर प्रदेश शासन के पर्यटन विभाग की उप सचिव कीर्ति ने सोमवार को द्वाबा महोत्सव के लिए 20 लाख रुपए की धनराशि जारी की है। उप सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिलाधिकारी ने 14 नवंबर को शासन से प्रस्तावित द्वाबा महोत्सव के आयोजन के लिए 46 लाख रुपए आवंटित किए जाने का अनुरोध किया था। जिलाधिकारी ने शासन को भेजे गए अपने पत्र में नगर पंचायत हैंसर धनघटा की चेयरमैन रिंकू मणि द्वारा उन्हें 24 जुलाई को महोत्सव की धनराशि बढ़ाने के प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए धनराशि आवंटित किए जाने का अनुरोध किया था। रिंकू मणि के प्रस्ताव और जिलाधिकारी के अनुरोध पत्र को गंभीरता से लेते हुए शासन के पर्यटन विभाग ने सोमवार को 20 लाख रुपए जारी करने की जिला प्रशासन को सूचना प्रेषित कर दिया। शासन के इस कदम का पूर्व विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी नीलमणि, चेयरमैन रिंकू मणि और द्वाबा महोत्सव की आयोजन समिति ने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया है।

## आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हैं नीलमणि

द्वाबा महोत्सव के आयोजन को भव्य रूप देने के लिए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीलमणि पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं। उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात उन्हें न्योता दिया है। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, पर्यटन मंत्री के साथ ही पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर को भी महोत्सव में शामिल होने के लिए न्योता दिया है। इसके अलावा उनकी पूरी टीम दिन रात तैयारियों में जुटी हुई है।

## बोले नीलमणि, हर साजिश हुई नाकाम

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीलमणि ने कहा कि द्वाबा महोत्सव की शुरुआत 2024 में हुई। द्वाबा की धरती ने देश ही नहीं पूरे विश्व में परचम लहराया है। यहां का काफी लंबा इतिहास है। आयोजन बहुत भव्य होगा। जो लोग भी महोत्सव के विरोध में साजिश रच रहे हैं उन्हें इससे सबक लेना चाहिए।



डुमरिया निवासी कमलेश चौहान की मौत से बेहाल परिजन।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**हादसा 1**

**संतकबीरनगर/बेलहर, हिंटी।** दुधारा क्षेत्र के बीएमसीटी मार्ग पर खटियावां पेट्रोल पंप के पास रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आस-पास के लोग जुट गए और युवक को निजी वाहन से सीएचसी सेमरियावा भेजवाया, वहां देखते ही डॉक्टर ने उसे ममृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया।

दुधारा क्षेत्र के डुमरिया निवासी कमलेश चौहान (32) पुत्र स्वर्गीय रामअचल बंगलौर में पेंटिंग का काम करते थे। दीपावली में वह घर आए थे। रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने खटियावां पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कमलेश घायल हो गए। घटना के बाद आस-पास के लोग पहुंच गए। लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन देर होने की वजह से समाजसेवी अमरेश कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और अपने निजी वाहन से घायल कमलेश को सीएचसी सेमरियावां पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। एसओ अरविंद शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया गया। मुखिया की मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल था।



कमलेश चौहान (फाइल फोटो)।

- **खटियावां पेट्रोल पंप के पास।**
**अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ हादसा**

**पिता की मौत से बच्चों के सिर से छिन सहारा:** हादसे में पिता की हुई मौत से बच्चों के सिर से सहारा छिन गया। पोस्टमार्टम हाऊस आए ग्रामीण और नाते-रिश्तेदार यहीं बता रहे थे कि कमलेश चौहान ने जिंदगी भर संघर्ष किया और आखिरकार मौत ने उनके संघर्ष को विराम दे दिया। बचपन से ही मुश्किलों ने उनका साथ नहीं छोड़ा। बहुत कम उम्र में उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। मां के गुजरने के कुछ ही समय बाद पिता का साया भी सिर से उठ गया। अनाथ हो चुके कमलेश ने कठिनाइयों और तंगहाली में जीवन का हर मोड़ अकेले तय किया। गरीबी के बीच किसी तरह कमलेश ने जीवन को संभाला और परिवार बसाया।

मेंहदावल थाना क्षेत्र के सेखापुर गांव का मामला, विदाई कराने पहुंचा था वर पक्ष

# विदाई को लेकर विवाद में ससुराल पक्ष के लोगों को बंधक बनाया

**हड़कंप**

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के सेखापुर गांव में विदाई की बात को लेकर वर और कन्या पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हा पक्ष को बंधक बनाकर हमला बोल दिया। घटना में महिला समेत तीन लोगों को चोटें आई है। घायल पक्ष की तहरीर पर मेंहदावल पुलिस ने नौ आरोपितों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।



विदाई के दौरान हुए विवाद में हाथ-पैर बांध बंधक बनाए गए लोग।

- हाथ-पैर बांधकर पीटा मारपीट में तीन लोग घायल
- वर पक्ष की तहरीर पर नौ आरोपितों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

पुलिस को दी गई तहरीर में गोरखपुर जनपद के थाना सहजनवा क्षेत्र के ग्राम डुमरी निवासी कुर्बान अली ने बताया कि उनके बेटे करीम की शादी ग्राम सेखापुर निवासी शबा परवीन पुत्री जमालुद्दीन के साथ हुई थी। सात नवंबर की शाम करीब पांच बजे शबा परवीन के घर वालों ने विदाई की बात को लेकर कुर्बान अली को परिवार समेत सेखापुर बुलाया था। जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही थी, तभी अचानक विवाद बढ़ गया। आरोप है कि शबा परवीन, खलीफुनीशा पत्नी स्व. जमालुद्दीन, समीउल्लाह पुत्र तकबीर व मशरूर आलम पुत्र मोहम्मद अशरफ निवासी बेहवा सेंगर, निशार अहमद पुत्र वाजिद अली व राबिया खातून पत्नी रफीक अहमद निवासी लोहरसन, इम्तियाज पुत्र करामत अली निवासी गुलरिहा, आबिदा खातून पुत्री मुस्तफा निवासी बसडीला, थाना खेसरहा, सिद्धार्थनगर तथा साबिर अली पुत्र अज्ञात निवासी पसाई ने गाली-गलौज शुरू कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने मिलकर मुझे, मेरी पत्नी और दो बेटों को बंधक बना लिया। डंडे में रस्सी से बांधकर लात-घूसों और डंडों से बुरी तरह से पिटाई किया। जिससे तीनों को गंभीर चोटें आई है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद किसी तरह से वहां से छूटकर बाहर निकले और थाना मेंहदावल पहुंचे। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नौ आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# उद्योग स्थापना की बाधाएं तत्काल दूर करें

**निर्देश**

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति, जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं पीएम विश्वकर्मा जिला क्रियान्वयन समिति तथा विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते जिलाधिकारी ने जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों ने निर्देश दिए कि नए उद्योगों की स्थापना में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।



कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उद्योग बंधु की बैठक करते डीएम आलोक कुमार।

**लम्बित आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण कराएं**

ओडीओपी वित्त पोषण सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत बैंक शाखा स्तर पर स्वीकृति, वितरण हेतु लम्बित आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, जिससे सीएम डैशबोर्ड की प्रगति में सुधार हो सके।

**जीबीसी 5.0 के लिए 2000 का है लक्ष्य**

बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत प्राप्त एमओयू एवं जीबीसी 5.0 हेतु तैयार प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की। उद्यमी मित्र विशाल श्रीवास्तव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जीबीसी 5.0 माह नवम्बर के अंतिम सप्ताह में होना प्रस्तावित है। इसमें जनपद के लिए धनराशि रूपए 2000 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

बैठक में सदस्य सचिव व उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा द्वारा निवेशमित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को प्रस्तुत किया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग ने विभाग ने संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया।

सीएम युवा अभियान के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (डीपीएमयू) की बैठक आयोजित की गई। इसमें उपायुक्त उद्योग ने योजना के बारे में भी विस्तृत रूप से अभी तक की प्रगति से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित जिला बैंक समन्वयकों को निर्देश दिया कि उक्त योजनान्तर्गत विभिन्न बैंक शाखाओं में लम्बित ऋण पत्रावलियों का निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर करना सुनिश्चित करें। प्रतिनिधि अग्रणी जिला प्रबन्धक, एसबीआई एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि इस अभियान को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिया कि उद्योग विभाग की उपरोक्त तीनों योजनाओं में सम्बन्धित बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों का फॉलोअप करते हुए प्रगति कराना सुनिश्चित करें।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

- गोरखपुर से रिश्तेदारी से न्योता करके लौट रहे थे
- शहर के मुखलिसपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास घटी घटना
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेजा



अली हसन (फाइल फोटो)।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। शहर के मुखलिसपुर रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ के जवान घायल वृद्ध को जिला अस्पताल ले गए, वहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

धनघटा थाना क्षेत्र के छपरा मगर्वी के रहने वाले 60 वर्षीय अली हसन पुत्र मंगरु आठ नवंबर को रिश्तेदारी में गोरखपुर शहर के तिवारीपुर क्षेत्र में न्यौता में गए थे। सोमवार को वापस घर आ रहे थे। खलीलाबाद शहर के मुखलिसपुर रोड के रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से अली हसन घायल हो गए। सूचना पर आरपीएफ के जवान शिवम जायसवाल ने घायल वृद्ध को संयुक्त जिला चिकित्सालय संतकबीरनगर के आपातकालीन कक्ष में पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर को रेफर किया गया। वृद्ध को गोरखपुर भेजने की तैयारी चल रही थी कि उसी दौरान उसकी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम हाउस आए 'छपरा मगर्वी के प्रधान पति देवेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि मुखलिसपुर क्रासिंग के पास ट्रेन दुर्घटना में अली हसन की मौत हो गई। मृतक के पांच बेटे है। बेटा आस मोहम्मद जौनपुर और अब्दुल वहीद दिल्ली में रहते है। बेटा मोहममद असलम और मोहम्मद इरफान पोस्टमार्टम हाऊस आए थे। पीड़ित पत्नी फातिमा खातून का रो-रो कर बुरा हाल था। चौकी इंचार्ज कलक्ट्रेट अशोक दूबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया गया।

## घायल युवक का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

संतकबीरनगर। रेलवे दुर्घटना में घायल युवक को जिला अस्पताल में इलाल चल रहा है। कलक्ट्रेट चौकी प्रभारी अशोक दूबे ने बताया कि एक व्यक्ति रेलवे दुर्घटना से गंभीर रूप से घायल अवस्था में 108 नंबर एम्बुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय संतकबीरनगर के आपतकालीन अनुभाग में लाया गया। डॉक्टरों ने घायल का उपचार शुरु किया। घायल 35 वर्षीय बबलू पुत्र राजेंद्र निवासी टिनिच थाना गौर जनपद बस्ती बताया गया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के उमिला के पास रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत से परिजन और नाते, रिश्तेदार सभी गमगीन थे। हर कोई युवक उसकी तारीफ कर रहा था।

महुली क्षेत्र के मुखलिसपुर के रहने वाले 28 वर्षीय अजय कुमार पुत्र लालमन ट्रक के ड्राईवर थे। रविवार को अजय बाइक से अपने ननिहाल कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के थवईपार गए थे। देर शाम उमिला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अजय कुमार घायल हो गए। घटना के बाद आस-पास के लोग जुट गए और एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भेजवाया, वहां देखते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस आए पीड़ित भाई संजय ने बताया कि तीन



अजय (फाइल फोटो)।

- बाइक से ननिहाल थवईपार गया था युवक
- ट्रक चला कर परिवार के खर्च में करता था सहयोग
- तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था अजय

भाई और इकलौती बहन सोनम में अजय सबसे छोटे थे। पिता टेंपो चलाते हैं। जबकि अजय ट्रक चलाते थे। पीड़ित के पास दो साल की बेटी है। पति की मौत की सूचना से पत्नी पूजा का रो-रो कर बुरा हाल था। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।



करंट से मौत की सूचना के बाद अस्पताल पहुंच जानकारी लेते पुलिस कर्मी।

# जब्बार गांव में करंट लगने से युवक की मौत, कोहराम

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के जब्बार गांव में शनिवार की शाम एक युवक करंट की चपेट में आ गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

धर्मेंद्र शर्मा (39) पुत्र संतोष शर्मा निवासी ग्राम परसा माफी थाना बखिरा शनिवार को जब्बार गांव के सीवान में धान की कटाई कर रहा था। ट्राली में गिराए गए धान को बराबर करने के दौरान उसने ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार पर ध्यान नहीं दिया। जिससे वह खड़ा होते ही ऊपर से गुजर रहे विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी मेंहदावल लेकर पहुंचे, वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसआई विनोद सिंह के साथ पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।



दुधारा पुलिस की गिरफ्त में आया 25 हजार का इनामी गांजा तस्कर गैंग का सरगना।

# गांजा तस्कर गैंग का सरगना गिरफ्तार

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने छपिया छितौना मोड़ के पास 25 हजार रुपये के इनामी गांजा तस्कर गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सरगना के पास से पुलिस ने 11 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को अहम जानकारी दी।

# एसपी से मिले ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की

संतकबीरनगर। बेलहर क्षेत्र के छोटी अकोल्ही गांव के कुछ ग्रामीण सोमवार को पुलिस कार्यालय पहुंच कर एसपी से मिलकर प्रार्थना पत्र दिए। ग्रामीण सोनू गौड़ पुत्र हरिहर गौड़ का आरोप है कि 8 नवंवर को सुबह वह गांव के पूरब काली मंदिर पर पूजा करने जा रहे थे। मंदिर विवाद को लेकर गांव के कुछ लोग गोलबंद होकर लाठी, डंडा लेकर उसे मारने के लिए दौड़ा लिए।

# सफाई कर्मी ने लगाया पिटाई का आरोप

## आक्रोश

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** नगर पंचायत धर्मसिंहवा के सफाई कर्मियों में साथी सफाई कर्मी को पीटे जाने को लेकर आक्रोश है। मामले में कार्रवाई न होने से नाराज होकर एसपी कार्यालय पहुंचे और कार्रवाई न किए जाने तक नगर पंचायत के कार्यों को छोड़ने का निर्णय लिया है।

नगर पंचायत धर्मसिंहवा में तैनात सफाई कर्मी गोविन्द पुत्र ओमप्रकाश ने अपने साथियों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर बताया कि वह नगर पंचायत धर्मसिंहवा में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। रविवार को 04:30 बजे दिन में नगर पंचायत धर्मसिंहवा के वार्ड नं. एक धर्मसिंहवा दक्षिणी में मच्छर की दवा का छिड़काव फॉगिंग मशीन से कर रहा था। इसी दौरान वार्ड नं. एक निवासी कुछ लोगों मुझ पर हमला कर दिया व फॉगिंग मशीन को जमीन पर पटक कर तोड दिया। भद्दी-भद्दी गाली देते हुए मारने पीटने लगे और यह धमकी देने लगे कि दोबारा अगर यहां फॉगिंग दवा का छिड़काव करने आए तो जान से मार देंगे।



एसपी कार्यालय के सामने कार्रवाई की मांग को लेकर पहुंचे सफाई कर्मचारी।

शोर होने पर वहां मौजूद सफाईकर्मी वैशाली पत्नी विनोद भी वहां पहुंच गई। मामले को शान्त कराने का प्रयास करने लगीं। उक्त लोगों ने महिला सफाईकर्मी वैशाली को भी लात, मुक्का व थप्पड़ों से मारने पीटने लगे। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली। फॉगिंग मशीन को क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया। मामले की जानकरी थाने पर दिया परन्तु थाने की पुलिस प्रार्थी की प्राथमिकी न दर्ज की न ही प्रार्थी की कोई बात सुनी गयी। वहां से भगा दिया गया। शिकायत कर्ता काफी डरा हुआ व भयभीत है। एसपी को प्रार्थना पत्र दे कार्रवाई की मांग की है।



दिल्ली में धमाके के बाद सोमवार की देर शाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामानों की जांच करते पुलिस कर्मी।

## दिल्ली में धमाके के बाद स्टेशन पर हुई जांच

**संतकबीरनगर।** दिल्ली लाल किला मेट्रो स्टेशन गेट नंबर एक के पास हुए बम विस्फोट की घटना को लेकर जिले की पुलिस सतर्क हो गई। एसपी के निर्देश पर कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने रात करीब नौ बजे सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए और सघन जांच पड़ताल की। कोतवाल ने प्लेटफार्म पर ट्रेनों की प्रतीक्षा में बैठे यात्रियों से बातचीत की। पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों की इसके अलावा मगहर रेलवे स्टेशन, कबीर स्थली मगहर, तामेश्वरनाथ और मेंहदावल बाईपास आदि जगहों पर भी चेकिंग की। पुलिस की सक्रियता को लेकर यात्रियों में सुरक्षा का भाव दिखा।

# मेगाशॉप के प्रबंधक पर गैरजमानती वारंट जारी

- कैरी बैग का दाम वापस करने के आदेश का नहीं किया था अनुपालन
- कुसरु खुर्द के अच्युतानंद शुक्ल ने सितम्बर 2023 में वाद दाखिल किया

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह व महिला सदस्य संतोष ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन न करने के एक मामले को गंभीरता से संज्ञान लिया है। मेगाशॉप के प्रबंधक के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर गिरफ्तारी के आदेश पारित किया है। मामला एक ग्राहक से कैरी बैग का दाम लेने तथा न्यायालय से मुकदमे में फैसला आने के बाद भी आदेश का अनुपालन न करने को लेकर है।

जनपद के कुसरू खुर्द गांव के अच्युतानंद शुक्ल ने सितम्बर 2023 में वाद दाखिल किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने निकट मेहदावल चौराहा, भिट्वा टोला स्थित मेगाशॉप की दुकान से कुछ सामान क्रय किया। दुकानदार ने एक कैरी वैग देते हुए उसकी कीमत आठ रुपए वसूल किया। उनके आपत्ति करने पर दुकानदार द्वारा यह कहा गया कि दाम तो देना ही पड़ेगा। मजबूर होकर उन्होंने न्यायालय में वाद दाखिल किया। न्यायालय ने कैरी बैग का दाम आठ रुपए 10 प्रतिशत ब्याज के साथ रुपए 15 हजार अतिरिक्त 60 दिनों के भीतर अदा करने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश का अनुपालन न करने के परिणाम स्वरुप न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान लिया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी पति हुआ गिरफ्तार

**संतकबीरनगर/बखिरा।** बखिरा पुलिस ने सोमवार को बखिरा पक्षी विहार गेट बखिरा सहजनवा मार्ग के पास से आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पति को गिरफ्तार किया। एसओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पत्नी को आत्म हत्या के लिए उकसाने के मामले में मेडरापार के आरोपी पति सोनू और देवर टुनटुन के खिलाफ सात नवंबर को केस दर्ज किया गया था।

यह कार्रवाई मृतका की मां कान्ती देबी पत्नी झीनक निवासी मोहल्ला अव्वल, केवटलिया थाना मेंहदावल की तहरीर के आधार पर की गई थी। आरोप है कि उसकी पुत्री संगीता की शादी आरोपी सोनू से हुयी थी। आरोपी सोनू उपरोक्त आए दिन संगीता से वाद विवाद करता और मारपीटता था। 02 नवंबर 2025 को भी आरोपी पति ने संगीता को बुरी तरह मारा पीटा था तथा आत्महत्या के लिए उकसाया था।

# तीन वर्ष बाद भी नहीं हटा समय माता मंदिर पोखरे से अवैध कब्जा

■ राहुल राय

- कई कब्जेदारों ने न्यायालय में दायर किया है वाद
- कब्जा न हटने के कारण नहीं हो पा रहा विकास

> “ प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, न्यायालय का निर्णय आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोखरे का जो भी रकबा है वह पोखरे के रूप में अभिलेख में दर्ज हो गया है।
> **आलोक कुमार**, डीएम, संतकबीरनगर

**संतकबीरनगर।** समय माता मंदिर के पास पोखरे की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को चिन्हित हुए और कब्जेदारों को नोटिस जारी हुए तीन वर्ष बीत गया लेकिन अभी तक कब्जा हट नहीं सका है। तमाम कब्जेदारों ने न्यायालय में वाद दायर किया है, जहां सुनवाई चल रही है। हालांकि तहसील के अभिलेख में तीन वर्ष पहले ही पोखरे के रकबे को पोखरे के रूप में दर्ज कर दिया गया था। लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार उसे खाली नहीं करा सके। अवैध कब्जे के कारण विकास कार्य भी आगे नहीं बढ़ सका है। समय माता मंदिर के सामने स्थित 1522 नम्बर का पुरा रकबा 2.83 हेक्टेयर पोखरा है। लेकिन वर्ष 1986 में तत्कालीन तहसीलदार के कूटरचित आदेश के क्रम में 0.437 हेक्टयर भूमि को अभिलेख में आबादी दर्ज किया था। वर्ष 2022 में पोखरे के सौन्दर्यीकरण के लिए शासन से धन मिलने के बाद जब तत्कालीन एसडीएम अजय त्रिपाठी ने इसकी जांच शुरू की तो प्रकरण पकड़ में आया। उन्होंने 1951 से लेकर 2022 तक के अभिलेखों का गहनता से परीक्षण कर गलत तरीके से पोखरे की भूमि को आबादी के रूप में दर्ज करने के आदेश को निरस्त करते हुए उक्त भूमि को दोबारा पोखरे की भूमि के रूप में दर्ज कर दिया। इस आदेश के बाद तहसीलदार ने अवैध कब्जेदारों को चिन्हित कराया। निरीक्षण और कागजों के परीक्षण के बाद कुल 16 हजार 687 वर्ग फिट भूमि पर 22 लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आए। तत्कालीन तहसीलदार ने सभी को नोटिस जारी किया था। उसके बाद सभी न्यायालय की शरण में पहुंच गए। विभिन्न न्यायालय में वाद लंबित होने के कारण सारी प्रक्रिया ठप हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आधार पर हुई थी कार्रवाई

तहसील प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2001 में हिंचलाल बनाम कमला देवी के प्रकरण में दिए आदेश के आधार पर बेदखली की कार्रवाई की थी। उस आदेश में स्पष्ट है कि जो भूमि वर्ष 1951 के अभिलेख में तालाब अथवा पोखरा के रूप में दर्ज है वह हमेशा तालाब और पोखरे की ही रहेगी। यदि 1951 से 2001 के बीच इन जमीनों पर किसी भी तरह का आदेश पारित हुआ है तो उसे स्वतः निरस्त माना जाएगा। एसडीएम ने अपने कार्रवाई में भी इस जजमेंट का हवाला दिया था।

### कई शोरूम, दुकान बनी हैं

प्रशासन ने पोखरे की जमीन पर कब्जा करने के प्रकरण में जिन लोगों को चिन्हित किया है उसमें कई शोरूम और दुकानें हैं। इसके अलावा लोग आवासीय बनाकर भी रह रहे हैं। जिस समय नोटिस जारी हुई थी उस समय राजनीतिक दबाव भी बनना शुरू हो गया था। इस कारण भी जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर सके।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जन सुनवाई

- समीक्षा कर दिए सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश
- आंगनवाड़ी केंद्र नाथनगर कस्तूरबा गांधी व पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य जनकनंदिनी सोमवार को जिले में पहुंची। उन्होंने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टिगत महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की। उन्होंने महिला जनसुनवाई एवं विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।



सोमवार को धनघटा तहसील के सभागार में महिला आयोग की सदस्य की जन सुनवाई में समस्याएं रखती महिलाएं।

सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने धनघटा तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 27 मामले आए, जिसमें 05 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष 22 मामलों को उप जिलाधिकारी धनघटा एवं संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। सदस्य द्वारा एक-एक प्रकरण पर सम्बंधित अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारी से किए गए कार्रवाई आदि के बारे जानकारी प्राप्त करते हुए त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए।

उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय नाथनगर का निरीक्षण किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कुल 80 बच्चे नामांकित पाए गए। निरीक्षण कर आवश्य दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विकास खण्ड हैंसर बाजार के उमरिया बाजार में जन जागरूकता चौपाल भी लगाया गया जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं के बारे में बताया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी पौली श्वेता वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी हैंसर कृष्ण कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।




बेहतर कार्य के लिए मुख्य आरक्षी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एसपी।

# एसपी ने मुख्य आरक्षी का किया सम्मान

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना ने मिशन शक्ति केंद्र 5.0 कोतवाली खलीलाबाद में नियुक्त मुख्य आरक्षी अंजू सिंह को सोमवार को पुलिस कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 08 नवंबर 2025 को एसपी संदीप कुमार मीना ने मिशन शक्ति केन्द्र 5.0 कोतवाली खलीलाबाद का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सभी रजिस्टरों का रख रखाव सुव्यवस्थित एवं प्रविष्टियां पूर्ण पाई गईं। इतना ही नहीं एसपी के पूछे गए प्रश्नों का मुख्य आरक्षी अंजू सिंह ने अत्यन्त कुशलता एवं आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया था।

# चेयरमैन-ईओ से नाराज सभासदों का धरना

**आक्रोश**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। नगरपालिका की कारस्तानी से नाराज सभासदों ने सोमवार को परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। सभासदों का आरोप है कि पिछले एक साल से नगरपालिका में कोई काम नहीं हुआ है। चेयरमैन और सभासद के बीच संवाद नहीं के बराबर है। ईओ की तानाशाही भी सभासदों को परेशान कर रही है। अंत में थक हार कर सभासद धरने पर बैठ गए। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी रहा। सभासदों का कहना है कि जब तक जिम्मेदार धरने पर नहीं आएंगे तब तक आन्दोलन समाप्त नहीं होगा।

अपनी समस्याओ को लेकर सोमवार को मटिहना के दुर्गेश कुमार, पंकज मिश्र, दिलीप कुमार निराला, विपिन जायसवाल, बैजनाथ, सुनील प्रजापति अवधेश चौरसिया सहित सभी सभासद सुबह दस बजे से ही नगरपालिका में एकत्र होने लगे। 11 बजे के बाद से ही सभासदों में आपस में मंत्रणा की। फिर एक बजे से सभी सभासद औद्योगिक नगर के सभासद अरविंद पांडेय 'मुन्ना', मो. असलम, राजेश वर्मा की अगुवाई में धरने पर बैठ गए। सभासदों की मांग है कि जब तक चेयरमैन और जिलाधिकारी धरने में नहीं आते हैं तब तक आन्दोलन जारी रहेगा।



नगर पालिका के गेट पर धरना देत चेयरमैन व ईओ की कार्यप्रणाली से नाराज सभासद।

**यूं ही नहीं उपजा सभासदों में आक्रोश :** चार माह पहले बोर्ड की बैठक में सभासदों ने जो प्रस्ताव तैयार कर दिया था, उस पर किसी प्रकार का अमल नहीं हुआ है। मोहल्ले में जो काम हुआ उसमें अधिकतर सभासदों के प्रस्ताव से इतर हुआ है। बीते माह के 25 अक्टूबर को बोर्ड की बैठक प्रस्तावित रही। सभासद बोर्ड की बैठक की तैयारी कर रहे थे, लेकिन बगैर किसी सूचना के 24 अक्टूबर को बोर्ड की बैठक स्थगित कर दी गई। उसके बाद से सभासदों का पारा सातवें आसमान पर चला गया था। पुराने बोर्ड की बैठक में जो प्रस्ताव पास हुआ था उस पर अमल नहीं हुआ। नगर में सड़क और नाली का निर्माण नहीं हो रहा है। प्रकाश की मुकम्मल व्यवस्था नहीं है।

**सभासदों की ये है मांग :** सभासदों की मांग है कि सड़क और नाली-नाला का निर्माण कराया जाए। विद्युतीकरण कार्य में लापरवाही बंद कर सभी लाइट दुरुस्त कराएं। पथ प्रकाश व्यवस्था ठीक कराएं। नगरपालिका की आय पर विचार किया जाए। समय पर बोर्ड की बैठक हो। जल मूल्य की बढ़ोत्तरी पर विचार किया जाए। गृह कर को अनावश्यक न बढ़ाया जाए। सभी तालाबों की नीलामी पर विचार किया जाए। मोहल्लों में विवाह घर का निर्माण कराया जाए। नगर में पार्कों का निर्माण कराया जाए। नगर में फौरी तौर पर स्वागत गेट बने। महापुरुषों के स्थानों का सुंदरीकरण कराया जाए।

**छट पर्व पर भी हुई अनदेखी**

सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर नगरपालिका ने जमकर अन्देखी की। सभासदों को अपनी शाख बचाने के लिए खुद का पैसा लगाना पड़ा। मटिहना सभासद ने उस्का खुर्द और उस्का कला में तालाब के घाटों की सफाई का जिम्मा स्वयं संभाला। शहर के मुख्य चार तालाबों को छोड़ दिया जाए तो मोहल्लों से नगरपालिका ने पूरी तरह से मुंह मोड़ लिया था। यही कारण है कि सभासदों का गुस्सा फूट पड़ा।

" जिले के कुछ बड़े नेता नहीं चाह रहे हैं कि नगरपालिका का विकास हो। वह विकास में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसकी वजह से वार्डों में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। शासन से भी खलीलाबाद नगरपालिका के डेवलपमेंट के लिए धन अवमुक्त नहीं हुआ है। जब पुरानी बैठक के निर्णय पर अमल नहीं हुआ तो नई बैठक का कोई औचित्य नहीं उठाता है।

जगत जायसवाल, चेयरमैन, नगरपालिका

## तैयारी करके आएं वरना कार्रवाई को तैयार रहें

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना ने सोमवार को कार्यालय में कोतवाली खलीलाबाद, बेलहरकला व मेंहदावल की बीट व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीट बुक का अवलोकन किया तथा उसमें अंकित सूचनाओं, शिकायतों एवं निराकरण की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। एसपी के पूछे सवालों पर पुलिस कर्मी फंस गए तो चेताया कि एक सप्ताह बाद तैयारी करके आए, अन्यथा कार्रवाई को तैयार रहें। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली खलीलाबाद के बीट अधिकारी कांस्टेबल शिवम यादव, कांस्टेबल अरविन्द तिवारी, थाना बेलहरकला के बीट अधिकारी कांस्टेबल रामभूषण पटेल, कांस्टेबल अमन कुमार तथा थाना मेंहदावल के बीट अधिकारी कांस्टेबल वीरेन्द्र प्रताप सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ एवं प्रभावी बनाया जाने का निर्देश दिया। क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, असामाजिक तत्वों, वांछित/वारंटी अभियुक्तों पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा जनता से सतत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही साथ बीट बुक में प्रत्येक सूचना का नियमित रूप से अद्यतन किया जाए और क्षेत्र में गश्त एवं चौकसी बढ़ाई जाए, ताकि कानून-व्यवस्था सुदृढ बनी रहे। किसी भी प्रकार की गैरजिम्मेदारी क्षम्य नहीं होगी।

## शांतिभंग की आशंका में तीन का चालान

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने बाघनगर में पुरानी रंजिश और रास्ते के विवाद को लेकर शांति भंग करने की आशंका में तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी। एसओ अरविंद शर्मा ने बताया कि शांति भंग की आशंका में उस्मान गनी, अनीश अहमद और जहीर अहमद का चालान किया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस सतर्क दृष्टि रख रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में जिला अव्वल

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** आईजीआरएस के शिकायतों के निस्तारण में अक्टूबर-2025 की मासिक रैंकिंग में प्रदेश में संतकबीरनगर को प्रथम रैंक हासिल हुआ। एसपी संदीप कुमार मीना की जनसुनवायी को लेकर बेहतर पर्यवेक्षण का परिणाम रहा है कि लगातार पांचवी बार जिला पुलिस प्रदेश में अव्वल रहा।

एसपी ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है। जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है । पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सन्दर्भों की जांच के लिए जांचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाती है। बता दे कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण में वर्ष-2025 में माह जून, जुलाई, अगस्त व सितम्बर की मासिक रैंकिंग में भी जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।

# यूपी में हाई अलर्ट: योगी ने धर्म स्थलों की सुरक्षा के निर्देश दिए



दिल्ली में धमाके के बाद गोरखपुर में बस स्टेशन का जायजा लेने पहुंचे डीएम और एसपी।

**लखनऊ, विसं।** लाल किले के पास धमाके के बाद पूरे यूपी में हाई अलर्ट कर दिया गया है। पूरे प्रदेश की नाकेबंदी कर चेकिंग शुरू की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए कि सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी जाए। हर प्रमुख स्थानों, रेलवे, बस स्टेशनों के पास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर हर आने-जाने वालों पर नजरें रखी जाए।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। दिल्ली धमाके के कुछ देर बाद प्रदेश के हर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी के साथ घटनाक्रम पर चर्चा कर प्रदेश के प्रमुख, मंदिरों, खास स्थानों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए। डीजीपी राजीव कृष्ण ने वाराणसी, मथुरा, अयोध्या में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा में कोई लापरवाही न बरतने को कहा। एयरपोर्ट, रेलवे-बस स्टेशनों समेत सभी संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने के साथ अफसरों को भी सड़क पर निकलने को कहा। सभी पुलिस कमिश्नरों, कप्तानों के साथ आईजी रेंज, एडीजी जोन को भी लगातार मातहतों की सक्रियता परखते रहने को भी कहा। डीजीपी ने ध्यान रखने को कहा कि चेकिंग में किसी भी नागरिक को गैरजरूरी परेशान न किया जाए। एटीएस, क्विक रिस्पांस टीम, बम निरोधक दस्ते, डाग स्क्वॉड को भी अलर्ट मोड पर रखने को कहा गया है।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने विस्फोट के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त, खुफिया ब्यूरो के निदेशक और केंद्रीय गृह सचिव से बात की। उन्होंने बताया कि तीनों शीर्ष अधिकारियों ने गृहमंत्री को घटना के बारे में जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एनएसजी के विशेषज्ञ और एनआईए के जांच अधिकारी विस्फोट स्थल पर पहुंच गए हैं। एनएसजी की टीम में विस्फोटक के विशेषज्ञ शामिल हैं, एनआईए की टीम में आतंकवादी मामलों के अनुभवी जांच अधिकारी शामिल हैं।

➤ बड़ी साजिश P10

# चलती ट्रेन से गिरा सब्जी व्यापारी, हालत गंभीर

जासं, संतकबीरनगर: खलीलाबाद सब्जी मंडी आने के लिए सोमवार की सुबह ट्रेन से सफर कर रहे बस्ती जनपद के एक सब्जी व्यापारी चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा चुरेब और खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार, बस्ती जनपद के गौर थाना क्षेत्र के आमा टिनीच गांव निवासी 35 वर्षीय बबलू पुत्र राजेंद्र सब्जी विक्रेता हैं। सोमवार की सुबह वह सब्जी लेने बस्ती मंडी गए थे। वहां मनचाही सब्जियां न मिलने पर उन्होंने रक्सौल एक्सप्रेस ट्रेन से खलीलाबाद सब्जी मंडी जाने का निर्णय लिया।




जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती घायल बबलू ● जागरण

ट्रेन जब चुरेब और खलीलाबाद स्टेशन के बीच पहुंची, तभी दरवाजे पर खड़े बबलू का पैर अचानक फिसल गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं।

सूचना पर पुलिस व रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल खलीलाबाद भेजवाया। डाक्टरों ने उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

# पिटाई से भड़के सफाई कर्मी, काम ठप कर किया प्रदर्शन

## थाने से भगाए जाने के बाद नगर पंचायत में तैनात पीड़ित सफाई कर्मी ने साथियों को दी घटना की जानकारी

जागरण संवाददाता, धर्मसिंहवा: साथी को पिटाई से क्षुब्ध सफाई कर्मियों ने सोमवार को कामकाज ठप कर जनपद मुख्यालय पर एसपी और डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों ने आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए दोनों अधिकारियों को घटना की लिखित तहरीर भी दी है।

रविवार की शाम को नगर पंचायत धर्मसिंहवा में तैनात एक सफाई कर्मी को कस्बे में फागिंग के लिए लगाया गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे रोका और किसी बात को लेकर बहस हो गई। इसी में सफाई कर्मी को उन लोगों ने पीट दिया।

घटना के बाद वह तहरीर लेकर थाने में पहुंचा। आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की बजाय उसे डांटकर भगा दिया। इस घटना की जानकारी सोमवार की सुबह अन्य सफाई कर्मियों को हुई तो वह नगर पंचायत कार्यालय के सामने एकत्र हुए और सफाई कार्य ठप कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी ने धर्मसिंहवा में प्रदर्शन के बाद अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में डीएम व एसपी से मिलकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने और गिरफ्तार किए जाने की मांग की।



कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन करते नगर पंचायत धर्मसिंहवा के सफाई कर्मी ● स्वयं

अधिकारियों को दिए गए तहरीर में धर्मसिंहवा नगर पंचायत के सेवाइचपार उत्तरी निवासी सफाई कर्मी गोविंद पुत्र ओम प्रकाश ने बताया कि रविवार की शाम करीब 4.30 बजे वह नगर के वार्ड संख्या एक में फागिंग मशीन से नालियों में दवाओं का छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान वार्ड निवासी कुछ लोगों ने गाली देना शुरू कर दिया।

मना करने पर फागिंग मशीन तोड़ दिया और उसे पीटा। किसी तरह से वह बचकर धर्मसिंहवा थाने पर पहुंचा परंतु पुलिस ने उसका मुकदमा करना तो दूर, डांटकर भगा दिया।

"सफाई कर्मी के साथ मारपीट की घटना निंदनीय है, इसे लेकर आरोपितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने मामले मे कार्रवाई का आश्वासन दिया है। नगर पंचायत प्रशासन सफाई कर्मियों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ खड़ा है।" आशुतोष ओझा, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत धर्मसिंहवा

- नगर पंचायत के सामने सफाई कर्मियों ने जताया विरोध
- कार्रवाई की मांग को लेकर जनपद मुख्यालय पर पहुंचे



काम ठप कर नगर पंचायत के सामने प्रदर्शन करते सफाई कर्मी ● जागरण

# जनशिकायत निस्तारण में पुलिस ने रचा इतिहास

## माह अक्टूबर 2025 की मासिक रैंकिंग में पुलिस ने दर्ज की उपलब्धि पांच बार मिला पहला स्थान

जास, संतकबीरनगरः जनशिकायतों के निस्तारण में संतकबीरनगर पुलिस ने एक बार फिर पूरे प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। माह अक्टूबर 2025 की मासिक रैंकिंग में यह उपलब्धि दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि जनपद ने इससे पहले जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में भी प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल किया था। यह लगातार पांचवीं बार है जब जिले ने यह गौरव प्राप्त किया है।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के कुशल निर्देशन एवं नेतृत्व में जिले की पुलिस टीम ने यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने सभी थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि थाने पर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ शालीन व्यवहार किया जाए तथा सभी शिकायतों का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जनशिकायतों का निस्तारण आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से आनलाइन किया जाता है। प्रत्येक संदर्भ का निर्धारित समयावधि में निस्तारण अनिवार्य होता है। जांच अधिकारी मौके पर जाकर तथ्यों की गहराई से पड़ताल करते हैं और विधिक प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई करते हैं।

एसपी ने बताया कि पोर्टल पर प्राप्त सभी संदर्भों की नियमित समीक्षा एवं पर्यवेक्षण किया जाता है। यदि किसी मामले की जांच रिपोर्ट पुष्टिकारक नहीं पाई जाती, तो उसे पुनः जांच के लिए संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देशों के साथ लौटाया जाता है। इसी पारदर्शी और उत्तरदायी कार्यप्रणाली के चलते जिले के सभी थानों ने मिलकर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जल्द ही सभी थाना प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

एसपी ने कहा कि 'जनसुनवाई प्रथम' अभियान के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद व विश्वास की कड़ी और मजबूत हुई है। लगातार पांचवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना पुलिस टीम की मेहनत, अनुशासन और जनता के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण है।

# गांजा के साथ 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

संवाद सूत्र दुधारा: दुधारा पुलिस ने सोमवार को अवैध गांजा के साथ एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गत सितंबर माह में वह गांजा के साथ पकड़े जाने के बाद पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। कोतवाली पुलिस उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके तलाश कर रही थी।

थानाध्यक्ष दुधारा अरविंद शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के मदारपुर निवासी सदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन को कोतवाली खलीलाबाद की पुलिस ने सितंबर माह में अवैध गांजा के साथ पकड़ा था। आरोपित मौके का लाभ उठाकर पुलिस कर्मियों को चकमा देकर भाग निकला था। पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। एसपी के निर्देश पर पुलिस की संयुक्त टीम आरोपित की तलाश में जुटी थी।

# एसपी ने की बीट व्यवस्था की समीक्षा, दिए निर्देश

- एसपी ने खलीलाबाद, बेलहरकला व मेंहदावल थानों की बीट व्यवस्था का किया निरीक्षण
- अपराधियों, असामाजिक तत्वों, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों पर लगातार रखी जाए निगरानी



बीट व्यवस्था की समीक्षा करते एसपी संदीप कुमार मीना व अन्य पुलिसकर्मी • जागरण

जासं, संतकबीरनगर: पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सोमवार को जनपद के कोतवाली खलीलाबाद, बेलहरकला व मेंहदावल थानों की बीट व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीट बुकों का अवलोकन करते हुए उनमें दर्ज शिकायतों, सूचनाओं तथा उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

एसपी ने कोतवाली खलीलाबाद के बीट अधिकारी का. शिवम यादव व का. अरविंद तिवारी, थाना बेलहरकला के का. रामभूषण पटेल व का. अमन कुमार, तथा थाना मेंहदावल के बीट अधिकारी का. धीरेंद्र प्रताप सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाए। क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, असामाजिक तत्वों, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने बीट अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से सतत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि बीट बुक में प्रत्येक सूचना का नियमित अद्यतन किया जाए।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य आरक्षी को मिला प्रशस्ति पत्र :** संतकबीर नगरः कोतवाली खलीलाबाद में मिशन शक्ति केंद्र में कार्यरत मुख्य आरक्षी अंजु सिंह को उनके निष्ठावान और समर्पित सेवाभाव के लिए सोमवार को एसपी संदीप कुमार मीना ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने बताया कि 8 नवंबर 2025 को मिशन शक्ति केंद्र के औचक निरीक्षण में सभी रजिस्टर सुव्यवस्थित पाए गए थे।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार, जेल

**संवाद सूत्र, बखिरा :** बखिरा थाना क्षेत्र के मेंडरापार निवासी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उसे बखिरा-सहजनवां मार्ग स्थित बखिरा पक्षी बिहार गेट के पास से पकड़ा। चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मेहदावल थाना क्षेत्र के केवटलिया निवासी कांति देवी ने सात नवंबर को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री संगीता की शादी मेंडरापार निवासी सोनू से हुई थी। उनके चार बच्चे हैं। कांति देवी के अनुसार, सोनू आए दिन संगीता से विवाद करता था, उसकी पिटाई करता था।

# पानी गिराने को लेकर विवाद, तीन के खिलाफ मुकदमा

जासं, संतकबीरनगर: कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पूर्व पानी गिराने को लेकर हुई मारपीट के मामले में तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अहिरौली गांव निवासी रामबेलास पुत्र सेरई शर्मा ने तहरीर में बताया कि सात नवंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे उनके गांव के राकेश, उपेन्द्र और रविन्द्र उनके दरवाजे के पास पानी गिरा रहे थे।

इस पर उनकी पुत्री संजना ने पानी गिराने से मना किया तो तीनों ने उसे गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपितों ने उन्हें भी लात-घूंसों और लाठी-डंडे से पीट दिया, जिससे तीनों को सिर व शरीर पर चोटें आईं है।

# दिल्ली धमाके के बाद पुलिस हुई सतर्क

- वाहनों की जांच को सड़क पर उतरे एएसपी, देर रात तक चला चेकिंग अभियान
- रेलवे स्टेशन, मेहदावल बाईपास व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ाई गई पुलिस चौकसी

जासं, संतकबीरनगर: दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार की शाम हुए धमाके के बाद संतकबीरनगर जिला प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस ने जिले के हर कोने में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। रेलवे स्टेशन, मेहदावल बाईपास सहित सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है।

एसपी संदीप कुमार मीना ने सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजारों और धार्मिक स्थलों पर लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।



मेंहदावल बाईपास पर वाहनों की जांच करते एएसपी सुशील कुमार सिंह • जागरण

**एएसपी ने मेहदावल बाईपास पर की जांच** : एएसपी सुशील कुमार सिंह ने देर शाम मेहदावल बाईपास पर संदिग्ध वाहनों की जांच की और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे और परिसर व पार्किंग यार्ड में खड़े वाहनों की गहन जांच की। यात्रियों के बैग व अन्य सामान की तलाशी ली गई।

पुलिस ने यात्रियों से अपील की कि स्टेशन परिसर में अनावश्यक भीड़ न लगाएं और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिले की सभी सीमाओं पर भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। एएसपी ने कहा कि जनपद में शांति व सुरक्षा बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# प्रबंधक को गैरजमानती वारंट जारी कर गिरफ्तार करने का दिया आदेश

**जासं, संतकबीरनगर:** जिला उपभोक्ता आयोग ने आदेश का अनुपालन न करने के एक मामले को गंभीरता से लिया है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने सोमवार को मेगाशाप के प्रबंधक के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर गिरफ्तारी करने का आदेश पारित किया है। कैरी बैग का दाम पीड़ित उपभोक्ता को वापस न करना महंगा पड़ा।

इस जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र के कुसरूखुर्द गांव निवासी अच्युतानंद शुक्ल ने अद्विक लीगल कंसल्टेंसी के जरिए सितंबर-2023 में जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दाखिल किया था। इसमें उन्होंने यह उल्लेख किया था कि मेंहदावल चौराहा के भिटवा टोला स्थित मेगा शाप की दुकान से कुछ सामान खरीदे थे। यहां पर उसे एक कैरी बैग देते हुए उसकी कीमत आठ रुपये वसूला गया। उनके आपत्ति करने पर दुकानदार द्वारा यह कहा गया कि इसका दाम तो देना ही पड़ेगा। विवश होकर उन्हें यहां वाद दाखिल किया।

- **कैरी बैग का दाम वापस करने के आदेश का नहीं किया था अनुपालन**
- **जिला उपभोक्ता आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए यह आदेश जारी किया**

इस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने पीड़ित उपभोक्ता से लिए एक कैरी बैग के आठ रुपये को 10 प्रतिशत मय ब्याज के साथ 15 हजार अतिरिक्त 60 दिन के अंदर अदा करने का आदेश दिया था। संबंधित मेगा शाप ने इसका पालन नहीं किया। पीड़ित द्वारा यह सूचना दिए जाने पर जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह व महिला सदस्य संतोष ने आदेश का अनुपालन न करने पर सोमवार को संबंधित मेगा शाप के प्रबंधक को गैरजमानती वारंट जारी कर गिरफ्तारी का आदेश जारी किया है।

# रास्ते को लेकर विवाद तीन आरोपित गिरफ्तार

संवाद सूत्र, दुधारा: दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम बाघनगर में सोमवार को दो पक्षों के बीच रास्ते के मामले को लेकर विवाद हो गया। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को समझाकर मामले को शांत करवाया।

थानाध्यक्ष दुधारा अरविंद शर्मा ने बताया कि समझौते के थोड़ी फिर से विवाद शुरू हो जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने एक पक्ष के उस्मान गनी, अनीश अहमद और जहीर को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया गया।

# कल्याण केंद्र पर गेहूं बीज लेने के लिए उमड़ी किसानों की भीड़




किसान कल्याण केंद्र सेमरियावां में गेहूं बीज लेने के लिए पहुंची किसानों की भीड़। जागरण

संवाद सूत्र, सेमरियावांः किसान कल्याण केंद्र सेमरियावां में सोमवार को गेहूं बीज लेने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ी। भीड़ को काबू करने के लिए होमगार्ड की सहायता ली गई। वहीं किसानों में पहले बीज पाने की होड़ लगी रही।

यह स्थिति देर शाम तक चलती रही। इस केंद्र पर 410 क्विंटल गेहूं का प्रमाणित बीज उपलब्ध है। इसका वितरण शनिवार को हुआ। उस दिन भी किसान पहले बीज पाने के लिए होड़ में लगे रहे। वहीं सोमवार को सुबह करीब नौ बजे से ही दूरदराज से तमाम किसान गेहूं बीज लेने के लिए पहुंच गए। इन्हें टोकन देकर व अभिलेखों के मिलान के बाद बीज दिया गया। किसानों की लंबी कतार लगी रही। करही गांव के अब्दुल खालिक, मूड़ाडीहाबेग के उबैदुर्रहमान व रामशब्द ने कहा कि तीन दिन से गेहूं बीज के लिए दौड़ लगा रहा हूं, यह नहीं मिल रहा है।

यदि यहां पर बीज न मिला तो निजी दुकान पर अधिक दर पर गेहूं बीज खरीदना पड़ेगा। इस संबंध में केंद्र प्रभारी गिरिजेश कुमार ने बताया कि गेहूं बीज पर्याप्त मात्रा में है। इसे पारदर्शिता के साथ वितरित किया जाएगा।

# पीड़ित महिलाओं को दिलाएं न्याय : जनक नंदिनी

## धनघटा तहसील सभागार में आए 27 में से पांच मामलों का किया निस्तारण

- हैंसर बाजार ब्लाक के उमरिया बाजार में लगे चौपाल में महिलाओं से लिया फीडबैक
- महिला आयोग की सदस्य कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण, दिया निर्देश



तहसील सभागार में पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनती राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी( बाएं से दूसरे) • जागरण

जासं, धनघटा: राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी ने सोमवार को धनघटा तहसील के सभागार में पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल 27 मामले आए। इनमें से पांच मामलों का निस्तारण कर दिया। शेष 22 मामलों को निस्तारण करने के लिए एसडीएम व संबंधित विभाग को अग्रसारित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलना चाहिए।

धनघटा थाना के मड़पौना गांव निवासी इंद्रावती देवी पत्नी अजय ने बताया कि तहसील स्तर से भूमि संबंधित विवाद निपटने के बाद विपक्षी उस भूमि पर दीवार बनाने नहीं दे रहे हैं। इस पर राज्य महिला आयोग की सदस्य ने एसडीएम डा. सुनील कुमार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य महिलाओं ने अपनी समस्याएं सुनाई।

इसके बाद महिला आयोग की सदस्य कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय नाथनगर का निरीक्षण किया। इसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कुल 80 बच्चे नामांकित पाए गए। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता देखी। हैंसर बाजार ब्लाक के उमरिया बाजार में लगे चौपाल में उन्होंने उपस्थित महिलाओं से सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं व सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्रत्येक पात्र महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, बीडीओ पौली श्वेता वर्मा, बीडीओ हैंसर बाजार कृष्ण कुमार दुबे, बीडीओ नाथनगर सहित अन्य अधिकारी, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने दो को जेल भेजा, 71 शोहदों पर शांति भंग में की कार्रवाई

जासं, संतकबीर नगर: मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद की सभी थानों की एंटी रोमियो टीम ने गत रविवार की रात को एक व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान 107 स्थानों पर 2,095 लोगों की जांच की गई। इस कार्रवाई में दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा, जबकि 71 शोहदों पर शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की गई। 121 शोहदों से माफीनामा भरवाकर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र में 17 स्थानों पर जांच के दौरान एक व्यक्ति को जेल भेजा गया और 10 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। दुधारा थाना क्षेत्र में चार स्थानों पर जांच के दौरान छह शोहदों से माफीनामा लिया गया। महिला थाने की एंटी रोमियो टीम ने तीन स्थानों पर जांच के दौरान आठ शोहदों से माफीनामा लिया। धनघटा थाना क्षेत्र में 26 स्थानों पर जांच के दौरान 12 शोहदों पर शांति भंग का मामला दर्ज किया गया और 18 शोहदों से माफीनामा लिया गया। महुली थाना क्षेत्र में 27 स्थानों पर जांच के दौरान 29 शोहदों पर शांति भंग की कार्रवाई की गई और 27 शोहदों से माफीनामा लिया गया।

मेंहदावल थाना क्षेत्र में चार स्थानों पर जांच के दौरान दो शोहदों पर शांति भंग का मामला दर्ज किया गया और 17 शोहदों से माफीनामा लिया गया। बखिरा थाना क्षेत्र में छह स्थानों पर जांच के दौरान सात शोहदों पर शांति भंग की कार्रवाई की गई और 10 शोहदों से माफीनामा लिया गया। बेलहरकला थाना क्षेत्र में 15 स्थानों पर जांच के दौरान 20 शोहदों पर शांति भंग का मामला दर्ज किया गया और 15 शोहदों से माफीनामा लिया गया। धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम ने पांच स्थानों पर जांच के दौरान बिना काम के घूम रहे 85 लोगों की जांच की, जिनमें से 12 शोहदों से माफीनामा लिया गया। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दो हजार करोड़ रुपये निवेश के मिले लक्ष्य को करें पूर्ण : डीएम

## शासन से मिले लक्ष्य को लेकर डीएम ने उद्यमियों से किया विमर्श

जासं, संतकबीर नगरः डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश की उपस्थिति में कहा कि सभी विभागीय अधिकारी व्यवसायियों के मामले को गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारित करें। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित सभी प्रकरणों को निस्तारित कर अवगत कराएं।

डीएम के पूछने पर उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद (ओडी-ओपी) की प्रगति बताई। डीएम ने बैठक में उपस्थित जिला बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं से संबंधित लंबित ऋण पत्रावलियों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर करें। उन्होंने लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर व उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध कर लें। बैंक शाखाओं में लंबित ऋण आवेदनों का फालोअप करते रहें। उसकी प्रगति सुनिश्चित कराएं। उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया-

- इंडस्ट्रियल एरिया में क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत कराने, पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग की
- बैंक शाखाओं में लंबित ऋण आवेदनों का फालोअप करने का दिया निर्देश



अधिकारियों संग विमर्श करते डीएम आलोक कुमार (पीछे दाएं से दूसरे) • जागरण

खलीलाबाद में सड़कों की मरम्मत कराई जाए। नई सड़कें बनाई जाएं। डीएम ने संबंधित अधिकारी को मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था बढ़ाने की भी मांग की। पूर्व में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश के प्रस्तावों की समीक्षा की। उद्यमी मित्र विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि इस जनपद के लिए दो हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस पर डीएम अधिकाधिक निवेश प्रस्ताव को हस्ताक्षरित कराने और जनपद के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त उद्योग जितेंद्र कुमार गौतम, शासन द्वारा नामित सदस्य शिवशंकर विश्वकर्मा, सीएम फेलो पुष्पा सरोज, लेखाकार आशीष कुमार सिंह, सहायक लेखाकार जितेंद्र कुमार, व्यापारी संगठन के पदाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी, जिला बैंक समन्वयक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यातायात को लेकर किया गया जागरूक



इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद स्थित ब्लूमिंग बड्स स्कूल में पुरस्कृत किए गए चार बच्चों के साथ खड़े यातायात प्रभारी परमहंस (बाएं से चौथे) व शिक्षक● जागरण

जासं, संतकबीर नगर: यातायात प्रभारी परमहंस की टीम ने इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद स्थित ब्लूमिंग बड्स स्कूल में सोमवार को यातायात जागरूकता के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्हें हमेशा यातायात नियमों के पालन करने की शपथ भी दिलाई।

यातायात प्रभारी ने छात्रों को बताया कि "राह वीर गुड समेरिटन योजना" के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को शीघ्र चिकित्सा सहायता दिलाना मुख्य उद्देश्य है। जो नागरिक किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाते हैं, उन्हें सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि व सम्मान-पत्र प्रदान किया जाता है। सभी छात्र-छात्राएं इसके बारे में अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को अवगत कराएं। दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यातायात नियमों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का सही जवाब देने पर उन्होंने कक्षा आठ के अंशु चौरसिया, कक्षा छह की वैष्णवी पाण्डेय, कक्षा सात के आदर्श यादव व कक्षा छह के आदर्श यादव को पुरस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महिलाओं की समस्याओं का किया गया समाधान

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं का निस्तारण किया गया।

सभी थानों की एंटीरोमियो टीम ने बाजार, सार्वजनिक स्थल पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं को जानकारी दी। साथ ही महिलाओं के प्रति अपराध की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताकर सेवाओं का उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। संवाद

# महिला उत्पीड़न के मामलों में बरतें गंभीरता

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की समीक्षा, कस्तूरबा व पीएम श्री विद्यालयों का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी ने सोमवार को धनघटा में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न के मामले में गंभीरता बरतें और त्वरित कार्रवाई करें।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने धनघटा तहसील सभागार में महिलाओं के उत्पीड़न के मामले की जनसुनवाई की। इस दौरान कुल 27 मामले आए, जिसमें पांच प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष 22 मामलों को एसडीएम धनघटा एवं संबंधित विभाग को अग्रसारित किया।



महिलाओं की समस्याएं सुनतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य। स्रोत सूचना

उन्होंने एक-एक प्रकरण पर संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारी से किए गए कार्रवाई आदि के बारे जानकारी प्राप्त करते हुए त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय नाथनगर का निरीक्षण किया।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कुल 80 बच्चे नामांकित पाए गए। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की जानकारी ली और निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार के लिए निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने हैसर बाजार ब्लॉक के उमरिया बाजार में जन चौपाल भी लगाई।

अधिकारियों ने अपने विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य शिक्षा सहित आम जनमानस के हित में विभिन्न लाभार्थीपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही, जिसका लाभ बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंदों को मिल रहा है।

इस दौरान एसडीएम डॉ. सुनील कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, खण्ड विकास अधिकारी पौली श्वेता वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी हैसर कृष्ण कुमार दुबे, महिला थाना प्रभारी पूनम मौर्य, ऋतुका दुबे, मोनिका शुक्ला, कस्तूरबा की वार्डन सुमन सिंह, आशीष वर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट अमन गौड़, नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# मेंहदावल बाईपास से हटवाया अतिक्रमण

संतकबीरनगर। यातायात पुलिस टीम ने सोमवार को खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास समेत अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटवाया। प्रभारी यातायात परमहंस ने फुटपाथ के किनारे लगाए गए ठेले तथा अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग व वाहन स्टैंड के अतिक्रमण को हटवाया गया। आम जनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने अपील की गई। संवाद

# बेलहरकला थाने का सीओ ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। सीओ मेंहदावल सर्वदवन सिंह ने सोमवार को बेलहरकला थाना का त्रैमासिक निरीक्षण किया। परिसर की साफ सफाई, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक करने के साथ-साथ कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की। अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या व बलवा से संबंधित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। संवाद

# पुलिस की मौजूदगी में बंटा गेहूं का बीज

**सेमरियावां।** किसान कल्याण केंद्र सेमरियावां पर अनुदानित गेहूं बीज लेने के लिए सोमवार को सुबह से ही किसान उमड़ने लगे। बीज वितरण में कठिनाई होती देख गोदाम प्रभारी गिरिजेश कुमार ने पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने अपनी निगरानी में किसानों को गेहूं का बीज बंटवाया।

किसान कल्याण केंद्र सेमरियावां पर 410 क्विंटल डीबीडब्ल्यू प्रमाणित बीज आया है। शनिवार को बीज वितरण में अफरातफरी मची रही। सोमवार को गोदाम प्रभारी गिरिजेश कुमार ने दुधारा थाना पुलिस को लिखित सूचना देकर पुलिस की मांग की। पुलिस की मौजूदगी में वितरण शुरू हुआ।

सरकार की ओर से किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं का बीज दिया जा रहा है। संवाद

# दिल्ली में धमाके के बाद जिले में भी अलर्ट, हर संदिग्ध पर नजर

## रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मगहर कबीर चौरा, तामेश्वरनाथ धाम समेत सार्वजनिक स्थलों का पुलिस ने लिया जायजा, वाहनों की भी चेकिंग

हैदराबाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार की देर शाम हुए ब्लास्ट की सूचना के बाद जिले में पुलिस सतर्क हो गई। हालांकि, रेलवे स्टेशन समेत अन्य जगहों पर स्थिति सामान्य रही। पुलिस देर रात में सार्वजनिक स्थलों की जांच की। इसके साथ ही जगह-जगह वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई।



खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर चेकिंग करती पुलिस। फोटो-पुलिस



मेंहदावल बाईपास पर जांच करते एएसपी व अन्य पुलिसकर्मी। संवाद

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में बम विस्फोट हुआ। जिसमे आठ लोगों के मौत होने की सूचना मिली। इसके लिए पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट कर दिया गया। जिले में भी पुलिस ने सतर्कता बरती। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मगहर कबीर चौरा, तामेश्वरनाथ धाम समेत अन्य जगहों पर पुलिस ने सतर्कता बरती है। सब जगहों पर स्थिति सामान्य रहा। रेलवे स्टेशन पर कुछ यात्री मौजूद मिले जो ट्रेनों के इंतजार में बैठे थे। रात नौ बजे के करीब पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। मेंहदावल बाईपास, आजाद चौक, मुखलिसपुर तिराहा, बैंक चौराहा आदि जगहों पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। हर संदिग्ध लोगों की जांच की। एएसपी सुशील कुमार सिंह खुद फोर्स के साथ मेंहदावल बाईपास पर हर वाहनों की चेकिंग करते हुए नजर आए।

लोगों से पूछताछ के बाद ही उन्हें जाने दिया गया। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद सतर्कता बरती जा रही है। वाहनों की चेकिंग की गई है। हर संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है।

# 11.7 किलो गांजा के साथ इनामी गिरफ्तार

लोहरौली। दुधारा थाने की पुलिस तथा एसओजी टीम ने संयुक्त अभियान के दौरान 11 किलो 700 ग्राम गांजे के साथ सदरे आलम निवासी मदारपुर को गिरफ्तार किया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम था। उसे छपिया छितौना मोड़ के पास दबोचा गया।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा व प्रभारी निरीक्षक एसओजी अजय कुमार सिंह की अगुवाई में गठित पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के छपिया छितौना मोड़ के पास से एक संदिग्ध युवक को दबोचा गया। वह एक बोरे में कुछ सामान लेकर जा रहा था और पुलिस को देखकर रास्ता बदलने लगा था। संवाद

# आईजीआरएस पोर्टल पर पांचवीं बार जिला अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण पर प्रदेश में संयुक्त रूप से प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। एसपी संदीप कुमार मीना ने समस्त एसओ को थाने पर आने वाले शिकायतकर्ता से अच्छा व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई का आदेश दिया है।

एसपी ने बताया कि जनशिकायतों का निस्तारण ऑनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्र की जांच के लिए जांच अधिकारी मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक कार्रवाई करते हैं। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण में इस वर्ष माह जून, जुलाई, अगस्त व सितंबर की मासिक रैंकिंग में भी जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।

अक्टूबर में जनपद के समस्त थानों को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आईजीआरएस पोर्टल पर शासन एवं पुलिस अधिकारियों के स्तर से शिकायत की जांच की निगरानी की जाती है। एसपी ने आगे भी अच्छे परिणाम के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# धर्मसिंहवा में सफाईकर्मियों से मारपीट केस नहीं दर्ज हुआ तो ठप किया काम

## सेवाइचपार में फॉगिंग के दौरान कुछ लड़कों के ढेला फेंकने से बढ़ा विवाद



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते नगर पंचायत के कर्मचारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

धर्मसिंहवा। नगर पंचायत धर्मसिंहवा के वार्ड नं 1 में फॉगिंग कर रहे सफाईकर्मियों से मारपीट हो गई। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज नहीं. किया तो आक्रोशित कर्मियों ने सोमवार को कामकाज ठप कर दिया। जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन किया। सफाईकर्मियों के कार्य बहिष्कार से नगर क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े का ढेर लग गया है।

रविवार शाम नगर पंचायत धर्मसिंहवा के सेवाइचपार निवासी सफाई कर्मचारी गोविंद निषाद धर्मसिंहवा के वार्ड नं एक में फॉगिंग कर रहा था। गोविंद ने बताया कि फॉगिंग के दौरान ही धर्मसिंहवा दक्षिणी के कुछ/लड़कों ने उनके ऊपर ढेला फेंक दिया। जब वह समझाने के लिए गए तो उनके अभिभावकों केशव प्रसाद, उनकी पत्नी तथा उनके घर की पूनम और अन्य अज्ञात लोग आए और मारपीट

### नगर पंचायत कार्यालय में जगह-जगह कूड़े का ढेर

करने लगे। फॉगिंग मशीन को भी तोड़ दिया। वहीं की निवासी महिला सफाईकर्मी वैशाली बीच-बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

देर शाम सफाईकर्मी थाने पहुंचे और केस दर्ज करने की मांग करने लगे। गोविंद का आरोप है कि पुलिस ने उनकी प्राथमिकी नहीं दर्ज की तथा कहा कि अगर तहरीर वापस नहीं ली तो केशव प्रसाद के परिवार से तहरीर लेकर तुम लोगों पर ही एससी-एसटी व अन्य धाराओं में केस दर्ज करके जेल भिजवा देंगे।

सोमवार को लामबंद सफाई कर्मियों ने नगर क्षेत्र की सफाई ठप कर दी। नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पीड़ित गोविंद निषाद, वैशाली, सुनील, नीरज, नरेंद्र कुमार, राम अवध, तेज बहादुर, राजेंद्र, सुरेंद्र, कैलाश, याकूब, जाहिद, रामनिवास, नूरुद्दीन, अब्दुल मोईद, हजरत अली, फिरोज, शम्शे आलम, राम उजागिर, अरविंद, मनीराम , संदीप, व्यास मुनि, फिरोज, आशीष, रामू आदि मौजूद रहे।




### एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन, केस दर्ज कराने की मांग

संतकबीरनगर। सफाईकर्मियों ने एसपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि अगर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया गया तो ये कामकाज ठप रखेंगे। अगर यही स्थिति रही तो कर्मचारियों के साथ लगातार इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी और वे कामकाज नहीं कर पाएंगे। कर्मचारियों का.उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनबढ़ों पर कार्रवाई होनी ही चाहिए। उन्होंने ज्ञापन भी सौंपा और कार्रवाई की मांग की। उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। संवाद

# पराली जलाते समय गन्ने की फसल जली

रोसयाबाजार। धनघटा थाना क्षेत्र के शंकरपुर के सिवान में सोमवार को दोपहर बाद लगभग 2 बजे चार किसानों की 2 बीघा गन्ने की फसल जल गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी लालमन यादव, गंभीर, गोरखनायक और अंतराम यादव ने बताया कि एक किसान अपने धान की पराली को जला रहा था। बगल में हम लोगों की लगभग 2 बीघा गन्ने की फसल जल कर राख हो गई। संवाद

# संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के एचआरपीजी कॉलेज के पास सोमवार को संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित रामललित निवासी मैंथौली थाना लालगंज -जनपद बस्ती ने बताया कि उनका बेटा रामवृक्ष खलीलाबाद से बलरामपुर रेलवे लाइन निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। अन्य लोगों के साथ डिग्री कॉलेज के पास रहता था। 10 नवंबर को सुबह बेटा खलीलाबाद एचआरपीजी कॉलेज के पास मृत अवस्था में मिला है। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि पिता की सूचना के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजकर शव को कब्जे में लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए ज़िला अस्पताल स्थित मोर्चरी भेज दिया गया है। संवाद

# जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत गंभीर

**संतकबीरनगर।** महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने रविवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने के बाद पिता उसे गंभीर अवस्था में लेकर जिला अस्पताल आए। उसका इलाज चल रहा है। महुली थानाक्षेत्र के झकहीं चलक बेल्डुहा निवासी दीवान चंद्र की 18 वर्षीय पुत्री पूजा ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत गंभीर होने के बाद परिजन जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सक उसकी हालत गंभीर बता रहे हैं। संवाद

# मामूली विवाद में मारपीट, तीन पर केस

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगलऊन बउरहवा गांव में मामूली विवाद में मारपीट हो गई। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित रामनिहाल जंगलऊन बउरहवा ने तहरीर में बताया कि 8 नवंबर को देर शाम 8 बजे उनके गांव के विपक्षी दिनेश, गंगोत्री व आरती उनके लड़के आदर्श कुमार को अनायास गाली देते हुए मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी भी देने लगे। उनके लड़के को चोटें आई हैं। बीच-बचाव में गई पत्नी को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# हादसों में दो युवकों की मौत, कोहराम

## कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के कटाई व दुधारा थाना के खटियांवा में हुए हादसे

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिले में रविवार की रात अलग-अलग हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पहला हादसा दुधारा थाना क्षेत्र के खटियावां पेट्रोल पंप के पास हुआ। अनियंत्रित बाइक सवार सड़क पर गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा हादसा कोतवाली क्षेत्र के कटाई के पास हुआ। बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसको गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित करके कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी भेज दिया।



कमलेश ( फाइल फोटो)।

**बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल युवक की मौत : लोहरौली।** दुधारा थाना क्षेत्र में रविवार रात एक खटियावां पेट्रोल पंप के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक सवार कमलेश चौहान (32 वर्ष) पुत्र रामअचल निवासी डुमरिया थाना दुधारा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन और समाजसेवी अमरेश कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे। कमलेश चौहान को सेमरियावां अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आसपास व परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, कमलेश चौहान अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। पत्नी रीता देवी का रो-रोकर कर बुरा हाल है।



ट्रक की टक्कर से युवक की मौत के बाद मौके पर जमा भीड़ । स्रोत - ग्रामीण

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के कटाई गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मुखलिसपुर थाना महुली निवासी अजय (28) पुत्र रामलाल निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग उसे एंबुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित करके घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। चौकी प्रभारी राम वशिष्ठ ने बताया कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार वह अपनी रिश्तेदारी थवईपार गांव आया था। वहां से वापस घर जा रहा था। रात में कटाई गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और भाग गया। जिला अस्पताल की सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करके पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। **संवाद**

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन के चपेट में आने से 60 वर्षीय अली हसन की मौत हो गई। जिला अस्पताल की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे हादसा हुआ। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाय गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की तैयारी की जा रही थी। उसी बीच में उसकी मौत हो गई।

मृतक अली हसन (60) पुत्र मंगरु निवासी चपरा पूर्वी थाना धनघटा के रहने वाले थे। जिला अस्पताल की सूचना के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करवाकर शव को जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी भिजवाया गया।

# तीन दोषियों को कोर्ट उठने तक कारावास और अर्थदंड

अदालत से

**संतकबीरनगर।** न्यायालय ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मारपीट के मामले में तीन दोषियों को न्यायालय उठने तक का कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया। सोमवार को न्यायालय सीजे(एसडी)/एसीजेएम के कोर्ट ने थाना बखिरा से संबंधित अभियुक्त हरेराम व निरंकार निवासी लोहरौली मिश्र को उनके अपराध के लिए न्यायालय उठने तक कारावास व 3000-3000 अर्थदंड लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर 30 दिन कर साधारण कारावास भुगतना होगा। एक अन्य मामले में न्यायालय सीजे(एसडी)/एसीजेएम ने अभियुक्त पप्पू खां निवासी कस्बा बखिरा को न्यायालयं उठने तक का कारावास व 3000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन के चपेट में आने से 60 वर्षीय अली हसन की मौत हो गई। जिला अस्पताल की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे हादसा हुआ। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाय गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की तैयारी की जा रही थी। उसी बीच में उसकी मौत हो गई।

मृतक अली हसन (60) पुत्र मंगरु निवासी चपरा पूर्वी थाना धनघटा के रहने वाले थे। जिला अस्पताल की सूचना के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करवाकर शव को जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी भिजवाया गया।

# तीन दोषियों को कोर्ट उठने तक कारावास और अर्थदंड

अदालत से

**संतकबीरनगर।** न्यायालय ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मारपीट के मामले में तीन दोषियों को न्यायालय उठने तक का कारावास व अर्थदंड से दंड़ित किया गया। सोमवार को न्यायालय सीजे(एसडी)/एसीजेएम के कोर्ट ने थाना बखिरा से संबंधित अभियुक्त हरेराम व निरंकार निवासी लोहरौली मिश्र को उनके अपराध के लिए न्यायालय उठने तक कारावास व 3000-3000 अर्थदंड लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर 30 दिन कर साधारण कारावास भुगतना होगा। एक अन्य मामले में न्यायालय सीजे(एसडी)/एसीजेएम ने अभियुक्त पप्पू खां निवासी कस्बा बखिरा को न्यायालय उठने तक का कारावास व 3000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

# द्वाबा महोत्सव के लिए 20 लाख जारी

धनघटा। पर्यटन विभाग ने 14 नवंबर से आयोजित द्वाबा महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए सोमवार को 20 लाख रुपये जारी कर दिए। शासन के इस फैसले पर चेयरमैन रिंकू मणि और आयोजन समिति ने पर्यटन विभाग और डीएम का आभार जताया है।

विभाग की उप सचिव कीर्ति ने सोमवार को द्वाबा महोत्सव के लिए 20 लाख रुपये जारी किए। उप सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार डीएम द्वारा शासन से प्रस्तावित द्वाबा महोत्सव के आयोजन के लिए 46 लाख रुपये आवंटित करने का अनुरोध किया था। पत्र को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने 20 लाख रुपये जारी करने की जिला प्रशासन को सूचना भेज दी है। संवाद



धनघटा विधायक गणेश चंद चौहान ने सीएम योगी से मुलाकात की। स्रोत : स्वयं

## सीएम से मिले विधायक, महोत्सव के लिए मांगी मदद

धनघटा। 14 नवंबर से धनघटा में आयोजित द्वाबा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सोमवार को क्षेत्रीय विधायक गणेश चंद चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर वित्तीय सहायता की मांग की। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जिले का एक ऐसा क्षेत्र है, जो लोक संस्कृति, ऐतिहासिक, सामाजिक रूप से अत्यंत समृद्ध है। ग्रामीणों के जीवन में रचे-बसे एवं पारंपरिक स्वरूप न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन सकता है। द्वाबा महोत्सव के आयोजन से क्षेत्र के कलाकारों, कारीगरों और लघु उद्यमियों को भी बड़ा मंच मिलेगा। विधायक ने मुख्यमंत्री से इस सांस्कृतिक पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। संवाद

# बोर्ड बैठक न होने से नाराज सभासदों ने दिया धरना

### नगर पालिका : सभासदों ने विकास ठप होने का लगाया आरोप, डीएम को सौंपा मांग पत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के सभासदों ने सोमवार को पालिका कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। सभासदों ने वार्डों में विकास कार्य ठप होने और बोर्ड की बैठक न कराने का आरोप लगाया। सभासदों ने मांग किया कि जल्द से जल्द बोर्ड की बैठक बुलाई जाए और विकास के कार्य शुरू कराए जाए।



नगर पालिका कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे सभासद। स्रोत-संवाद

नगर पालिका परिषद के सभासद श्रीभागवत, दुर्गेश कुमार, असलम, विपिन जायसवाल, बैजनाथ, दिलीप कुमार, अवधेश चौरसिया आदि सोमवार को पालिका कार्यालय पहुंचे और धरना पर बैठ गए। इस दौरान सभासदों ने आरोप लगाया कि कई माह से पालिका बोर्ड की बैठक नहीं बुलाई गई है। जिसके कारण वार्डों में विकास के कार्य ठप हो गए है। जिससे आम जनता परेशान है।

सभासदों ने कहा कि विभिन्न मोहल्लों में सड़क निर्माण, नाली का निर्माण, विद्युतीकरण, पथ प्रकाश व्यवस्था में सुधार आदि कार्य प्रभावित है। इसके साथ ही जल मूल्य पर वृद्धि, गृहकर, पालिका की आय पर कोई निर्णय नहीं हो पा रहा है। विवाह घर, पार्क, स्वागत गेट का निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हो पाया है। महापुरुषों की प्रतिमाओं के स्थान पर सुंदरीकरण आदि के कार्य भी नहीं हो सके हैं। ऐसे में पालिका बोर्ड की बैठक बुलाकर समस्याओं के निदान के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है। धरना के बाद सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महफूज हसन, जुल्फेकार अली, सुनील प्रजापति, विजय यादव, राम प्रताप, मुन्ना पांडेय, अरविंद कुमार, बेलाल अहमद, पंकज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

> सभासदों की मांग जायज है। धन की कमी है। प्रयास है कि शासन स्तर से धन उपलब्ध हो जाए। जिससे विकास कार्य कराए जा सकें। जल्द ही पालिका बोर्ड की बैठक कर समस्याओं का निदान कराया जाए। इसके लिए जल्द ही कदम उठाए जाएंगे।
>
> –जगत जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खलीलाबाद

# GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–11–11–2025

# पत्नी के हत्यारे पति व प्रेमिका को कैद

**अदालत से**

- अवैध संबंध में पत्नी को जलाकर मार डाला था
- तरबगंज क्षेत्र में वर्ष 2017 में हुई थी घटना

**गोण्डा, विधि संवाददाता।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने अवैध संबंध में पत्नी को जलाकर हत्या करने में पति को सात वर्ष और उसकी प्रेमिका को पांच वर्ष कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर छह-छह माह की अतिरिक्त सजा होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित पाठक के अनुसार वादी मुकदमा नकछेद गुप्ता ने इस आशय की तहरीर दी कि उसने अपने पुत्री अनीता की शादी घटना से 15 वर्ष पूर्व थाना तरबगंज अंतर्गत ग्राम किंधौरा निवासी परमेश्वर गुप्ता से किया था। हत्या की घटना पांच दिसंबर 2017 सुबह की है। अनीता के दो लड़के और दो लड़कियां है। शादी के बाद अनीता बताती थी कि उसकी पड़ोस की रहने वाली सुनीता यादव को लेकर पति परमेश्वर गुप्ता उसे मारते-पीटते थे। इस सम्बन्ध में तीन-चार बार लोगों को ले जाकर परमेश्वर के घर पंचायत किया। पुलिस से शिकायत किया। पुलिस ने परमेश्वर गुप्ता को थाने में भी बंद कर दिया। इसके बाद भी परमेश्वर गुप्ता बेटी अनीता को पीटते, प्रताड़ित करते रहे। घटना की सूचना पर जब वह अपनी बेटी के घर गए तो पता चला कि अनीता जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती है। वहां से जिला अस्पताल पहुंचने पर अपनी लड़की को जली हालत में देखा। वहां मौजूद परमेश्वर गुप्ता उसे देखकर भाग निकला। अनीता ने पूछने पर बताया कि उसे लोधे की पत्नी सुनीता व परमेश्वर गुप्ता ने जला दिया है। इलाज के दौरान अनीता की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में भेजा। कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद पति को सात व महिला को पांच वर्ष की कैद, 20-20 हजार अर्थदंड लगाया।

### गोरखपुर जोन की 25वीं अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

# गोरखपुर टीम ने जीता खिताब, गोण्डा उपविजेता रही

**प्रतियोगिता**



सोमवार को गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता में विजयी गोरखपुर की टीम को सम्मानित करते एसपी।



सोमवार को गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता गोंडा की टीम को सम्मानित करते एसपी।

**गोण्डा, संवाददता।** रिजर्व पुलिस लाइन्स के क्रिकेट ग्राउण्ड पर चल रही 25वीं अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता (गोरखपुर जोन) का फाइनल गोरखपुर व गोण्डा टीम के बीच सोमवार को खेला गया। इस खिताबी भिड़ंत में गोरखपुर की टीम ने मैच जीतकर खिताब पर कब्जा कर लिया। विजयी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

फाइनल मुकाबले में गोण्डा पुलिस टीम के कप्तान अरविन्द राय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 204 रनों का लक्ष्य गोरखपुर टीम के सामने रखा। जवाब में गोरखपुर पुलिस टीम ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर जीत दर्ज की। टीम गोरखपुर जोन क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बन गई। गोरखपुर टीम की ओर से आरक्षी दीपक यादव ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 102 रन बनाकर अपनी टीम को विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई, शतकीय पारी खेलने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जबकि गोण्डा पुलिस टीम उपविजेता रही। मैच के बाद मुख्य एसपी विनीत जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को उनकी खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क के लिए बधाई दी। टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन गोरखपुर टीम के आरक्षी दीपक यादव, बेस्ट बॉलर देवरिया टीम के हेड कांस्टेबल रामू प्रसाद, बेस्ट फील्डर गोरखपुर के आरक्षी अंकित सिंह, बेस्ट कीपर गोण्डा के आरक्षी भोला भागीरथी को चुना गया तथा पूरे टूर्नामेन्ट के दौरान दो शतकीय पारी खेलने वाले गोरखपुर के आरक्षी दीपक यादव को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

### 10 जिले के खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के कुल 10 जनपदों की पुलिस टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पुल ए में गोण्डा, देवरिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर एवं श्रावस्ती तथा पुल बी में गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर एवं बहराइच की टीमें सम्मिलित रहीं।

### एसपी ने दी शुभकामनाएं, किया सम्मानित

एसपी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 10 टीमों को शुभकामनाएं दीं तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोरखपुर पुलिस टीम को विजेता ट्रॉफी तथा गोण्डा पुलिस को उपविजेता ट्रॉफी व दोनों टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पुलिस लाइन स्टाफ एवं आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के दौरान कमेंट्री अजय कुमार पाण्डेय एवं आनन्द कुंवर भट्ट ने किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सिंह तथा पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'माफी मांगें कटराबाजार विधायक वरना दर्ज कराएं एफआइआर'




कार्यालय पर नारेबाजी करते सपा के पदाधिकारी • जागरण

जासं • गोंडा : पूर्व मंत्री स्वर्गीय विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणी से नाराज सपाइयों ने विरोध प्रदर्शन किया। सपाइयों ने कटराबाजार विधायक बावन सिंह के सार्वजनिक रूप से माफी न मांगने पर उनके खिलाफ एफआइआर कराने की मांग को लेकर नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा को ज्ञापन सौंपा। मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप, छात्रसभा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मो. अफजाल खान ने कहा कि पूर्व मंत्री पंडित सिंह जनप्रिय नेता थे। भाजपा विधायक बावन सिंह ने अवैध खनन को लेकर उनपर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। कटराबाजार में जो अवैध खनन कराते हैं, उनका नाम लेने से विधायक डरते हैं। कहा कि विधायक माफी मांगें नहीं तो उनके खिलाफ एफआइआर कराई जाए। ऐसा न होने पर सपाई आंदोलन के लिए विवश होंगे।

कटराबाजार विधायक बावन सिंह ने दूरभाष पर बताया कि बालू प्रकरण में पूर्व विधायक का नाम लेना चाह रहे थे। धोखे से पंडित सिंह जी का नाम निकल गया है। इस प्रकरण के जिम्मेदार पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे हैं, बालू का जो टीला था, उसमें एक मुस्लिम के साथ यही साझेदार थे। उन्हीं की वजह से सड़कों पर गड्ढा हो गया था, उसका निर्माण मैंने कराया था।

# पुलिस ने बीएसए कार्यालय में की जांच

संसू, जागरण • गोंडा : बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी, जिला समन्वयक विद्याभूषण मिश्र व प्रेम शंकर मिश्र पर रिश्वत मांगने के मामले में दर्ज मुकदमे की जांच के लिए सोमवार पुलिस टीम बीएसए कार्यालय पहुंची। आफिस में बीएसए के बारे में जानकारी हासिल की। इसके पूर्व क्षेत्राधिकारी नगर आनंद राय ने मोतीगंज के किनकी निवासी शिकायतकर्ता मनोज कुमार पांडेय का बयान दर्ज किया है। नीमन सीटिंग सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक व मोतीगंज के किनकी निवासी मनोज कुमार पांडेय ने एंटी करप्शन न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर एफआइआर की मांग की थी। उन्होंने कहा कि परिषदीय स्कूलों में 15 करोड़ से फर्नीचर की आपूर्ति की निविदा निकाली गई।

निविदा देने के लिए कुल धनराशि का 15 प्रतिशत कमीशन मांगा गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 50 लाख रुपये पहले देने के लिए कहा। उन्होंने 36 लाख रुपये दे दिया। शेष धनराशि का प्रबंध करने के लिए



अतुल कुमार तिवारी • जागरण

- भ्रष्टाचार के मुकदमे की पुलिस ने तेज की जांच
- बेसिक शिक्ष अधिकारी से नहीं हुई मुलाकात

समय मांगा। रुपये लेने के लिए उ
डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) वापस कर
गई। उनका आवेदन रद करने
चेतावनी दी गई। रुपये न देने
उनका आवेदन रद कर दिया ग
और फर्म पर मुकदमा दर्ज क
दिया गया। उन्हें उनका रुपये
वापस नहीं किया जा रहा है। वि
न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवार
अधिनियम कोर्ट संख्या पांच
आदेश पर पुलिस ने मुकदमा द
किया है। बीएसए अतुल तिवारी
आरोपों को निराधार बताया। सी
नगर आनंद राय ने कहा कि सा
संकलन के लिए पुलिस टी
बीएसए कार्यालय गई थी। बीएस
से मुलाकात नहीं हो सकी है।

# चार पायदान सुधरी रैंकिंग, मंडल में सबसे फिसड्डी

संसू, जागरण • गोंडा : विकास कार्यक्रमों के प्रगति की रैंकिंग में गोंडा चार पायदान ऊपर चढ़ा है, लेकिन देवीपाटन मंडल वह अब भी सबसे निचले पायदान पर है। शासन ने अक्टूबर की रैंकिंग जारी कर दी है। इस बार गोंडा को राज्य में 71वां स्थान मिला है जबकि, गोरखपुर 75वें नंबर पर पहुंच गया है। राजधानी लखनऊ को 74वीं रैंक मिली है। बिजली विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उद्यान, फैमिली आइंडी, बेसिक शिक्षा में जिले की प्रगति कम पाई गई है।

**इन योजनाओं में गोंडा को मिले कम नंबर :** गोंडा जिले में 30 कार्यक्रम ऐसे हैं, जिनमें निर्धारित दस अंक से कम नंबर मिले हैं। तीन कार्यक्रमों में कोई अंक नहीं मिला है। कई बार निर्देश के बावजूद कई विभाग

योजना के संचालन को लेकर गंभीर नहीं हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति, निपुण टेस्ट, ड्रिप इरीगेशन सिस्टम, निर्माण, जल जीवन मिशन, फैमिली आइंडी, पुल निर्माण, मार्ग निर्माण, एनआरएलएम, पर्यटन, पोषण अभियान में कम अंक मिले हैं।

**डीएम की फटकार के बाद थोड़ी सुधरी स्थिति :** विकास कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा के लिए प्रतिदिन जूम मीटिंग की जाती है। सप्ताहिक समीक्षा के साथ ही मासिक समीक्षा बैठक भी बुलाई जाती है, लेकिन इसके बाद भी प्रगति में अपेक्षित कोई सुधार नहीं हो रहा है। डीएम प्रियंका निरंजन की चेतावनी के बाद प्रगति में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन मंडल में स्थिति अब भी पहले जैसी है।



विकास भवन गोंडा • जागरण

> सीएम डैश बोर्ड में शामिल विकास कार्यक्रमों के अक्टूबर की रैंकिंग जारी हो गई है। गोंडा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती के अधिकारियों को समीक्षा करके प्रगति में सुधार के लिए पत्र भेजा जाएगा।
> – राकेश कुमार पांडेय, संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन मंडल

### आइजीआरएस निस्तारण में देवीपाटन मंडल को प्रथम रैंक

जासं • गोंडा : एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) पर आई शिकायतों के निस्तारण की रैंकिंग जारी हो गई है। देवीपाटन मंडल को अक्टूबर में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। अपर आयुक्त प्रशासन देवीपाटन मंडल कमलेश चंद्र ने बताया कि निस्तारित मामलों का फीडबैक शिकायतकर्ता से लिया गया। आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने रैंकिंग में प्रथम स्थान मिलने पर प्रसन्नता जताई है।

### यह भी जानिए, किस जनपद को मिली कौन सी रैंक

| जिला | रैंक |
|---|---|
| बाराबंकी | 07 |
| अंबेडकरनगर | 13 |
| अमेठी | 16 |
| श्रावस्ती | 17 |
| बहराइच | 32 |
| हरदोई | 34 |
| लखीमपुरखीरी | 38 |
| सुलतानपुर | 47 |
| रायबरेली | 52 |
| अयोध्या | 54 |
| बलरामपुर | 66 |
| सीतापुर | 68 |
| गोंडा | 71 |
| लखनऊ | 74 |

# 33केवी बिजली लाइन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

**सीतापुर जिले के कुरौली गांव से मजदूरी करने के लिए आया था युवक, मोबाइल फोन पर बात करते समय लाइन से टकराया**

संसू, जागरण • मनकापुर (गोंडा) : 33केवी बिजली लाइन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत हो गई। ैरीपुर रामनाथ के पास गोपी बेकर्स र जनपद सीतापुर के थाना कमलापुर के ग्राम कुरौली के रहने वाले सुभाष कुमार अपने छोटे भाई अरुण कुमार के साथ बेकरी में मजदूरी करने के लिए आया था। सोमवार दोपहर में मोबाइल पर बात करते हुए छत पर चला गया। छत के ऊपर से गई 33केवी लाइन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। अरुण कुमार ने बताया कि उनके भाई की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। एक वर्ष की बेटी महक है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि सूचना मिली है।

# सड़क हादसों में हर दिन जान गंवा रहा एक राहगीर

## जल्दबाजी, तीव्र रफ्तार व **ओवरलोड से लाल हो रही सड़कें** कागजी जागरूकता के इंतजाम हैं बेअसर

संसू, जागरण • गोंडा : सड़क पर धैर्य रखकर यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता माह चल रहा है लेकिन, अधिकांश लोग इसे लेकर गंभीर नहीं है। पिछले दस माह में हुई दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर गौर करें तो औसतन हर दिन दो दुर्घटनाएं हो रही है, जिनमें प्रतिदिन औसतन एक राहगीर जिंदगी गंवा दे रहा है।

गुरुवार को कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग स्थित दत्तनगर के पास गुरुवार देर शाम ट्रैक्टर व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक सवार कटरा बाजार के ग्राम खिंदूरी निवासी मुदस्सिर अयान खान की मौत हो गई। वजीरगंज के भरहापारा निवासी बाइक मैकेनिक सुरेश सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। गुरुवार को खरगुपुर क्षेत्र के छिटनापुर के शिव सहायपुरवा निवासी मंशाराम वर्मा के जाते समय उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। ये महज एक दो दिन के आंकड़े है, जब हर दिन दो दिन से तीन हादसे हो रहे है, जिनमें कोई न कोई इन दुर्घटनाओं में दम तोड़ रहा है।

रेडियम पहना रहे युवा- परसपुर: सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं से दुर्घटना में बचाव के लिए युवा आगे आए हैं। गोरक्षक दल के सदस्य पशुओं के गले में रेडियम लगा रहे हैं, जिससे वाहनों की लाइट पड़ने पर वह चमके और दुर्घटना से बचाव हो। गोरक्षक टीम के अजीत सिंह ने बताया कि योगेश, राज, मोहित, श्याम, शशांक, निखिल, सचिन, आशु, वैभव, प्रिंस अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि पसका, नंदौर आदि गांवों में 410 पशुओं को रेडियम पट्टा पहनाया गया है।



कर्नलगंज में दुर्घटना स्थल पर पलटा पिकअप • फाइल

| माह | दुर्घटनाएं | मौतें |
|---|---|---|
| जनवरी | 38 | 20 |
| फरवरी | 46 | 27 |
| मार्च | 61 | 42 |
| अप्रैल | 60 | 35 |
| मई | 69 | 40 |
| जून | 57 | 27 |
| जुलाई | 58 | 24 |
| अगस्त | 45 | 28 |
| सितंबर | 41 | 23 |
| अक्टूबर | 52 | 25 |
| कुल | 527 | 291 |

(उपरोक्त सभी आइआरएडी दर्ज हुई आंकड़ों के अनुसार है)

अधिकांश दुर्घटनाएं जल्दबाजी, तीव्र रफ्तार व ओवरलोड से होती है। जब कोई जल्दबाजी करते हुए या तो सड़क पार करता है या फिर वाहन तेज चलाता है, तो हादसे का डर बढ़ जाता है। बचाव के लिए हेलमेट व सीटबेल्ट जरूरी है, लेकिन लोग इसे भी भूल जाते हैं। अधिक भार से भी वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना कर बैठते हैं। हादसों को रोकने के लिए हमें गंभीर होकर यातायात नियमों का पालन करना होगा, तभी स्थिति सुधर सकती है।

– आरसी भारतीय, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी



परसपुर में दुर्घटना से बचाने के लिए गाय को रेडियम पट्टा पहनाते गोरक्षक टीम • जागरण

# रेलवे ओवरब्रिज से अनियंत्रित हो गिरा ट्रक, बाल-बाल बचे लोग



रेलवे ओवर ब्रिज से नीचे गिरा मिक्सर डंपर • जागरण

संसू, जागरण • गोंडा : गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग को तोड़ कर मिक्सिंग मशीन ट्रक नीचे गिर गया इसमें चालक घायल हो गए हैं। घायल को मेडिकल कालेज से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ के लिए रेफर किया है। ट्रक के गिरने से ननकू के कास्मेटिक व रफीक की तंबाकू की दुकान क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर कोतवाली के बड़गांव पुल पर रविवार की देररात इटियाथोक की तरफ आ रह मिक्सिंग मशीन वाला ट्रक बेकाबू होकर रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। ट्रक चालक मुकेश घायल हो गया है। ओवरब्रिज पर लगने वाली दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि घटना देररात को हुई। दिन में हादसा होने पर कई लोग की जान खतरे में पड़ सकती थी। पुल का हिस्सा टूटकर लटका हुआ है जिससे अभी हादसे की आशंका बनी है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने कहा कि चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त हिस्से से लोगों को जाने से रोक दिया है।



टूटा रेलवे ओवरब्रिज • जागरण

# गोरखपुर ने जीता पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट

- पुलिस अधीक्षक ने विजेता टीम को ट्राफी देकर किया सम्मानित
- रोमांचक मुकाबले में दो गेंद शेष रहते तीन विकेट से जीती टीम

संसू, जागरण • गोंडा : पुलिस लाइंस स्थित क्रिकेट मैदान में आयोजित 25 वीं अंतर जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता (गोरखपुर जोन) का समापन हुआ। छह नवंबर से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के दस जनपदों की पुलिस टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गोंडा व गोरखपुर पुलिस टीम के मध्य खेला गया। गोंडा पुलिस टीम के कप्तान अरविंद राय ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 204 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में गोरखपुर पुलिस टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर जीत दर्ज की। गोरखपुर की टीम जोन क्रिकेट प्रतियोगिता–2025 की विजेता बनी। गोरखपुर टीम की ओर से आरक्षी दीपक यादव ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 102 रन बनाकर अपनी टीम को विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई, शतकीय पारी खेलने के लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया जबकि गोंडा पुलिस टीम उपविजेता रही। मैच के उपरांत समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को उनकी खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क के लिए बधाई दी।




पुलिस लाइन में विजेता कप्तान को ट्राफी देते एसपी विनीत जायसवाल • पुलिस मीडिया सेल

टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन गोरखपुर टीम के आरक्षी दीपक यादव, बेस्ट बालर देवरिया टीम के मुख्य आरक्षी रामू प्रसाद, बेस्ट फील्डर गोरखपुर के आरक्षी अंकित सिंह, बेस्ट कीपर गोंडा के आरक्षी भोला भागीरथी को चुना गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान दो शतकीय पारी खेलने वाले गोरखपुर के आरक्षी दीपक यादव को प्लेयर आफ सीरीज घोषित किया गया। एसपी गोरखपुर पुलिस टीम को विजे ट्राफी व गोंडा टीम को उपविजे ट्राफी, दोनों टीम के खिलाड़ियों व मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान व सम्मानित किया गया। कमेंट्री व संचालन अजय कुमार पांडेय आनंद कुंवर भट्ट ने किया। अप पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुम रावत, एएसपी राधेश्याम रा प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सि उपस्थित रहे।

# युवक पर हमले का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। तीन माह पूर्व नगर कोतवाली क्षेत्र में युवक पर हुए प्राणघातक हमले का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मामले में एसपी को अपनी निगरानी में शीघ्रता से निष्पक्ष विवेचना कराने का आदेश दिया है।

शहर के राजा मोहल्ला निवासी आकाश कुमार श्रीवास्तव ने आठ अगस्त 2025 को कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि सात अगस्त की सुबह पांच बजे वह अपने बड़े भाई जितेंद्र श्रीवास्तव उर्फ नीलू के साथ टहलने निकले थे। तभी मलेरिया ऑफिस के पास सफारी गाड़ी में घात लगाए बैठे ग्राम गंगापुर निवासी सुनील शुक्ल, सुधीर शुक्ल और संजीव शुक्ल उर्फ चैंपियन ने लोहे की रॉड और पिस्टल से जितेंद्र पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जितेंद्र श्रीवास्तव के सिर में गंभीर चोटें आईं और वह मरणासन्न हो गए। आरोपी पिस्टल लहराते हुए भाग गए थे।

## पुलिस अधीक्षक को शीघ्र और निष्पक्ष विवेचना कराने का आदेश

आकाश का आरोप है कि कोतवाली नगर पुलिस द्वारा की गई विवेचना में पक्षपात और हीलाहवाली की गई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में रिट याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने एसपी को निष्पक्ष विवेचना कराने का आदेश दिया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में पति व एक अन्य को कारावास

## पति को सात साल और एक महिला को पांच साल की जेल, 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

गोंडा। विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में न्यायालय ने दोषी पति को सात साल और एक महिला को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। दोनों को 20-20 हजार रुपये जुर्माने से भी दंडित किया है। जबकि साक्ष्य के अभाव में एक आरोपी को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

तरबगंज के ग्राम धनौली निवासी नकछेद गुप्ता ने थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि उन्होंने बेटी अनीता की शादी 15 साल पूर्व ग्राम किंभौरा निवासी परमेश्वर गुप्ता से की थी। परमेश्वर दहेज की मांग को लेकर अनीता को प्रताड़ित करता था। पांच दिसंबर 2017 को सुबह आठ बजे परमेश्वर, उसके पिता जवाहिर गुप्ता और लोधे यादव की पत्नी सुनीता यादव ने जान से मारने की नीयत से मिट्टी का तेल छिड़ककर अनीता को जला दिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मौत हो गई। पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

ट्रायल के दौरान आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आया। साक्ष्य के आधार पर एडीजे (तृतीय) राजेश कुमार ने अभियुक्त परमेश्वर गुप्ता और सुनीता यादव को दोषी करार देते हुए दंडित किया। साक्ष्य के अभाव में अभियुक्त जवाहिर को दोषमुक्त कर दिया गया।

### दहेज हत्या में सास, जेठानी और देवर की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

गोंडा। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने और दहेज हत्या के मामले में आरोपी सास, जेठानी और देवर की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। बहराइच के थाना जरवल रोड के ग्राम मदारपुर धनसरी निवासी सुंदरी देवी ने परसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। सुंदरी देवी के मुताबिक उन्होंने बेटी सुमन की शादी परसपुर के ग्राम रकसांड़िया के मजरा देवतादीन पुरवा निवासी अनिल से 31 मई 2022 को की थी। पति अनिल, ससुर रामसरन, सास माया देवी, जेठानी मधु व देवर सोनू दहेज में चार पहिया गाड़ी और चार लाख रुपये नकद की मांग को लेकर सुमन को प्रताड़ित करते थे। तीन अक्तूबर 2025 को ससुराल वालों ने फोन करके बताया कि सुमन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वादिनी ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस मामले में विवेचना कर रही है। रामसरन, अनिल समेत अन्य आरोपियों ने गिरफ्तारी पर रोक और एफआईआर रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस बीच 18 अक्तूबर को पुलिस ने रामसरन व अनिल को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की याचिका की सुनवाई के दौरान जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने आरोपी माया देवी, मधु और सोनू की गिरफ्तारी पर आगामी 27 दिसंबर 2025 तक रोक लगा दी है। (संवाद)

# आश्रित को मिले नौकरी और आवास, आरोपियों की हो गिरफ्तारी

## आरपीएफ की हिरासत में एससी युवक की मौत का मामला, परिजनों से मिला बसपा का प्रतिनिधिमंडल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। आरपीएफ की हिरासत में संजय सोनकर की मौत के बाद सोमवार को बसपा का प्रतिनिधिमंडल उसके गांव मोतीगंज के किनकी पहुंचा। परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाया।

बसपा जिलाध्यक्ष मनोज कनौजिया के साथ पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने संजय के भाई राजू से मामले की पूरी जानकारी ली। उन्हें आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे की पैरवी समेत कार्रवाई कराने का भरोसा दिलया। बसपा नेता राजकुमार कुरील ने कहा कि संजय के आश्रित को सरकारी नौकरी और आवास दिया जाए। पूरा परिवार छप्पर में गुजारा कर रहा है। ऐसे में संजय की मौत से परिवार का खर्च चलाने में परेशानी हो रही है। कहा कि अफसरों से आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कराने की मांग करेंगे।

### संजय का बनेगा एससी प्रमाणपत्र तब बढ़ेगा एससी-एसटी एक्ट

गोंडा। मामले में तफ्तीश के दौरान पुलिस ने संजय के भाई राजू को तलब किया तो पता चला कि उनके पास एससी प्रमाणपत्र ही नहीं है। इसलिए पहले से दर्ज हत्या के मुकदमे में एससीएसटी एक्ट की धारा नहीं बढ़ाई जा सकी। पुलिस ने परिजनों को एससी प्रमाणपत्र जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा है। राजू ने बताया कि प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है। दो दिन में प्रमाणपत्र जारी होने की उम्मीद है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि प्रमाण पत्र मिलते ही धारा बढ़ा दी जाएगी।

# दिल्ली में बम धमाके के बाद गोंडा में अलर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद गोंडा में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अयोध्या से सटे नवाबगंज में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसके साथ ही संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा रही है।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पूरे जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की जांच की रही है। सोशल मीडिया सेल को अलर्ट पर रखा गया है। स्थानीय अभिसूचना इकाई को सूचना संकलन के लिए लगाया गया है। एएसपी मनोज रावत के साथ रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की जांच कराई गई है।



दिल्ली में बम धमाके के बाद सोमवार रात गोंडा शहर में चेकिंग करती पुलिस टीम। संवाद

# दीपक के शतक से चमकी गोरखपुर टीम

## 25वीं अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गोंडा को हराकर जीती ट्रॉफी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। पुलिस लाइन के मैदान में आयोजित 25वीं अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता (गोरखपुर जोन) 2025 का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। इसमें गोरखपुर की टीम ने गोंडा को हराकर ट्रॉफी जीत ली। विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को अधिकारियों ने सम्मानित किया।

city sports

गोंडा टीम के कप्तान अरविंद राय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 204 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में गोरखपुर पुलिस टीम ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। गोरखपुर टीम से आरक्षी दीपक यादव ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 102 रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाई। शतकीय पारी खेलने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी विनीत जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। गोरखपुर टीम को विजेता ट्रॉफी तथा गोंडा टीम को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही एसपी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर एएसपी (पूर्वी) मनोज कुमार रावत, एएसपी (पश्चिमी) राधेश्याम राय, प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### यह बने टूर्नामेंट के हीरो

टूर्नामेंट में गोरखपुर टीम के आरक्षी दीपक यादव को श्रेष्ठ बल्लेबाज, देवरिया टीम के मुख्य आरक्षी रामू प्रसाद को श्रेष्ठ गेंदबाज, गोरखपुर के आरक्षी अंकित सिंह को बेस्ट फील्डर व गोंडा के आरक्षी भोला भागीरथी को बेस्ट कीपर का खिताब मिला। टूर्नामेंट के दौरान दो शतक लगाने पर गोरखपुर टीम के आरक्षी दीपक यादव को प्लेयर ऑफ द सीरीज का भी खिताब मिला।

प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के 10 जनपदों की पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें गोंडा, देवरिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, संतकबीरनगर व बहराइच की टीमें शामिल हैं।



पुलिस लाइन मैदान में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। स्रोत: पुलिस मीडिया सेल




विजेता गोरखपुर टीम को सम्मानित करते एसपी विनीत जायसवाल। स्रोत: पुलिस मीडिया सेल

BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–11–11–2025



पुलिस कर्मियों को जानकारी देते एसपी व अन्य

# सुरक्षा कर्मियों को डीएम ने दिए निर्देश

बलरामपुर। मुख्यमंत्री के जनपद आगमन कार्यक्रम के मद्देनजर सोमवार को एसपी विकास कुमार व डीएम विपिन कुमार जैन ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न प्वाइंटो,हेलीपैड व प्रवेश द्वार, मंदिर प्रवेश द्वार व परिसर में लगे कर्मियों को सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए ब्रीफ किया। एसपी ने सुरक्षा कर्मियों से कहा कि सभी कर्मचारी अपने ड्यूटी स्थल पर सतर्कता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

# उम्मीद और आंसुओं के सहारे जी रहा राम बुझारत का परिवार

संवाद न्यूज एजेंसी

गैड़ास बुजुर्ग। थाने के सामने आत्मदाह करने वाले राम बुझारत की तस्वीर अब भी घर की दीवार पर टंगी है। धुएं से पीली पड़ी फोटो के नीचे अगरबत्ती की राख और सूखी माला लटक रही है। घर की खामोशी दर्द बयां करती है। कभी अपनी फसल को खेतों में देख हंसने-गुनगुनाने वाले राम बुझारत अब नहीं हैं, लेकिन उनके परिवार का दर्द और संघर्ष बदस्तूर जारी है।

पत्नी कुसमा देवी अब भी हर सुबह पति की तस्वीर देखकर कहती हैं कि सरकार ने कहा था कि हमें मदद मिलेगी...पर अब तक कुछ नहीं हुआ। अनुसूचित गरीब परिवार की बात कौन सुनता है? कुसमा की आंखों में नमी और चेहरे पर चिंता की लकीरें बताती हैं कि तकलीफ शब्दों में बयां नहीं हो सकता। एक दरोगा की जिद ने कैसे पूरे परिवार को तबाह कर दिया, यह देखने और समझने के लिए जिम्मेदारों को राम बुझारत के घर आना होगा।



गैड़ास बुजुर्ग में घर में बच्चे के साथ बैठी राम बुझारत की पत्नी। -संवाद

घर की टूटी हुई चारपाई पर मां के साथ बैठा दस साल का प्रियांशु अब भी पिता की राह देखता है। बड़ी बेटी ज्योति (15) बुआ के घर रहकर पढ़ाई कर रही है, जबकि हिमांशु (13) अपने मामा के यहां है। गरीबी, बेबसी और अनिश्चितता के बीच तीनों बच्चे एक साथ नहीं रह पाते। विडंबना है कि परिवार टुकड़ों में बांटा हुआ है।

कुसमा बताती हैं कि घटना के बाद अधिकारी आए थे...फोटो खिंचवाया... कागजों पर हस्ताक्षर कराए और आश्वासन देकर चले गए। कहते थे कि सरकार सब देख लेगी, लेकिन अब तक सिर्फ 30 हजार रुपये मिले। मैं चाहती हूं कि मेरे बच्चों को पढ़ने का मौका मिले।

### ग्रामीणों को आज भी याद है राम बुझारत की यादें

गांव के बुजुर्ग हरिराम यादव बताते हैं कि राम बुझारत सीधा-सादा आदमी था। उसने कई बार थाने जाकर बताया कि उसकी जमीन पर कब्जा हो रहा है, लेकिन पुलिस ने उल्टा डांट दिया। उसी दिन सब खत्म हो गया। राम बुझारत की मौत के बाद गांव में कुछ दिन तक हलचल रही, टीवी कैमरे आए, नेताओं ने संवेदना जताई, लेकिन जैसे ही खबर ठंडी पड़ी, परिवार फिर अकेला पड़ गया। अब न मीडिया आती है और न कोई अफसर ही यहां झांकता है। ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला प्रशासन से अपील की है कि राम बुझारत के परिवार को आर्थिक सहायता, आवास और बच्चों की शिक्षा की गारंटी दी जाए।

- **दरोगा पर कार्रवाई न होने से है लोगों में गुस्सा :** थाने के सामने हुई आत्मदाह की घटना को एक साल से ज्यादा बीत चुका है। आरोपित दरोगा पवन कनौजिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल तो हो गई, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे गांव के लोगों में भी रोष है। महिला रामप्यारी कहती हैं कि गरीब आदमी न्याय के लिए मर जाता है और कोई सुनवाई नहीं होती। अब राम बुझारत के घर में न बिजली है, न ढंग का चूल्हा। खेत भी विवादित हैं। मजदूरी का काम मुश्किल से मिलता है।

## प्रसूता मौत के मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है

# जांच में दोषी मिलीं महिला सर्जन पर गैर इरादतन हत्या का केस

**कार्रवाई**

- ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने पर डॉक्टर नहीं पहुंची थी अस्पताल
- एसपीएम हॉस्पिटल संचालक पर पुलिस दर्ज कर चुकी है मुकदमा

**बलरामपुर, संवाददाता।** अवैध रूप से संचालित एसपीएम हॉस्पिटल में प्रसूता मौत मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर आरोपित महिला सर्जन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई अब तक हुई जांच में उनकी लापरवाही सामने आने पर की गई है। सीएमओ की ओर से विभागीय कार्रवाई भी की जा रही है।मुकदमा दर्ज होने से महिला चिकित्सक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि पुलिस पहले ही संचालक पर मुकदमा दर्ज कर चुकी है। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।

जिला अस्पताल से रेफर किए जाने पर महिला के पति पवन कुमार ने अपनी पत्नी को एसपीएम हॉस्पिटल में 31 अक्टूबर को भर्ती कराया था। जहां पर संयुक्त जिला अस्पताल में तैनात महिला सर्जन डॉ. मेधावी सिंह ने सिजेरियन किया। ऑपरेशन से प्रसूता ने बालिका को जन्म दिया था। दोनों जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहे। लेकिन कुछ घंटे बाद उसकी हालत बिगड़ गई थी। आरोप है कि प्रसूता के पति व परिजन अस्पताल संचालक से महिला सर्जन को बुलाने की गुहार लगाते रहे, लेकिन वो समय से नहीं आई। जब आई तो वो महिला को रेफर करने की बात करने लगीं। इसी दौरान प्रसूता की मौत हो गई। इसपर परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। कोतवाली नगर में मृतका के पति पवन ने महिला सर्जन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। विवाद के बाद सीएमओ ने चार सदस्यीय कमेटी जांच के लिए बनाई। जांच में ये पता चला की ये निजी अस्पताल एसपीएम पिछले एक साल से अवैध रुप से संचालित हो रहा था। जिसके बाद इसे सील करा दिया गया था। सीएमओ की तहरीर पर कोतवाली नगर में एसपीएम हॉस्पिटल के संचालक डॉ शिव कुमार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपी महिला सर्जन के विरुद्ध पुलिस जांच कर रही थी। जांच में आरोपों की पुष्टि पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सूचना मिलते ही अस्पताल से निकल गईं सर्जन

मुकदमा दर्ज होने की सूचना सोमवार को जैसे ही संयुक्त जिला अस्पताल की महिला सर्जन डॉ. मेधावी सिंह को मिली। वह तत्काल अपनी कुर्सी से उठी और ओपीडी छोड़ कर निकल गईं। अस्पताल से जुड़े सूत्रों ने बताया की महिला सर्जन सोमवार को अस्पताल आई थीं और ओपडी में भी बैठी थईं। इसी दौरान उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। इसे सुनने के बाद वह उठीं और ओपीडी से निकली और अस्पताल से चली गईं। पूरा दिन यह प्रकरण अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

> संयुक्त जिला अस्पताल की महिला सर्जन डॉ. मेधावी सिंह दोषी पाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर महिला सर्जन के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच अभी चल रही है। जो भी इसमें दोषी होगा उनका नाम एफआईआर में बढ़ाया जायेगा। **मनोज सिंह,** कोतवाल, नगर




कोतवाली देहात में खड़ी बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली।

# अवैध खनन कर बालू ला रही ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

बलरामपुर। कोतवाली देहात की पुलिस ने अवैध खनन में संलिप्त एक व्यक्ति एवं उसके कब्जे से एक ट्रैक्टर व बालू लदी ट्राली को बरामद किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को सीज करके गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को न्यायालय भेजा है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि शनिवार को बेलवा सुल्तानजोत गांव के पास राप्ती नदी पर अवैध रूप से बालू खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से लाया जा रहा है। पुलिस टीम पहुंच गई और घेराबंदी करके मोहल्ला पहलवारा के सुधीर यादव को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली को बरामद किया गया।

# देवीपाटन राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : योगी

## सीएम बोले, बाबा साहब के नेतृत्व में बनाया गया **संविधान** समूचे देश को एकसूत्र में जोड़ता

संवादसूत्र, जागरण • तुलसीपुर (बलरामपुर): मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धार्मिक स्थल केवल आस्था नहीं, राष्ट्रीय एकता के केंद्र भी हैं। सांस्कृतिक व सामाजिक विकास करना भी उनका दायित्व होना चाहिए। इस दायित्व को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर निभा रहा है। इसलिए यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। नई पीढ़ी में सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के साथ राष्ट्रीय भावना का विकास करना होगा। कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में बना संविधान आज पूरे देश को एकसूत्र में जोड़े है। मुख्यमंत्री ने यह बातें शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि समारोह में कही।

**इस वर्ष को बताया महत्वपूर्ण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष है। सरदार पटेल की 100वीं जयंती, डा. भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में संविधान का 75वां वर्ष, वंदेमातरम की रचना व बिरसा मुंडा के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसी वर्ष में महाकुंभ का आयोजन भी हुआ। ऐसे महत्वपूर्ण वर्ष पर हमें इन सभी लोगों से कुछ न कुछ सीखना चाहिए। सरदार पटेल ने कहा था कि देश की स्वाधीनता का मतलब केवल आजाद होना नहीं है। जिस देश में युवा जागृत और राष्ट्रीय भावना से भरा रहता है, वही देश सबसे ज्यादा तरक्की करता है। कहा कि सभी को अपने पद और दायित्वों का निर्वहन करना भी राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के तहत कार्य करना होगा। कहा कि ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी ने धार्मिक स्थल के महंत होने के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले थारू में जन चेतना का संचार किया। उनके लिए छात्रावास का निर्माण किया। उनके द्वारा 31 साल पहले किए गए इस कार्य के कारण ही देश के विभिन्न शहरों में योगदान दे रहे हैं। इसी लिए देवीपाटन मंदिर सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि समाजसेवा, शिक्षा व राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन चुका है।



व्यासगद्दी की पूजा अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ. सूचना विभाग

**ये भी रहे मौजूद :** शाम पांच बजे के करीब मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में पहुंचे। कुछ समय के बाद गोरखनाथ मंडपम में पहुंचकर व्यास गद्दी की पूजा अर्चना की व कथावाचक स्वामी बालकदास महाराज का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

इस दौरान महंत योगी मिथलेश नाथ, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, विधायक राम फेरन पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, भाजपा जिला प्रभारी राहुलराज रस्तोगी, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध बालू खनन में एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने राप्ती नदी से अवैध रूप से बालू खनन कर ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुधीर यादव निवासी ग्राम पहलवारा के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक बिना नंबर प्लेट का ट्रैक्टर तथा बालू लदी ट्रॉली बरामद की गई। (संवाद)

# जच्चा की मौत मामले में सर्जन पर मुकदमा

जासं, बलरामपुर : नगर के भगवतीगंज चौराहा स्थित एसपीएम हास्पिटल में महिला सर्जन की लापरवाही से जच्चा की मौत मामले में नगर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई जारी है। मृतका शीला देवी के पति पवन कुमार की तहरीर पर महिला सर्जन डा. मेधावी सिंह के विरुद्ध नगर कोतवाली में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।



डा. मेधावी सिंह

महिला सर्जन मूल रूप से अटल स्वशासी मेडिकल कालेज के अधीन संयुक्त जिला चिकित्सालय में तैनात हैं, जिन्होंने एसपीम हास्पिटल में शीला देवी का आपरेशन से प्रसव कराया था। मामले में बिना पंजीकरण अस्पताल चला रहे संचालक डा. शिव कुमार के विरुद्ध मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मुकेश रस्तोगी की तहरीर पर पूर्व में ही मुकदमा दर्ज हो चुका है।

बीते 31 अक्टूबर को शंकरपुर गांव निवासी पवन कुमार ने अपनी गर्भवती पत्नी शीला देवी को जिला महिला अस्पताल से लौटाए जाने पर एसपीएम हास्पिटल में भर्ती कराया था। यहां मेडिकल कालेज के अधीन संयुक्त जिला चिकित्सालय में तैनात महिला सर्जन डा. मेधावी सिंह प्राइवेट प्रैक्टिस व सर्जरी करती हैं। यहां 28 हजार रुपये की मांग की गई। 25 हजार रुपये में तय होने पर महिला सर्जन ने शीला का सिजेरियन आपरेशन कर दिया। आपरेशन से बच्ची का जन्म हुआ। अगले दिन प्रसूता की हालत बिगड़ गई। आरोप है की प्रसूता के पति व परिवारजन अस्पताल संचालक से महिला सर्जन को बुलाने की गुहार लगाते रहे, लेकिन वह समय से नहीं आईं। देर शाम वह पहुंचीं, तो शीला की हालत गंभीर बताते हुए रेफर की बात करने लगीं। इसी दौरान शीला की मौत हो जाने पर स्वजन ने जमकर हंगामा किया था।

कोतवाली नगर में मृतका के पति पवन ने महिला सर्जन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। विवाद के बाद सीएमओ ने चार सदस्यीय कमेटी जांच के लिए बनाई। जांच में पाया गया कि अस्पताल बिना पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित हो रहा था। इस पर अधिकारियों ने एसपी हास्पिटल को सील करा दिया था। बीते गुरुवार को सीएमओ की तहरीर पर कोतवाली नगर में एसपीएम हास्पिटल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।




सील एसपीएम हास्पिटल • जागरण आर्काइव

## जांच में सामने आई महिला चिकित्सक की लापरवाही

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस की जांच में महिला सर्जन की लापरवाही सामने आई है। जांच के आधार पर महिला सर्जन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मुकदमे की विवेचना में अस्पताल संचालक का भी नाम शामिल किया जाएगा।

# पूर्व चेयरमैन हत्या मामले में अदालत बदलने की 12 को होगी सुनवाई

संवादसूत्र, जागरण • बलरामपुरः नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व चेयरमैन फिरोज 'पप्पू' की हत्या मामले में आरोपित ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर के मुकदमे की सुनवाई सोमवार को नहीं हो सकी। इस मामले में अब 12 नवंबर को सुनवाई होगी।

वादी मुकदमा ने सुनवाई अन्यत्र अदालत पर स्थानांतरित करने का प्रार्थना पत्र जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी की अदालत पर पूर्व में प्रस्तुत किया था। पहले इस पत्रावली की सुनवाई की जाएगी। इसकी सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तिथि तय की गई थी। अब इसकी सुनवाई 12 नवंबर को होगी। जबकि पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की हत्या मामले की सुनवाई 13 नवंबर को की जाएगी। यह तिथि पहले से लगी है।

बता दें चार जनवरी 2022 को पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की हत्या घर से कुछ कदम पहले रात में हुई थी। पुलिस ने पूर्व सपा सांसद रिजवान जहीर, उनकी पुत्री जेबा रिजवान व दामाद रमीज नेमत समेत पांच आरोपितों को इस मामले में गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस ने पूर्व सांसद रिजवान जहीर पर गंभीर आरोप लगाकर रासुका तक की कार्रवाई भी की। पुलिस का आरोप था कि सपा में टिकट की दावेदारी में पूर्व चेयरमैन फिरोज अहमद उर्फ पप्पू की हत्या की गई थी। पूर्व सांसद की बेटी जेबा रिजवान व दामाद रमीज नेमत जमानत पर हैं।

## विस्फोट के बाद हाई अलर्ट

बलरामपुर : दिल्ली में विस्फोट के बाद नेपाल सीमा से सटे थानों को हाई अलर्ट कर दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल ने सतर्कता बढ़ा दी है। सीमा पार करने वालों को तलाशी के बाद ही आने-जाने की अनुमति दी जा रही है। नेपाल जाने वाले जंगली रास्तों पर भी गश्त बढ़ा दी है।

# रेशमी की मौत का नहीं खुल सका राज

**पेहर बाजार।** ग्राम सभा सकड़रिया में रेशमी विश्वकर्मा (17) की मौत का राज एक माह बाद भी नहीं खुल सका है। तमाम जांच-पड़ताल के बावजूद पुलिस खाली हाथ है। अब तक यह नहीं पता लगा सकी है कि रेशमी की मौत हादसा थी, आत्महत्या या किसी साजिश का नतीजा। मामले में कोई ठोस कार्रवाई न होने से परिजनों में निराशा और ग्रामीणों में भय का माहौल है।

मृतका की मां ने अब पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थनापत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस की जांच नतीजे तक नहीं पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि रेशमी एक होनहार और हंसमुख स्वभाव की लड़की थी। उसकी अचानक मौत ने पूरे गांव को हिला कर रख दिया। घटना के बाद से ही गांव में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं। कई लोगों का कहना है कि मौत के पीछे कोई गंभीर षड्यंत्र छिपा है, जिसकी जांच आवश्यक है।

मृतका की मां ने एसपी से दोषियों को गिरफ्तार करने और बेटी को न्याय दिलाने की मांग की है। रेहरा थाने के प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। कई संदिग्धों से पूछताछ की गई है और मोबाइल कॉल डिटेल सहित सभी तकनीकी पहलुओं की जांच चल रही है। (संवाद)

# मंदिर सेवा, शिक्षा व संस्कार के भी माध्यम : योगी

## देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

बोले-धर्म तभी सार्थक जब उससे समाज का कल्याण हो, देवीपाटन धाम ने दिया सेवा और संस्कार का आदर्श मॉडल



### धर्म का उद्देश्य समाज को नई दिशा देना है

### यह वर्ष संविधान, सरदार पटेल, बिरसा मुंडा और वंदे मातरम का अमृत संगम

### एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प साकार हो रहा



### मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम, सुबह मंदिर में पूजन-अर्चन और गोसेवा करेंगे

# सर्जन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

## अवैध रूप से संचालित एसपीएम अस्पताल में हुई थी प्रसूता की मौत, जांच में लापरवाही उजागर

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। शहर के भगवतीगंज में बिना पंजीकरण संचालित एसपीएम अस्पताल में प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संयुक्त जिला चिकित्सालय की महिला सर्जन डॉ. मेधावी सिंह के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा कोतवाली नगर में दर्ज किया गया है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।



डॉ. मेधावी सिंह।

घटना 31 अक्तूबर की है। शंकरपुर गांव के निवासी पवन कुमार ने बताया था कि उनकी गर्भवती पत्नी शीला देवी को सरकारी अस्पताल से रेफर कर दिया गया था। इसके बाद वह उसे नगर के एसपीएम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित संयुक्त जिला चिकित्सालय की महिला सर्जन डॉ. मेधावी सिंह ने 28 हजार रुपये लेकर ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद प्रसूता ने बच्ची को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर से महिला सर्जन को बुलाने की गुहार लगाई, लेकिन वह समय से नहीं पहुंचीं।

फॉलोअप

जब डॉ. मेधावी आईं, तो प्रसूता को रेफर करने की बात कही, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। शीला देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और कोतवाली नगर में तहरीर देकर महिला सर्जन पर लापरवाही का आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच में यह सामने आया कि एसपीएम हॉस्पिटल पिछले एक वर्ष से बिना पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित हो रहा था। इस आधार पर सीएमओ ने अस्पताल को सील कर दिया और उसके संचालक डॉ. शिवकुमार के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जांच में महिला सर्जन डॉ. मेधावी सिंह की लापरवाही की पुष्टि हुई है। इसके आधार पर उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच हो रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसका नाम एफआईआर में जोड़ा जाएगा।

### हॉस्पिटल संचालक पर दर्ज हो चुका है केस, धारा बढ़ाने की तैयारी

प्रसूता मौत मामले में हॉस्पिटल संचालक शिवकुमार के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज हो चुका है। संचालक के खिलाफ मुकदमा छह नवंबर को डिप्टी सीएमओ डॉ. एके चौधरी ने दर्ज कराया था, जिसमें महिला सर्जन का नाम शामिल नहीं किया गया। मृतक के पति पवन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को जांच रिपोर्ट मिली, जिसमें महिला सर्जन द्वारा लापरवाही बताई गई, जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं, पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला सर्जन के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर में हास्पिटल संचालक शिवकुमार का नाम भी शामिल करने की तैयारी है। इससे अस्पताल संचालक के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हो जाएंगे।

# कोर्ट बदलने के मामले में कल होगी सुनवाई

## फिरोज 'पप्पू' हत्याकांड : सोमवार को नहीं हुई सुनवाई, मिली तारीख

बलरामपुर। तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन फिरोज अहमद उर्फ 'पप्पू' हत्याकांड में सोमवार को कोर्ट बदलने के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। वादी अधिवक्ता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के लिए जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी ने अगली तिथि 12 नवंबर तय की है।

अदालत से

एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले में फैसले पर सुनवाई 13 नवंबर को होनी है।

तुलसीपुर नगर पंचायत के जरवा मार्ग पर पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की हत्या चार जनवरी 2022 की रात करीब 10:20 बजे हुई थी। मामले में पूर्व सपा सांसद रिजवान जहीर, उनकी पुत्री जेबा रिजवान व दामाद रमीज अहमद समेत पांच आरोपियों की सजा पर सुनवाई हो रही है।

एमपीएमएलए कोर्ट से फैसले पर सुनवाई बदलने की मांग हो रही है, जिसके बारे में सोमवार को जिला जज के स्तर से सुनवाई होनी थी। लोगों की निगाहें टिकी थीं। अब 12 को कोर्ट में सुनवाई होगी। (संवाद)

# दिल्ली में धमाके के बाद बलरामपुर में बढ़ी सतर्कता



बलरामपुर में पुलिस टीम के साथ भ्रमण करतीं सीओ सिटी ज्योति। स्रोत : विभाग

**बलरामपुर।** दिल्ली में हुए धमाकें की सूचना के बाद बलरामपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तुलसीपुर में रात्रि प्रवास से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई थी, लेकिन घटना के बाद जिलेभर में सतर्कता और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने देर शाम सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। पूरे जिले में हाई अलर्ट घोषित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वालों की सघन जांच कराई जा रही है। एसपी ने बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। हर थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों को सक्रिय किया गया है। शहर, कस्बों और बॉर्डर इलाकों में पुलिस टीमों ने पेट्रोलिंग तेज कर दी है। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर कार्रवाई की जा सके। (संवाद)

देवीपाटन मंदिर में सोमवार को चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद सीएम योगी।

सोमवार को देवीपाटन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम योगी।

### सोमवार को देवीपाटन मंदिर में आयोजित ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# धर्म के दायित्व निभाएं, अधर्मी पनपने न पाएं: योगी

**संबोधन**

- सनातन धर्म और राष्ट्र सर्वोपरि का भरे मंच से मुख्यमंत्री ने दिया संदेश
- युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आवाह्न

**बलरामपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि समस्त हिंदू जनमानस धर्म व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को निभाएं, जिससे अधर्मी ताकतें पनपने न पाएं। युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आवाह्न किया तो सकारात्मक भाव से अपने लक्ष्य को पूरा करने का संदेश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवन के उद्देश्यों को आत्मसात करने की बात भी कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को शाम देवीपाटन मंदिर में आयोजित ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने सबसे पहले आदिशक्ति मां पाटेश्वरी का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सीधे संत सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे।

सीएम योगी ने कहा कि हमें किसी के समर्थन की जरूरत नहीं है। अगर हम सकारात्मक भाव से आगे बढ़ेंगे तो जीवन में सकारात्मक बदलाव भी आएगा। दायित्वों का निर्वहन न होने के कारण राष्ट्र विरोधी व विधर्मी ताकतें लगातार पनप रही हैं। युवाओं में सुरक्षा के साथ समर्पण की भावनाएं होती हैं। ऐसे में सभी युवा सकारात्मक भाव से ही आगे बढ़ें। अपने धर्म के प्रति सचेत रहे हैं, ताकि विधर्मी ताकतों से निपटा जा सके। सीएम ने कहा कि युवाओं के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को देश भर में जनजातीय गौरव के रूप में मनाई जाएगी। युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। सीएम ने डॉ भीमराव आंबेडकर को संविधान का शिल्पी बताते हुए उनसे भी युवाओं से जुड़ने का आवाह्न किया। साथ ही वंदे मातरम् के शताब्दी वर्ष पर लोगों को एकजुट होने की बात कही।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम योगी।

## जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

सोमवार शाम ब्रह्मलीन महंत को श्रद्धांजलि देने आए सीएम योगी का स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हेलीपैड और शक्तिपीठ देवीपाटन पर स्वागत किया। सीएम ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। सीएम योगी का स्वागत करने वालों मे शक्ति पीठ देवी पाटन के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी, पूर्व सांसद ददन मिश्र, सादर विधायक पल्टू राम, तुलसीपुर के कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्र, नगर पालिका बलरामपुर के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू शामिल थे।

## सीएमओ ने सेफ हाउस का निरीक्षण किया

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित भ्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जिला मेमोरियल चिकित्सालय एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय में बनाए गए सेफ हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ रस्तोगी ने साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति तथा मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं ताकि मुख्यमंत्री के आगमन पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था प्रदर्शित हो सके। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सेफ हाउस की कार्यप्रणाली, रोगियों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, बेड की संख्या, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया।

## वंदे मातरम् का गायन न करने वाले देश के नहीं हो सकते

**बलरामपुर, संवाददाता।** शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ढाई दशक पहले ब्रह्मलीन महंत ने विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों को भी आगे बढ़ाया था। कहा कि मंदिर व धर्मस्थलों का विकास कराया। जो आज आस्था व श्रद्धा के प्रतीक बने हुए हैं। उन्होंने ब्रह्मलीन महंत के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम् का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने धर्माचार्यों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी संत अपने-अपने क्षेत्रों में धर्म के प्रचार प्रसार संग युवाओं को इससे जोड़ने की पहल करें।

सीएम ने कहा कि भारत-नेपाल सीमावर्ती यह क्षेत्र न केवल संवेदनशील है, बल्कि उपेक्षित भी रहा है। ढाई दशक पहले ब्रह्मलीन महंत के प्रयासों से इस क्षेत्र में उत्तम शिक्षा संग विभिन्न विकास कार्य व सामाजिक प्रकल्पों को आगे बढ़ाया गया। कहा कि आज मठ की ओर से थारू जनजाति के छात्रों के लिए उत्तम छात्रावास की व्यवस्था की गई है। वर्ष 1994 से लेकर पिछले 31 सालों तक जनजातीय बच्चों के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। मां पाटेश्वरी के धाम में सीबीएसई बोर्ड का विद्यालय संचालित हो रहा है।

### वंदे मातरम् हर विद्यालय में किया जायेगा अनिवार्य

**बलरामपुर।** बलरामपुर पहुंचे सीएम योगी ने कहा की राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को हर विद्यालय और शिक्षण संस्थाओं मे अनिवार्य किया जायेगा। इसका सभी को पालन कराना होगा। सीएम योगी ने कहा की वंदे मातरम् गीत हमारी राष्ट्रीय अस्मिता के साथ जुड़ी हुई है। इसका गायन कर तमाम क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूम लिया था। आज कुछ लोग वंदे मातरम् का गायन करने से परहेज कर रहे हैं। वंदे मातरम का गायन न करने वाले लोग देश के कभी नहीं हो सकते है। हर हाल में वंदे मातरम् का सम्मान होना चाहिए।

# युवा कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें

बलरामपुर। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि आज के समय में जागरूक हों। समाज उनका इंतजार कर रहा है। अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निर्वहन करें। स्मार्ट फोन के चक्कर में न पढ़ो। यह आंख की रोशनी और समय को बर्बाद करेगा, फिर सोचने के सामर्थ्य को कम करेगा। मेहनत करने की आदत डालिए। यह कुछ देर और कुछ दूरी के लिए उपयोगी हो सकता है।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–11–11–2025

# पारले चीनी मिल के पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

**कैसरगंज।** पारले चीनी मिल परसेंडी में पेराई सत्र का शुभारंभ सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने संयुक्त रूप से गन्ना डालकर पेराई सत्र की शुरुआत की। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में मिल गेट पर पहुंची पहली गन्ना बैलगाड़ी के बैलों की पूजा की गई और उन्हें गुड़ खिलाकर सम्मानित किया गया। गन्ना किसान मजगंवा गांव निवासी भूपराज को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

डीएम अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से क्षेत्र के गन्ना किसानों को आर्थिक मजबूती मिली है। उन्होंने किसानों से अपील की कि खेतों में पराली और फसल अवशेष न जलाएं, बल्कि उससे कम्पोस्ट खाद बनाकर भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं।

उन्होंने मिल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी किसानों से गन्ना खरीदा जाए और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पारले चीनी मिल के जीएम अनिल सखूजा ने बताया कि इस वर्ष 80 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को गेहूं की बोआई में कोई दिक्कत न हो, इसलिए पेराई सत्र की शुरुआत समय से कर दी गई है। (संवाद)

# जेनजी आंदोलन : तोड़फोड़ करने वाले नौ गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## नेपाल के डांग जिले में उपद्रव की सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया वीडियो के आधार पर कार्रवाई

**रुपईडीहा।** जेनजी आंदोलन के दौरान नेपाल के जिला डांग में हुई पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं में शामिल नौ उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शांति भंग करने के गंभीर आरोप हैं।

गिरफ्तार आरोपियों पर घोराही स्थित जिला अदालत कार्यालय, ट्रैफिक पुलिस कार्यालय डांग और घोराही उपमहानगरपालिका वार्ड-15 के भानुचौक पुलिस बूथ में तोड़फोड़ व आगजनी करने का आरोप है।

जिला पुलिस कार्यालय डांग के सूचना अधिकारी और पुलिस नायब उपनिरीक्षक चक्रबहादुर शाह ने बताया कि घटना में शामिल लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज, मीडिया रिपोर्टों और आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर की गई है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में घोराही उपमहानगरपालिका वार्ड-15 के सुनिल थापा मगर, कुनाल श्रेष्ठ, ईनाहित कुरेसी, टेकम डांगी और विवेक पुन मगर शामिल हैं। इसके अलावा सल्यान छत्रेश्वरी गांवपालिका वार्ड-4 के अमरबहादुर वली, घोराही-13 के महेश घिमिरे, घोराही-9 ढिकपुर के शरद बस्नेत और घोराही-13 के संदीप घर्ती भी पकड़े गए हैं।

# बहराइच-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट वाहनों की चेकिंग व निगरानी बढ़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच/रुपईडीहा।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम धमाके के बाद भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सीमा पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। खुली सीमा होने के कारण एसएसबी और पुलिस ने सीमा क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान तेज कर दिया है।



रुपईडीहा में नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग करते पुलिस व एसएसबी के जवान। -संवाद

सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि अभी गृह मंत्रालय से फिलहाल कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है, लेकिन दिल्ली में हुई घटना को देखते हुए नेपाल से लगने वाली 100 किलोमीटर की सीमा में सभी चौकियों पर जवानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। विशेष रूप से नेपाल से आने-जाने वाले ग्रामीण रास्तों और पगडंडियों पर सघन निगरानी बढ़ा दी गई है।

उन्होंने बताया कि रुपईडीहा बीओपी के जवानों को स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय बनाते हुए संयुक्त गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, रुपईडीहा बीओपी के इंस्पेक्टर ऋतुराज और थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि सीमा पर डॉग स्क्वॉड और स्कैनर की मदद से सीमा पर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है।

# परमिट न होने पर सीज की हरियाणा की बस

## विभिन्न खामियों में 68 वाहनों का काटा चालान

### एआरटीओ टीम ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** सहायक संभागीय परिवहन विभाग की टीम ने सोमवार को हरियाणा की एक बस को सीज करते हुए विभिन्न खामियां मिलने पर 68 वाहनों का चालान किया। टीम ने यह कार्रवाई शहर समेत नानपारा-रुपईडीहा मार्ग पर वाहनों की सघन जांच अभियान के दौरान की है।

यातायात माह के तहत सोमवार को एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह की अगुवाई में शहर के बाहरी छोर व नानपारा-रुपईडीहा मार्ग पर वाहनों की जांच को लेकर सघन अभियान चलाया गया। टीम ने मानक को दरकिनार कर संचालित हो रहे 23 डंपरों का चालान काटा।

45 अन्य दो पहिया व चौपहिया वाहनों का सीटबेल्ट, हेलमेट, कागजात, चालक लाइसेंस व अन्य खामियों के चलते मौके पर ही चालान किया गया। इसके अलावा हरियाणा प्रदेश की एक बस बिना परमिट के सवारियों को ले जाती मिली। उसको सीज कर दिया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन सिंह ने बताया कि यातायात माह के दौरान नियमों को दरकिनार कर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ मौजूदा समय सघन जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली की घटना को एसएसबी अलर्ट

**बहराइच।** सोमवार की शाम लगभग 7:00 बजे दिल्ली के लाल किला लाल किला के पास हुई एक कार में धमाके के बाद लगातार आठ कारों में धमाका होना शुरू हो गया जिसमें लगभग 10 लोगों की मौत हो गई व लगभग 25 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसी घटना को लेकर रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी 42वी वाहिनी इंडो नेपाल बॉर्डर पर पूरी तरह सतर्क हो गई।इंडो नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी रुपईडीहा बीओपी के इंचार्ज इंस्पेक्टर कुमार ऋतुराज व इनके सहयोगी सहित नानपारा क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत, एसआई राहुल सरोज के साथ पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बिना पंजीकरण के चलाए जा रहे अस्पताल व मेडिकल स्टोर सील

संसू, जागरण • पुरैना बाजर (वहराइच): कस्बे में संचालित निजी अस्पताल व मेडिकल स्टोर के कागजात न दिखा पाने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे परिसर को सील कर दिया है। नोटिस जारी कर संचालक से जवाब मांगा है।

- डिप्टी सीएमओ ने की कार्रवाई संचालक से मांगा जवाब
- विशेश्वरगंज इलाके के पुरैना बाजार का मामला

विशेश्वरगंज इलाके के पुरैना बाजार में आरआर हास्पिटल एंड मेडिकल स्टोर का संचालन एक ही परिसर में होता है। यहां बेहतर इलाज न मिलने समेत अन्य की शिकायत सीएमओ डा. एसके शर्मा से की गई थी। सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डा. अनुराग वर्मा व डा. अब्दुल बारी सोमवार को टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच कर वहां मौजूद लोगों से अस्पताल के रजिस्ट्रेशन के कागजात मांगे, लेकिन किसी ने रजिस्ट्रेशन कागजात नहीं दिया। जांच के दौरान कर्मचारी प्रशिक्षित नहीं मिले। इसके अलावा अन्य कई खामियां मिली। जिस पर अस्पताल के पूरे परिसर को सील कर दिया गया है। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



आरआर हास्पिटल को सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी • जागरण

# डोंगे में गन्ना डाल कर किया पेराई सत्र का शुभारंभ



पारले मिल का उद्घाटन करते हुए डीएम अक्षय त्रिपाठी एसपी आरएन सिंह ● जागरण

संसू, जागरण ● कैसरगंज/ गजाधरपुर (बहराइच): पारले चीनी मिल परसेंडी के पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ सोमवार को डीएम अक्षय त्रिपाठी ने एसपी राम नयन सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ किया। मिल की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच डोंगे में गन्ना डालकर की गई।

मिल गेट पर पहुंची प्रथम बैलगाड़ी भूप निवासी मझगंवा के बैलों की पूजा कर गुड़ खिलाया गया तथा किसान को माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जीएम अनिल सखूजा ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में मिल द्वारा 80 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य है। किसानों को गेहूं की बोआई में कोई असुविधा न हो, इसलिए पेराई सत्र का आगाज कर दिया गया है। डीएम ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से इस क्षेत्र के गन्ना किसानों को काफी लाभ हुआ है। किसानों से अपील किया कि खेतों में फसल अवशेष न जलाएं, बल्कि इससे कंपोस्ट खाद तैयार कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं।

इस मौके पर एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह, सीओ रवि खोखर, कारखाना प्रबंधक अनिल यादव, राजन सिंह, वहाजुद्दीन, संजीव राठी, जगतार सिंह सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–11–11–2025

# सुलझा रास्ते का विवाद बाबा का अनशन खत्म

**गिरंटबाजार,संवाददाता।** थाना हरदत्त नगर गिरंट के राम-जानकी मंदिर जयपत्तपुरवा में मंदिर के पीछे रास्ता विवाद का निस्तारण आखिरकार एसडीएम जमुनहा संजय कुमार राय व सीओ सतीश कुमार शर्मा तथा थानाध्यक्ष महिमा नाथ उपाध्याय की सूझबूझ से समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बाबा को समझा बुझा कर रास्ते को निकलवाया और मंदिर का गेट भी लगवा दिया।

राम जानकी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए ब्लाक से विकास कार्य करवाने का बजट आया है। इस पर सीमेंट ईंट की इंटरलाकिंग लगवायी जा रही थी। इस पर गांव के ही कुछ लोग रास्ता बता कर काम को बाधित कर दिया था। इस पर शनिवार को पुजारी बाबा भंडारी दास भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। प्रशासन को जानकारी हुई तो सोमवार को एसडीएम संजय राय, सीओ सतीश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जमीन की पैमाइश कराई और मंदिर के पीछे दीवार उठा कर रास्ता छोड़ने की बात की। अधिकारियों ने पुजारी को समझा बुझा कर और जूस पिला कर विवाद को समाप्त करा दिया। अब मंदिर के पीछे रास्ता छोड़ कर दीवार उठाई जाएगी और गेट लगाया जाएगा।

# धर्मांतरण कराने के मामले में दो आरोपी जेल भेजे गए

**फॉलोअप**

■ प्रदीप त्रिपाठी

**गिरंटबाजार।** हरदत्तनगर गिरंट थाने के भयापुरवा में धर्मांतरण के दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। जिसमें राजेश कुमार उर्फ गगलू पुत्र कुन्दन निवासी ग्राम भयापुरवा व कुन्दन पुत्र मंशा राम निवासी ग्राम भयापुरवा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट शामिल हैं।

गांव के बीचोबीच एक तम्बू कनात में कुछ ग्रामवासी इकट्ठा होकर बैठे है। तम्बू कनात के पास जाकर देखा व सुना गया कि एक व्यक्ति ग्रामवासियो को ईसाई धर्म का धर्मग्रन्थ हाथ में लेकर पढ़ कर सुना रहा है उत्तेजित होकर सभी बैठे लोगो को धर्म बदलने के लिये उत्प्रेरित कर रहा है। एक अन्य व्यक्ति भी बैठे हुए लोगो पर बेहतर जीवन शैली दैवीय प्रसाद प्राप्त होने का मनोवैज्ञानिक दबाव बना रहा है। दोनो व्यक्ति बैठे हुए महिला एवं बच्चो व अन्य लोगो को आर्थिक, भौतिक लाभ का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिये सामूहिक रूप से दुष्प्रेरण कर रहे थे जो कि उ0 प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 में वर्णित धाराओ का उल्लंघन है।

- ■ प्रार्थना सभा में आने वाले लोगों को मिलता है पैसा, घर बनवाने का लालच
- ■ बाहर कमाने वाले युवक बन रहे हैं शिकार, गांव वापस आकर कराते हैं धर्मांतरण

## धर्मांतरण कराने के दो आरोपी भेजे गए जेल

**गिरंटबाजार।** हरदत्तनगर गिरंट थाने के भयापुरवा में धर्मांतरण के दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। जिसमें राजेश कुमार उर्फ गगलू पुत्र कुन्दन निवासी ग्राम भयापुरवा व कुन्दन पुत्र मंशा राम निवासी ग्राम भयापुरवा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट शामिल हैं।

आरोपियों के पास से 10 धर्मग्रंथ बाईबिल (हिन्दी भाषा में), 03 किताबें (पवित्र शास्त्र, आत्मिक गीत संग्रह व नया विधान), 02 पोस्टर (लेमिनेटेड) 197 लाइसेंस कार्ड व प्लास्टिक कवर व डोरी, 198 इमैनुअल मिनीस्ट्री परिचय पत्र, 484 बैपटिज्म सर्टिफिकेट, 140 इमैनुअल मिनीस्ट्री एसके भूरे रंग के फाइल कवर, 01 एसबीआई बैंक पासबुक, 20 विभिन्न बैंको के पासबुक की छायाप्रति, 01 रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद की गई है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

श्रावस्ती : गिलौला क्षेत्र के कटहा निवासी पंकज कुमार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सुबह कमरे में छत्त के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे उसका शव लटका मिला। घटना का कारण पत्नी से विवाद होना बताया जा रहा है। (संसू)

## स्मैक के साथ दबोचा

श्रावस्ती : सोनवा थाने की पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान भारीगांव प्राथमिक विद्यालय के पास से 35.45 ग्राम स्मैक के साथ एक किशोर को गिरफ्तार किया। दो स्मार्टफोन व बाइक भी बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। (वि.)

# प्रलोभन देकर करवा रहे थे मतांतरण, दो लोगों पर मुकदमा





भयापुरवा गांव में मतांतरण के लिए चल रही धार्मिक सभा में पहुंची पुलिसव हरदत्तनगर गिरंट पुलिस की हिरासत में आरोपित • जागरण

जासं • श्रावस्तीः हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के भयापुरवा गांव में धार्मिक सभा कर लोगों को प्रलोभन देकर मतांतरण कराया जा रहा था। ईसाई मिशनरी के लोगों की इस कोशिश की भनक पुलिस को लग गई। आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोप की पुष्टि होने के बाद दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

भयापुरवा गांव के पास बगीचे में धार्मिक सभा का आयोजन किया गया था। तंबू-कनात लगाकर घुमंतू समाज (नट समाज) के गांव के ही निवासियों को एकत्र किया गया था। लोगों को सोने-चांदी के जेवर, धन, अनाज, खाद्य सामग्री का प्रलोभन देकर मतांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर हरदत्तनगर गिरंट थाने के प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय पुलिस टीम के साथ पहुंचे। तंबू-कनात के पास जाकर देखा व सुना तो एक व्यक्ति ग्रामवासियों को ईसाई धर्मग्रंथ हाथ में लेकर लोगों को पढ़ कर सुना रहा था। उत्तेजित होकर बैठे सभी लोगों को मतांतरण के लिए प्रेरित कर रहा था। लोगों पर बेहतर जीवन शैली व दैवीय प्रसाद प्राप्त होने का मनोवैज्ञानिक दबाव भी बना रहा था। आर्थिक लाभ का प्रलोभन भी दे रहे थे। पुलिस टीम ने भयापुरवा निवासी राजेश कुमार उर्फ गगलू व कुंदन को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 10 धर्मग्रंथ बाइबिल (हिंदी भाषा में), तीन किताबें (पवित्र शास्त्र, आत्मिक गीत संग्रह व नया विधान), दो पोस्टर, 197 लाइसेंस कार्ड, प्लास्टिक कवर व डोरी, 198 परिचय पत्र, 484 प्रमाण पत्र, 140 फाइल कवर, बैंक पासबुक, 20 विभिन्न बैंकों के पासबुक की छायाप्रति, 39 रजिस्ट्रेशन फार्म, एक जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, दो निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, एक आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, तीन मार्कशीट की छायाप्रति, दो पैन कार्ड की छायाप्रति, एक रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, 31 आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद किया। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि आरोपितों पर विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**आरोपितों का है आपराधिक इतिहासः** एसपी ने बताया कि प्रलोभन देकर मतांतरण कराने वाले आरोपित पहले से अपराधी किस्म के हैं। कुंदन के विरुद्ध वर्ष 2017 में मल्हीपुर थाने में मारपीट, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। राजेश कुमार उर्फ गगलू पर वर्ष 2024 में हरत्तनगर गिरंट थाने में मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ था।

# हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति के तहत सोमवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया गया। एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि मिशन शक्ति टीमों ने चौराहों, विद्यालयों व गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं को आत्मरक्षा के तरीके व महिला हितैषी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में भी बताया। (संवाद)

# छात्र-छात्राओं को बताए यातायात नियम

**श्रावस्ती।** यातायात माह के तहत सोमवार को यातायात प्रभारी मोहम्मद शमीम अहमद टीम के साथ भिनगा स्थित राहुल स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज असईपुरवा सेमरी पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। मोहम्मद शमीम ने बताया कि बाइक व कार चलाते समय इंडीकेटर व साइड मिरर का विशेष महत्व होता है। सड़क पर वाहन मोड़ने से पहले इंडीकेटर जलाना जरूरी है। इंडीकेटर जलाने के बाद साइड के शीशे में दूसरे वाहनों की स्थिति देखने के बाद ही वाहन मोड़ना चाहिए। ऐसा न करने पर वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी खुद यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने अभिभावकों व परिचितों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करें। यातायात प्रभारी ने हेलमेट व सीट बेल्ट के भी फायदे बताए। (संवाद)

# चारदीवारी बनवाने के आश्वासन पर माने

**गिरंट बाजार।** आमरण अनशन पर बैठे हरदत्तन गिरंट क्षेत्र के जयपत्तरपुरवा स्थित राम जानकी मंदिर के सेवादार बाबा भंडारी दास को मनाने के लिए सोमवार को एसडीएम संजय राय व सीओ सतीश शर्मा पहुंचे। दोनों ने थाना प्रभारी महिमानाथ उपाध्याय के साथ उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस पर बाबा ने चारदीवारी टूटी होने से मंदिर में बकरियों के घुसने व खड़ंजा न लगने देने की शिकायत की।

एसडीएम ने बाबा भंडारी दास को मंदिर की चारदीवारी बनवाकर गेट लगवाने का आश्वासन दिया। साथ ही खड़ंजा बिछवाने के अवरोध को भी दूर करवाने की बात कही। एसडीएम व सीओ के आश्वासन के बाद बाबा भंडारी दास ने आमरण अनशन तोड़ दिया।

बताते चलें कि शनिवार को भंडारी दास ने गांव के कुछ लोगों पर मंदिर परिसर में बिछ रहे खड़ंजे को उखाड़ने व पुलिस द्वारा सुनवाई न करने का आरोप लगाया था। कार्रवाई होने तक आमरण अनशन शुरू कर दिया था। रविवार को भूख-प्यास से उनकी तवीयत खराब हो गई थी और उनका इलाज शुरू हुआ था। (संवाद)

# सड़क पर खड़े हो रहे ऑटो व ई रिक्शा, लग रहा जाम

## तुलसीपुर व लक्ष्मण नगर तिराहे पर अतिक्रमण, पटरी पर सजी दुकान

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती/गिरंट बाजार।** जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते तराई की सड़कों पर दिन-प्रतिदिन अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। दुकानदार सड़क की पटरी पर सामान रख देते हैं व सड़क पर ऑटो और ई रिक्शे खड़े रहते हैं, जिससे जाम लगता रहता है।

जमुनहा तहसील का तुलसीपुर बाजार भी अतिक्रमण की चपेट में है। बहराइच-जमुनहा मुख्य मार्ग पर स्थित तुलसीपुर बाजार में सड़क की दोनों पटरियां पर अतिक्रमण देखने को मिल रहा है। स्थानीय दुकानदार सड़क तक सामान रख देते हैं। इतना ही नहीं, दिन भर ऑटो व ई रिक्शा चालक सड़क पर वाहन खड़ा कर यात्री बैठाते रहते हैं।

भिनगा-बहराइच फोरलेन स्थित लक्ष्मण नगर बाजार भी भारी अतिक्रमण की चपेट में है। फोरलेन के दोनों ओर जहां दुकानों के सामान रखे नजर आते हैं, तो वहीं सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं। लक्ष्मण नगर से गिलौला जाने वाली सड़क के दोनों ओर टिक्की व फल के ठेलों का कब्जा रहता है।



लक्ष्मननगर में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन। -संवाद

सड़क पर ई रिक्शे व ऑटो कतारबद्ध खड़े रहते हैं, जिसके चलते दो लेन का मार्ग संकरी गली नजर आता है। बाइक व साइकिल सवार हादसे का शिकार होते रहते हैं। राहगीर मनोज मिश्रा, शुभम दुबे, निहाल सिंह व ताराचंद आदि ने बताया कि लक्ष्मणनगर बाजार में अतिक्रमण एक से दो साल में बहुत बढ़ गया है। जिम्मेदारों को अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाना चाहिए।

### अतिक्रमण के खिलाफ जल्द चलेगा अभियान

“ सड़कों के किनारे हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ जल्द ही टीम बनाकर अभियान चलाया जाएगा। जहां-जहां अतिक्रमण मिलेगा, उसे हटवाया जाएगा।

**-संजय कुमार राय,** एसडीएम जमुनहा